फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 19 मार्च 2024
वर्ष -2, अंक -223, पृष्ठ -18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन 18
नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप 17

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

पढ़ते रहिये...
अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
5/- प्रतिदिन
फोन: 05278- 352045

## एसबीआई 21 तक दे चुनावी बॉण्ड से संबंधित जानकारियां : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीसरी बार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को फटकार लगाते हुए उसे चुनिंदा रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा जिसमें विशिष्ट बॉण्ड संख्याएं भी शामिल हैं जिससे खरीददार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दल के बीच राजनीतिक संबंध का खुलासा होगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एसबीआई को बॉण्ड की सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करना होगा। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।



● कोर्ट ने लगाई फटकार, मामले में चुनिंदा रवैया नहीं अपनाने को कहा

पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग एसबीआई से जानकारियां मिलने के बाद अपनी वेबसाइट पर तुरंत इन्हें अपलोड करे। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

## पीएसी के दो पूर्व आरक्षियों को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

**रामपुर तिराहा कांड**

● विशेष अदालत ने दोषियों पर 50 50 हजार का जुर्माना भी लगाया

● 15 मार्च को दोषी करार देने के बाद कोर्ट ने सुरक्षित रखा था निर्णय

मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने करीब 30 वर्ष पहले उत्तराखंड को अलग राज्य बनाये जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में सोमवार को पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने दोनों को सामूहिक दुष्कर्म समेत भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया था। रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी, जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने 15 मार्च को ही आरोपियों को दोषी करार दिया था और सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा था। सिंह के अनुसार इस मामले में सीबीआई ने 15 गवाहों को पेश किया है, जिनमें एक 75 वर्षीय पीड़ित महिला, एक पूर्व गृह सचिव दीप्ति विलास भी शामिल हैं। फैसला देते हुए अपर जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह ने लिखा कि महिला आंदोलनकारी के साथ बर्बरता और अमानवीय व्यवहार किया गया है। यह अपराध पूरी मानवता को शर्मसार कर देने वाला है।

### दो अक्टूबर 1994 को हुई थी घटना

दो अक्टूबर 1994 को अलग उत्तराखंड राज्य की मांग के समर्थन में आंदोलनकारी बसों से ऋषिकेश से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान आंदोलनकारी रात को जब मुजफ्फरनगर जिले के रामपुर तिराहा पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जब आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने गोलीबारी की। उस दौरान उत्तराखंड के सात कार्यकर्ताओं की मौत हो गयी तथा महिला कार्यकर्ताओं के साथ बलात्कार किया गया। इस मामले में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों पर गंभीर धाराओं के साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था।

### एक नजर

#### प्रभा वर्मा को 2023 का सरस्वती सम्मान

**नई दिल्ली।** प्रख्यात साहित्यकार प्रभा वर्मा को उनकी मलयाली काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' के लिए 2023 का प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान प्रदान किया जाएगा। सम्मान प्रदान करने वाली संस्था केके. बिड़ला फाउंडेशन ने सोमवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके. सीकरी की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन परिषद ने 'रौद्र सात्विकम्' का चयन किया। यह सम्मान प्रतिवर्ष किसी भारतीय नागरिक की ऐसी उत्कृष्ट साहित्यिक कृति को दिया जाता है, जो भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित किसी भी भारतीय भाषा में सम्मान वर्ष से ठीक पहले की 10 वर्ष की अवधि में प्रकाशित हुई हो। सम्मान के तहत 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाता है।

#### ईमेल खाता ब्लॉक करने पर गूगल को नोटिस भेजा

**अहमदाबाद।** गूगल ड्राइव पर बचपन की एक निर्वस्त्र तस्वीर अपलोड करना एक व्यक्ति को इतना भारी पड़ा कि वह एक साल से अपने ईमेल खाते को खोल नहीं सका है और उसे आखिरकार गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से बाल शोषण के लिए याचिकाकर्ता के ईमेल खाते को ब्लॉक करने को लेकर गूगल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को एक नोटिस जारी किया है।

# उप्र समेत 6 राज्यों के गृह सचिव और बंगाल के डीजीपी हटाए गए

## आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग ने की पहली बड़ी कार्रवाई

● विवेक सहाय बनाए गए पश्चिम बंगाल के नए पुलिस महानिदेशक

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** आचार संहिता लागू होने के बाद सोमवार को निर्वाचन आयोग ने 8 राज्यों पर कड़ी कार्रवाई की है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर आयोग ने सोमवार को एक बैठक बुलाई थी जिसके तत्काल बाद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, हिमाचल, झारखंड एवं बिहार के गृह सचिवों को हटा दिया गया। पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र एवं मिजोरम के एक-एक आईएएस अधिकारी को भी हटाया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को विवेक सहाय को राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है।

1989 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार उस समय चर्चा में आए थे जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके समर्थन में धरना दिया था। सहाय के विरुद्ध प्राप्त शिकायत में आयोग ने पाया है कि वह आईजी के पद पर रहते हुए डीजीपी के पद की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। उत्तर प्रदेश में 1995 बैच के आईएएस अधिकारी संजय प्रसाद के पास इस समय प्रमुख सचिव गृह के अलावा प्रमुख सचिव सूचना एवं कुछ अन्य जिम्मेदारियां भी थीं। उत्तराखंड में शैलेश बगौली के पास भी गृह सचिव के अलावा अन्य विभाग भी थे। गुजरात में पंकज जोशी मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव हैं। उनके पास गृह सचिव की भी जिम्मेदारी थी। उनकी जगह एके राकेश को गृह सचिव बनाया गया है। बिहार में एस.सिद्धार्थ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधान सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव भी हैं। उन्हें भी गृह सचिव पद से हटा दिया गया है। झारखंड में अरवा राजकमल के पास गृह सचिव के अलावा मुख्यमंत्री के सचिव व तीन अतिरिक्त पदों की जिम्मेदारी थी। हिमाचल में अभिषेक जैन मुख्यमंत्री के भी सचिव थे। महाराष्ट्र में इकबाल सिंह चहल को मुंबई नगर निगम के आयुक्त पद से हटा दिया गया है।

### आम जनता भी कर सकती है शिकायत : राजीव कुमार



मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि यदि देश भर में कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन होता है तो आम जनता भी उसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर सकती है। शिकायत मिलने के डेढ़ घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। कुमार के मुताबिक निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए आयोग ने आम जनता को भी हिस्सेदार बनाया है और एक ऐप विकसित किया गया है। जिसकी जानकारी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से ली जा सकती है। शिकायतों के निपटारे के लिए निर्वाचन आयोग एवं राज्यों में कंट्रोल रूम खोला गया है।

### प्रमुख सचिव गृह के बाद निशाने पर कई शीर्ष अधिकारी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के सबसे करीबी शीर्ष अधिकारी प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद पर चुनाव आयोग की कार्रवाई से शासन समेत जिले तक के शीर्ष अधिकारी सतर्क हो गए हैं। प्रदेश के कई शीर्ष अधिकारियों की भूमिका पर विपक्ष ने चुनाव आयोग से शिकायत कर रखी है। सूत्रों के मुताबिक प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को हटाए जाने के बाद अफरशाही में हलचल मची हुई है। उनकी जगह कौन लेगा, इसके लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव से तीन नाम मांगे हैं। साथ ही यहां के पुलिस महानिदेशक को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। जिलों में तैनात कुछ अधिकारियों को लेकर भी शिकायतों पर जांच हो रही है। जल्द ही आयोग की टीम प्रदेश में दौरा करके मतदान से पहले निर्णय ले सकती है। प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि प्रमुख सचिव गृह को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग से उनके कार्यालय को कोई पत्र या सूचना नहीं आई है।

## डूंगरपुर मामले में आजम खां को 7 साल की सजा, 8 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



● रिटायर्ड सीओ, ठेकेदार और पूर्व पालिकाध्यक्ष को पांच-पांच साल की सजा

**अमृत विचार :** डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां को सात साल की सजा सुनाई है। इनके अलावा तीन अन्य दोषियों को पांच-पांच की साल सजा हुई है। अदालत ने तीनों पर साढ़े तीन लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां को दोषी करार दिया था। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के बीच आजम खां को सजा होने से समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

गंज थाना क्षेत्र में डूंगरपुर बस्ती को तीन फरवरी 2016 में खाली कराए जाने के आरोप में 2019 में 12 मामले दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों ने दर्ज कराए थे। इनमें से 25 जुलाई 2019 को एहतेशाम ने भी एक मामला दर्ज कराया था जिसमें 25,000 रुपये लूटने और मकान पर बुलडोजर चलवाने का आरोप लगाया था। आजम खां को आपराधिक षड़यंत्र रचने का आरोपी बनाया था। अन्य के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, धमकाने व डकैती के गंभीर आरोप लगाए थे। कुल सात लोग आरोपी थे। इस मामले में सपा के प्रदेश सचिव ओमेंद्र सिंह चौहान, जिबरान नासिर, फरमान नासिर साक्ष्यों के अभाव में बरी हो गए थे। सजा के फैसले के दौरान आजम खां सीतापुर जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये सुनवाई में शामिल हुए। अजहर खां, बरकत अली, आलेहसन खां की भी वीसी के जरिये कोर्ट में पेशी हुई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि आजम खां को सात साल की सजा, रिटायर्ड सीओ आलेसहन, बरकत अली और पूर्व पालिका चेयरमैन को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है।

### इन धाराओं में हुई सजा

आजम खां को धारा 452 में सात साल की सजा, पांच लाख का जुर्माना, धारा 427 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना, 504 में दो साल की सजा एक लाख का जुर्माना, धारा 506 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना लगा है। आले हसन, बरकत अली और अजहर खां सहित प्रत्येक को धारा 452 में पांच साल की सजा, दो लाख का जुर्माना, धारा 427 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 504 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 506 एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना लगा है।

### 11 गवाहों ने दर्ज कराए बयान

डूंगरपुर के मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाहों ने बयान दर्ज कराए गए थे। जबकि इन 11 गवाहों में से सात गवाह सरकारी कर्मचारी थे। बाकी एक वादी और अन्य गवाह थे। मामले में आजम खां के खिलाफ 12 मार्च 2021 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी, जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट 6 अक्टूबर 2021 को दी गई थी।

## आपसी विवाद में सिपाही ने शिक्षक को सरकारी बंदूक से मारी गोली, मौत

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

● बोर्ड की कापियां लेकर वाराणसी से गई थी शिक्षा विभाग की टीम

● मामला दर्ज कर मुजफ्फरनगर पुलिस कर रही मामले की जांच

वाराणसी से बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर मुजफ्फरनगर एसडी इंटर कॉलेज आए एक शिक्षक की पुलिस के एक मुख्य आरक्षी ने आपसी विवाद के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने सोमवार को यहां बताया कि वाराणसी के शिक्षा विभाग की एक टीम पुलिस की सुरक्षा में मुजफ्फरनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित एसडी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आई थी। शिक्षा विभाग की टीम में शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार और दो चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शामिल थे। कॉलेज का द्वार बंद होने के कारण टीम के सदस्य वाहन में ही बैठे हुए थे। उन्होंने बताया कि रविवार रात को कॉलेज के बाहर वाहन में सोते समय शिक्षक धर्मेंद्र और मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई तथा इसी दौरान चंद्र प्रकाश ने अपनी सरकारी बंदूक से धर्मेंद्र को गोली मार दी। प्रजापत ने बताया कि गंभीर रूप से घायल शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिक्षक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सत्येंद्र जैन की बेल अर्जी खारिज तिहाड़ जेल लौटे

नई दिल्ली, एजेंसी



● 26 मई 2023 से मेडिकल आधार पर चल रहे थे जमानत पर

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन धनशोधन मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियमित जमानत याचिका खारिज किये जाने के कुछ ही घंटे बाद तिहाड़ जेल लौट आए। एक जेल अधिकारी ने कहा कि जैन शाम को तिहाड़ जेल पहुंचे। उन्हें जेल में रखने की औपचारिक प्रक्रिया जारी है। जैन जेल में आत्मसमर्पण करने के लिए शाम करीब छह बजे उत्तर पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार स्थित अपने आवास से निकले। शीर्ष अदालत ने जैन के वकील के उस मौखिक अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जनवरी को जैन की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने 26 मई, 2023 को जैन को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी और इसे कई बार बढ़ाया गया।

## मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने अटैच कीं पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की 12 संपत्तियां



● 31 करोड़ रुपए है अटैच संपत्तियों की कीमत

**लखनऊ।** मनी लांड्रिंग के आरोपों में घिरे पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 12 संपत्तियों को अटैच कर दिया जिसकी कुल कीमत पौने 31 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इनमें व्यावसायिक भूमि, रिहायशी मकान और खेत भी शामिल हैं। ईडी द्वारा एक्स पर शेयर की गई जानकारी में बताया गया कि लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा में गंगोत्री इंटरप्राइजेज के प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किया है। ईडी ने विनय शंकर तिवारी, उनकी पत्नी रीता तिवारी और अजीत पांडेय की संपत्तियों को मनी लांड्रिंग के आरोप में अटैच किया है।

## ईडी के समक्ष पूछताछ को पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



● जल बोर्ड मामले में दिए गए समन को बताया गैरकानूनी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने समन को गैरकानूनी बताया और केंद्र की भाजपा सरकार पर केजरीवाल को निशाना बनाने और उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने आरोप लगाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि समन अवैध है। भाजपा ईडी का इस्तेमाल करके लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ईडी के समन पर बार-बार पेश नहीं होकर अपना सम्मान गंवा दिया है और आरोप लगाया है कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में घोटाला हुआ है।

## शपथ दिलाने से इनकार पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार

● राज्यपाल के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगी शीर्ष कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक के. पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए राज्यपाल आरएन. रवि को निर्देश देने की मांग वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका पर सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और पी विल्सन की दलीलें सुनने के बाद शीघ्र सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध करने की उनकी गुहार स्वीकार की। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सिंघवी से कहा कि वह मामले की शीघ्र सुनवाई से संबंधित ईमेल भेजें, हम गौर करेंगे। ज्ञातव्य है कि पोनमुडी आय से अधिक संपत्ति के एक मुकदमे में आरोपी हैं और सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को सजा पर रोक लगा दी थी। आदेश के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता बहाल कर दी थी। सीएम एमके स्टालिन ने उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने की सिफारिश की, पर राज्यपाल ने शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था।

## लोस में 95 व विस में 40 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

● मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर निर्वाचन आयोग के निर्देशों की दी जानकारी

**अमृत विचारः** इस बार लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख व विधानसभा के प्रत्याशी अधिकतम 40 लाख रुपये खर्च कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सोमवार को राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर उन्हें यह जानकारी दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रत्याशियों का 10 हजार से अधिक के सभी प्राप्ति व भुगतान बैंक के माध्यम से किया जाना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रत्याशियों को अपने निर्वाचन व्यय का समुचित लेखा-जोखा रखना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनीतिक दलों द्वारा अधिसूचना जारी होने के सात दिनों के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी और भारत निर्वाचन आयोग को स्टार प्रचारकों की सूची उपलब्ध कराई जानी है। स्टार प्रचारक के निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित रैली या बैठक करने पर चुनावी खर्च संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा। प्रत्याशी रिटर्निंग आफिसर से अनुमति प्राप्त कर वाहनों को चुनाव प्रचार में उपयोग कर सकेंगे। चुनाव प्रचार के लिए रैली, जुलूस व सार्वजनिक बैठकों के लिए संबंधित रिटर्निंग आफिसर से अनुमति लेनी होगी। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को चुनाव परिणाम की घोषणा के 90 दिनों के भीतर अपने दल का निर्वाचन व्यय लेखा निर्धारित प्रारूप पर भरकर भारत निर्वाचन आयोग के पास व अमान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास जमा करना होगा।

## तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन ने दिया इस्तीफा

**हैदराबाद/पुडुचेरी।** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजभवन ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सौंदरराजन पुडुचेरी के उपराज्यपाल का पद भी संभाल रही थीं। उन्होंने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेज दिया है। बताया गया है कि तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने इस्तीफा दे दिया है। सौंदरराजन का इस्तीफा इन खबरों के बीच हुआ है कि वह तमिलनाडु से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं।

## कोलकाता में निर्माणाधीन इमारत ढही 7 लोगों की मौत, 4 अभी मलबे में दबे

● मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी कार्रवाई का दिया आश्वासन

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में एक निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत ढहने से दो महिलाओं सहित सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। शहर के पश्चिमी इलाके में अजान मुल्ला लेन में बचाव अभियान में लगे अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कम से कम चार लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। उनमें से केवल एक के ही जीवित होने के संकेत हैं। कोलकाता के महापौर फिरहद हकीम ने कहा कि घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है जहां यह इमारत अवैध रूप से बनाई जा रही थी। हाकिम ने बताया कि इमारत के प्रवर्तक मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटनास्थल का दौरा किया और लोगों को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया।



हादसे के बाद मौके पर राहत के लिए जुटा बचाव दल।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### सास-बहू को मारने के चार आरोपियों पर केस

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : पटरंगा के ग्राम कोपेपुर में एक महिला और उसकी बहू को मारने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया। कोपेपुर कि फहमीदा ने पटरंगा थाना में दी तहरीर में बताया कि पड़ोस के गुड्डू व तीन अन्य लोगों ने मामूली बात पर उसे और उसकी बहू को बुरी तरह मारा पीटा।थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने बताया कि तहरीर पर गांव के गुड्डु,गुड़िया, बीबी,सूबी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### प्रमोद ने ली भाजपा की सदस्यता

अयोध्या, अमृत विचार : बसपा के नेता प्रमोद श्रीवास्तव ने सोमवार को भाजपा की सदस्यता ले ली। भाजपा के जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। कहा कि हर संभव प्रयास करके चुनाव में भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाकर संसद में भेजने का काम करेंगे। मौके पर पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी, दिग्विजय सिंह, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडेय बादल आदि लोग थे।

# शास्त्र संरक्षण से ही भारत बनेगा विश्व गुरु : श्रीनिवास

## अयोध्या में चार दिवसीय अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा की शुरुआत, चार दिवसीय प्रतिस्पर्धा में देश भर के संस्कृत विद्वान भी पहुंचे, उत्कृष्ट प्रतिभागी होंगे पुरस्कृत

अयोध्या कार्यालय


अयोध्या में शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा का उद्घाटन करते प्रमुख अतिथि व कुलपति। अमृत विचार


शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा की शुरुआत पर मौजूद संस्कृत के विद्वान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** शास्त्र संरक्षण से ही भारत विश्व गुरु के रूप में प्रतिष्ठित हो सकता है। स्पर्धाओं से जहां शास्त्र का संरक्षण होता है वही विधार्थी में मेघा का भी विकास होता है। भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में जाग्रति लाने के लिए ऐसी प्रतिस्पर्धाओं की आवश्यकता है।

यह बातें सोमवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नव देहली के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी ने कहीं। वह यहां मणिराम दास छावनी में अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के शुभारंभ समारोह को संबोधित रहे थे। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कुलपति ने कहा कि संस्कृत शास्त्र संरक्षण की दृष्टि से भारत सरकार द्वारा प्रतियोगिताओं के आयोजन का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे देश भर के संस्कृत के छात्र - छात्राएं शास्त्रों को कंठस्थ करते हैं और शास्त्र परम्परा को संवर्धित करते हैं। यह सौभाग्य की बात है राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद 61 वीं स्पर्धा रामनगरी में हो रही है।

प्रमुख अतिथि प्रो. देवीसहाय पाण्डेय 'दीप' ने संस्कृत व संस्कृति के अन्तःसम्बन्ध को बताते हुए सभी से आह्वान किया कि वे भारतीय ज्ञान परम्परा को सम्वर्धित करने के लिए अपनी महती भूमिका का निर्वाह करें। सारस्वत अतिथि प्रो. दौर्बलप्रभाकर शर्मा ने कहा कि समस्त संस्कृतज्ञों को भगवान् श्री के आदर्शों के अनुरूप उत्प्रेरणा प्राप्त होगी। विशिष्ट अतिथि के सत्यध्यानाचार्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति में संस्कृत का विशिष्ट स्थान है। राम इस संस्कृति के प्राण हैं। इससे पहले अतिथियों का स्वागत प्रो लोकमान्य मिश्र ने किया। प्रो. मधुकेश्वर भट्ट, प्रो. गणेश टी पंडित, प्रो. भारत भूषण त्रिपाठी, प्रो. धनीन्द्र कुमार झा समेत देश भर से आए 100 से अधिक विद्वान मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा के कार्यक्रम

मंगलवार को सुबह 9 .30 से 11 .15 तक साहित्यभाषण, व्याकरणभाषण, धर्मशास्त्रभाषण, वेदान्तभाषण, न्यायभाषण, ज्योतिषभाषण प्रतियोगिता। पूर्वाह्न 11 .15 से दोपहर 1 बजे तक अर्थशास्त्रशलाका, वेदान्तशलाका, न्यायशलाका, व्याकरणशलाका, ज्योतिषशलाका, मीमांसाशलाका स्पर्धा। दोपहर 2 .30 से शाम 5 बजे तक अष्टाध्यायी कण्ठपाठ, अमरकोष कण्ठपाठ, धातुरूप कण्ठपाठ, काव्य कण्ठपाठ, शास्त्रार्थविचार (प्रथम सोपान) का आयोजन अयोध्याधाम के अलग-अलग स्थानों पर किया जायगा।

20 मार्च को सुबह 8 .30 से 11 .30 तक मीमांसा भाषण, जैनबौद्ध भाषण, सांख्ययोग भाषण, वेदभाष्यभाषण, आयुर्वेद भाषण, भारतीय विज्ञान भाषण का आयोजन। पूर्वाह्न 11 .30 से दोपहर 1 .30 तक पुराणेहितास शलाका, साहित्य शलाका, काव्य शलाका, भारतीय गणित शलाका, शास्त्रार्थविचार (द्वितीय सोपान) का आयोजन। दोपहर 2 .30 से शाम 5 .30 तक भगवद्गीता कण्ठपाठ, सुभाषित कण्ठपाठ, शास्त्रार्थविचार (अन्तिम सोपान)।

21 मार्च को सुबह 6 बजे से शोभायात्रा। सुबह 9 बजे से स्फूर्तिस्पर्धा। दोपहर 2 .30 बजे से श्री मणिरामदास छावनी ट्रस्ट के सत्संग भवन हाल में समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें सभी स्पर्धाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्राप्त छात्र-छात्राओं को पदक, प्रमाणपत्र, नगद राशि इत्यादि देकर सम्मानित किया जायगा।

# रामनगरी में 28 राज्यों के 600 संस्कृत छात्रों का संगम

अयोध्या कार्यालय

- केन्द्रीय संस्कृत विवि की चार दिवसीय 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा 2023-24
- सभी एक - दूसरे से साझा कर रहे अपनी संस्कृति

**अमृत विचार :** रामनगरी में पहली बार हो रही केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की 61वीं अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा 2023-24 देश में संस्कृत के संवर्धन का प्रतीक बनेगी। इस अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में देश के कुल 28 राज्यों से करीब 600 संस्कृत के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। संपूर्ण रूप से संस्कृत केंद्रित कार्यक्रम में देश भर से सभी 100 से अधिक संस्कृत के प्रकांड विद्वान भी बतौर निर्णायक के रूप में यहां पहुंचे हैं।

मणिराम दास छावनी के श्रीराम सत्संग भवनम् में सोमवार से प्रारम्भ हुई चार दिवसीय इस शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा में केरल से लेकर पंजाब और उत्तराखंड से लेकर महाराष्ट्र तक में संचालित संस्कृत महाविद्यालयों, गुरुकुल, और कला शालाओं के छात्र - छात्राएं विभिन्न विषयों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए श्रीराम सत्संग भवनम् को भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनुरूप ही श्रृंगारित किया गया है। खास बात यह है संचालन से लेकर विशिष्ट जनों का सम्बोधन और सभी किया कलाप संस्कृत में ही सम्पादित किए जा रहे हैं। उद्घाटन से पूर्व केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नव देहली के कुलपति श्रीनिवास वरखेडी ने आए हुए प्रतिस्पर्धियों से मुलाकात की और व्यवस्था का जायजा भी लिया। विभिन्न प्रांतों से आए छात्र - छात्राओं और विशिष्ट आगंतुकों के लिए निवास और भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रतिस्पर्धा का समापन 21 मार्च को होगा।

### इन प्रदेशों से प्रतिस्पर्धा में पहुंचे संस्कृत के छात्र - छात्राएं

अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा में पहुंचे हैं। उड़ीसा से 27, जम्मू- कश्मीर से 27, केरल से 23, राजस्थान से 33, उत्तर प्रदेश से 26, हिमाचल प्रदेश से 23, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ से 25, महाराष्ट्र से 22, त्रिपुरा से 19, उत्तराखंड से 20, दिल्ली से 20, हरियाणा, पंजाब से 17, बिहार, झारखंड से 20, पश्चिम बंगाल से 21, गुजरात से 32, आन्ध्र प्रदेश- तेलंगाना से 28, तलिनाडु पाण्डिचेरी से 29, असम- मणिपुर, नागालैण्ड से 14, गोवा से 8 छात्र-छात्राएं स्पर्धाओं में भाग लेंगे।


प्रतिस्पर्धा में शामिल होकर बहुत अच्छा लग रहा है। इससे संस्कृत भाषा मजबूत और लोग प्रोत्साहित होंगे। स्वयं के मूल्यांकन का भी अवसर मिलेगा। **– अंकिता, उत्तराखंड।**


संस्कृत के प्रति बचपन से ही आकर्षण रहा। संस्कृत केवल भाषा नहीं वरन भारतीय संस्कृति का प्रतीक भी है। इसे बोलचाल में भी शामिल करना चाहिए। **–शुभांगी, उत्तराखंड**


अयोध्या आकर बहुत अच्छा लग रहा है। रामलला के दर्शन का भी सौभाग्य मिला। संस्कृत हमारी प्रचीन भाषा है। यह कदापि कठिन नहीं, कंठस्थ भाषा है। **–शाम्भवी, उत्तराखंड**


संस्कृत प्राचीन और उच्च कोटि की भाषा है। सबको इसके संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए। यह प्रतिस्पर्धा संस्कृत को और प्रगाढ़ करेगी। **–अरीदम चक्रवर्ती, पश्चिम बंगाल**


केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का यह प्रयास संस्कृत छात्रों को न केवल प्रोत्साहित करेगा बल्कि अनुभव भी साझा होंगे। विभिन्न विषयों की जानकारी मिलेगी। **–महादेव,कर्नाटक**


संस्कृत प्रतिस्पर्धा के लिए चयनित होने ही गौरव का विषय है। आज यहां आकर भिन्न – भिन्न प्रदेशों के छात्र – छात्राओं से परिचित होना सुखद है। **–संजय जाना, पश्चिम बंगाल**


अयोध्या में अखिल भारतीय शास्त्रीय प्रतिस्पर्धा देश में संस्कृत संवर्धन का प्रतीक बनेगी। समय आने वाला है जब संस्कृत अन्य भाषाओं से आगे होगी। **–महेश आर्यभट्ट, कर्नाटक**

## आज सूचनाएं लोगों की हथेली में : डॉ. सुमन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** संचार क्रांति की बदौलत मीडिया का स्वरूप काफी बदल गया है। आज सूचनाएं लोगों की हथेली में है। विद्यार्थियों को गहन रिपोर्टिंग पर ध्यान देना होगा। यह बातें प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की सदस्य व संपादक डॉ. सुमन गुप्ता ने सोमवार को डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में इन्टर्नशिप आयोजन में कही। उन्होंने कहा समाचार-पत्र एक माध्यम है। इसमें अपनी रिपोर्ट में गहराई से तथ्यों को उजागर करना चाहिए। इससे समाज के बीच गहरा प्रभाव छोड़ सकते है। समन्वयक व विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने भी जानकारी दी। बीवोक व एमए एमसीजे के 28 छात्र-छात्राओं ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। डॉ. अनिल कुमार विश्वा, डॉ. आरएन पाण्डेय, लालजी मौर्य सहित विद्यार्थी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


बैठक में मौजूद कुछ पल फाउंडेशन की सदस्य।

### सिंधी भाषा व संस्कृति समाज की पहचान : नीलम

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सिंधी भाषा व संस्कृति समाज की पहचान है। इसलिए अपनी भाषा से जुड़ाव और उसका संवर्धन हम सबकी जिम्मेदारी है। यह बातें कुछ पल फाउंडेशन की अध्यक्ष नीलम मध्यान ने सोमवार को एक रेस्टोरेंट में बैठक में कही। उन्होंने कहा कि 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस है। इसी दिन भारत सरकार ने सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कर भाषा को मान्यता दी थी। जो समाज के लिए गर्व की बात है। अध्यापिका कोमल लखमानी व कशिश चावला ने कहा कि 10 अप्रैल को अपने घरों में परिवार के साथ संकल्प लिया जाए कि सभी सदस्य एक-दूसरे से अपनी मातृभाषा में ही बातचीत करेंगे। इस मौके पर समाज में अपना योगदान देने वाली मीरा वरियानी व उनकी पुत्री पूनम वरियानी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कनक चैनानी, सीमा आहूजा, माला खत्री, रागिनी चंदानी, जिया राहेजा, राधा उतरानी, जानवी वलेचा, सिमरन बिजलानी आदि मौजूद रहीं।

### अज्ञात कारणों से रैन बसेरे में लगी आग

रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार : सीओ कार्यालय के पास बने लायंस क्लब रुदौली के रैन बसेरे में सोमवार भोर में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की चपेट में आकर रैन बसेरे में रखा बिस्तर, चारपाई सहित अन्य चीजें जल गई। भेलसर चौकी मनीष चतुर्वेदी ने बताया कि आग लगने के का कारण पता नहीं चल सका है। कोई जनहानि नहीं हुई है।

### एटीएम बदल ठगी के मामले में दो लोग गिरफ्तार

अयोध्या, अमृत विचार : नगर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र निवासी महिला का एटीएम कार्ड बाद रकम के गबन और धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से विभिन्न बैंको के कुल 72 एटीएम कार्ड, एक कार, तमंचा-कारतूस और दो मोबाइल व 30 हजार रुपये बरामद हुए हैं। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया पुलिस ने रायबरेली हाईवे ओवरब्रिज के पास से कार सवार बस्ती के हरैया थाना क्षेत्र स्थित फरेंदा जागीर निवासी शिखर मिश्रा और इसी थाना क्षेत्र के बड़हर निवासी रोहित पांडेय को गिरफ्तार किया है। नवीन मंडी चौकी प्रभारी उमेश कुमार वर्मा ने बताया कि बरामद कार का कोई कागजात न होने के चलते पुलिस ने जब्त किया है।

### परियोजना स्वीकृति के खेल में नजर ब्लॉकों पर

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : मनरेगा परियोजनाओं की स्वीकृति के खेल में नजर खंड विकास कायार्लयों पर है। विभाग के अंदर खाने में इसको लेकर हलचल शुरू हुई। बात आगे न बढ़े इसके लिए भी पेशबंदी शुरू कर दी गई है। मनरेगा की व्यवस्था में ब्लॉक मुख्यालयों से ही ज्यादातर परियोजनाओं की स्वीकृति होती है। श्रम और मैटेरियल के अनुपात को कायम रखने की जिम्मेदारी भी ब्लॉकों के स्तर पर ही होती है। ब्लॉकों पर तैनात कार्यक्रम अधिकारी के स्तर से इनकी स्वीकृति की जाती है। सूत्रों के मुताबिक जिले में आधे से ज्यादा ब्लॉकों ने इस मानक का ध्यान नहीं रखा। प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृतियों दे दी गई। अब ब्लॉक 60 :40 के अनुपात से संतृप्त हो गए। कुछ ही ग्राम पंचायतें हैं जहां इसका मानक पूरा नहीं है। यदि इनके कार्यों की फीडिंग की जाती है तो ब्लॉक स्तर और जिले स्तर पर मानक और बिगड़ जाएगा। जांच हुई तो यह पकड़ में आ जाएगा। ऐसे में बिगड़े खेल को दुरुस्त करने के लिए अंदरखाने में पेशबंदी की जा रही है। मामला बड़े अफसरों के संज्ञान में भी आ गया। प्रधान संगठन ने इसको लेकर सीडीओ से मुलाकात की। संगठन के लोग कहते हैं कि आश्वासन मिलने के बाद कार्रवाई कुछ खास नहीं दिख रही है। मार्च किसी तरह निकाल लेने का प्रयास है। डीसी मनरेगा ने मानक न पूरी करने वाली ग्राम पंचायतों की फीडिंग करने की अनुमति दी है। मानक न बिगड़े इसका भी ख्याल रखा जा रहा है।

### कार्यकर्ता संगठन व पार्टी की रीढ़ : लल्लू


बैठक को संबोधित करते सांसद लल्लू सिंह।

पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार : रामपुर हलवारा में बने सभागार में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक सोमवार को हुई। मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता संगठन व पार्टी की रीढ़ होता है। जिस संगठन का कार्यकर्ता जितना सक्रिय होगा उतना ही संगठन व पार्टी मजबूत होगी। विशिष्ट अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ता ही आगे बढ़कर उच्च पदों पर आसीन होते हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व जिला महामंत्री शारदा यादव, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी अशोक कशौधन, लोकसभा क्षेत्र प्रभारी हरिश्चंद्र, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, गन्ना समिति के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की जिला महामंत्री स्वाति सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रामप्रीत वर्मा, मंडल अध्यक्ष वरुण चौधरी ने भी संबोधित किया।

## दीनी तालीम की रौशनी फैलाने वाले मौलाना मोनिस सम्मानित


प्रख्यात मौलाना मोहम्मद अब्बास मोनिस को सम्मानित करते अंजुमन के पदाधिकारी।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अंजुमन गुंचे मज़लूमिया की जानिब से हर साल की तरह इस साल भी रमजान मुबारक के महीने में चल रहे क्लासेस के छठे दिन दीनी तालीम की रौशनी फैलाने वाले मौलाना मोहम्मद अब्बास मोनिस को सम्मानित किया गया।

18 वर्ष पूर्व ईरान से यहां आए मौलाना मोहम्मद अब्बास मोनिस ने रमज़ान मुबारक के महीने में दिनी क्लासेज वसीक़ा अर्बिक कॉलेज में नींव रखी थी। मात्र 6 बच्चों से शुरू होने वाली यह क्लास अब हजारों बच्चों में तब्दील हो चुकी है। इसे फैज़ाबाद के साथ - साथ कई ज़िलों मे चल रहा है। मौलाना की इस कोशिश और कामयाबी पर अंजुमन गुंचये के अध्यक्ष अहमद ज़मीर सैफी व पूर्व अध्यक्ष हामिद जाफर मीसम, नाएब सदर रिज़वान हसनैन व पूर्व सेक्रेट्री कामिल हसनैन ने शाल और मोमेन्टो देकर मौलाना को सम्मानित किया। लगातार उपस्थिति पर अस्करी को भी सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष रिजवान हसनैन, कनवीनर मो हसनैन, इजहार हुसैन छोटू, आसिफ, हसीन अख्तर, अफजल हुसैन, सैफ, डॉ. मजहर सहित सभी सदस्य मौजूद रहे।

## कार्यालय में गंदगी देख भड़के नगर आयुक्त

**अयोध्या, अमृत विचारः** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सोमवार को नगर निगम कार्यालय के समस्त अनुभागों का निरीक्षण किया। प्राप्ति प्रेषण पटल में फाइलों के रख-रखाव की व्यवस्था समुचित ढंग से न होने व कार्यालय में गंदगी देखते ही भड़क गए। उन्होंने समस्त अधिकारी व कर्मचारी को अपने-अपने विभाग में प्रत्येक शनिवार को सुबह साफ-सफाई व्यवस्था स्वयं सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। सभी को कार्यालय में समय से उपस्थित रहने और अपने विभाग से संबंधित प्रकरणों और जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध रूप से निस्तारण कराने के भी निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने बैसिंह स्थित कान्हा गोशाला का भी निरीक्षण किया। गोशाला की बाउंड्रीवॉल में लगे कटीले तारों को सही कराने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार, शशि भूषण राय, वागीश कुमार शुक्ला, अनिल कुमार सिंह, लेखाधिकारी नरेन्द्र प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# एयरो सिटी को लेकर कमिश्नर से मिले आन्दोलित किसान

पूराबाजार, अयोध्या


कमिश्नर को ज्ञापन देते प्रभावित गांवों के किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** एयरो सिटी के विरोध में आन्दोलित किसानों का आक्रोश बरकरार है। रविवार को सुबह सांसद और नगर विधायक से मुलाकात करने के बाद सोमवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल से भेंट की। किसानों ने मंडलायुक्त को आठ सूत्रीय ज्ञापन देते हुए एयरो सिटी निर्माण अन्यत्र किए जाने की मांग की है।

मातृभूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा एडवोकेट ने बताया मंडलायुक्त ने गंभीरता से बात सुनी। कमिश्नर के समक्ष मांग रखी कि सरेठी, रामदत्तपुर अटरावां, बैसिह, कुशमाहा, ददेरा की जमीन कृषि योग उपजाऊ भूमि है। इसलिए एयरो सिटी ऐसी जमीन पर बनाई जाए जहां किसी की उपजाऊ जमीनी ना हो। बताया कमिश्नर ने किसानों को आश्वासन दिया है कि इस विषय पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा। इससे पूर्व रविवार देर शाम सरेठी ग्राम पंचायत में महत्वपूर्ण बैठक हुई। निर्णय लिया गया है अब प्रतिदिन एक ग्राम पंचायत में मुद्दे पर पंचायत होगी। किसी भी कीमत पर जमीन नहीं दी जाएगी। अध्यक्षता अध्यक्ष सूर्यभान वर्मा एडवोकेट ने की। बैठक में निर्णय हुआ कि खेती योग्य अपनी पुश्तैनी जमीन हम किसी हालत में नहीं देंगे। भले ही हमें जान कुर्बान कर देना पड़ेगा। बैठक में सरेठी के प्रधान रक्षा राम यादव, अशोक कुमार गुप्ता, रामदत्तपुर अटरावां के प्रधान प्रतिनिधि उदल यादव, ददेरा के प्रधान प्रतिनिधि लल्लन पासवान, बैसिह के प्रधान राम अवतार, शमशेर यादव, धर्मवीर यादव, प्रभाशंकर पांडे, राम शब्द यादव, राकेश टेलर, अमित यादव, रमेश कुमार, राजित राम वर्मा, रामकुमार, रमेश वर्मा, राम जगत, अमन गुप्ता, सत्यम चौरसिया, चंदन कुमार, रामानंद चौहान सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

होली | सज गए बाजार, मोदी-योगी पिचकारियों की भरमार

# गन से निकलेगा अबीर, जादुई है झाड़ू गुब्बारा

अयोध्या कार्यालय


रिकाबगंज में सजी रंग व पिचकारियों की दुकान। अमृत विचार

- बाजार में 35 से लेकर 1350 रुपये तक की पिचकारियां



डबल इंजन की सरकार वाली पिचकारियां।

**अमृत विचार :** होली के त्योहार पर इस बार भगवा रंग चढ़ा नजर आ रहा है। बाजारों में डबल इंजन की सरकार से लेकर मोदी-योगी पिचकारियों की भरमार है। तरह-तरह के मुखौटों के साथ गुलाल गन और झाड़ गुब्बारा भी इस बार आकर्षक बनेगा। बाजारों में 35 से लेकर 1350 रुपये तक की पिचकारियां आई हैं।

होली की तैयारियां शुरू होने के साथ ही बाजारों में पिचकारी, रंग, गुलाल व अन्य सामानों से दुकानें सजी हुई हैं। खरीदारी के लिए बच्चों से लेकर बड़ों तक में उत्साह है। रंगों और गुलाल से होने वाली त्वचा संबंधित परेशानियों को देखते हुए लोगों में हर्बल रंग की मांग अधिक है। लोग बिना केमिकल वाले रंगों की मांग कर रहे हैं। रिकाबगंज में रंग व पिचकारियों की दुकान सजाए व्यापारियों ने बताया कि गुलाल गन में 150 ग्राम अबीर एक बार में भरा जाता है। इसकी कीमत 300 के करीब है, जबकि फौजी गन भी इसी तरह काम करती है, लेकिन उसमें गुलाल नहीं भरा जा सकेगा। झाड़ू गुब्बारा इस बार सबसे अलग हटकर है। इसमें पानी भरने के बाद गांठ नहीं बांधनी पड़ेगी। डबल इंजन वाली पिचकारी आम पिचकारियों की तरह ही है। सिर्फ पैकेट पर नाम दिया गया है।

### रंगों के दाम पांच से 10 रुपये बढ़े

रिकाबगंज में होली के व्यापारियों ने बताया कि इस बार रंगों के दाम पांच से 10 रुपये तक बढ़े हैं। अभी तक बाजार सबसे महंगी पिचकारी 1350 रुपये की है। इसमें एक बार में तीन लीटर पानी भरकर चलाया जा सकेगा। अबीर का दाम 160 रुपये ही है।

## युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने की जरूरत

- राष्ट्रीय सेवा भारती के राष्ट्रीय मंत्री ने की बैठक

अयोध्या, अमृत विचार : राष्ट्रीय सेवा भारती के राष्ट्रीय मंत्री रामेंद्र ने कहा कि युवा पीढ़ी को शिक्षित करने के साथ संस्कारवान बनाने की जरूरत है। संस्कारवान युवा, सशक्त भारत के निर्माण में सक्षम है। वह सोमवार को कायार्लय पर महानगर सेवा भारती के लोगों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने महानगर में चल रहे सेवा कार्य के बारे में जानकारी ली। अधिक से अधिक संस्कार शालाओं को प्रारंभ करने पर जोर दिया। महानगर मंत्री डॉ . प्रेम चन्द्र पांडेय ने सभी का परिचय कराया। बैठक में महानगर अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष इंद्रप्रकाश तिवारी, आभा सिंह, प्रांत मंत्री भास्कर, प्रांत मीडिया प्रभारी अभिषेक मौजूद रहे।

## पर्वों में सौहार्द बनाए रखने की अपील

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** होली और ईद के त्योहार में प्रेम,समरसता और आपसी सौहार्द बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है। यह बात कोतवाली में आयोजित शांति समिति की बैठक में एसपी ग्रामीण अतुल सोनकर ने कही।उन्होंने कहा कि अशांति फैलाने वालों पर प्रशासन की कड़ी नजर है। यदि कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित होने की आशंका होती है तो तुरंत स्थानीय पुलिस प्रशासन सहित डायल 112 नंबर पर सूचना दें। सीओ रुदौली आशीष निगम ने कहा की सोशल मीडिया पर कुछ भी गलत मैसेज आते है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दे। तहसीलदार राजेश वर्मा, कोतवाल देवेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी भेलसर मनीश चतुर्वेदी,किला चौकी प्रभारी मुनि मन रंजन,सहित ताजुद्दीन,सभासद प्रतिनिधि पंकज शर्मा आदि मौजूद रहे।

आवश्यकता है
अमृत विचार डिजिटल को
अयोध्या ऑफिस के लिए
एक वेबसाइट रिपोर्टर की
अनुभव :-किसी प्रमुख अखबार/वेबसाइट में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव
वेतन :- योग्यता अनुसार
इच्छुक उम्मीदवार अपना बायोडाटा भेजें:-
advt.amritvicharbly@gmail.com 9518031113, 8476006584
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

फैजाबाद जीनियस इण्टर कॉलेज
14 कोसी परिक्रमा मार्ग, फत्तेपुर, कुशमाहा अयोध्या-224001
नर्सरी से इण्टरमीडिएट तक
प्रवेश प्रारम्भ-2024-25
उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
(हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम एन0सी0ई0आर0टी0 पद्धति पर शिक्षा की उत्तम व्यवस्था)
(छात्रावास की व्यवस्था)
डॉ.जी.सी. यादव
प्रधानाचार्य
Email-id: gicfaizabad@gmail.com | सम्पर्क सूत्र- 8953649647, 6388304284, 9450018646





**रोजा**

**शिया**
सहरी : 04.45 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 04.40 बजे
इफ्तार : 06.12 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### एलएलबी परीक्षा में 43 नकलची धरे गए

**अयोध्या कार्यालय।** अवध विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों की एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा सोमवार को 12 केन्द्रों पर शुरू हुई। परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि एलएलबी त्रि-वर्षीय व पंचवर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में शुरू हो गई है। पहले दिन सचलदल की सघन तलाशी अभियान में बाराबंकी जिले में 43 परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए पकड़े गए। इन परीक्षार्थियों पर परीक्षा नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

# चौक-रिकाबगंज में धूल भरी होली, प्रदर्शन

## शहर की सबसे व्यस्त सड़क पर खोदाई से उड़ती धूल से दुकानदार व राहगीर परेशान

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** चौक-रिकाबगंज के बीच उड़ रही धूल से परेशान दुकानदार और राहगीरों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। कहा कि दुकानों के साथ-साथ पूरा घर धूल धूसरित हो रहा है। आना-जाना दुश्वार हो गया है। आंख, नाक, मुंह से धूल अंदर जा रही है। दुकान पर बैठा नहीं जाता। त्योहारी सीजन में दुकानदारी भी प्रभावित हो रही है।

चौक से रिकाबगंज के मुख्य मार्ग पर इन दिनों सीवर लाइन डालने के लिए खोदाई चल रही है। यह शहर की सबसे व्यस्ततम सड़क है। हालांकि यातायात के चलते खोदाई रात में की जाती है। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि खोदाई के बाद गड़ढे भी पाट दिए जाते हैं, लेकिन सड़क उबड़ खाबड़ हो गई। वाहनों के आवागमन से जगह-जगह धंसने से गडढे हो गए। मिट्टी सूखी होने से जरा सी हवा चलने से धूल उड़ती है। लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। धूल के कारण खांसी आने लगती है। पानी का छिड़काव कभी-कभार हो रहा है। दुकानदारों का कहना था कि धूल के चलते लोग इस तरफ आने जाने से कतराने लगे हैं। होली का त्योहार नजदीक है, लेकिन लोग दुकान पर नहीं आ रहे हैं। व्यापार चौपट हो रहा है। इसका असर चौक तक पड़ रहा है।



चौक में उड़ रही धूल को लेकर प्रदर्शन करते व्यापारी। अमृत विचार



धूल के गुबार के बीच से मुंह पर हाथ रखकर निकलते राहगीर। अमृत विचार

### बोले व्यापारी- चौपट हो गया कारोबार

प्रदर्शन कर रहे दुकानदार गौरव, मंजूर, सागर, राजू, मक्की, जीतू, राकेश, सुधीर साहू, दीपू, नानू ने कहा कि पखवारे भर से व्यापार चौपट हो गया। दिन भर धूल और गर्द उड़ती है। ग्राहक दुकान पर आना नहीं चाहते हैं। पछुवा हवा के चलते उड़ने वाली धूल पूरे चौक में फैल रही है। विकास होना चाहिए लेकिन मानकों का ख्याल रखा जाए। लोगों की दिक्कते कम की जाए।

### धूल से दमा का खतरा

लगातार धूल से लोगों को दमा का खतरा सताने लगा है। पहले भी रामपथ सहित दूसरे कार्यों के कारण महीनों धूल उड़ी। उसका असर अस्पतालों में अब दमा रोगियों के रूप में दिखाई पड़ रहा है। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. नानक सरन ने बताया कि ज्यादा दिनों तक धूल फेफड़ों में जाने से दिक्कत स्वाभाविक है। इससे दमा का खतरा होता है।

# कचहरी गैंगवार केस में भाजपा विधायक विनोद के खिलाफ नहीं चलेगा मुकदमा

अयोध्या कार्यालय



- हाई कोर्ट ने खारिज किया निचली अदालत का तलवी आदेश
- कमला देवी को नहीं मिली राहत

**अमृत विचार :** कचहरी गैंगवार केस में सुल्तानपुर के भाजपा विधायक विनोद सिंह के खिलाफ अब जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं का मुकदमा नहीं चलेगा। हाई कोर्ट इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ ने निचली अदालत के विधायक को तलब किए जाने के आदेश को निरस्त कर दिया है, जबकि सह अभियुक्त कमला देवीको राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट से उनकी निगरानी खारिज कर दी है। यह आदेश लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति फैज आलम खान की कोर्ट से हुआ है।

अधिवक्ता उदय सिंह ने बताया कि कचहरी परिसर में 9 जुलाई 2014 को गैंगवार हुआ था। जिसमें वर्ष 1999 में हुए संत ज्ञानेश्वर हत्याकांड का बदला लेने के लिए ब्लॉक प्रमुख यशभद्र सिंह उर्फ मोनू पर जानलेवा हमला हुआ था। वह कानूनगो रामकुमार हत्याकांड में अभियुक्त था। जिला जज की अदालत में पेशी पर आए था। इसमें अरविंद सिंह, राजकुमार सिंह ,अधिवक्ता ऋषि देव सिंह, मनोज कुमार सिंह व श्रवण कुमार गुप्ता घायल हो गए थे। घटना स्थल से भागते समय जैनेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले की प्रथम सूचना रिपोर्ट यश भद्र सिंह ने जानलेवा हमला समेत अन्य धाराओं में जैनेंद्र शर्मा, सुल्तानपुर के भाजपा विधायक विनोद सिंह व कमला देवी के खिलाफ लिखाई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने जैनेंद्र शर्मा के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था जबकि कमला देवी और विधायक विनोद सिंह का नाम विवेचना से निकालते हुए उन्हें क्लीन चिट दे दी थी।

विवेचक द्वारा क्लीन चिट दिए जाने पर वादी यशभद्र सिंह उर्फ मोनू ने दोनों को विचारण के लिए तलब किए जाने के लिए कोर्ट में अर्जी दी थी ।भाजपा विधायक विनोद सिंह और कमला देवी को 18 नवंबर 2021 को विचारण के लिए तलब किया गया था ।इस आदेश को दोनों ने उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने घटना के समय घटनास्थल पर विनोद सिंह की उपस्थिति का साक्ष्य न मिलने पर उनकी निगरानी याचिका स्वीकार कर निचली अदालत के विधायक को तलब किए जाने के आदेश को निरस्त कर दिया है। कमला देवी की ओर से प्रस्तुत याचिका खारिज कर दी।

# आ रहे डॉक्टर साहब...यही सुनते-सुनते बज गए दो

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित दिव्यांग बोर्ड में प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे दिव्यांगों में सोमवार को खासा आक्रोश दिखा। सुबह 10 बजे पहुंचे दिव्यांगों को एक ही बात बताई जा रही थी कि अभी डॉक्टर साहब श्रीराम चिकित्सालय में हैं, थोड़ी देर में आ रहे हैं। यह सुनते-सुनते दो बज गए, लेकिन चिकित्सक काफी देर बाद पहुंचे।

अस्पताल के दिव्यांग बोर्ड में हर सोमवार व शुक्रवार को प्रमाण पत्र बनाने का कार्य किया जाता है। दूर-दूर से दिव्यांग दूसरों का सहारा लेकर यहां पहुंचते हैं। बीकापुर के कनकपुर झगरौली से आए प्रणव कुमार ने बताया कि उन्हें रेलवे में कंसेसन फॉर्म बनवाना था। इसलिए वह सुबह साढ़े 10 बजे ही केंद्र में पहुंच गए थे। काउंटर पर दोपहर एक बजे तक तीन बार डॉक्टर के बारे में पूछ चुके हैं। उन्हें यही बताया गया कि डॉक्टर साहब श्रीराम चिकित्सालय में हैं। बस आ रहे हैं। मवई से 11 बजे आए सुरेंद्र कुमार ने बताया क मैं कई बार से यहां आ रहा हूं। अभी तक प्रमाण पत्र का कार्य नहीं हुआ है। बरिया कुचेरा से आईं प्रभावती समेत दर्जनों दिव्यांग काफी देर तक परेशान दिखे।



बोर्ड परिसर में चिकित्सक के इंतजार में बैठे दिव्यांग। अमृत विचार

- जिला अस्पताल स्थित दिव्यांग बोर्ड में चिकित्सक के इंतजार घंटों बैठे रहे दिव्यांग

### मैं तो बोर्ड में बैठकर काम निपटा रहा हूं

बोर्ड में सोमवार को श्रीराम चिकित्सालय के हड्डी रोग विशेषज्ञ आरके राय की ड्यूटी लगाई गई थी। इस संबंध में जब बोर्ड में मौजूद कर्मी से उनके बारे में पूछा गया तो बताया कि डॉक्टर साहब बस आने ही वाले हैं। दोपहर करीब पौने तीन बजे के करीब अमृत विचार ने डॉक्टर आरके राय से फोन पर बातचीत की। उन्होंने कहा कि मैं तो बोर्ड में बैठा हूं। अब तक 80 लोगों को देख चुका हूं। जब उनसे बोर्ड में आने का निर्धारित समय पूछा गया तो वह सकपका गए और फोन काट दिया। इसके बाद से उन्हें कई बार फोन किया, लेकिन रिसीव नहीं हुआ।

> 11 बजे तक हर हाल में चिकित्सक को बोर्ड में पहुंच जाना चाहिए था। आप बता रहे हैं कि देर से पहुंचे तो यह गलत है। अगर कोई भी दिव्यांग शिकायत करता है तो कार्रवाई की जाएगी। -डॉ. डीके शर्मा, नोडल अधिकारी

# अब केवल राम पथ पर होगा ईवी बसों का संचालन

**अयोध्या, अमृत विचार:** अब ईवी बसों का संचालन केवल राम पथ पर होगा। अन्य पांच पथों पर बसों का संचालन बंद कर दिया गया। अयोध्या बस स्टेशन पर कैंटीन शुरू कर दी गई। ईवी बसों के ड्राइवर काम पर लौट आए हैं। ड्राइवरों को नाश्ता भोजन न मिलने पर दो दिनों तक अयोध्या में ईवी बसों का संचालन ठप रहा। रोजमर्रा के यात्रियों को दिक्कत पेश आई। अयोध्या बस स्टेशन पर सोमवार को नगर निगम की ओर से कैंटीन शुरू की गई। इसके बाद 40 में से 38 बसों के चालक व परिचालक वापस लौटे। उन्होंने बसों का संचालन शुरू कर दिया। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान जिले के पांच मार्गों पर बसों का संचालन शुरू किया गया था। लेकिन अब केवल शहर में इनका संचालन होगा। क्षेत्रीय प्रबंधक वमल राजन ने बताया कि बसों का संचालन अब केवल राम पथ पर किया जाएगा। 20 बसें अयोध्या से सहादतगंज और 20 बसे सहादतगंज से अयोध्या के बीच चलाई जाएंगी।

# फिल्म अभिनेत्री उर्वशी सोलंकी पहुंचीं अयोध्या

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** फिल्म अभिनेत्री उर्वशी सोलंकी सोमवार को अयोध्या पहुंचीं। वह देशभक्ति एल्बम की शूटिंग करने आई है। साथ ही भगवान राम से जुड़े गीत की भी शूटिंग करेंगी। कहा कि अयोध्या अद्भुत है। चारों ओर विकास हो रहा है। मन में आया कि याददाश्त में बने रहने के लिए अयोध्या पहुंचना चाहिए। अब अयोध्या आ गई हूं।

देश पहले सोने की चिड़िया थी, अब बन गई शेर की चिड़िया गीत की शूटिंग करेंगी। गीत की शूटिंग वह सेना की वर्दी पहन करेंगी। यह एल्बम की गीत होगा। उर्वशी ने सरकार की जमकर तारीफ की। कहा कि जब से रामजी अयोध्या वापस आए हैं। लोग दर्शन करने के लिए अयोध्या की ओर टूट पड़े हैं। ऐसे अवसर पर जब भगवान राम, राजा राम अयोध्या आ गए हैं। क्यों न हम भी एक देशभक्ति गीत रामनगरी में सूट करें। यह हमारे लिए यादगार होगा। कहा कि सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। अयोध्या का चारों तरफ विकास हो रहा है।



पत्रकारों से बात करतीं फिल्म अभिनेत्री उर्वशी सोलंकी।

# ट्रेन में मुफ्त यात्रा के लिए बना फर्जी पुलिसवाला

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वर्दी का धौंस दिखा रेलवे में बिना टिकट यात्रा करने की फितरत में एक युवक फर्जी पुलिसवाला बन गया। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर रेलवे पुलिस ने सोमवार को उसे बावर्दी पकड़ लिया। मौके से पुलिस ने वर्दी, बिल्ला,नेम प्लेट,टोपी,बेल्ट आदि बरामद किया है।

निगरानी और जांच तलाशी में जुटी राजकीय रेलवे पुलिस को प्लेटफार्म नंबर एक के पूर्वी छोर स्थित खंभे के पास बावर्दी एक पुलिसकर्मी दिखा। उसकी हरकतों पर रेलवे पुलिस को शक हुआ तो उससे पूछताछ की। उसने अपना नाम पता रोहित पांडेय (24) निवासी भारीडीहा बेनीपुर थाना इब्राहिमपुर जनपद अंबेडकरनगर बताया और पुलिस महकमें में तैनात होने की बात कही। रेलवे पुलिस ने तैनाती स्थल,भर्ती के वर्ष व पीएनओ नंबर के बारे में जानकारी मांगी तो वह सकपका गया और आनाकानी करने लगा। कड़ाई से पूछताछ में उसने बताया कि उसे इधर-उधर घूमने और धौंस जमाने का शौक है। पुलिस की वर्दी देख ट्रेन में टीटीई टिकट नहीं मांगते हैं और आम यात्रियों पर रौब बना रहता है। जिसको लेकर उसने पुलिस की वर्दी और बिल्ला आदि खरीदा तथा वर्दी पहन घूमने और रौब झाड़ने लगा।



पकड़ा गया आरोपी।

- बोला-वर्दी पहनने के बाद टीटीई मुझसे नहीं मांगते थे टिकट

### आरोपी पर दिल्ली में दर्ज है दुष्कर्म का केस

राजकीय रेलवे अयोध्या कैंट के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार राय ने बताया कि पुलिस ने युवक के पास से एक जोड़ी खाकी पुलिस की वर्दी, एक जोड़ी उप्रपु लिखा हुआ पीला बिल्ला, पुलिस का मोनोग्राम लगा बैरट कैप, पुलिस मोनोग्राम लगी बेल्ट, सीटी की एक डोरी, पुलिस का एक मोनोग्राम, युवक के नाम का अंग्रेजी में लिखी नेम प्लेट, काला जूता और मोजा आदि बरामद हुआ है। युवक ने पुलिस की वर्दी में कई बार विभिन्न ट्रेनों में यात्रा की बात स्वीकारी है। इसके खिलाफ गत वर्ष दिल्ली नॉर्थ के उत्तम नगर थाने में दुष्कर्म और पाक्सो अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई थी। उन्होंने बताया कि रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर चालान किया गया है।

**चुनावी रण** | सभी राजनीतिक दलों की निगाह युवाओं पर

# चुनावी हवा का रूख बदल सकता है यंगिस्तान

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

**अमृत विचार :** यंगिस्तान, लोकसभा की चुनावी हवा का रूख बदल सकते हैं। जिले में 19 से 40 साल के युवा मतदाताओं की संख्या सबसे ज्यादा है। कुल मतदाताओं का लगभग 47 फीसदी युवा है। चुनाव में सभी राजनीतिक दलों का निगाह युवाओं पर है। वह उन्हें अपने पाले में करने के लिए जुट गए हैं। लुभाने के हर प्रयास किए जा रहे हैं।

लोकसभा चुनाव की मुनादी हो गई। सभी दलों की निगाह युवाओं पर ज्यादा है। लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की बैठकों में भी पार्टी के नेता युवाओं को बैठकों में लाने और उन्हें प्रचार में लगाने का निर्देश देते आसानी से सुने जा सकते हैं। अनुभव को छोड़ दिया जाए तो युवा किसी भी कार्य में लगे तो उसकी तस्वीर बदल सकती है। नेताओं का फोकस इसलिए भी युवाओं पर है।

जिले में मतदाताओं की कुल संख्या 19 लाख 834 हैं। इनमें 19 से 30 साल के युवाओं की संख्या लगभग 3.81 लाख है। 19 से 40 साल तक के मतदाताओं की संख्या नौ लाख 15 हजार है। इतनी बड़ी संख्या रखने वाले मतदाता जिस भी ओर घूमे तो हवा उसी की ओर बह सकती है। राजनीतिक दलों के लोग भी इसे स्वीकार करते हैं। हालांकि चुनाव के वक्त वह इस पर सीधी टिप्पणी से बचते हैं। प्रभारी सहायक जिला निवार्चन अधिकारी केके श्रीवास्तव भी मतदाता सूची में बड़ी संख्या में युवाओं के होने की बात कहते हैं।



**19** लाख में 9.15 लाख मतदाता युवा हैं जिले में

### दलों के प्रचार में युवाओं की संख्या ज्यादा

लोकसभा चुनाव के प्रचार में बड़े बुजुर्गों के साथ युवाओं की तादात ज्यादा दिख रही है। राजनीतिक दल के युवा संगठनों को खास तरजीह दी जा रही है। दौड़ भाग में उन्हें लगाया जा रहा है। इसी तरह महिला विंग में महिला नेताओं के साथ युवाओं को उतारने की रणनीति बनाए जाने की खबर है।

### जिले में मतदाता

| आयु वर्ग | मतदाता |
|---|---|
| 19-20 | 23449 |
| 20-29 | 357748 |
| 30-39 | 533843 |
| कुल योग | 915030 |



गुमनामी बाबा के बारे में जानकारी देते सुभाष चंद्र बोस विचार मंच के अध्यक्ष शक्ति सिंह।

### गुमनामी बाबा की समाधिस्थल पहुंचे यूएस व बंगलुरु के लोग

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** गुमनामी बाबा कैसे रहते थे? उनकी दिनचर्या कैसी थी? कौन लोग उनसे मिलने आते थे? ये सवाल हैं उन देश-विदेश से आने वाले जिज्ञासुओं के, जो अयोध्या में राम लला का दर्शन करने आते हैं लेकिन गुमनामी बाबा के बारे में उपजी जिज्ञासा उन्हें उनके समाधि स्थल से रहिवाश तक खींच लाती है। जहां सोमवार को बंगलुरु से वनय सिंह, वीर सिंह, यूनाइटेड स्टेट से अनुश्री गर्ग, कुमार सौरभ, नव्या सिंह नोयडा से सिद्धार्थ आहूजा, पूजा आहूजा, सतविक आहूजा, सारंगा आहूजा, कल्पना गर्ग, पुष्पा जायसवाल, चंद्र मोहिनी सहित अन्य लोग पहुंचे थे। राम भवन के मालिक और सुभाष चंद्र बोस विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति सिंह ने बताया कि उन लोगों ने समाधि स्थल पर नमन किया। राम भवन पहुंचे तो एक-एक कर सवालों की झड़ी लगा दी। बताया कि गुमनामी बाबा जिन्हें नेता जी सुभाष चंद्र बोस भी कहा जाता है वह पर्दे के पीछे रहते थे। गुप्तचर विभाग के पीएम राय, आशुतोष काली, सुनील दास, सुशील धर जैसे लोग आते थे। आए हुए लोगों ने उनके बारे में जानकारी ली।

## सार-संक्षेप




उद्घाटन के अवसर पर मौजूद भाजपा के प्रत्याशी।

### भाजपा चुनाव कार्यालय का किया उद्घाटन

**तारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** 55 अंबेडकरनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे ने सोमवार को तारुन बाजार में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को सरकार करने के लिए भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। संचालन सहसंयोजक राममोहन भारती ने किया। पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी खब्बू, जिला अध्यक्ष अयोध्या संजीव सिंह, अवधेश पांडे बादल, अवधेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

### आचार संहिता की भेंट चढ़ी पीएम सूर्य घर योजना

**सोहावल, अयोध्या : अमृत विचार।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम सूर्य घर योजना आचार संहिता की भेंट चढ़ गई। इसका ऑनलाइन पंजीकरण अब चुनाव भर नहीं हो पाएगा। योजना को निलंबित करने का संदेश डाक विभाग को भेज दिया गया है। जहां से पोर्टल के जरिए लाभ लेने के इच्छुक लोगों का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा था। सोमवार को डाक विभाग के संदेश ग्रुपों तक पहुंचे। इस संदेश के बाद डाकघर से जुड़े पोस्टमैन और पोर्टल रजिस्ट्रेशन कर्मियों ने लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन करना बंद कर दिया है। इस काम में लगे जन सुविधा केंद्र के संचालकों ने भी रजिस्ट्रेशन से हाथ खड़ा कर लिया। दिन भर लोग भटकते नजर आए। सोहावल के सीनियर पोस्ट मास्टर राजेश तिवारी ने बताया डाक विभाग के ग्रुप में आए संदेश के मुताबिक पंजीकरण प्रक्रिया को सस्पेंड कर दिया गया है। पोर्टल अब काम नहीं करेंगे। चुनाव बाद शायद फिर शुरू हो जाए।

### 4311.88 लाख से बनाई जाएगी 16 किमी. सड़क

**बीकापुर अयोध्या। अमृत विचार :** हैदरगंज क्षेत्र को बीकापुर मुख्यालय से जोड़ने वाले करीब 16 किलोमीटर लंबी सड़क की बदहाली अब दूर होने वाली है। शासन से 4311.88 लाख की लागत से चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण की स्वीकृति मिल चुकी है। वित्तीय वर्ष 2023- 24 के अंतर्गत सड़क का कायाकल्प किया जाएगा। विधान परिषद सदस्य हरिओम पांडेय की मांग पर लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद के प्रयास से सड़क निर्माण की स्वीकृति मिली है। उपसचिव उत्तर प्रदेश शासन राजेश प्रताप सिंह ने स्वीकृति का पत्र लोक निर्माण विभाग को पत्र भेजा है।

### राजस्व विभाग की व्यस्तता से टला अतिक्रमण विरोधी अभियान

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** लोक निर्माण विभाग अतिक्रमण विरोधी अभियान सोमवार को शुरू नहीं कर पाया। इसके पीछे राजस्व विभाग की व्यस्तता और उपजिला अधिकारी की गैर मौजूदगी बताई जा रही है। शेखपुर जाफर, नवी गंज, ड्योढी आदि में सड़क के किनारे अवैध कब्जा और निर्माण करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू किया जाना था। 9 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण में बाधक बने भवनों और घरों को अतिक्रमण बता सप्ताह भर पहले विभाग ने चिह्नित तिक्रमण स्वयं हटा लेने की घोषणा कराई। इसकी चपेट में दर्जनों आवासीय दुकान, मकान आ रहे हैं। सोमवार को पड़ाव पर कुछ दुकानदार जुर्माने से बचने के लिए अपना अतिक्रमण हटाते दिखे तो कुछ नेताओं की शरण में बचाव के लिए गुहार लगाते रहे। कुछ ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की तैयारी शुरू कर दी है। लोनिवि के अवर अभियंता डीके गुप्ता ने बताया राजस्व विभाग की व्यस्तता और उपजिला अधिकारी के न होने से अभियान नहीं शुरू हो पाया। जल्द ही अतिक्रमण हटेगा और सड़क बनेगी।

### फुलब्राइट नेहरू अकादमिक क्षेत्र में फेलोशिप देते है :गायत्री

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर सोमवार को संत कबीर सभागार में यूनाइटेड स्टेट-इंडियन एजुकेशनल फाउंडेशन, नई दिल्ली की ओर से फुलब्राइट-नेहरू एंड फुलब्राइट विषय पर कार्यशाला हुई। कार्यशाला में प्रोग्राम मैनेजर गायत्री सिंघल ने बताया कि फुलब्राइट-नेहरू अकादमिक और व्यावसायिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में फेलोशिप प्रदान करता है। यह अग्रणी संस्था है और भारतीय संकायों, शोधकर्ताओं और पेशेवरों को अमेरिकी संस्थान में पढ़ाने, अनुसंधान करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। इस फेलाशिप को प्राप्त करने में उत्तर प्रदेश रैकिंग में तीसरा स्थान है। बताया कि यह संस्थान 160 देशों में संचालित है। वर्तमान में चार लाख अनुसंधानकर्ता है। जिनमें आठ हजार अनुदान वार्षिक दिया जाता है। 21 हजार फेलोशिप यूएसआईईएफ द्वारा दिया जाता है। यूएसआईईएफ की इंडियन प्रोग्राम को-आर्डिनेटर प्रतिभा नायर ने बताया कि शोधकर्ताओं के पास पीएचडी होना अनिवार्य है। स्वागत अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक द्वारा किया गया। प्रो. हिमांशु शेखर सिंह, प्रो. आशुतोष सिन्हा, प्रो. फरूख जमाल, प्रो. शैलेन्द्र कुमार, डॉ. नीलम यादव, डॉ. शिवी श्रीवास्तव, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. मणिकांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### हमले की रिपोर्ट दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर कोतवाली पुलिस ने शिकायत पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने के मामले में गाली–गलौच, धमकी और घायल करने की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित संजय कुमार दूबे निवासी कौशलपुरी कालोनी फेस–2 थाना कैण्ट का कहना है कि वह प्रापर्टी डीलर रवीन्द्र प्रताप सिंह के यहाँ नौकरी करता है। 6 मार्च को वह अपने प्लाट ग्राम डढ़वा पर था। जमीन देखने आये ग्राहकों के जाने के बाद शाम 7 बजे ग्राम नन्दापुर निवासी लल्लू उर्फ गोली, बृजलाल समेत चार लोग लाठी डंडा व लोहे की राड से लैस होकर पहुंचे और उनपर हमला बोल दिया। एक्सरे रिपोर्ट में पैर में फ्रेक्चर मिला है।

### चेक पर हुआ साइन, वेतन की जगी आस

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम में आउटसोर्स के 1500 सफाई कर्मियों में अब वेतन की आस जग गई है। फरवरी माह से नहीं आए वेतन को लेकर मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ की एक आम सभा होनी थी, जिसमें बकाए वेतन को लेकर आंदोलन की रणनीति बननी थी। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विनय वाघमार ने बताया कि सोमवार को नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने चेक पर साइन कर दिया है।

# देशी खेलों को मिल रहा बढ़ावा : महापौर

## बोले- मोदी सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मिला अवसर

**▸▸ प्रदेशीय 85 वीं सीनियर महिला-पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का समारोहपूर्वक शुरू**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मोदी सरकार में ओलम्पिक खेलों के साथ ही देशी खेलों को भी बढ़ावा मिल रहा है। जिससे देश के ग्रामीण क्षेत्रों के खिलाड़ियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिला है। इससे विभिन्न देशी खेलों में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों ने पदक हासिल कर गौरवान्वित किया है।

ये बातें महापौर महंत गिरीश चन्द्र त्रिपाठी ने कहीं। वो सोमवार को बतौर मुख्य अतिथि डॉ. भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम में 85 वीं प्रदेशीय सीनियर महिला-पुरुष खो-खो प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित कर रहे थे।

महापौर ने कहा कि अयोध्या में बड़े खेल आयोजन यहां खेल जगत में नया आयाम पैदा करेंगे, जो खेल व खिलाड़ियों के हित में है। इसके बाद मुख्य अतिथि महापौर महंत गिरीश चन्द्र त्रिपाठी व आयोजन अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने अयोध्या और फर्रुखाबाद बालक टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इसके पूर्व उप्र खो-खो संघ के चेयरमैन धर्मेन्द्र सिंह, आयोजन सचिव अभिषेक सिंह, चंद्रशेखर सिंह, विजेन्द्र सिंह, योगेश्वर सिंह, सुनील अवस्थी व राजेश प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथि व अध्यक्ष को बैज लगाकर स्वागत किया। समारोह का संचालन धर्मेन्द्र सिंह ने किया।

इस अवसर पर सचिव उप्र खो-खो संघ चन्द्रभानु सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष कनक चक्रधर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विनोद सिंह, प्रधानाचार्य परिषद के पूर्व महामंत्री रामप्रिय शरण सिंह, अभिमन्यु सिंह, जयंत पाठक, दुर्गा प्रसाद श्रीवास्तव, उत्तम कुमार, अनुज, राजीव रंजन, अतुल, श्रद्धा, अंजू सहित खेल प्रेमी गणमान्य मौजूद रहे।



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मेयर गिरीशपति त्रिपाठी। अमृत विचार



खिलाड़ी प्रतिद्वंद्वी को छूना का प्रयास करते हुए। अमृत विचार

### अयोध्या, आगरा, औरैया और फर्रुखाबाद महिला वर्ग के अगले चक्र में

**अयोध्या, अमृत विचार :** उप्र खो–खो एसोसिएशन व जिला खो–खो संघ के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम में सोमवार शुरू हुई 85 वीं प्रदेशीय सीनियर महिला–पुरुष खो–खो प्रतियोगिता के पहले दिन महिला वर्ग में अयोध्या, आगरा, औरैया व फर्रुखाबाद टीमों ने प्री–क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। महिला वर्ग के लीग मुकाबलों में बहराइच ने गौतमबुद्धनगर को 13–0 से, सहारनपुर ने सोनभद्र को 17–1 से, गाजीपुर ने लखनऊ को 7–1 से, कुशीनगर ने मुरादाबाद को 12–9 से, फिरोजाबाद ने प्रतापगढ़ को 2–1 से पराजित किया। पुरुष वर्ग के लीग मुकाबलों फतेहपुर ने शाहजहांपुर को 20–3 से, अयोध्या ने प्रतापगढ़ को 14–0 से, आगरा ने कानपुर को 15–7 से, फर्रुखाबाद ने हरदोई को 12–5 से, सोनभद्र ने सहारनपुर को 21–16 से, अयोध्या ने बागपत को 14–2 से, गाजीपुर ने अमरोहा को 12–7 से, फर्रुखाबाद ने बदायूं को 21–6 से, बागपत ने प्रतापगढ़ को 11–14 से, औरैया ने सहारनपुर को 9–8 से, लखनऊ ने कानपुर को 13–12 से तथा जौनपुर ने मुरादाबाद को 16–4 से हराया।



खाटू दरबार में आयोजित भजन संध्या में मौजूद श्याम प्रेमी।

# खाटू धाम में सजा दरबार, भजनों पर झूम रहे श्रद्धालु

भेलसर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** स्थानीय खाटू दरबार में बाबा का दरबार भजन कीर्तन से सजा हुआ है। रोजाना विविध कार्यक्रमों से खाटू वाले बाबा का दरबार श्याम प्रेमियों से पट जाता है।

बाबा श्याम के प्रेमियों ने फागुन माह में रुदौली में ही खाटू धाम जैसा भक्ति मय माहौल बना रखा है। लगभग हर दूसरे तीसरे दिन किसी न किसी के घर पर बाबा की ज्योति जलाकर भजन कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। भरत कसौधन के निवास स्थान पर श्री श्याम ताली कीर्तन मण्डल द्वारा बाबा की ज्योति जलाकर बाबा का गुणगान किया गया। गणेश वंदना से प्रारंभ हुए कीर्तन मे श्री श्याम ताली कीर्तन मण्डल के भक्तों द्वारा श्याम जी के एक से बढ़कर एक भजन सुनाये गए। कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आनो है, मुझे अगला जन्म खाटू में देना, अखंड ज्योति है अपार माया श्याम देव की बरबर छाया जैसे भजन गूंजे। भक्तों ने जम कर फूलों की होली खेली।

### 21 को सतरंगी महोत्सव

श्री श्याम ताली कीर्तन मण्डल के पंकज आर्य ने बताया की 21 मार्च को फागुन शुक्ल पक्ष द्वादशी के उपलक्ष में श्री श्याम सतरंगी महोत्सव का आयोजन किया गया है। आयोजन में फूल, गुलाल एवं इत्र की होली व श्याम प्रभु का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कानपुर से कुमार मुकेश अपने भजनों द्वारा बाबा को रिझायेंगे।

# हादसों में दो लोगों की गई जान, दो घायल

अयोध्या, कार्यालय

**▸▸ पूराकलंदर क्षेत्र में बाइक डंपर से व इनायतनगर में स्कूटी से भिड़ी**

**अमृत विचार:** रायबरेली-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार को हुए दो अलग-अलग हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। दो घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सुल्तानपुर से जिले के शैलेंद्र कोरी की कैंट थाना क्षेत्र स्थित मऊ शिवाला के पुरवा दीपापुर में बारात आई थी। सोमवार सुबह दूल्हे के चचेरे भाई अजय कुमार व अन्य एक बाइक से अपने गाँव जा रहे थे। रायबरेली हाईवे पर पूराकलंदर थाना क्षेत्र के विठलापुर मोड़ के पास बाइक की एक डंपर से टक्कर हो गई। बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। पीआरवी दस्ते की ओर से तीनों को सीएचसी मिल्कीपुर पहुंचाया। डॉक्टर ने अजय कुमार (20) पुत्र राधेश्याम को मृत घोषित कर दिया। मृतक के सगे भाई विजय कुमार (18) और विपिन (18) पुत्र राजित राम को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक और घायल पूरे सबल का पुरवा थाना बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर निवासी हैं।

थाना प्रभारी पूराकलंदर रतन शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर शिकायत दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई कराई जाएगी। मिल्कीपुर प्रतिनिधि के मुताबिक इनायत नगर थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बारुन बाजार के देवरिया पूरे भीम निवासी गंगा प्रसाद(50) पुत्र शीतला प्रसाद सोमवार सुबह स्कूटी से बीकापुर जा रहे थे। रायबरेली हाईवे पर बारुन बाजार तिराहे के पास सामने से आ रही बाइक से उनकी स्कूटी में टक्कर हो गई। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने गंगा प्रसाद को मृत घोषित कर दिया।

# गांव रवाना हुआ यातायात दीवान का शव

## दी गई अंतिम सलामी, 8वीं मंजिल से गिरने से हुई थी मौत, फिरोजाबाद से ड्यूटी पर आया था

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रिजर्व पुलिस लाइंस स्थित बहुमंजिला आवासीय भवन में मृत मिले यातायात पुलिस के मुख्य आरक्षी देवेंद्र पाल सिंह का शव सोमवार को वीडियोग्राफी के बीच डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम करवा अंतिम सलामी दिए जाने के बाद उसके गाँव रवाना किया गया है। मृतक मूल रूप से अलीगढ़ जनपद का निवासी था और वह फिरोजाबाद से विशेष ड्यूटी पर यहां आया था।



देवेंद्र पाल सिंह (फ़ाइल फोटो)

मूल रूप से अलीगढ़ जनपद के थाना खैर क्षेत्र स्थित तकीपुर निवासी देवेंद्र पाल सिंह (37) पुत्र नरेंद्र कुमार सिंह वर्ष 2006 में पुलिस विभाग में भर्ती हुआ था। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर वह विशेष ड्यूटी में अयोध्या आया था और पुलिस लाइंस स्थित जी प्लस आवासीय भवन की आठवीं मंजिल स्थित कमरे में रहता था। रविवार को परिवार वालों ने देवेंद्र पाल को फोन किया, लेकिन कई बार काल करने के बावजूद फोन नहीं उठा तो परिवार ने मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों की दी। इसके बाद पुलिस ने मुख्य आरक्षी की तलाश शुरू की। रविवार रात वह आवासीय भवन में घायल और मृत हाल में मिला था। पुलिस लाइंस के उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने उसे रात जिला अस्पताल पहुंचाया। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया था। मामले की जानकारी के बाद सोमवार को मृतक के बड़े भाई लोकेश कुमार, साला देवेश कुमार और मामा सत्यपाल सिंह यहां पहुंचे और वीडियोग्राफी के बीच तीन डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया गया और पुलिस लाइंस में अधिकारियों की ओर से अंतिम सलामी दिए जाने के बाद पैतृक गाँव रवाना किया गया है। मृतक के चार संतान दो बेटे और दो बेटी हैं। भाई लोकेश कुमार ने बताया कि वह घर से वापस यहां आया था और यह घटना हो गई। परिवार का एक मजबूत सहारा छिन गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में देवेंद्र का दोनों पैर फ्रैक्चर और हाथ घायल मिला है।

सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आठवीं मंजिल से गिरने के चलते मुख्य आरक्षी की मौत हो गई। अधिकारियों की ओर से शहीद जवान को अंतिम सलामी दी गई है।



मुख्य आरक्षी के शव को अंतिम सलामी देते पुलिस अधिकारी।

### कहीं बाथरूम के चक्कर में तो खुले गलियारे में नहीं गिरा!

आधुनिक शैली में निर्मित इस आवासीय भवन में सीवर और अग्निशमन की पाइप लाइन के लिए ऊपरी मंजिल से भूतल तक लिफ्ट के गलियारे जैसा खुला स्थान छोड़ा गया है। आशंका जताई जा रही है कि रात या भोर में मुख्य आरक्षी बाथरूम जाने के लिए उठा और नींद के प्रभाव में उसने बाथरूम के दरवाजे के बजाय इस गलियारे का गेट खोल दिया और जैसे ही कदम बढ़ाया तो वह तेजी ने आठ मंजिल से भूतल पर पहुँच गया।

## सार-संक्षेप



नौका विहार करने पहुंचे राज्यपाल। अमृत विचार

### असम के राज्यपाल ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** असम के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया सोमवार को परिवार समेत राम लला का दर्शन पूजन किया। इसके बाद सरयू में नौका विहार भी किया। सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मैं रामलला का दर्शन पाकर सौभाग्यशाली हूँ। उन्होंने कहा कि मैं 1992 के कारसेवा में भी शामिल रहा। रामलला की मूर्ति की तारीफ भी की। कहा राजनीति में भ्रष्टाचार हर लेवल पर समाप्त होना चाहिए। हम जनता के सेवक हैं। मथुरा– काशी मामले पर बोलते हुए कहा कि कोर्ट के निर्णय को सब लोग मानेंगे।

### बूथ प्रबंधन से चुनाव में मिलती है विजय : लल्लू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** बूथ प्रबंधन व कार्यकताओं के आपसी समन्वय स्थापित करने को लेकर भाजपा द्वारा मंडल वार बैठक की जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को बीकापुर, हैरिंग्टनगंज और देवकाली भाजपा मंडल की बैठकें अलग–अलग स्थानों पर की गई। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि बूथ प्रबंधन से ही चुनाव में विजय प्राप्त होती है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि इस लोकसभा क्षेत्र में सर्विधक मत पार्टी को मिले। दोनों पूरा बाजार मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री ने कहा मेरा बूथ–मेरी लोक सभा के मंत्र को ध्यान में रखा जाए। बैठक में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, ओम प्रकाश सिंह, गन्ना चेयरमैन दीपेंद्र सिंह, दिनेश मिश्र, देवकाली मंडल की बैठक में अरुण तिवारी, शशि प्रताप सिंह, मनमोहन जायसवाल, आलोक द्विवेदी, हैरिंग्टनगंज मंडल की बैठक में जर्नादन मौर्या, गोकरन द्विवेदी, राघवेंद्र पांडेय, अशोक मिश्रा, बीकापुर मंडल की बैठक में शोभनाथ वर्मा, इं. रणवीर सिंह, अनिल उपाध्याय, राजन पांडेय आदि लोग थे।

### 200 महिला कर्मियों को मिला प्रशिक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** सीएमओ डॉ. संजय जैन के नेतृत्व में सोमवार को जिला महिला अस्पताल में शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत नवजात शिशु सुरक्षा कार्यक्रम का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें आठ बैच में 200 एएनएम व स्टाफ नर्सों को प्रशिक्षित किया गया। जिला महिला चिकित्सालय की सीएमएस डॉ. बिभा कुमारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किया गया। प्रशिक्षण में जन्म के पश्चात गर्भस्थ शिशु की जन्मोपरांत देखभाल, शिशु में खतरे के लक्षण, नवजात शिशु को पुनर्जीवित करने कि तकनीक, स्तनपान, कंगारू मदर केयर इत्यादि पहलुओं पर प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया। डॉ. बी पी सिंह, डॉ. पवन कुमार मौर्य व डॉ. शबीना खान ट्रेनिंग के मुख्य प्रशिक्षक रहे।

### रामेंद्र बने युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**अयोध्या।** युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव रहे युवा नेता रामेंद्र त्रिपाठी को युवक कांग्रेस का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। पार्टी के जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया इसके पूर्व वह महानगर कांग्रेस के महासचिव पद पर रह चुके हैं। मनोनीत होने पर महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, पूर्व आईसीसी व पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा, शीतला पाठक, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुरेंद्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र मणि पांडे, प्रवीण श्रीवास्तव, राम अवध पासी, विजय पांडे, भीम शुक्ला बसंत मिश्रा, कवींद्र साहनी, उमेश उपाध्याय आदि ने खुशी जताई हैं।

### चुनाव लिखेगा नया इतिहास : अवधेश

**अयोध्या, अमृत विचार :** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी और सपा सरकार के पूर्व मंत्री सोमवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में मीडिया से मुखातिब हुए तथा सत्ताधारी दल भाजपा को कटघरे में खड़ा किया। कहा कि इस बार का लोकसभा चुनाव नया इतिहास लिखेगा। लोकसभा प्रत्याशी व पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद ने कहा कि यह चुनाव बाबा साहब के संविधान को, लोकतंत्र को बचाने, महंगाई, बेरोजगारी दूर करने का है, जिस पर देश ही नहीं अन्य देशों की भी निगाह है। उन्होंने ग्राम पंचायत भिटारी समेत चमैला के प्रधान अशोक चौरसिया, उरुवावैश्य के प्रधान केशवराज, सागरपट्टी के प्रधान अशोक कुमार, मित्रसेनपुर के प्रधान लक्ष्मण यादव को सामने किया और इनके कभी दल बदल न करने का दावा किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव, भदरसा चेयरमैन मो. राशिद, राहुल सिंह आदि मौजूद रहे।

### अब तक जांची गईं 79795 कॉपियां

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सोमवार को भी जारी रहा। तीन दिनों में अब तक कुल 79795 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। वहीं अभी 330136 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शेष है। नियुक्त 1930 परीक्षकों में से 1021 सोमवार को भी अनुपस्थित रहे। केवल 909 परीक्षकों ने सहभागिता की। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय की ओर से सोमवार को जारी सूचना के अनुसार अब तक हाईस्कूल की 45224 और इंटर की 34511 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश कुमार आर्या ने बताया मूल्यांकन से अनुपस्थित परीक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### निगम प्रशासन ने शुरू की सीवर लाइन की तलाश

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** चूल्हा–चौका छोड़ महिलाओं की ओर से रामपथ जाम कर प्रदर्शन के मामले में नगर निगम प्रशासन सक्रिय हुआ है। अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने सोमवार को अवधपुरी फेस तीन कॉलोनी पहुंच सीवर लाइन की तलाश में जुटी रही। खुद महापौर गिरीशपति त्रिपाठी भी पहुंचे और प्रभावित परिवारों से संवाद किया। रामपथ के निर्माण के बाद छह माह से जलभराव और कीचड़ व गंदगी का दंश झेल रहे महात्मा गाँधी वार्ड स्थित आवास विकास परिषद के निवासियों का आक्रोश सुनवाई न होने पर रविवार को भड़क गया था। आक्रोशित महिलाएं चूल्हा–चौका छोड़ सड़क पर उतर आई थीं और आईटीआई के सामने बांस–बल्ली तथा यातायात पुलिस का मोबाइल बैरियर लगा रामपथ जाम कर सड़क पर बैठ प्रदर्शन किया था। कॉलोनीवासी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि समस्याओं के जल्द निवारण का आश्वासन मिला है।

# 580 ग्राम की बोरी से घाटा होने पर कोटेदारों ने राशन वितरण रोका

**▸▸ आपूर्ति निरीक्षक कार्यालय का किया घेराव, बैठक रही बेनतीजा**

सोहावल, अयोध्या

**अमृत विचार :** विकास खंड के कोटेदारों ने हुंकार भरते हुए इस माह राशन वितरण करने से हाथ खड़ा कर लिया है। गांव के सस्ते गल्ले की दुकान से राशन कार्ड धारकों को हर माह 15 से 28 तारीख के बीच राशन वितरण करने का निर्देश है, लेकिन किसी भी दुकान से वितरण अब तक शुरू नहीं हो पाया है। कोटेदारों का कहना है कि हमें राशन की 580 ग्राम प्रति बोरी राशन मिलता है।

सोमवार को विकास खंड के 82 राशन की दुकानों से जुड़े कोटेदारों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए आपूर्ति कार्यालय का घेराव किया। थोक राशन सप्लायर लालजी जायसवाल, आपूर्ति निरीक्षक शशांक सिंह के साथ कोटेदार संघ अध्यक्ष हाजी सलीम खान की मौजूदगी में घंटों बैठक चली, लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। कोटेदार अपनी मांग पर अड़े रहे। कहा जब तक राशन दुकान पर पूरा नहीं पहुंचता वितरण शुरू नहीं होगा। थोक सप्लायर का कहना था जिले के गोदाम से हमें बोरी का वजन राशन अलग से नही मिलता। बैठक से निराश कोटेदारों ने अपना ज्ञापन उप जिलाधिकारी को भी सौंपा है। सोहावल आपूर्ति निरीक्षक शशांक सिंह ने बताया कि थोक सप्लायर को पूरा राशन आपूर्ति करने का निर्देश दिया गया है। जल्द ही वितरण शुरू हो जाएगा।



कोटेदारों ने प्रदर्शन कर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अमृत विचार

> कोटेदारों का शोषण नहीं होने देंगे। थोक सप्लायर को राशन कम मिलता है तो लिखकर दें। कोटेदार पूरा राशन प्राप्त करें और पूरा राशन हर कार्ड धारक को दें।
>
> **–ब्रजेश मिश्रा, जिला पूर्ति अधिकारी, अयोध्या**

### पिता और दो पुत्र दुष्कर्म के आरोप से दोष मुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** पिता व उसके दो लड़कों को कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोप से मुक्त कर दिया। यह फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट यशपाल की अदालत से सोमवार को हुआ। अधिवक्ता राम शंकर तिवारी व अरविंद मिश्रा ने बताया कि कोतवाली नगर क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा था कि मोहम्मद सरफराज ने दो साल पहले उसको अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। निकाह का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। दो बार गर्भवती हुई तो गर्भपात करवा दिया। निकाह को दबाव डाला तो 5 अक्टूबर 2016 को सरफराज ने एक नोटरी वैवाहिक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करवाया और कहा कि अब तुम मेरी बीवी बन गई हो। 10 अगस्त 2016 को रात 11 बजे सरफराज शराब पीकर किशोरी के पास आया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। कहा कि तीन दिन बाद नैनीताल चलना है। वहां मेरे मालिक बज्मी सिद्दीकी के साथ रहकर सेवा करना है। जब किशोरी ने इससे इनकार किया तो उसे मार पीट सोने चेन और मोबाइल छीन लिया और घर से निकाल दिया। 21 अक्टूबर 2016 को सरफराज, बज्मी सिद्दीकी, रहमान व सुलेमान ने घर में घुसकर मारा पीटा।

# डीएम और एसएसपी ने बच्चों से पढ़वाई किताब

अयोध्या

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने सोमवार को एसएसपी राजकरन नैय्यर के साथ रूदौली क्षेत्र कई मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। मानकों के अनुरूप आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों के कक्षों में संचालित कक्षाओं में जाकर अध्ययनरत बच्चों से गणित के सवाल लगवाया। पुस्तकों को पढ़वाकर शैक्षिक गुणवत्ता को परखा।

अध्यापकों को प्रत्येक कक्षा से एक-एक बच्चें का अलग–अलग उनके वर्तमान शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन कर सभी बच्चों को उनकी कक्षा के शैक्षिक स्तर तक लाने का निर्देश दिया। दोनों अफसरों ने सबसे पहले सैदपुर के मतदान केन्द्र पूर्व माध्यमिक विद्यालय सैदपुर के तीन बूथों का निरीक्षण किया। इसके बाद नया प्राथमिक विद्यालय पूरे बैजू पांडेय मजरे सैदपुर पहुंचे। निरीक्षण में इन मतदेय स्थलों पर मानक के अनुरूप सभी सुविधाएं पूर्ण पाई गई। उनके साथ उपजिलाधिकारी रूदौली, सीओ रूदौली सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



विद्यालय पहुंचे डीएम व एसएसपी चार्ज देखते हुए।

**प्रदर्शन** शौर्य पर्व पर लोकनृत्यों में शस्त्र समन्वय, तुलसी मंच पर शौर्य पर्व ने रचा विश्व कीर्तिमान

# अयोध्या में दिखी परंपराओं में भारतीय शौर्य गाथा

**▸▸ परंपराओं को संरक्षित कर मुख्य धारा में लाना सबका कर्तव्य : मंडलायुक्त**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** तुलसी उद्यान में सोमवार को सूर्यवंशी भगवान रामचन्द्र की अयोध्या में भारतीय शौर्य की एक नई गाथा लिखी गई। सम्पूर्ण भारत के 11 प्रदेशों के 250 से ज्यादा कलाकारों ने अपने उन पारंपरिक लोकनृत्यों का प्रदर्शन करके इतिहास रच दिया। जिसमें नृत्य के साथ शस्त्र का समन्वय होता है।

केरल के कलरिपट्टू से लेकर मणिपुर के थांग टा, गुजरात के तलवार रास से पंजाब का गतका इसी का प्रमाण है। शौर्य पर्व का उद्घाटन मुख्य अतिथि मंडलायुक्त गौरव दयाल ने दीप प्रज्जवलित करके किया। उन्होंने कहा कि अपनी परंपराओं को संरक्षित करके मुख्यधारा में लाना हम सबका कर्तव्य है। आज के कार्यक्रम से लोगों को अपनी समृद्ध संस्कृति को जानने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर निदेशक लोक जनजाति और संस्कृति संस्थान डॉ. अतुल द्विवेदी, प्रो. ओम प्रकाश भारती, सचिव केंद्रीय ललित कला अकादमी लखनऊ डॉ. देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी, सुधीर तिवारी आदि मौजूद रहे।



शौर्य पर्व पर प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

### कलारिपट्टू और महाराष्ट्र के लाठी व तलवार की प्रस्तुति हुई

कलारिपट्टू में कलाकारों का हवा में कलाबाज़ियां कहते हुए वार करना, महाराष्ट्र की महिलाओं द्वारा लाठी और तलवार के सहारे एक साथ कई पुरुषों को पराजित करना सभी को हर्षित कर रहा था। पंजाब के जांबाजों का गतका उनकी युद्ध शैली को प्रतिबिंबित कर रहा था तो मणिपुर के कलाकारों का थांग टा अपने कौशल से चकित कर रहा था। तेलंगाना का कर्रा सामू में चपलता से शस्त्रों का प्रहार और बचाव माहौल में शौर्य को दिखा रहा था। गुजरात की महिलाओं का तलवार पर करतब हतप्रभ कर रहा था। रामायण कान्क्लेव के समन्वयक आशुतोष द्विवेदी, डॉ. रानी अवस्थी, संतजन समेत भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

### मल्लखंभ व शंखवादन की प्रस्तुति ने छोड़ी छाप

कार्यक्रम का आरम्भ छाऊ नृत्य शैली में बंगाल और शंख वादन से ओडिशा के कलाकारों ने किया। मल्लखंब की प्रस्तुति में कलाकारों ने शीर्षासन और योग कि मुद्राएं दिखाई। वहीं समूह में किए गए आसान और पिरामिड ने अचंभित कर दिया। ओडिशा के सुनील साहू ने शंख वादन से युद्ध के आरंभ और अंत में विराम के लिए किया जाता था, उसका प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश के कलाकारों ने महोबा कि लड़ाई आल्हा सुनाया तो पूरा पांडाल शौर्य से भर गया।

### एक्सपायरी थम्सअप व स्प्राइट कराया नष्ट

**अयोध्या, अमृत विचार:** होली के नजदीक आते ही मिलावटी खाद्य पदार्थों की चेकिंग शुरू हो गई है।

जिलाधिकारी नितीश कुमार के निर्देश पर सोमवार को गठित सचल दल की टीम ने लगभग 11 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करते हुए चार नमूने संग्रहित किए। मछली मंडी रोड स्थित प्रोपराइटर रमेश चंद्र साहू के यहां से पनीर व मावा का नमूना संग्रहित किया। इस दौरान 1170 रुपये की स्प्राइट कोल्ड ड्रिंक नष्ट कराई गई। मैसेज नेहा ट्रेडर्स तारापुरम से 72 किलो बेसन व रायता बूंदी सीज किया गया। गोपाल एंड सन से 21750 रुपये का एक्सपायरी थम्सअप नष्ट कराया गया। टीम में अनूप सिंह, अरविंद प्रजापति, दिनेश सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**8वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.42 बजे
इफ्तार : 06.21 बजे

सुन्नी
सहरी : 04. 43 बजे
इफ्तार : 06.13 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# निर्वाचन कार्यों का प्रमुखता से करें निर्वहन

## अधिकारी व कर्मचारी आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें : जिला निर्वाचन अधिकारी

▸▸ जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला कांटेक्ट सेंटर, वीडियो अवलोकल टीम का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद सोमवार को लोकसभा क्षेत्र अंबेडकरनगर में सकुशल, पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्थापित जिला कांटेक्ट सेंटर, वीडियो अवलोकल टीम और सी विजिल कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया गया। मौके पर ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि अधिकारी और कर्मचारी निर्वाचन के कार्यों को प्राथमिकता से लेते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें और भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें।


कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

जिला कांटेक्ट सेंटर द्वारा 1950 टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। इस टोल फ्री नंबर पर निर्वाचन से संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है। वहीं, सी विजिल ऐप के माध्यम से निर्वाचन की गतिविधियों के संबंध में आमजन मानस शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसका निस्तारण आयोग द्वारा दिए गए समय के अंतर्गत सुनिश्चित कराया जाएगा। इस दौरान मौके पर जिला प्रोवेशन अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने जमीन की पैमाइश करने गए लेखपाल को बनाया बंधक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जमीन की पैमाइश करने गए लेखपाल को गांव की महिलाओं और पुरुषों ने गाली-गलौज व अपमानित करते हुए बंधक बना लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस लेखपाल को ग्रामीणों से छुड़ा कर ले आयी। पीड़ित लेखपाल ने तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। मामला जलालपुर कोतवाली अन्तर्गत गांव जैनापुर का है। बता दें कि गांव का हल्का लेखपाल रामपुजारी ने पुलिस को तहरीर देते हुए शिकायत किया कि मुख्यमंत्री और उपजिलाधिकारी की संदर्भित शिकायत के निस्तारण के लिए गया हुआ था। जहां ग्रामवासियों की मौजूदगी में पैमाइश करके निशानदेही के पश्चात गांव निवासी अजय कुमार, राममूरत, जन्निता, बेबी, शकुन्तला, चन्द्रावती आदि लोगों ने गाली-गलौज देते हुए मारने और पीटने के लिए टूट पड़े। इसी दौरान खीचा तानी में मेरे अभिलेख फाड़ दिए और धमकी दिए कि दोबारा दिखाई दिए तो जान से मार देगें और उक्त लोगों द्वारा लगभग एक घंटे तक बंधक बना कर रखा गया। उच्चाधिकारियों को सूचित करने के बाद पहुंची पुलिस के आने के बाद उन्हें छोड़ा। लेखपाल ने बताया कि उक्त व्यक्तियों के ललकारने पर 20 अज्ञात लोग भी पहुंचे जो घटना में शामिल रहे। पीड़ित ने उन सभी के खिलाफ सरकारी कार्य मे बाधा, मारपीट, अभद्रता, सरकारी अभिलेख फाड़ने समेत अन्य सुसंगत धाराओं मे मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है। इस संबंध में जब कोतवाल संतोष कुमार सिंह से दूरभाष पर बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन ही नहीं उठाया।

▸▸ लेखपाल ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

## एक नजर

### नवागत जेल अधीक्षक ने संभाला कार्यभार

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद को करीब छह माह बाद स्थायी जेल अधीक्षक मिल गया है। प्रशासन ने अंशुमन गर्ग को जनपद का जेल अधीक्षक नियुक्त किया है। जेल अधीक्षक अंशुमन ने पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने मिल कर उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनसे मुलाकात किया। सोमवार को जनपद पहुंचे नवागत जेल अधीक्षक ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है।

### रामेंद्र ने गेट परीक्षा में हासिल की 17वीं रैंक

**मालीपुर, अंबेडकरनगर।** क्षेत्र के सैरपुर उमरान निवासी रामेंद्र पांडे पुत्र नामवर पांडे ने वर्ष 2024 की गेट परीक्षा उत्तीर्ण कर 17वीं रैंक प्राप्त कर अपने माता-पिता के साथ गुरुजनों और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रामेंद्र पांडे ने वर्ष 2022 में राजीव गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी अमेठी से बीटेक किया है। संस्था में टॉप करने के कारण राज्यपाल ने गोल्ड मेडल प्रदान कर सम्मानित किया था। वर्तमान में रामेंद्र पांडे आईआईटी धनबाद से एम टेक कर रहे हैं। उनकी इस सफलता पर उनके चाचा सुरेंद्र देव पांडे, कांग्रेस नेता सुनील मिश्र, डॉ. गोविंद तिवारी, डॉ. जेपी पांडे, अरविंद पांडे समेत अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया है।



### युवती रुपए व जेवरात लेकर युवक के साथ फरार, केस

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** एक तरफ परिजन जहां शादी की तैयारियों में मशगूल रहे वहीं युवती घर से जेवरात और रुपए लेकर युवक के साथ फरार हो गई। परिजनों ने पुलिस से इस मामले की शिकायत की। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली जलालपुर क्षेत्र के गांव के पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बीते 16 मार्च को मेरी पत्नी और मैं आजमगढ़ गए हुए थे। इसी बीच मेरी 18 वर्षीय पुत्री को कोतवाली जलालपुर के उसराहा गांव निवासी अंकित बहला फुसला कर भगा ले गया। खोजबीन के बाद उसका पता नहीं चला। कुछ दिन पूर्व लड़की के मोबाइल पर फोन कर बात किया था। जिसके आधार पर उसके घर गयी लेकिन लड़का मौजूद नहीं था। पीड़ित ने बताया कि पुत्री की शादी तय हो गई थी। इस दौरान अंगूठी और लाकेट मिला था और 50 हजार रुपए रखा था, जिसको पुत्री ताला तोड़ कर जेवरात समेत रुपया लेकर चली गई। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने अंकित और उसके परिवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# सौहार्दपूर्ण मनाएं होली और ईद का त्योहार : जिलाधिकारी

▸▸ डीएम और एसपी ने त्योहारों को लेकर अधिकारियों और विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं के साथ की बैठक, दिया निर्देश

▸▸ मजिस्ट्रेट क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा का लें जायजा, त्योहार के दौरान मेडिकल टीम को 24 घंटे तैयार रखने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** आगामी त्योहारों होली, ईद और रामनवमी को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ की उपस्थित में मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों और कर्मियों, सम्मानित सदस्यों व विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं के साथ तैयारी बैठक का आयोजन किया।

बैठक के दौरान विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं से त्योहार के दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में सुझाव लिया गया। जिसके लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि असामाजिक और अराजकता फैलाने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर विधिक कार्यवाही की जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को बिजली, पानी और साफ सफाई, फागिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव की सुदृढ़ व्यवस्था त्योहारों के दौरान करने के लिए निर्देशित किया। खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया कि मिलावटी खाद्य पदार्थ और मिलावटी रंग की जांच गंभीरता से कराया जाए।


मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में अफसरों व धर्म गुरुओं के साथ बैठक करते जिलाधिकारी व एसपी।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार को निर्देशित किया कि त्योहार के दौरान मेडिकल टीम 24 घंटे तैयार रहें। बैठक के दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक सीएचसी और पीएचसी पर डॉक्टर उपस्थित रहे। जिससे त्योहार के दिन किसी प्रकार कोई समस्या न होने पावे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि समस्त मजिस्ट्रेट क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील किया कि त्योहार के दौरान सदभाव और सौहार्द को बनाए रखे। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. सदानंद गुप्ता, उपजिलाधिकारी, समस्त थाना अध्यक्ष और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** ट्रक नें बाइक सवार को कुचल दिया जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मामला आलापुर थाना क्षेत्र के मकरहीं बाजार का है। सोमवार की शाम को बाइक सवार युवक रिश्तेदारी में जा रहा था, इसी दौरान अनियंत्रित ट्रक नें बाइक सवार को कुचल दिया। जिससे मौके पर ही उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जेब में मिले आधार कार्ड के जरिए युवक की पहचान सतीराम पुत्र मोतीलाल निवासी शेखपुरा मलपुरा के रूप में की गई। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि ट्रक चालक ट्रक छोडक़र मौके से फरार हो गया है। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर भेज दिया है। अन्य विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# ड्यूटी के दौरान पीआरडी जवान की गई जान


पोस्टमार्टम हाउस पर परिजन का ढांढस बढ़ाते एएसपी विशाल पांडेय।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** पीआरडी जवान की ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जनपद मुख्यालय स्थित रोडवेज पर तैनात दीनानाथ प्रतिदिन की तरह ड्यूटी पर तैनात था। अचानक तबीयत बिगड़ी और वह गिर पड़ा। पुलिसकर्मियों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने पीआरडी जवान की मौत का कारण हार्ट अटैक बता रहे हैं। मृतक होमगार्ड दीनानाथ जनपद के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इसौरी नसीरपुर पोस्ट चहोड़ा का निवासी था। विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। थानाध्यक्ष अकबरपुर ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों का ढांढस बढ़ाया।

## एकता पर ही निर्भर है संगठन की मजबूती

**आलापुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का भव्य सम्मेलन जहांगीरगंज कस्बे में श्याम बाबू गुप्ता की अध्यक्षता और रमेशचंद्र गुप्ता के संचालन में आयोजित किया गया। सम्मेलन में सर्वसम्मति से नगर इकाई का गठन कर पदाधिकारियों का चयन किया गया। स्थानीय जहांगीरगंज कस्बे में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सम्मेलन में बड़ी संख्या में उपस्थित व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन के जिलाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने व्यापारियों की सुरक्षा और हितों पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी स्तर पर ना हो सके इसके लिए एकता जरूरी है। एकता पर ही संगठन की मजबूती निर्भर है। संगठन के प्रदेश मंत्री संतोष अग्रवाल व जिला संरक्षक श्याम बाबू गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों का हित व सुरक्षा सर्वोपरि है।

## पदाधिकारियों ने अभियान के बारे में जाना

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में जारी होने वाले विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए सीधा मोदी को अपने सुझाव भेजने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और अभियान जिला संयोजक के संयोजन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव को सुझाव पेटिका में डाला जा रहा है। जिसे भाजपा केंद्रीय नेतृत्व को भेजा जाएगा। सोमवार को अटल भवन में विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान की समीक्षा बैठक में संयोजक विमलेंद्र प्रताप सिंह मोनू ने भाजपा जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव, अमरेंद्र कांत सिंह, दिलीप पटेल देव के साथ कार्यकर्ताओं से अभियान की समीक्षा कर अभियान की गति के बारे में जानकारी प्राप्त किया। समीक्षा बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, पंकज वर्मा, प्रत्यूष त्रिपाठी, अमित सिंह, राजेश्वर गौतम, राजन सिंह आदि शामिल रहे।

## लेखपाल का रुपए लेते वीडियो वायरल, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विकासखंड भियांव की ग्राम सभा मुस्कुराई के हल्का लेखपाल का पैमाइश के नाम पर रुपया लेने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में लेखपाल खुद हाथ में रुपया न पकड़ कर बगल रखे कागजात में रुपया रखने को इशारा कर रहा है। जब पीड़ित ने रुपया कागजात में रख दिया तो लेखपाल ने रुपया रखा कागजात अपने हाथों में ले लिया। वहीं, वायरल वीडियो की अमृत विचार पुष्टि नहीं करता है। लेखपाल के वायरल वीडियो के खिलाफ दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त शिकायती पत्र के अनुसार ग्राम प्रधान मुस्कुराई मीरा देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि गांव के लेखपाल मुरलीधर अपनी काली कमाई के लिए जमीनी विवाद को गांव में बढ़ावा दे रहें है और भूमि पैमाइश के नाम पर मोटी रकम की वसूली करते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले दिनों ग्राम सभा रामगढ़ के एक व्यक्ति लेखपाल के पास गया तो लेखपाल ने फार्म के साथ फरियादी से पैसा ले लिया। जिस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बन्ध मे उपजिलाधिकारी से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

## फ्लैग मार्च कर सुरक्षा का दिलाया भरोसा

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनपद में तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में थाना राजेसुल्तानपुर और पैरामिलिट्री फोर्स ने मिलकर राजेसूल्तानपुर थाने के अंतर्गत सिंघलपट्टी, देवरिया बाजार, गिरैया बाजार, पदमपुर, राजेसुल्तानपुर आदि चौराहों पर फ्लैग मार्च किया। असामाजिक तत्वों को पुलिस द्वारा कड़ा संदेश दिया गया कि चुनाव में किसी भी अवांछित गतिविधि को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस दौरान थाना अध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी, मय फोर्स अर्धसैनिक बलों के साथ लोगों में विश्वास दिलाया की वह निष्पक्ष और निडर होकर मतदान प्रक्रिया में भाग लें, प्रशासन उनके साथ है।

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिलाइन्स निपान लाइफ एन्श्योरेंश को लि. पालिसी संख्या 19798957 में रफीक अहमद पुत्र कुदरत अली दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली है। अतः मेरा सही नाम शफीक अहमद ही पढ़ा व समझा जाये।
शफिक अहमद पुत्र कुदरत अली
पता- 438 गुल्लावीर रोड पानी टंकी सलारगंज, बहराइच

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD SHANU था अब मने बदलकर अपना नाम IMRAN HUSAIN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MRAN HUSAIN S/O: LAIQ HUSAIN, R/O: MEHNDI GANJ KARBALA, BAZAR KHALA, LUCKNOW

**दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवां मल्लावॉं हरदोई**
में आवश्यकता है
स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र -01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान -01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान -01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में-01 पद व परास्नातक हिन्दी -01 पद
योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।
आवेदन -
divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें
प्रबन्धक
श्री राकेश कुमार वर्मा
मो-9919486606

**शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी**
आवश्यकता है
प्रवक्ता पद हेतु
भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद
वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार
नोट-इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।
प्रबन्धक
प्रबीन कुमार सिंह
मो-9793367812

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम BASDEV PRAJAPATI था अब मैने बदलकर अपना नाम BASDEV रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। BASDEV S/O:HARIPAL R/O: CHANDIPUR KHURD, AMBEDKAR NAGAR

**अदालती सूचना**
जयराम द्वारा अधिकृत लाल सिंह
बनाम
श्री प्रमोद कुमार पांडे
निवासी मकान संख्या 435, नानकारी, कल्याणपुर लगातार मु. सं. 12024 मैथा तहसील कानपुर देहात न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अदालत में प्रत्येक तारीखों में गैर हाजिर रहे हैं इस बाबत कई बार समन भी कोर्ट की ओर से भेजा गया लेकिन उपरोक्त प्रतिवादी हाजिर नहीं हुए। आपको ज्ञात करा दें मु. सं. 12024 मैथा तहसील कानपुर देहात न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अदालत में दिनांक 19/03/ 2024 दिन मंगलवार को आपकी पत्रावली जयराम बनाम प्रमोद कुमार पांडे विचाराधीन है। नियत तारीख पर आप प्रमोद कुमार पांडे पुत्र ऊदन उर्फ श्यामलाल पांडे समय 12 बजे उपस्थित हों।

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मनोज कुमार यादव पुत्र विजय कुमार, निवासी- 549/213/1, बड़ा बरहा, थाना आलमबाग, लखनऊ** मैने अपने पुत्र सुमन यादव जोकि अपराधिक प्रवृत्ति का है एवं मेरे कहने-सुनने में नहीं है वह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अमर्यादित व्यवहार करता रहता है, इसके कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा, मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

नन्दिनी एजूकेशनल इन्स्टीट्यूट
वालापुर, नवाबगंज-गोण्डा
9415458212, 9838989000, 9648469000
आवश्यकता
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय मे प्राचार्य पद पर तथा स्नातक स्तर पर वनस्पति विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान विषयों मे प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाता है।
अर्हता -: स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंकों सहित, यूजी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
नोट- यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जावेगी।
वेतन -: यूजीसी/डॉ0 रा0म0लो0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों/उपाधियों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक

VARUN ARJUN UNIVERSITY
N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur
Pharmacy PCI Approved
D.Pharm/B.Pharm
VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL VAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession
We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.
Admission Open 2024-25
100% Placement
Admission Helpline:9455113105
Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## एक नजर

### रकम लेन-देन को लेकर आपस में की मारपीट, केस

**परसपुर, अमृत विचार :** ग्राम नए पुरवा झाली के राजकुमार लोध ने पुलिस को तहरीर देकर मारपीट मामले में गांव के ही भगवाने, सीता, रेशमा व चांदनी पर केस दर्ज कराया है। आरोप है कि जमीन विवाद को लेकर विपक्षियों ने मारपीट की। भाभी मीनू बचाने दौड़ी तो उसे भी पीटा। वहीं ग्राम पाण्डेय पुरवा अंदुपुर के हजरत अली ने तहरीर देकर सुभागपुर के अनीस, नैयाबे के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि शुक्रवार को धर्म नगर चौराहा पर खाना बनाने की बुकिंग व पैसा के लेन देन विवाद को लेकर जानमाल की धमकी देते हुए उससे मारपीट किया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार शुक्ल ने बताया कि पीड़ितों की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपितों के विरुद्ध विधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। और मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

# इलाज तो छोड़िए, यहां पर्चा कटवाना भी आसान नहीं

## महाराजा देवी बख्श सिंह मेडिकल कॉलेज का हाल, कई मरीज डॉक्टर को बिना दिखाए ही लौट जाते हैं

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** महाराजा देवी बख्श सिंह मेडिकल कॉलेज में इलाज तो बाद की बात है। यहां पर मरीजों को पर्चा कटवाने में ही दिन गुजर जाता है। पर्चा काउंटर पर बड़ी-बड़ी लाइन लग जाती है। कुछ मरीज लाइन में ही रह जाते हैं और पर्चा काटने का समय पूरा हो जाता है। ऐसे में दूर दराज से आए मरीजों को मायूसी का सामना करना पड़ रहा है।



महाराजा बख्श सिंह मेडिकल कॉलेज में पर्चा काउंटर पर लगी भीड़। अमृत विचार

मेडिकल कॉलेज में पर्चा कटवाने के लिए सोमवार को काफी लंबी लाइन लगी थी, पर्चा काउंटर पर कर्मचारी तो थे लेकिन मरीज की भी संख्या काफी थी जिसकी वजह से पर्चे के लिए लोग परेशान थे। रविवार को मेडिकल कॉलेज बंद रहता है इसलिए सोमवार को काफी भीड़ रहती है मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से पहले की अपेक्षा पर्चा काउंटर की संख्या बढ़ाई गई है, लेकिन जिस तरीके से जनपद की आबादी है और लोग इलाज कराने आ रहे हैं उसको देखते हुए अभी पर्चा काउंटर बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। पर्चा काउंटर 5:00 बजे खुलता है। पर्चा 1:00 बजे तक काटा जाता है। इसके बाद रोगी संबंधित बीमारी के चिकित्सक से इलाज के लिए मिलते हैं। जिन मरीजों का घर दूर है उनको आते-आते देर हो जाती है और काउंटर बंद हो जाता है।

कई लोगों ने बताया भी की भीड़ के चलते पर्चा कटने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। छपिया ब्लाक से आए रामसुंदर ने बताया कि उनके बिटिया के सीने में दर्द है। उसको लेकर आए हैं। लाइन में लगे हैं घंटो खड़े रहे तब जाकर पर्चा कट पाया है। लाइन में ही लगे झंझरी ब्लॉक के रामशेखर ने बताया कि घर से निकलते ही देर हो गई यहां आए तो लाइन काफी लंबी लगी थी। अब जाकर लाइन में लग गए हैं उम्मीद है कि पर्चा कट जाएगा और इलाज हो जाएगा। मौसम में बदलाव हो रहा है। ऐसे में मरीजों की संख्या बढ़ी है सीने में दर्द, खांसी, बुखार, पेट दर्द के मरीज अस्पताल में लगातार आ रहे हैं। यहाँ आने वाले मरीज को खर्चा कटवाना चुनौती बन गया है। पर्चा काउंटर पर बैठे कर्मचारियों को कहना है कि सोमवार को कुछ ज्यादा ही मरीजों की संख्या रहती है। प्रयास किया जा रहा है सभी लोगों को समय से पर्चा मिल जाए। संख्या अधिक होने के कारण लाइन लंबी हो गई है सभी लोगों का पर्चा दिया जा रहा है।

# 140 एसीआर का अवशेष बजट जारी 30 मार्च तक जमा करें उपभोग

**गोंडा, अमृत विचार:** परिषदीय स्कूलों में बन रहे अतिरिक्त कक्षा कक्ष का अवशेष बजट सरकार ने जारी कर दिया है। बजट की धनराशि मिलने के बाद जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी कर 30 मार्च तक निर्माण कार्य पूरा कराए जाने का निर्देश दिया है। साथ ही आवंटित धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र जमा करने की हिदायत दी है।

बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय स्कूलों में बच्चों की सुविधा के लिए अतिरिक्त कक्षा की डिमांड भेजी गयी थी। इस डिमांड के सापेक्ष जिले के 140 स्कूलों में एसीआर निर्माण की स्वीकृति मिली थी। प्रत्येक अतिरिक्त कक्षा कक्ष के लिए सरकार ने 8.25 लाख रुपये की लागत तय करते हुए 50 प्रतिशत धनराशि का आवंटन भी कर दिया था। स्कूलों में एसीआर का निर्माण कार्य चल रहा है। आवंटित बजट की 50 प्रतिशत धनराशि अवशेष रह गयी थी। सोमवार को यह अवशेष बजट की 4.12 करोड़ रुपये की धनराशि भी जारी कर दी गयी। बीएसए प्रेमचंद यादव ने बताया कि एसीआर के लिए चयनित प्रत्येक स्कूल के खाते में 294525 रुपये का बजट भेज दिया गया है। सभी बीईओ को यह निर्देश दिया गया है कि एसीआर के निर्माण का कार्य 30 मार्च तक हर हाल में पूरा करा लिया जाए और आवंटित धनराशि का उपभोग प्रमाण पत्र विभाग को उपलब्ध करा दिया जाए।

# संदिग्ध हालात में मिला कपड़ा व्यवसायी का शव

## फंदे से लटककर जान देने की आशंका, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, कौड़िया

**अमृत विचार:** कौड़िया बाजार में कपड़े का व्यवसाय करने वाले एक व्यापारी का शव सोमवार को संदिग्ध हालत में उसके दुकान से सौ मीटर दूर रेलवे परिसर में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटनास्थल पर एक बबूल के पेंड से रस्सी भी लटकती मिली है। माना जा रहा है कि व्यापारी ने फंदे से लटक कर जान दी है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

बहराइच जनपद के विशेश्वरगंज थाना अंतर्गत रनियापुर गांव के रहने अशोक कुमार तिवारी (63) कपड़ा व्यवसायी थे और कौड़िया बाजार में उनकी कपड़े की दुकान है। रविवार को वह अपनी दुकान पर थे लेकिन शाम को घर नहीं लौटे। सोमवार की सुबह अशोक कुमार का शव उनकी दुकान से सौ मीटर दूर स्थित रेलवे परिसर में एक पेड़ के नीचे पड़ा मिला। पेंड पर एक प्लास्टिक की रस्सी लटकती मिली है।

सूचना पर पहुंची पुलिस घटनास्थल की जांच पड़ताल में जुट गयी है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल की पड़ताल की है। पुलिस का मानना है मृतक ने फंदे से लटककर अपनी जान दी है। बॉडी के वजन की चलते रस्सी टूट गयी और शव नीचे गिर गया होगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। उधर, मृतक के बेटे पवन कुमार तिवारी का कहना है रविवार को उसके पिता दुकान पर गये थे लेकिन शाम तक घर नहीं लौटे थे।


घटना के बाद मौके पर जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस। अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के चिलबिला खत्तीपुर (बनकटी) गांव के पास सोमवार को एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। इस हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। देहात कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। देहात कोतवाली क्षेत्र के पैड़ी अजब सिंह के रहने वाले विवेक सिंह अपने घर से दो पहिया वाहन से निकलकर मुंडेरवा गये थे। मुडेरवा से वापस लौटते समय बनकटी गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में पीछे से ठोकर मार दी। इस ठोकर से वह सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौत हो गयी। हादसे की सूचना पर देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए है।



प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात देवेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उधर, इस सड़क हादसे से मृतक विवेक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सोमवार को जब विवेक के मौत की खबर उसके घर पहुंची तो पत्नी गश खाकर गिर पड़ी। मां को बेसुध देख 10 वर्ष की मान्या सिंह व सात वर्षीय बेटा अभि सिंह भी बिलख पड़ी। विवेक की मौत से न सिर्फ उसकी पत्नी के मांग का सिंदूर उजड़ गया बल्कि उनके दोनों बच्चे भी अनाथ हो गए।

## नाबालिग को अगवा करने पर केस दर्ज

**मनकापुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को अगवा करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने रविवार को कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीते 11 मार्च की रात डेढ़ बजे उसकी 17 वर्षीय लड़की को सहवान निवासी ग्राम मुरली दतौली ने घर से अगवा कर ले गया है। काफी खोजबीन के बाद भी लड़की का कहीं से पता नही चल सका है। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# निपुण लक्ष्य प्राप्ति को लेकर किया मंथन

**गोंडा, अमृत विचार:** निपुण लक्ष्य प्राप्ति में आ रही चुनौतियों के समाधान के लिए सोमवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान दर्जी कुआं में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

उप शिक्षा निदेशक व प्राचार्य अतुल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित सेमिनार में जिले के समस्त डायट मेंटर, एसआरजी, एआरपी व डायट प्रशिक्षु शामिल हुए। डायट प्राचार्य ने कहा सेमिनार का उद्देश्य शिक्षकों व बच्चों को निपुण लक्ष्य के लिए जागरूक करना है। सेमिनार की शुरुआत डायट प्रवक्ता ज्ञान बहादुर पासी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर की। एआरपी उषा वर्मा ने अभिभावक शिक्षक,


कार्यशाला में प्रशिक्षण लेते शिक्षक। अमृत विचार

छात्र-शिक्षक व शिक्षक-शिक्षक के आत्मीय संबंधों पर बल दिया। राहुल वर्मा ने आरटीई के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति और बच्चों को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करते हुए भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में विकसित करके देश के परिवर्तन में सीधे योगदान देने की बात की। डायट प्रवक्ता ओंकार नाथ गुप्ता ने सेमिनार के मूल बिंदु साक्षरता और संख्यात्मकता का ज्ञान तीन से आठ वर्ष की आयु के सभी बच्चों को मजबूत बुनियादी शिक्षा प्रदान करने ही प्रेरित किया। सेमिनार में प्रवक्ता वीर बहादुर सिंह ने निपुण भारत मिशन के उद्देश्यों को कक्षा 1-3 तक के बच्चों को पठन-लेखन और संख्यात्मक ज्ञान कौशल की अपेक्षित शिक्षक क्षमताओं को प्राप्त करने से है। कमलेश पांडेय ने निपुण लक्ष्य प्राप्त के लिए 2026-27 तक की कल्पना को साकार करने के लिए समस्याओं को समझ कर क्रमबद्ध तरीके से समाधान करने पर जोर दिया। विनीता कुशवाहा ने निरंतर निपुण आकलन, दीक्षा एप, निपुण आकलन का अध्ययन करना लाइब्रेरी पर प्रकाश डाला। संजीव मिश्रा, अशोक सिंह, खालिद रजा बेग, रामबाबू मौर्य, घनश्याम मौर्य, राधे रमण, जावेद कमर ने भी अनुभव साझा किए। रामविलास वर्मा, अनुराग सिंह, मोहम्मद अनीस, धीरेंद्र सिंह, संजय, कुलदीप सिंह ने भी अपने-अपने विचार साझा किए।

# ट्रेनी उपनिरीक्षकों को दिए टिप्स

**गोंडा, अमृत विचार:** एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस कार्यालय सभागार में प्रशिक्षण के बाद जिले में व्यवहारिक ज्ञान के लिए तैनात उपनिरीक्षकों से संवाद कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

शासन ने उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती 2020-2021 के अंतर्गत चयनित 58 उपनिरीक्षक जिसमें 48 पुरूष उपनिरीक्षक तथा 10 महिला उपनिरीक्षक सम्मिलित हैं। 58 उपनिरीक्षक जिनमें 25 पीटीसी मुरादाबाद से, 7 पीटीसी उन्नाव से, 16 पीटीसी सीतापुर से व सभी 10 महिला उपनिरीक्षक पीटीसी मुरादाबाद से 12 माह के प्रशिक्षण बाद व्यवहारिक प्रशिक्षण के लिए स्थानीय जनपद को आवंटित किया है। पुलिस अधीक्षक ने प्रशिक्षणाधीन 58 नवनियुक्त उपनिरीक्षकों को जनपद के विभिन्न थानों को 12 माह का व्यवहारिक प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी है। प्रशिक्षणाधीन उपनिरीक्षकों द्वारा उच्च शैक्षिक योग्यता बी-टेक, एम-टेक, एमफिल, एमएससी आदि विभिन्न संकायों में स्नातक व परास्नातक आदि प्राप्त कर उपनिरीक्षक पद पर चयनित हुए हैं।


एसपी विनीत जायसवाल की क्लास में मौजूद प्रशिक्षु उप निरीक्षक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### बैठक आयोजित कर मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**परसपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान क्रांति यूनियन के तहसील अध्यक्ष राजन बाबू मिश्र की अगुवाई में सोमवार को विकासखंड परसपुर में संगठन की मासिक बैठक आयोजित हुई। जिसमें विभिन्न मांगों को लेकर बीडीओ को ज्ञापन सौंपा गया। खंड विकास अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में मांग की गई है कि ब्लाक अंतर्गत खराब पड़े सरकारी नलों का ग्राम पंचायत वार सर्वे कराकर पेयजल हेतु सक्रिय कराया जाए, घूम रहे छुट्टा गोवंशों को गौशाला में संरक्षित कराया जाए, क्षेत्र के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर बाल पोषण आहार समेत अन्य सुविधाओं के वितरण में कार्यकत्रियों द्वारा की जा रही अनियमितता एवं विसंगतियों को पूर्णतया समाप्त कराया जाए। बैठक में शांति चंद्र मिश्र, अवधेश मिश्रा, डॉ रामदेव सिंह, सालिक राम आदि लोग शामिल रहे।

### आश्रम की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास

**इटियाथोक, अमृत विचार :** जिलाधिकारी को पत्र देकर आश्रम की भूमि पर कब्जा किए जाने की शिकायत की गई है। ग्राम तिर्रे मनोरमा के श्री साईं आश्रम के महंत सदबोध शाह ने जिलाधिकारी को पत्र देकर कहा है कि आश्रम को चकबंदी अधिकारी ने आबादी एवं बंजर भूमि उपलब्ध कराई थी। उसी समय आश्रम में शीशम, सागौन, आम, महुआ के पौधे लगाए गए। पत्र में आरोप लगाया गया है कि ग्राम प्रधान आश्रम की संपत्ति व वृक्षों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। उच्च अधिकारियों से प्रार्थना पत्र देकर साई सदबोध शाह ने वृक्षों को कटने से बचाने के साथ-साथ आश्रम को बचाने की अपील की है। यदि इस पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई आश्रम का अस्तित्व ही मिट जाएगा।

### शिविर में 16 महिलाओं की हुई नसबंदी

**बेलसर, अमृत विचार :** सीएचसी बेलसर पर सोमवार को नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया जिसमें सोलह महिलाओं की नसबंदी की गई। सीएचसी अधीक्षक सतपाल सोनकर ने बताया कि अठारह महिलाओं ने पंजीकरण कराया था जिनमें दो महिलाओं की प्रेगनेंसी पॉजिटिव होने के कारण नसबदी नहीं हो सकी। सोलह महिलाओं की नसबंदी जिले से आई डॉक्टर सुवर्णा ने किया।

### गुरु, संत और गौ सेवा करने वाला कभी पराजित नहीं होता



**गोंडा, अमृत विचार :** धानेपुर के गौरीपुरवा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत ज्ञान कथा के 5वें दिन सोमवार को कथा व्यास सुरेंद्र नाथ शास्त्री जी महाराज ने समुद्र मंथन और दानवीर राजा बलि की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि राजा बलि को दैत्य गुरु शुक्राचार्य ने गुरु, संत और गौ सेवा का जो मंत्र दिया था, उसी पर चलकर राजा बलि ने तीनों लोकों पर विजय पाई। कथा व्यास ने कहा कि गुरु, संत और गौ सेवा करने वाला कभी पराजित नहीं हो सकता। कथा के दौरान श्रीकृष्ण की मनमोहक झांकी भी सजाई गई, सोहर गीत गाए गए और महिलाओं ने नेछुर की रस्म पूरी की। इस पूरे मंचन को देख श्रद्धालु भाव-विभोर होकर ताली बजाते हुए निहारते रहे। इस दौरान मुख्य यजमान दंपति के अलावा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, रक्षाराम वर्मा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दीपक यादव, करुणानिधि तिवारी, डॉ. बसंत वर्मा, गोपाल शरण शुक्ला, इंद्रकांत, दद्दन शुक्ला समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### दो पक्षों में हुई मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थाने के दुर्जनपुर पचूमी निवासी सीमा ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि पारिवारिक विवाद को लेकर विपक्षी राजेश कुमार निषाद, सुनीता, रवीना व भूमिका ने मिलकर सहन दरवाजे पर आकर अभद्रता करते हुए वादनी ननद नंदनी सास केवला देवी की मूका, थप्पड़ लाठी डंडे से पिटाई कर दी जिससे हम लोगों को चोटे आई हैं, तथा विपक्षीगणों ने जान से मारने की धमकी भी दी है।वहीं दूसरे पक्ष की सुनीता द्वारा दी गई तहरीर में आरोप है कि पारिवारिक विवाद को लेकर विपक्षी सुरेन्द्र कुमार निषाद, सीमा, नंदनी व उर्मिला ने मिलकर अभद्रता करते हुए मूका थप्पड लाठी डंडे से वादनी सहित लड़की रवीना व सरोज की पिटाई कर दी जिससे हम लोगों को काफी चोटे आई हैं तथा विपक्षीयो ने जान से मारने की धमकी भी दी है।

### रिश्तेदार के साथ गई पत्नी, दी तहरीर

गोंडा, अमृत विचार : वजीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी दो बच्चों की मां अपने बहनोई के साथ के साथ रफूचक्कर हो गयी। पीड़ित पति ने थाने पर नामजद तहरीर दी है। पति के अनुसार उसकी शादी 5 वर्ष पूर्व बलिया जिले में हुई इसे एक लड़की व एक लड़का भी है। पति ने बताया कि 10 दिन पहले उसकी पत्नी निमंत्रण करने रिश्तेदारी में गयी थी। वहीं महिला का बहनोई जो रायपुर से आया था। उसकी पत्नी बच्चों को रिश्तेदारी में छोड़कर कर भाग गयी। पति ने थाने पर नामजद तहरीर दी है।

# पांच साल के बच्चे पर बांके से हमला, गंभीर

**गोंडा, अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के रामापुर गांव के मजरे बजरडिहवा में पांच साल के बच्चे पर उसके पड़ोसियों ने बांके से हमला कर लहूलुहान कर दिया। हमले में बच्चे का मस्तक, नाक और चेहरा वीभत्स तरीके से कट गया है। घायल को गंभीर हालत में लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है बच्चों की तरफ से युवती समेत तीन पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। केस सोमवार को दर्ज कराया गया।

बजरडिहवा गांव की इंद्रावती ने नवाबगंज पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीते बृहस्पतिवार को उसका पांच साल का बेटा चंदन स्कूल बस से उतर कर घर की तरफ आ रहा था तभी पड़ोस की रहने वाली युवती श्यामा देवी ने गंड़ासे से उसके बेटे चंदन पर हमला कर दिया। चेहरे पर गंड़ासे का वार होने से मासूम चंदन का पूरा चेहरा लहूलुहान हो गया। नाक व मुंह दो टुकड़ों में कट गया है। मासूम को गंभीर हालत में लखनऊ ते एक निजी असेपताल में भर्ती कराया गया है। पीडित बच्चे के मां की तरफ से सोमवार को नवाबगंज थाने में आरोपी युवती, श्यामा देवी, उसके पिता नरसिंह व संतराम के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज करायी है। प्रभारी निरीक्षक मनोज राय ने बताया की मुकदमा दर्ज कर विवेचना कोल्हमपुर चौकी प्रभारी शेषमणि पाण्डेय को सौंपी गई है।

# पालिकाध्यक्ष को गिरफ्तार करने की मांग

**गोंडा, अमृत विचार:** शहर के रकाबगंज वार्ड स्थित एक कस्टोडियन संपत्ति पर अवैध कब्जे को लेकर मौजूदा पालिकाध्यक्ष उज्मा राशिद बुरी तरह से फंस गईं हैं। उनपर प्रशासन ने शहर कोतवाली मे केस दर्ज कराया है। उन पर फ्राड, धोखाधड़ी और सरकारी अभिलेखों में हेराफेरी का आरोप है। सन 2001 में उज्मा निकहत, फिर उज्मा निकहत से उज्मा परवीन और फिर उज्मा राशिद बनने तक लगातार 2022 तक मौजूदा पालिकाध्यक्ष इसी भवन में किराएदार रहीं।

पटेल नगर वार्ड के रहने वाले संतोष कुमार श्रीवास्तव ने मामले को लेकर न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई और गृह मंत्रालय से मिले निर्देशों के क्रम मे डीएम नेहा शर्मा ने यह कार्रवाई की है। एक तरफ तो याची ने मामले में आरोपी पालिकाध्यक्ष की गिरफ्तारी कर उनके अधिकारों को सीज किए जाने की मांग की है। साथ ही जान का खतरा बताते हुए प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है। वहीं दूसरी तरफ पालिकाध्यक्ष का कहना है कि वह मामले में कानूनी परामर्श लेकर ही कुछ कहने की स्थिति में होंगी।


शत्रु संपत्ति पर बने इसी भवन में 21 साल किराएदार रहीं मौजूदा अध्यक्ष।

### यह था पूरा मामला

नगरपालिका के रजिस्टर 45 में खाता संख्या 6790 पर इस सम्पत्ति का कुल रकबा तीन बिस्वा 12 बिस्वांसी है जो हामीदा बेगम पत्नी महबूबुल रहमान दर्ज था। विभाजन के बाद स्वामी के पाकिस्तान चले जाने के बाद इसे कस्टोडियन घोषित किया गया जिसमें एक मकान (संख्या 15) और तीन दुकान संख्या 16, 17 व 18 दर्ज किया गया। सन 2001-2002 के एसेसमेंट रजिस्टर में पूर्व पालिकाध्यक्ष कमरुद्दीन की बेटी उज्मा निकहत का नाम बतौर किराएदार दर्ज कर दिया गया। जो कि इसके ठीक पहले किसी मुन्ना धोबी पुत्र महावीर के नाम दर्ज था। तभी से लगातार इसका किराया जमा होता रहा। लेकिन गौर करने की बात यह है कि उज्मा निकहत का नाम पहले उज्मा परवीन दर्ज कर दिया गया और फिर डॉ राशिद इकबाल से शादी के बाद नया नाम उज्मा राशिद कर दिया गया। हालांकि एक इलेक्शन मामले में सुनवाई के दौरान यह स्पष्ट हुआ है कि तीनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं जोकि मौजूदा पालिकाध्यक्ष हैं। शत्रु संपत्ति के हस्तांतरण प्रक्रिया के संदिग्ध प्रतीत होने पर याची संतोष श्रीवास्तव ने मामले को लेकर जनहित याचिका दायर की थी जिस पर न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद गृह मंत्रालय गंभीर हुआ है।


### याची ने सुरक्षा की मांग की

जनहित याचिका दायर करने वाले पटेल नगर निवासी संतोष कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि मामला मौजूदा पालिकाध्यक्ष से जुड़ा होने के नाते हाई प्रोफाइल हो गया है लिहाजा उनकी जान माल को कभी भी खतरा हो सकता है। इसलिए उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा दिए जाने की मांग की है। कहा कि वह लगातार प्रशासन से आरोपी मौजूदा पालिकाध्यक्ष की गिरफ्तारी और उनके समस्त वित्तीय व प्रशासनिक अधिकार तत्काल सीज किए जाने की मांग कर रहे हैं।

# तीसरे दिन तक जांची गई 1.93 लाख कॉपियां

**गोंडा, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। सोमवार तक 193682 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है।

यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए जिले के राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। इनमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की व राजकीय इंटर कॉलेज व सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा रही हैं। 16 मार्च से प्रारंभ हुआ मूल्यांकन कार्य तेजी से चल रहा है। अब तक 193682 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जा चुका है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में किया जा रहा है। इस बार मूल्यांकन कार्य की निगरानी भी चार स्तरीय कंट्रोल रूम से की जा रही है। सोमवार को चारों केंद्रों पर परीक्षक कॉपियां जांचने में जुटे रहे। राजकीय इंटर कॉलेज में 15461, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 14694, शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इंटर कॉलेज में 15686 व स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में 19117 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि अब तक 193682 कॉपियां जांची जा चुकी हैं। इस दौरान मूल्यांकन के उप नियंत्रक व राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शैलेश पटेल, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय, पर्यवेक्षक सुनीता श्रीवास्तव व स्टेटिक मजिस्ट्रेट गनेश कुमार रहे।


उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते शिक्षक। अमृत विचार

### 6.31 लाख कांपियों के मूल्यांकन का लक्ष्य

इस वर्ष जिले को 6.31 लाख उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का लक्ष्य मिला है। इनमें हाईस्कूल की 325880 व इंटरमीडिएट की 305205 उत्तर पुस्तिकाएं शामिल हैं। मूल्यांकन का कार्य 31 मार्च तक पूरा किया जाना है। इस कार्य में 2441 परीक्षक व 254 डीएचई की ड्यूटी लगाई गयी है।

# बिजली विभाग में भ्रष्टाचार भाकपा माले ने सौपा मांगपत्र

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार:** विद्युत विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माले ने अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन करते हुए अभियंता को मांग पत्र सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि संविदा कर्मियों के ईपीएफ का भुगतान किया जाए। फर्जी कागज लगाकर नौकरी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

आर्यनगर के अवर अभियंता द्वारा पैसा लेकर अवैध काम किया जा रहा है इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। एनसीसी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा घटिया काम कराया जा रहा है उसकी भी जांच कराई जाए। जिला प्रभारी जमाल खान एवं राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से बताया कि एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था। मांग पत्र अधीक्षण अभियंता को सौंपा गया है। यदि आने वाले दिनों में समस्या का समाधान नहीं किया गया तो व्यापक रूप से आंदोलन चलाया जाएगा। इस अवसर पर कन्हैयालाल, सदानंद गिरी, मुस्ताक अहमद, सत्यनारायण, उत्तम धनपता, श्यामकली, राजपति, रामादेवी आदि मौजूद रहीं।

नन्दिनी नगर महाविद्यालय, नवाबगंज-गोण्डा
9415458212, 9838989000, 9648469000
आवश्यकता
स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर वाणिज्य, मनोविज्ञान, संगीत, चित्रकला, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, सैन्य विज्ञान, कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं परास्नातक स्तर पर वाणिज्य, मनोविज्ञान, भूगोल, अंग्रेजी, गणित, रसायन विज्ञान विषयों में तथा बी0सी0ए0 एवं बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाता है।
अर्हता -: स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंकों सहित, यूजी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
नोट- यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जावेगी।
वेतन -: यूजीसी/डॉ0 रा0म0लो0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों/उपाधियों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक

## एक नजर

### जीएम ने बैंक शाखा का किया निरीक्षण

**रुपईडीह, अमृत विचार :** प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के प्रधान कार्यालय मुरादाबाद से आए महाप्रबंधक किशोर कुमार चिलाना ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा आर्य नगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने शाखा प्रबंधक आशुतोष कुमार से बैंक कर्मियों की उपस्थिति तथा बैंक की उपलब्धियां व समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल करते हुए एनपीए खातों से वसूली कर खातों को कम किए जाने का निर्देश दिया। अधिकारी राजीव कुमार, प्रशांत सिंह सुनिधि व प्रांजल मौजूद रहे।

### प्राथमिक विद्यालय में संकुल शिक्षकों की बैठक आज

**रुपईडीह, अमृत विचार :** न्याय पंचायत के संकुल शिक्षकों की बैठक कल मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय रुपईडीह में आयोजित की गई है। मुख्य शिक्षक संकुल अनिल कुमार चौरसिया ने बताया कि इस बैठक में छात्र-छात्राओं की यू डायस फीडिंग, मिड डे मील, शौचालय, पेयजल आदि के बारे में जानकारी हासिल की जाएगी।

### मारपीट के मामले में दो सगे भाइयों पर मुकदमा

**मनकापुर, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति को मारने पीटने के मामले में पुलिस ने दो सगे भाइयों के खिलाफ मारपीट व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुड़ासन के राम बहादुर सिंह पुरवा निवासी गेंदा ने कहा कि शनिवार को दिन में साढ़े बजे उसके पति अनवर घर पर थे। इस बीच पुरानी रंजिश को लेकर थाना तरबगंज क्षेत्र के ग्राम खानपुर रमेश वर्मा व इनके भाई सीताराम वर्मा घर पर आ धमके और पति अनवर के साथ अभद्रता करते हुए बहुत मारे-पीटे व धमकी दिए हैं। कोतवाल संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी दो भाइयों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया गया है।


# तहसील परिसर में भिड़े एसडीएम और अधिवक्ता

## दोनों पक्षों ने कोतवाली में दी तहरीर, वार्ता के बाद हुआ पटाक्षेप

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार:** सोमवार को नवागत एसडीएम और अधिवक्ताओं में उस समय नोकझोंक हो गई जब कुछ अधिवक्ता एक मामले की पैरवी के सबंध में एसडीएम कार्यालय गए हुए थे। मामला यहीं तक नहीं रहा, आपसी नोकझोंक का यह मामला उस समय गरमा गया जब नायब तहसीलदार ने अधिवक्ताओं पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने व चैम्बर में घुसकर अभद्रता करने जैसे आरोप लगाते हुए एक तहरीर कोतवाली भेज दी। इसके बाद नाराज अधिवक्ताओं ने भी एकत्र होकर नायब तहसीलदार व एसडीएम को नामजद करते हुए अधिवक्ताओं से दुर्व्यवहार करने व गाली गलौज कर अपमानित करने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करने के लिए तहरीर दी है।

मामला सोमवार दोपहर का बताया जा रहा है। नवागत एसडीएम भारत भार्गव व नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह अपने चैंबर में मौजूद थे। उसी समय एक मामले की पैरवी में अधिवक्ता राकेश कुमार तिवारी पहुंचे और नायब तहसीलदार द्वारा पारित आदेश को गलत बताते हुए एसडीएम से उस पर पुनर्विचार करने व जांच करने के साथ आदेश वापस लेने की बात कही। अधिवक्ताओं का आरोप है कि इसी बात को लेकर एसडीएम व नायब तहसीलदार उग्र हो गए और अधिवक्ता को अपमानित करने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराते हुए समझाने का प्रयास किया। लेकिन बाद में नायब तहसीलदार जयशंकर सिंह ने अधिवक्ताओं पर सरकारी कार्य में बाधा व अभद्रता का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर भेज दी। जिसके विरोध में अधिवक्ता राकेश कुमार तिवारी ने भी अपने अधिवक्ता साथियों के साथ कोतवाली जाकर एसडीएम व नायब तहसीलदार के विरूद्ध तहरीर देते हुए अभद्रता के साथ रिश्वत मांगने व गाली गलौज करने का आरोप लगाया। इधर कोतवाल निर्भय सिंह ने बताया कि नायब तहसीलदार की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। लेकिन शाम को दोनों पक्षों में सुलह समझौता हो गया है। एसडीएम भारत भार्गव ने बताया कि नायब तहसीलदार ने तहरीर दिया था। लेकिन अधिवक्ताओं के साथ हुई वार्ता के बाद मामले का पटाक्षेप हो गया है।


तहसील करनैलगंज मुख्यालय पर जुटे अधिवक्ता। अमृत विचार

### बैठक कर अधिवक्ताओं ने जताया आक्रोश

तहसील करनैलगंज के सभागार में सोमवार को अध्यक्ष गोपाल जी तिवारी की अध्यक्षता में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने आपात बैठक आयोजित की। अधिवक्ताओं का आरोप है कि सोमवार को जनता दर्शन में नवागत उपजिलाधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं से अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया गया तथा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देते हुए फोर्स बुला लिया गया। जिससे अधिवक्ताओं में नवागत एसडीएम के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है। बैठक में अधिवक्ताओं ने निंदा प्रस्ताव पारित किया तथा चेतावनी दी कि एसडीएम ने अपने कार्य व्यवहार में बदलाव नहीं लाते तो अधिवक्ता कठोर कदम उठाने को बाध्य होंगे। उधर एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना कि मामले में बातचीत हो रही है।

## पांच दिवसीय राम कथा हुई शुरू

**परसपुर, अमृत विचार:** ग्राम पंचायत अंदूपुर स्थित ब्रह्मदेव बाबा के स्थान पर पांच दिवसीय संगीतमय कथा का आयोजन मंगलवार से शुरू होगा। आयोजन समिति के सदस्य शिवभान गुप्ता व राम करन गुप्ता ने बताया कि अमेठी के आचार्य रामदास महाराज भक्तों को श्री राम कथा सुनाएंगे।

उन्होंने बताया कि सहजौरा ब्रह्मदेव बाबा के स्थान पर क्षेत्र वासियों के सहयोग से मंगलवार 19 मार्च से शुरू होकर 23 मार्च शनिवार तक शाम 7 बजे से संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। 23 मार्च को श्रीराम कथा के समापन पर हवन व भंडारे का आयोजन किया गया है।

# मूल्यांकन कार्य बंद कर दी श्रद्धांजलि

**बेलसर, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ गोंडा के पदाधिकारियों की अगुवाई में जीआईसी में मुजफ्फरनगर में राजकीय इंटर कॉलेज बनारस के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की निर्मम हत्या के विरोध में मूल्यांकन कार्य बंद कर शोक सभा का आयोजन किया गया।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह एवं जिला मंत्री राधा मोहन पांडेय ने घटना की निंदा करते हुए राज्य सरकार से आरोपी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हुए मृतक के परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपए की अनुग्रह राशि प्रदान करने तथा उनके संपूर्ण सेवा काल तक पूरा वेतन दिए जाने और उनके परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी सेवा में नियोजित करने की मांग किया। इस अवसर पर राजकीय इंटर कॉलेज गोंडा में शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की आत्मा की शांति के लिए तथा परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस अवसर पर शैलेश पटेल, अविनाश मिश्रा, रघुनाथ द्विवेदी, प्रमोद सिंह, लवकुश मिश्रा, नवनीत शुक्ला, अरविंद सिंह, बृजेंद्र प्रताप सिंह, भानु प्रकाश सिंह, सुशील मिश्रा, अशोक कुमार, सुनीता श्रीवास्तव, हंसराज भारती, राजवर्धन श्रीवास्तव, गंगा प्रसाद द्विवेदी, ऋषि कुमार शुक्ल, रमेश कुमार, श्रीमती दीपा निर्मल, आशा चौधरी आदि रहीं।


जीआईसी में शोक सभा में शामिल शिक्षक। अमृत विचार

# निलंबन रद, ध्रुव मनकापुर के बीईओ

**गोंडा, अमृत विचार:** बेलसर ब्लॉक के परिषदीय स्कूलों में हुए घोटालों को उजागर करने पर निलंबित किए गए खंड शिक्षा अधिकारी ध्रुव जायसवाल का निलंबन हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया है। निलंबन रद्द होने के बाद अब उन्हें मनकापुर ब्लाक का खंड शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। डीजी स्कूल शिक्षा के आदेश पर गठित की गयी तीन सदस्यीय जांच कमेटी बीईओ को पहले ही क्लीन चिट दे चुकी है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद विभागीय अफसरों की कार्रवाई कटघरे में आ गयी है।

बेलसर ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी रहे ध्रुव कुमार जायसवाल ने ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय डरौली डीहा पंडित पुरवा में 3.42 लाख रुपये का घोटाला पकड़ा था और इसकी रिपोर्ट बीएसए समेत विभाग के उच्च अधिकारियों को भेज दी थी। वह ब्लाक के स्कूलों का ताबड़तोड़ निरीक्षण भी कर रहे थे जिससे स्कूल न जाने वाले शिक्षकों में खलबली मची थी। नेतागिरी करने वाले कुछ शिक्षकों ने बीईओ पर उगाही का आरोप लगाकर शासन में शिकायत भेजी थी। इस साजिश में बीईओ को 11 जनवरी को निलंबित तो कर दिया गया लेकिन अफसर निलंबन आदेश सार्वजनिक करने की हिम्मत नहीं जुटा सके और आदेश को दबाए बैठे रहे। एक महीने बाद इस आदेश को सार्वजनिक किया गया। जैसे ही आदेश सार्वजनिक हुआ बीएसए ने तत्काल बीईओ को जेडी कार्यालय के लिए कार्यमुक्त कर दिया। लेकिन बाद में जब डीजी स्कूल शिक्षा के आदेश पर तीन सदस्यीय कमेटी ने बीईओ पर लगाए गए आरोपों की जांच की तो सभी आरोप फर्जी पाए गए। डायट प्राचार्य की जांच रिपोर्ट भी द्वेषपूर्ण पायी गयी। इस पूरी कार्रवाई के खिलाफ बीईओ ध्रुव जायसवाल ने हाईकोर्ट मे अपील की थी। तथ्यों का परिशीलन करने के बाद हाईकोर्ट ने बीईओ का निलंबन रद्द कर दिया है। निलंबन रद्द होने पर वे खंड शिक्षा अधिकारी बने।


ध्रुव कुमार जायसवाल। अमृत विचार



अमृत विचार में छपी खबर। अमृत विचार

### बीईओ मुख्यालय बनीं गीतांजलि

गैर जनपद से आईं खंड शिक्षा अधिकारी गीतांजलि को बीईओ मुख्यालय बनाया गया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद यादव ने बताया कि दोनों अधिकारियों ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# सीडीओ ने बूथों पर परखी सुविधाएं, दिए निर्देश

संवाददाता, रुपईडीह

**अमृत विचार:** सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौलि ने ब्लॉक रुपईडीह के विभिन्न गांवों में बने मतदान केंद्रों पर जाकर वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। पेयजल, बिजली, रैंप सहित अन्य अनुमन्य सुविधाओं की जानकारी ली थी साथ में मौजूद खंड विकास अधिकारी मृत्युंजय यादव को सभी कमियों को मतदान के पहले ठीक कराने का निर्देश दिया। सीडीओ ने खंड विकास अधिकारी के साथ ग्राम पंचायत पिपरा बाजार का स्थलीय भ्रमण किया। यहां पर उन्होंने लोकसभा चुनाव को संपन्न कराए जाने के लिए ग्राम पंचायत में स्थापित मतदान केंद्र के भवनों, पंचायत भवन व प्राथमिक विद्यालय रामभारी में बिजली, छाया, पेयजल, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी हासिल की। ग्राम प्रधान सत्य प्रकाश तिवारी, पंचायत सचिव यमुना प्रसाद, लेखपाल, अक्षय कुमार पांडेय, दिनेश कुमार सरोज आदि लोग उपस्थित रहे। सीडीओ ने कहा कि सभी केंद्रों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप व अन्य सुविधाएं हर हाल में ठीक कराने को कहा। इसके अलावा उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव व बीडीओ को रूट प्लान तैयार कर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया जिससे पोलिंग पार्टियों व फोर्स के पहुंचने में कोई समस्या न हो।

**बनाए गए हैं 75 मतदान केंद्र:** कौड़िया थाना क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए 75 मतदान केंद्र व 130 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए अब तक पुलिस द्वारा छह लोगों के विरुद्ध गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा चुकी है। आठ मुकदमे में 80 लीटर अवैध शराब व चार चाकू बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण कर अपराधियों को चिन्हित किया जा रहा है।


छितौनी ग्राम पंचायत के मतदान केंद्र पर जानकारी लेतीं सीडीओ। अमृत विचार

### रखौना पुरवा का मार्ग जर्जर, होगी परेशानी

ब्लॉक की ग्राम पंचायत भटपी के रखौना पुरवा गांव से आर्य नगर खरगूपुर सड़क तक जाने वाले मार्ग का निर्माण आज तक नहीं हुआ है। जिससे क्षेत्रीय जनता को गमनागमन के लिए दिक्कत उठानी पड़ रही है। मतदान के दिन पोलिंग पार्टियों के आने जाने में समस्या होगी। ग्राम प्रधान काली प्रसाद शुक्ल समाधान दिवस के माध्यम से जिलाधिकारी से उक्त मार्ग का निर्माण कराये जाने की मांग की है।

# मतदान के लिए किया जागरूक

**मनकापुर, अमृत विचार:** 2024 के लोस चुनाव में मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से रविवार एवं सोमवार को मनकापुर के बाल सामाजिक कार्यकर्ताओं ने डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाकर कर एक मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करना बहुत जरूरी बताया। इस दौरान शास्त्री नगर, झिलाही, मनकापुर गांव, सोहांस, मोतीगंज, राजगढ़, सिसवा सहित अन्य गांव में बाल सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाला।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में शिवा प्रियदर्शनी, दिव्या दिव्यदर्शनी, पूजा मनमोहिनी, निशा शर्मा, कोमल, नेहा, सौम्या, साक्षी, नैंसी, विनय उपाध्याय, अमरदीप, राजदीप आदि शामिल रहे।

**मतदान के लिए किया जागरूक: नवाबगंज:** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में विकास खण्ड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम रीवां में मतदाता जागरूकता एवं पंजीकरण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्य प्रशिक्षक रजनी कान्त तिवारी ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्पर्पित कर किया।

अध्यक्षता शैलेन्द्र मिश्रा व संचालन प्रियंका मौर्या ने किया। राज्य प्रशिक्षक रजनी कांत तिवारी ने स्वच्छ लोकतंत्र को बनाये रखने के लिए निर्भीक होकर बिना किसी प्रलोभन के मतदान के लिए जागरूक किया।



मतदान के लिए जागरूक करतीं बेटियां। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### जालसाजों ने वीजा के नाम पर युवक के हड़पे 1.40 लाख

**करनैलगंज, अमृत विचार :** विदेश में अच्छी कमाई के लिए वीजा दिलाने और विदेश भेजने के नाम पर जालसाजों ने एक युवक से एक लाख 40 हजार ले लिया और उसे दो बार फर्जी वीजा देकर दिल्ली भेज कर वापस बुला लिया। अब पैसा मांगे जाने पर युवक को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ग्राम भौरीगंज थाना परसपुर निवासी फौजदार सोनी ने कोतवाली करनैलगंज में प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें कहा है कि आठ माह पहले विदेश जाने के लिए करनैलगंज के ग्राम दिनारी निवासी दो लोगों ने उसे एक 1 लाख 40 हजार रुपए लिया। जो उसने कर्ज लाकर दे दिया और अपने लड़के अमित सोनी को विदेश जाने के लिए वीजा और पासपोर्ट उपलब्ध कराने का जो वादा किया गया था उस पर जालसाजों ने दो बार फर्जी टिकट व फर्जी वीजा देकर लड़के को दिल्ली भेज कर वापस बुला लिया। जब वीजा फर्जी पाया गया तो उसने अपना पैसा मांगना शुरू किया तो जालसाजों ने उसे जान से मारने की धमकी देना शुरू कर दिया।

### बिना कार्यकर्ताओं के परिश्रम से नहीं जीता जा सकता चुनाव

**गोंडा, अमृत विचार :** भाजपा के सिपाही बनकर चुनाव जीतने के लिए युद्ध स्तर पर दो महीना लगातार फील्ड में कार्यकर्ता बने रहे। उक्त विचार कैसरगंज लोस के संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी ने चुनाव संचालन समिति तरबगंज विधानसभा की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि कोई भी चुनाव बिना कार्यकर्ताओं की परिश्रम के नहीं जीता जा सकता। तरबगंज विधानसभा प्रभारी भाजपा के वरिष्ठ नेता केके श्रीवास्तव ने कार्यकर्ताओं को चुनावी पाठ पढ़ाते हुए उन्हें हर स्तर पर तैयार रहने और लोक कल्याणकारी योजनाओं का जन जन तक पहुंचाने के साथ-साथ चुनाव जीतने के गुरु बताए। संचालन मंत्री अजय कुमार सिंह ने किया।

### ग्रामीणों ने उठाई आवास दिलाने की मांग

**रुपईडीह, अमृत विचार :** ब्लॉक की ग्राम पंचायत बिछूड़ी में आवास विहीन 25 परिवारों को आवास दिलाए जाने की मांग प्रधान अनिल कुमार पांडेय ने क्षेत्रीय विधायक बावन सिंह से की है उनके इस मांग पर विधायक ने शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिया है।

### अवैध नकदी और शराब की चेकिंग के लिए टीम गठित

**गोंडा, अमृत विचार :** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन के दौरान अवैध नगदी का आदान-प्रदान या शराब का वितरण या अन्य कोई संदेह संदेहास्पद वस्तु पर नजर रखने के लिये गठित उड़न दस्ता टीमों के प्रभारियों को नियुक्त किया है। प्रत्येक विधान सभावार तीन-तीन अधिकारियों को आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में लगाया गया है। प्रथम शिफ्ट सुबह 6 से दोपहर 2 तक दूसरी शिफ्ट दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक एवं तीसरी शिफ्ट रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक है। यूपी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मेहनौन विधानसभा में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुरेश कुमार तिवारी, डा जावेद आलम और डॉ राकेश कुमार तिवारी, गोण्डा विधानसभा में पशु चिकित्साधिकारी डॉ अनिल कुमार वर्मा, डा अश्विनी कुमार सिंह एवं डॉ निशांत यादव, कटरा बाजार विधानसभा में पशु चिकित्साधिकारी डॉ नजमुल इस्लाम, डा शिव प्रकाश, डा प्रभात कुमार गौतम, कर्नलगंज विधानसभा में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ अरुणेंद्र सचान, पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ उमेश कुमार शर्मा एवं डॉ विजय बहादुर, तरबगंज विधानसभा में पशुधन प्रसार अधिकारी डॉ उपेन्द्र प्रताप सिंह पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुमति कुमार व डा श्रीपत, मनकापुर विधानसभा में उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ विजय प्रकाश व पशुचिकित्साधिकारी डॉ विशाल यादव व डा आशीष सिंह एवं गौरा विधानसभा में पशुधन प्रसार अधिकारी उमाकांत श्रीवास्तव, दिनेश कुमार व नितिन कुमार सिंह को एफएसटी प्रभारी बनाया गया है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा, डीएम ने बढ़ाया हौसला

**गोंडा, अमृत विचार:** इटियाथोक के प्राथमिक विद्यालय भीखमपुरवा में सोमवार को स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित पर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान स्कूल के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों की प्रतिभा देख डीएम ने उन्हें शाबाशी दी और उनका हौसला बढ़ाया। स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें जिलाधिकारी ने आगामी लोकसभा चुनाव सभी को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। डीएम नेहा शर्मा ने स्कूल के बेहतर शैक्षणिक माहौल के साथ- साथ सृजनात्मक भौतिक परिवेश की सराहना की और स्कूल के प्रधानाध्यापक मनोज मिश्रा की तारीफ की। जिलाधिकारी ने स्कूल के किचन शेड व किचन गार्डन का भी अवलोकन किया। डीएम ने स्कूल के कई बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।


छात्रा को सम्मानित करतीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा। अमृत विचार

# भाग्य के बंद कपाट खोलती है मेहनत

**बभनान, अमृत विचार:** जीवन में श्रम का विशेष महत्व है। मेहनत वह सुनहरी कुंजी है जो भाग्य के बंद कपाट खोल देती है। मनन, चिंतन, अध्ययन मानसिक श्रम है। शरीर के द्वारा किये जाने वाले श्रम को शारीरिक श्रम कहते हैं।

उक्त बातें आचार्य नरेंद्र देव किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बभनान के सैन्य विभाग के सहायक प्रो. डॉ. अमित त्रिपाठी ने जे देवी महिला महाविद्यालय बभनान के शिविरार्थी छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा मानव जीवन में परिश्रम की महिमा असीम है। परिश्रमी व्यक्ति अपना भाग्य-विधाता और समाज का निर्माता होता है। इसके पूर्व शिविरार्थी छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई। कार्यक्रमाधिकारी डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव व बृजभूषण लाल द्वारा आए हुए मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। इस अवसर पर डा भूपेश, अजय कुमार, सरिता दुबे, डॉ संतोष, सहित शिविरार्थी छात्राएं मौजूद रही। दूसरी तरफ आचार्य नरेंद्र देव किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बभनान के शिविरार्थियों को बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि डॉ अनिल कुमार उपाध्याय प्रवक्ता बीएड विभाग द्वारा संबोधित किया गया। बौद्धिक सत्र की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। तनु पांडे ने सरस्वती वंदना तथा अंकिता पांडे ने स्वागत गीत गया। इसके पश्चात सुजय कुमार वर्मा, पायल, कुमकुम वर्मा, अंकित पांडे, संध्या गुप्ता, शिवांगी पाल, रिंकी पाल, रीमा मौर्य, करिश्मा, आदि ने अपने अपने गीत प्रस्तुत किया। इसके बाद डॉ श्रवण कुमार शुक्ला ने सात दिवसीय कैंप की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ उपाध्याय ने पर्यावरण जागरूकता तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया और सेवा भावना को जीवन में उतारने पर बल दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी के रूप में डॉ श्रवण कुमार शुक्ला, डॉ सत्य प्रकाश शुक्ला, डॉ प्रदीप कुमार पांडे तथा डा सुधांशु वर्मा, डा राज कुमार दुबे, अजय मिश्र समेत प्रतिभागी एवं गणमान्य उपस्थित रहे।


एनएसएस शिविर में मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

## शैक्षणिक यात्रा पर छात्र दल रवाना

**गोंडा, अमृत विचार:** नवाबगंज के चकिया प्राथमिक विद्यालय के बच्चों का शैक्षिक टूर विद्यालय से अयोध्या के लिए प्रधान प्रतिनिधि ने राजिक उस्मानी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सरकारी विद्यालयों के बच्चों को प्रधानाध्यापक की पहल पर शैक्षिक टूर पर भेजा जा रहा है। पहले प्राइवेट विद्यालय के बच्चों को ही शैक्षिक टूर मे भाग लेने का मौका मिलता था। शिक्षा क्षेत्र के शाहपुर गांव के चकिया प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका डा पूजा मिश्रा ने अपने विद्यार्थियों के साथ शैक्षिक टूर पर ले गयी। इस टूर को गांव के प्रधान प्रतिनिधि हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## भूपेंद्र सिंह हत्याकांड: कहासुनी होने पर दोस्त ने युवक को उतारा था मौत के घाट

**गोंडा, अमृत विचार:** नवाबगंज थाना क्षेत्र के साकीपुर गांव के रहने वाले भूपेंद्र सिंह की हत्या मामूली कहासुनी के बाद उसके दोस्त ने की थी। पुलिस की पकड़ में आने के बाद आरोपी ने खुद इस वारदात से पर्दा हटाया। आरोपी ने बताया कि पहले उसने मृतक भूपेंद्र सिंह के साथ शराब पी और मछली खाई इसके बाद जब वह उसे घर छोड़ने जा रहा था तो रास्ते में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। गुस्से में आकर उसने बगल के खेत में लगे कंटीले तार की बल्ली से भूपेंद्र पर वार कर दिया। वह चिल्लाया तो गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या को लूट की शक्ल देने के लिए वह मृतक की जेब से 82 सौ रुपये व उसकी बाइक लेकर फरार हो गया।सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर इस हत्याकांड का खुलासा किया।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के साकीपुर गांव का रहने वाला भूपेंद्र सिंह (38) 15 मार्च की शाम को बाइक लेकर अपने दोस्त गोली सिंह के घर जाने के लिए निकला था। खाना खाने के बाद रात करीब 11 बजे वह अपने घर जाने के निकला तो रास्ते में उसे गड़रियन पुरवा गोकुला का रहने वाला विपिन सिह उर्फ सूर्य प्रताप सिंह मिल गया। आरोपी विपिन सिंह के मुताबिक मृतक भूपेंद्र ने उसके साथ बैठकर मछली खाई और शराब पी। इसके बाद विपिन मृतक भूपेंद्र को छेड़ने के लिए उसके घर जा रहा था। रास्ते में उसका भूपेंद्र से विवाद हो गया। इसके बाद विपिन खेत के किनारे लगे ब्लेड के कटीले तार से बंधी बल्ली को तोड़कर भूपेंद्र को मारने लगा। जब वह जान बचाने के लिए चिल्लाया तो गुस्से में गला दबाकर भूपेंद्र की हत्या कर दी।

अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमें लगाई गई थी। सोमवार को आरोपी विपिन सिंह को ढेमवा घाट से सोहावल जाने वाली सड़क पर प्रमोद सिंह के बन्द होटल के सामने से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के पास से मृतक की बाइक व दो हजार रुपये की नकदी समेत हत्या में प्रयुक्त कंटीले तार युक्त बल्ली कपड़े बरामद किए गए हैं।

नन्दिनी कालेज, नवाबगंज-गोण्डा
9415458212, 9838989000, 9648469000

आवश्यकता

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में प्राचार्य पद पर तथा स्नातक स्तर पर वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाता है।

अर्हता -: स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंकों सहित, यूजी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।

नोट- यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जावेगी।

वेतन -: यूजीसी/डॉ0 रा0म0लो0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों/उपाधियों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन करें।

प्रबन्धक

अमृत विचार
www.amritvichar.com

# कोटेदारों ने डीएसओ कार्यालय का घेराव कर किया प्रदर्शन

## सर्वर न होने व खाद्यान्न वितरण प्रभावित होने का उठाया मुद्दा

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार :** जिले के कोटेदार सोमवार को डीएसओ कार्यालय पहुंच गए। सभी ने ई-पास मशीन में सर्वर की दिक्कत को लेकर जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। कोटेदारों नेटवर्क न होने की समस्या से काफी परेशान दिखे। सभी का कहना है कि इसके लिए विभाग कोई रास्ता निकाले।

जिले के 14 विकासखंड में 1300 अधिक कोट की दुकान है। इन कोट की दुकानों पर 15 मार्च से फ्री खाद्यान्न का वितरण होना था, इसके लिए जिला पूर्ति अधिकारी की ओर से जिले के कोटेदारों को दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। कोटा की दुकान पर खाद्यान्न वितरण में धांधली न हो, इसके लिए विभाग की ओर से ई-पास मशीन सभी को उपलब्ध कराया गया है। लेकिन सर्वर न होने के चलते ई-पास मशीन नहीं चल पा रहा है। यही कारण है कि कार्ड धारकों को कोटेदार खाद्यान्न नहीं वितरण कर पा रहे हैं। कार्ड धारक कोटे की दुकान पर कार्ड लेकर जा रहे हैं, लेकिन सरवर न चलने के चलते उनका नाम अंगूठा लग पा रहा है न ही खाद्यान्न मिल पा रहा है। कार्डधारक के साथ कोटेदार परेशान हैं। कुछ यही हाल रविवार को सभी कोटे की दुकान पर भी देखने को मिला। सर्वर की समस्या से परेशान कोटेदार सोमवार को जिला पूर्ति कार्यालय पहुंच गए सभी ने जिला पूर्ति अधिकारी कार्यालय का घेराव का प्रदर्शन किया सभी का कहना है कि सरकार नई व्यवस्थाएं लागू कर रही लेकिन उसके समाधान पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सभी ने प्रदर्शन करते हुए समस्या का समाधान कराए जाने की मांग की। इस दौरान कोटेदार संघ के जिलाध्यक्ष, सभी ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष और काफी संख्या में कोटेदार मौजूद रहे।


डीएसओ कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते कोटेदार।

### कार्ड देकर बैठे रहे ग्रामीण

विकासखंड मिहीपुरवा अंतर्गत ग्राम पंचायत उर्रा में कोटेदार सुमन देवी के यहां रविवार को सैकड़ो ग्रामीण कार्ड लेकर खाद्यान्न के लिए गए। लेकिन ई पास मशीन का सर्वर ही काम नहीं कर रहा था। जिसके चलते ग्रामीण कार्ड हाथों में लेकर बैठे रहे काफी देर के बाद भी सरवर न आने पर सभी वापस चले गए। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में भी यही हाल है।

### अमृत विचार ने उठाया मुद्दा

जिले में कोटेदारों की समस्याओं का मुद्दा सोमवार के अंक में अमृत विचार अखबार में प्रमुखता से उठाया है। बिना सरवर के ठप ई पास मशीन और बंद खाद्यान्न वितरण की जानकारी दी है।

## ट्रैक्टर ट्राली पलटने से युवक की मौत

**कैसरगंज, बहराइच,अमृत विचार :** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोड़हिया नंबर 3 के मजरा मल्हानपुरवा निवासी पिंटू (30) पुत्र मंशा राम अपने सहयोगी बहतापुरवा गांव निवासी अमन (18) पुत्र मोलहे के साथ गन्ना लेकर पारले चीनी मिल गया था। देर रात को गन्ना मिल में छोड़कर दोनों वापस ट्रैक्टर ट्रॉली से आ रहे थे। सुबह तीन बजे कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसके नीचे दबकर पिंटू की मौत हो गई। जबकि सहयोगी घायल है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# क्विज प्रतियोगिता में भौली के छात्रों का दबदबा

जरवलरोड, बहराइच

**अमृत विचार :** विकास खण्ड जरवल में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल रोड में परिषदीय विद्यालयों के छात्रों की विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी जरवल के निर्देशन में हुआ। जिसमें उच्च प्राथमिक स्तर के कक्षा 6, 7, 8 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में सफल रहे छात्रों को मुख्य अतिथि के द्वारा नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने बीआरसी परिसर में लगी टीएलएम प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। परिषदीय विद्यालयों के छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि व जिज्ञासा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीईओ अरविंद बहादुर सिंह के निर्देशन में आयोजित ब्लॉक स्तरीय लिखित क्विज प्रतियोगिता में सफल रहे छात्रों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी कैसरगंज पंकज दीक्षित तथा क्षेत्राधिकारी रूपेंद्र गौड़, बीडीओ जरवल अमन वर्मा, आईपीएल सुगर मिल महाप्रबंधक टीएस राणा बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुई। सांस्कृतिक प्रस्तुति की कड़ी में उप्रावि तप्पेसिपाह, व प्रावि जरवल रोड की छात्राओं के द्वारा सरस्वती गीत व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। एआरपी मो० अहमद ने बताया कि विज्ञान प्रतियोगिता के लिए कुल 180 छात्रों का रजिस्ट्रेशन हुआ। लिखित परीक्षा के उपरांत निर्णायक मंडल द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप छात्रों की उत्तरपुस्तिकाओं की जांच कर टॉप टेन विजेता छात्रों के परिणाम की घोषणा की। इसके अलावा प्रतियोगिता में सफल शीर्ष 100 छात्रों को सांत्वना पुरस्कार व प्रतिभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। बीईओ ने बताया कि बच्चों को वार्षिक परीक्षा के बाद शैक्षिक भ्रमण पर ले जाया जायेगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भौली विद्यालय के छात्र अव्वल आए। बीआरसी पर आयोजित क्विज परीक्षा में एआरपी कल्पना मिश्रा, अब्दुल मोमिन, रियाज़ अहमद का योगदान रहा। पुरस्कार वितरण समारोह में प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष आसिफ अली, जूनियर संघ अध्यक्ष उबैदुर्रहमान, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह समेत संकुल प्रभारी शिक्षक समेत अन्य मौजूद रहे।



क्विज प्रतियोगिता के विजेता छात्र टीम के साथ। अमृत विचार

## सैफई मौत मामले में आरोपी के घर पर चले बुलडोजर

**बहराइच, अमृत विचार।** सैफई में एक स्टॉफ नर्स की नृशंस हत्या के विरोध में सोमवार को ब्राह्मण समाज के लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इसके बाद सभी ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर आरोपी के घर पर बुलडोजर के कार्यवाई की मांग की। सैफई घटना के विरोध में सोमवार को राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में विरोध प्रदर्शन जुलूस निकाला। इसके बाद सभी ने नगर मजिस्ट्रेट के प्रतिनिधि तहसीलदार सदर अभयराज पाण्डेय को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। संगठन की महिला पदाधिकारियों व अधिवक्ता गणों ने त्वरित कार्यवाही में लापरवाही पर जताई नाराजगी और उग्र प्रदेश व्यापी आंदोलन के लिए अल्टीमेटम दिया। प्रदेश उपाध्यक्ष पण्डित सत्येंद्र शुक्ल एडवोकेट ने कहा कि घटना काफी भीभत्स है। ऐसे में पुन: किसी विप्र की बेटी की ऐसी हत्या न हो, इसके लिए सरकार को कड़ी करवाई करनी चाहिए। सभी ने आरोपी के मकान को बुलडोजर से गिराने की मांग की।

# पिटाई से परेशान बालिका पहुंची बहराइच

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार:** गोंडा जिले के कुकुर भुकवा गांव निवासी एक बालिका को उसकी मां की गैर मौजूदगी में उसके दादा और दादी ने जमकर पीटा। इससे डरी सहमी बालिका ट्रेन से बहराइच आ गई। नौ वर्षीय बालिका को जीआरपी पुलिस ने कब्जे में लेते हुए वन स्टॉप सेंटर के सुपुर्द कर दिया है।

गोंडा जिले के कुकुर भुकवा गांव निवासी सद्दीक का विवाह जिले के राम गांव थाना क्षेत्र के नौतला गांव निवासी महिला से हुआ है। इस समय महिला विवाद के चलते अपने मायके में रह रही है। जबकि महिला की 9 वर्ष की बेटी अपने पिता और दादी-दादा के साथ गोंडा में रहती है। रविवार शाम को बालिका को किसी काम को लेकर उसके दादा - दादी ने जमकर पिटाई की इससे बालिका रोने लगी चोरी छुपे गोंडा से बहराइच आने वाली डेमू ट्रेन में बैठ गई। ट्रेन के बहराइच रेलवे स्टेशन रुकने के बाद भी बालिका डिब्बे में बैठी रही इस पर जीआरपी पुलिस ने पूछताछ की तो वह रोने लगी। साथ ही उसने दादा -दादी द्वारा मारने की बात कही। इस पर पुलिस ने वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक रचना कटियार के सुपुर्द बालिका को कर दिया। वन स्टाफ केंद्र की प्रबंधक ने बताया कि बालिका से उसके घर के बारे में जानकारी ली गई तो उसने बताया कि वह दादा-दादी के यहां नहीं जाएगीबालिका ने अपने नाना नौतला गांव निवासी भगवान के यहां जाने की बात कही। रचना कटिहार ने राम गांव थाने की पुलिस से संपर्क किया। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने बालिका के नाना की खोजबीन की। बालिका के पिता और नाना वन स्टाफ सेंटर पहुंचे पिता ने काफी मिन्नत कर घर ले जाने की बात की, लेकिन बालिका ने जाने से इनकार कर दिया। इस पर बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव ने मामले की सुनवाई करते हुए बालिका को उसके नाना नानी के सुपुर्द कर दिया।


वन स्टॉप सेंटर में मौजूद बालिका अपने परिवार के साथ। अमृत विचार

# जमीनी विवाद में वृद्ध समेत तीन पर जानलेवा हमला

**बहराइच, अमृत विचार:** खैरीघाट थाना क्षेत्र के करीमबख्शपुरवा में विवादित भूमि पर जबरन शौचालय निर्माण के प्रयास पर विरोध किया तो लाठी डंडों से लैस हमलावरों ने जमकर लाठियां भांजी। जिसके चलते वृद्ध, उसके बेटे व पौत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को बेहड़ा सीएचसी लाए जाने पर चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर किया। वृद्ध की हालत गंभीर बनी हुई देखते हुए चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के करीमबख्शपुरवा गांव मे लगभग 24 वर्ष से एक भूमि विवाद को लेकर कोर्ट में वाद लंबित है। रविवार शाम इसी विवादित भूमि पर शौचालय निर्माण को लेकर गड्ढे की खुदाई शुरू हुई तो गांव निवासी 45 वर्षीय इसरार पुत्र मासूक अली ने इसको रोकने का विरोध किया तो लाठी डंडों व धारदार हथियार से लैस हमलावरों ने उसे घेर कर मारपीट की। उसे बचाने दौड़े वृद्ध पिता 65 वर्षीय मासूक अली पुत्र समद, बेटा 24 वर्षीय मुन्नन पुत्र इसरार को हमलावरों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को थाने लाए जाने पर उन्हें बेहड़ा सीएचसी मेडिकल को भेज दिया गया। काफी जद्दोजहद के बाद पुलिस ने मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक एसके सिंह ने बताया कि पूर्व में भी मारपीट की विवाद हो चुकी है।

# राजनीतिक दलों को पढ़ाया आचार संहिता का पाठ

**दिशा-निर्देश**

**आदर्श आचार संहिता का शत-प्रतिशत पालन करें राजनीतिक दल : जिला निर्वाचन अधिकारी**

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन कार्यक्रमों की घोषणा के उपरान्त जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शान्तिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के सम्बन्ध में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः पालन किये जाने एवं निर्वाचन की समस्त प्रक्रिया में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त अध्यक्ष/मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का पाठ पढ़ाया और भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन किये जाने की अपेक्षा की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कांग्रेस पार्टी मोहम्मद नसीम चौधरी, जिलाध्यक्ष सपा सर्वजीत यादव, जिला मंत्री भाजपा अरूण पाण्डेय, जिला कोषाध्यक्ष बसपा विनोद त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



आचार संहिता की जानकारी देतीं जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

### डीएम ने मतदाताओं को किया जागरूक

लोकसभा चुनाव निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी, शान्ति पूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कृतिका शर्मा व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया की अध्यक्षता में थाना सोनवा के चंदरखा बुजुर्ग में मतदाता जागरूकता चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों /मतदाताओं से वार्तालाप कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा क्षेत्र के अपराधियों तथा असमाजिक तत्वों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गयी।

# जंगल में लकड़ी काटने गए युवक पर किया फायर

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम रानीपुर भेला के मजरा चौबेपुरवा निवासी जुबेर खां (30) पुत्र मोहम्मद मेराज खां रविवार दोपहर में अपने भाई तौफीक रजा खां के साथ जंगल लकड़ी काटने गया था। इस दौरान दोनों भाई अंटा तिराहे से राजपुर जाने वाले मार्ग किनारे करीब तीन किलोमीटर अंदर जंगल में जलौनी के लिए लकड़ी काट रहे थे। इसी बीच तौफीक रजा को फायर की आवाज सुनाई पड़ी। जब तक वह कुछ समझ पाता मेराज की चीख पुकार भी सुनाई देने लगी। भाई के पास पहुंचे तौफीक ने देखा कि उसके दाहिनी आंख में गोली लगी हुई थी। जो खून से लतपथ जमीन पर पड़ा कराह रहा था। जिसे आनन फानन संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा लाया गया। जहां से हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होता देख चिकित्सकों ने उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इस बारे में प्रभारी निरीक्षक भिनगा महिमा नाथ उपाध्याय बताते हैं कि तौफीक रजा की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या घातक हमले के आरोप में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

**सार-संक्षेप**

### खुशी के माहौल में मनाया जाए होली का पर्व

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** होली एवं रमजान पर्व को लेकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे इसके लिए सिरसिया थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई जिसमें क्षेत्र के कई सम्मानित नागरिकों ने भाग लिया। बैठक में क्षेत्राधिकार भिनगा ने कहा कि होली और रमजान पर्व दोनों वर्गों के लिए अति महत्वपूर्ण पर्व है कोई भी प्रभु हमेशा हरसोलश के साथ मनाना चाहिए और त्योहार पर कराल डालने वालों पर नजर भी रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अगर कोई किसी भी समस्या आती है तो उसे तत्काल अपने संबंधित थाना अध्यक्ष को बनाएं राजस्व अधिकारी को बताएं जिस समय रहते समस्या का निराकरण किया जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि लोकसभा चुनाव के तहत जनपद में धारा 144 लागू हो गया है इस धारा का उल्लंघन करने वाले कोई ऊपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्राधिकार ने सभी भी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में होलिका दहन स्थल का निरीक्षण करने का निर्देश भी दिया और उसके साफ सफाई की व्यवस्थाओं का भी आदेश जारी किया। इस मौके पर नायब तहसीलदार, थाना अध्यक्ष सिरसिया, ग्राम प्रधान सिरसिया सुनील सिंह बलदेव यादव, जयप्रकाश यादव, आरिफ खान, सिराजुद्दीन, रमेश गुप्ता, शिव शंकर तिवारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### देश का सबसे बड़ा घोटाला है इलेक्टोरल बांड


बलरामपुर में इलेक्टोरल बांड के मुद्दे पर वार्ता करते इंडिया गठबंधन के नेता।

**बलरामपुर, अमृत विचार।** इलेक्टरल बांड के नाम पर भाजपा ने देश में सबसे बड़ा घोटाला किया गया है। इस घोटाले की जांच सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में होनी चाहिए। देश के पैसे का दुरुपयोग जिन भी लोगों ने किया है उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। यह बातें सोमवार को इंडिया गठबंधन के नेताओं ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहीं। सपा नेता राकेश यादव ने कहा इलेक्टोरल बांड के नाम पर भाजपा ने देश में सबसे बड़ा घोटाला किया है। कर दाताओं तथा देश की गरीब जनता के पैसे का दुरुपयोग कर सरकार बनाई गई है। सुप्रीम कोर्ट के बार-बार निर्देश के बाद भी मामले में लीपापोती करने का प्रयास किया जा रहा है। बांड के नाम पर की गई घोटाले की जांच सुप्रीम कोर्ट के निर्देश में होनी चाहिए और इस मामले में जो भी कंपनी व राजनीतिक पार्टी दोषी हो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि बोफोर्स कांड जैसे फर्जी घोटाले को लेकर स्वर्गीय वीपी सिंह ने देश की कांग्रेस सरकार गिरा दी थी। इलेक्टोरल बांड उससे बड़ा घोटाला है। भाजपा ने इसके नाम पर देश के करदाताओं का शोषण किया है। बांड खरीदने के लिए कंपनियों को ईडी और सीबीआई का डर दिखाकर प्रताड़ित किया गया। इस मामले की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई होनी चाहिए। इलेक्टोरल बांड घोटाला देश के इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि जिन कंपनियों की सालाना कमाई कम थी उन लोगों ने कमाई से कई सौ गुना अधिक का इलेक्टोरल बांड भाजपा सरकार के दबाव में खरीदा। सरकार ने पीछे के दरवाजे से इन कंपनियों की भरपूर मदद की। इलेक्टोरल बांड की जांच सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में होनी चाहिए और इस घोटाले में लिप्त सभी कंपनियों और राजनीतिक दलों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए।

# डीएम के रडार पर वन माफिया

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने वन विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारियों को साफ निर्देश दिए हैं कि सिर्फ थारू जनजाति के लोगों पर कार्रवाई करके आर्थिक अपराधों की इतिश्री कर देना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

वन माफियाओं से गठजोड़ कर आर्थिक अपराध में संलिप्त पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध भी कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आर्थिक अपराध करके वनमाफिया तंत्र के शीर्ष पर बैठे व्यक्तियों के खिलाफ उगले चार हफ्ते के अन्दर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने पुलिस व वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वन वनमाफियाओं के खिलाफ उनके न्यायालय में गैंगस्टर एक्ट के तहत गैंग चार्ट/वाद दाखिल करें। ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध साक्ष्यों के आधार गैंगस्टर की कार्यवाही की जाएगी तथा ऐसे लोगों को निष्पक्ष चुनाव में किसी भी दशा में खलल नहीं डालने दिया जाएगा।

इसके साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी ने आबकारी व पुलिस विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि अवैध शराब के विरुद्ध भी अभियान चलाकर कार्यवाही करें। आपराधिक गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों एवं संदिग्धों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध ठोस कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही पुलिस एवं प्रवर्तन से सम्बन्धित सभी विभागीय अधिकारियो को यह निर्देश दिए हैं कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियो की कार्यशैली पर स्वयं विशेष ध्यान दें तथा समय से कार्यवाही कर लें अन्यथा उनके विरुद्ध भी कड़ी दण्डात्मक कार्यवाही जिला मजिस्ट्रेट के स्तर से गोपनीय रूप से जांच करके कर दी जाएगी।

## नाराज कार्डधारक ने फाड़ा कोटेदार का रजिस्टर

**बलरामपुर, अमृत विचार।** राशन वितरण के दौरान नेटवर्क की समस्या होने से नाराज कार्डधारक और कोटेदार के बीच विवाद हो गया ।कोटेदार का आरोप है कि कार्डधारक ने उसका सरकारी रजिस्टर फाड़ डाला तथा मोबाइल तोड़ दिया ।पीड़ित कोटेदार ने नगर कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ।मोहल्ला बलुहा के कोटेदार जावेद खां ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहां है कि सोमवार को उनके मोहल्ले का एक कार्ड धारक दुकान पर राशन लेने आया था ।उस समय ई- पाश मशीन में नेटवर्क नहीं था इसलिए अंगूठा नहीं लग पा रहा था ।मैंने कहा की नेटवर्क आने पर राशन दूंगा। इसी बात पर कार्ड धारक नाराज हो गया और उसने सरकारी रजिस्टर फाड़ डाला तथा मोबाइल भी तोड़ दिया। कोटेदार के साथ हुई अभद्रता से नाराज सस्ता उचित दर विक्रेता परिषद के पदाधिकारी भी आक्रोशित हो गए। नगर कोतवाल शैलेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# आचार संहिता के उल्लंघन पर की जाएगी कठोर कार्रवाई : डीएम

**बलरामपुर, अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन की घोषणा होने के पश्चात शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, सकुशल रूप से चुनाव संपन्न कराए जाने हेतु डीएम अरविंद सिंह एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा शहरी क्षेत्र बलरामपुर में भारी पुलिस बल के साथ एरिया डोमिनेशन के अंतर्गत फ्लैग मार्च किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

डीएम ने कहा कि प्रशासन सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव कराने के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध, दृढ़ संकल्पित एवं तैयार है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद तत्काल प्रभाव से सभी राजनीतिक प्रचार सामग्री हटवा दी गई है। चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि, धन अथवा बाहुबल का प्रयोग, अवैध मदिरा का प्रयोग, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर तत्काल दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। लोकतंत्र के महापर्व में समस्त जनपदवासी बढ़-चढ़कर प्रतिभाग करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही साथ चुनाव आयोग, प्रशासन द्वारा जारी आदेशों का अनुपालन जरूर करें।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी बलरामपुर सदर राजेंद्र बहादुर, सीओ सिटी व अन्य संबंधित अधिकारी वकर्मचारीगण उपस्थित रहे।


बलरामपुर में डोमिनेशन फ्लैग मार्च करते डीएम, एसपी व फोर्स के जवान।

**पहल** — टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा, होगा क्षेत्र का विकास

# 7 करोड़ रुपये से होगा बघेलखंड जलाशय का पुनर्निर्माण


बलरामपुर में बघेलखंड जलाशय पर कार्य में अधिकारी। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार।** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के चित्तौड़गढ़ बांध निर्माण खंड अंतर्गत सात करोड़ की लागत से बघेलखंड जलाशय के पुनर्निर्माण एवं सुधार कार्य की शुरुआत शुक्रवार को क्षेत्रीय ग्रामीण के साथ पूजन कर सबको मिठाई खिलाकर किया गया।

एक्स ईएन अखिलेश सिंह ने बताया कि जरवा के बघेलखंड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जलाशय के पुनर्निर्माण एवं सुधार कार्य का काम तेजी से शुरू किया जा चुका है। जिसमें बांध के तट को चौड़ा करते हुए उसकी सफाई की जाएगी, तट पर जहां गड्ढे हो चुके हैं उनमें मिट्टी पटाई की जाएगी तथा तट के ऊपर इंटरलॉकिंग खड़ंजा का कार्य किया जाएगा जिससे पर्यटक अपने वहां से पूरे जलाशय का भ्रमण कर सकें। क्षेत्रीय ग्रामीण गुरु वचन, शिवकुमार, अंकित, सुरेश, रामसमुझ, रामकेवल आदि ने बताया कि बांध बन जाने पर हमें सिंचाई हेतु समय-समय पर जल उपलब्ध होता रहेगा साथ ही साथ हमें आजीविका बढ़ाने में भी सहायता मिलेगी।

## एनएसएस छात्रों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बलरामपुर, अमृत विचार।** प्राथमिक विद्यालय रंजीतपुर में एमएलके पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा चल रहे विशेष शिविर के द्वितीय दिन सोमवार को प्रथम सत्र में आसपास के मंदिरों, स्कूलों और कई सार्वजनिक स्थानो पर स्वयंसेवकों द्वारा व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद सिद्दार्थ विश्वविद्यालय के पूर्व डीन( समाजशास्त्र) डॉ अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे दैनिक जीवन में स्वच्छता बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वनस्पति विज्ञान के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. जेपी तिवारी ने की। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान एनएसएस के मुख्य कार्यक्रमाधिकारी डॉ आलोक शुक्ला ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

**पूर्वोत्तर रेलवे** अधिसूचना सं.: 39/2024

**रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा के लिये लखनऊ–देहरादून–लखनऊ के मध्य नई वन्दे भारत गाड़ी का नियमित संचलन दिनांक **26-03-2024** से निम्न समयानुसार किया जायेगा।

**नियमित गाड़ी का समय एवं ठहराव**

| 22545 लखनऊ-देहरादून | | स्टेशन | 22546 देहरादून-लखनऊ | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:15 | लखनऊ जं. | 22:40 | -- |
| 08:33 | 08:35 | बरेली जं. | 19:03 | 19:05 |
| 09:52 | 09:57 | मुरादाबाद | 17:40 | 17:45 |
| 12:10 | 12:15 | हरिद्वार | 15:26 | 15:31 |
| 13:35 | -- | देहरादून | -- | 14:25 |

गाड़ी सं. 22545 लखनऊ से दिनांक 26-03-2024 से सप्ताह मे छः दिन (सोमवार को छोड़कर)
गाड़ी सं. 22546 देहरादून से दिनांक 26-03-2024 से सप्ताह मे छः दिन (सोमवार को छोड़कर)

रेक संरचना: वन्दे भारत कोच-08

मुजाधि / टी–90 मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।



**8वां रोजा**

शिया
सहरी : 04.38 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

सुन्नी
सहरी : 04 .51 बजे
इफ्तार : 06.14 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# तस्करी पर अंकुश लगाएगी अंतरिम चेक पोस्ट

**सहायक आयुक्त की अगुवाई में तैनात हुए इंस्पेक्टर, दीवान और सिपाही**

बहराइच

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी या उसके समर्थक द्वारा नेपाल से भारत या भारत से नेपाल में शराब की तस्करी न हो, इसके लिए भारत नेपाल सीमा पर अंतरिम चेक पोस्ट की स्थापना आबकारी विभाग की ओर से की गई है। यहां पर अधिकारी भी तैनात कर दिए गए हैं।

लोकसभा अथवा विधानसभा चुनाव में प्रत्याशियों और उनके समर्थकों की ओर से नेपाल से भारी मात्रा में शराब की तस्करी देश में की जाती है। इससे चुनाव प्रभावित होने की आशंका रहती है। साथ ही चुनाव आचार संहिता पर दूसरे लोग सवाल उठाते हैं। इसको देखते हुए शासन के आयुक्त मिनिस्ती एस ने भारत नेपाल सीमा पर अंतरिम आबकारी चेक पोस्ट स्थापना के निर्देश दिए थे। जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि शासन के निर्देश पर भारत नेपाल सीमा पर रुपईडीहा में अंतिम आबकारी चेक पोस्ट की स्थापना कर दी गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव आचार संहिता लागू होते ही इसका संचालन शुरू कर दिया गया है। जिला आबकारी ने बताया कि इस चेक पोस्ट के द्वारा भारत से नेपाल और नेपाल से आने जाने वाले लोगों पर नजर रहेगी। साथ ही जिनके पास निर्मित या अवैध शराब पाया जाएगा, उसके कागजात की जांच की जाएगी। बिना कागजात के शराब लाने और ले जाने वाले लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि चुनाव आचार संहिता तक अंतरिम चेक पोस्ट का संचालन किया जायेगा। मालूम हो कि प्रदेश में कुल 38 और जिले में एक अंतरिम चेक पोस्ट की स्थापना हुई है।



भारत-नेपाल सीमा पर बनी अंतरिम चेकपोस्ट। अमृत विचार

### ये हुए तैनात



जिला आबकारी अधिकारी सुधांशु सिंह ने बताया कि अंतरिम आबकारी चेक पोस्ट पर एक सहायक आयुक्त तीन आबकारी इंस्पेक्टर, तीन सिपाही, दो दीवानों की तैनाती हुई है। उन्होंने बताया कि आठ आठ घंटे के अंतराल पर सभी ड्यूटी करेंगे।

# डीएम व एसपी ने गल्ला मण्डी का किया भ्रमण

**बहराइच, अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए पोलिंग पार्टियों की रवानगी, मतपेटिकाओं को सुरक्षित रखने तथा मतगणना इत्यादि कार्यो के लिए चिन्हित किये गये स्थानों पर की जा रही तैयारियों का जायज़ा लेने के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने जिले के अन्य प्रशासनिक एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नामित अधिकारियों के साथ कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर का निरीक्षण किया। मण्डी परिसर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देश दिया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के अनुसार फुल-प्रूफ व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। जिलाधिकारी ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार निर्धाति किये गये स्ट्रांग रूम स्थल का निरीक्षण करते हुए सुरक्षा मानकों पर विशेष ध्यान दिये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मण्डी समिति के सचिव को निर्देश दिया कि निर्धारित किये गये स्थलों को समय से खाली कराकर उसकी पर्याप्त साफ-सफाई एवं रंग-रोगन तथा आवश्यकतानुसार मरम्मत का कार्य समय से सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि स्ट्रांगरूम के लिए चिन्हित किये गये कमरों की छत एवं फर्श इत्यादि का भली प्रकार से अवलोकन कर आवश्यक मरम्मत का कार्य करा दिया जाय। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उप जिलाधिकारी सदर प्रिंस वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, अधीक्षण अभियंता लोनिवि प्रा.ख. प्रदीप कुमार व जल निगम के कमला शंकर, एआरटीओ राजीव कुमार व ओपी सिंह, सचिव मण्डी धनंजय सिंह, पयागपुर के राम चन्द्र यादव, कैसरगंज के रामजीत मौर्य, मोतीपुर के बाबू राम, महसी के सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी आदि रहे।

## एक नजर

### अधेड़ के साथ मारपीट मामले में केस दर्ज

**बहराइच :** रूपईडीहा थाने के परगहवा निवासी अंसार पुत्र रशीद 12 मार्च को चिकनिया पुल के पास दोपहर एक बजे बाइक धुलाने गए थे। बाइक धुलाई के तीस रूपये मांगने पर उन्होंने पांच सौ का नोट दिया। तो धुलाई करने वाले कटघर गांव निवासी समीम ने छुट्टा देने को कहा। इसी बात को लेकर समीम व बुद्दनी ने गाली गलौज कर डंडे से अंसार पर ताबड़तोड़ हमले कर मारपीट की। जिसके चलते वह घायल हो गए। थाने आने पर पुलिस ने मेडिकल को भेज दिया गया था।

### तीन नामजद पर केस दर्ज

**बहराइच :** विशेश्वरगंज थाने के कुरसहा निवासनी नीलम देवी ने अपने ससुर व देवर, उसके पुत्र के विरूद्ध मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कराया है । नीलम देवी के अनुसार उनकी सास महरानी ने अपने पति पूरनमल से खाना खर्चा को डीएम के यहां शिकायत पर थाने से 16 मार्च को जांच को पुलिस आई थी। पुलिस के जाते ही पूरनमल, देवर भवानी प्रसाद व उसके बेटे गोविंद ने सास महरानी व पति समय प्रसाद पर हमला कर मारपीट की।

### सड़क हादसे में अज्ञात व्यक्ति की हुई मौत

**बहराइच :** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत बहराइच गोंडा मार्ग के दुनक्का के पास स्थित हुंडई एजेंसी के पास अज्ञात व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी थी। जिससे बीती रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर 72 घंटे के लिए शव पहचान के लिए मर्चरी में रखवा दिया।

# बोर्ड परीक्षा के मूल्यांकन कार्य का किया बहिष्कार

## शिक्षकों में नाराजगी, प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन, नहीं जांची कापियां

बहराइच

**अमृत विचार :** मुजफ्फरनगर में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली में बनारस के शिक्षक की मौत हो गई है। इसको लेकर जिले के शिक्षकों में नाराजगी है। सभी सोमवार को मूल्यांकन कार्य बहिष्कार कर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ज्ञापन देने के बाद सभी मूल्यांकन कार्य छोड़कर चले गए। पूरे दिन यूपी बोर्ड परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन नहीं हुआ।

जिले में यूपी बोर्ड परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन कार्य चल रहा है। इसके लिए राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। सोमवार को काफी संख्या में शिक्षक सुबह नौ बजे से कॉपी जांच करने के लिए पहुंचे। तभी शिक्षकों को जानकारी हुई कि बनारस के शिक्षक की मुजफ्फरनगर में एक शिक्षक को विवाद में सिपाही ने गोली मार दी। जिसके चलते शिक्षक की मौत हो गई। इस घटना के विरोध में जिले के शिक्षकों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। सभी ने मूल्यांकन कार्य रोक कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सभी पुलिस और प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र तिवारी सभी को समझा रहे हैं, लेकिन शिक्षक नहीं मान रहे हैं। सभी दोषी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और पीड़ितों को 5 करोड़ रूपये आर्थिक सहय्यता के साथ अन्य मांग कर रहे हैं। धरना और मूल्यांकन कार्य बहिष्कार के बाद शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार और सीओ को सौंपा।


राजकीय इंटर कॉलेज में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### प्रांतीय नेतृत्व के बाद होगा मूल्यांकन

दोनों केंद्रों पर मूल्यांकन कार्य बंद होने के मामले में शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार तिवारी ने बताया कि प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर कार्य को स्थगित किया गया है उन्होंने कहा कि प्रांतीय नेतृत्व का जैसा निर्देश होगा, उसी के तहत कॉपियों की जांच शुरू की जाएगी। नहीं तो इसी तरह धरना और प्रदर्शन जारी रहेगा।

इस दौरान राजेन्द्र प्रसाद, मनोज पाण्डेय, मुक्तेश्वर पोद्दार, राकेश सिंह, भीम सिंह, सहित सैंकड़ों अध्यापक मौजूद हैं।

# बाल-विवाह होने पर हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर करें सूचित


ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

जरवल, बहराइच

**अमृत विचार :** परिवार नियोजन की सेवाओं की पहुंच तथा गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए मोबियस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में सभी विभागों के साथ खण्ड विकास अधिकारी अमन कुमार की अध्यक्षता में ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग नोडल विभाग ,पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, आईसीडीएस,भारत स्काउट्स और गाइड्स,तथा अन्य की प्रतिभागिता रही।

बैठक में पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ़ इण्डिया के बीके जैन ने सभी का स्वागत करते हुए उम्मीद परियोजना के अंतर्गत चलाये जा रहे बाल विवाह के विरुद्ध अभियान की प्रगति को साझा किया। खण्ड विकास अधिकारी अमन कुमार ने कहा कि सभी विभागों के साझा प्रयास द्वारा दी जा रही सेवाओं का लाभ समुदाय में सही से पहुंचे, इसके लिए इस बैठक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। प्रभात कुमार प्रतिनिधि ने बताया कि परियोजना का विस्तार जिले के साथ अन्य जनपदों में भी किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियाँ प्रस्तावित है। कृति चौरसिया प्रवक्ता ने कहा कि अभियान ने माता-पिता को जोड़ने के लिए उनके विद्यालय में आयोजित पैरेंट्स-टीचर मीटिंग में भी इस मुद्दे पर नियमित चर्चा किया जायेगा। कार्यक्रम में आगामी दिनों में 50 यूथ चैंपियंस का भी चिन्हीकरण किया जाएगा। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, आजीविका मिशन, शिक्षा विभाग, पंचायती राज, भारत स्काउट और गाइड आदि विभागों की उपस्थिति रही।

## सार-संक्षेप

### नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी का सम्मान


खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**विशेश्वरगंज, बहराइच ,अमृत विचार :** खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सोमवार को बीआरसी पहुंच कर कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी कमलेश कुमार मिश्र का बीआरसी कार्यालय पर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत एवम सम्मान किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष उमाकांत तिवारी,मंत्री अमित मिश्र,कोषाध्यक्ष राकेश कुमार यादव, संयुक्त मंत्री नन्हे लाल शुक्ल, प्रभात सिंह ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुभव सिंह, सुरेश कुमार ,उपाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्र,अलकेश आलम ,प्रेमनाथ दुबे,सुभेंद्र प्रताप सिंह, वशिष्ट गिरी,विमला त्रिपाठी सहित ब्लॉक के अनेक शिक्षक एवम शिक्षिकाए उपस्थित रहे।

### गांव-गांव रामोत्सव मनाएगा विहिप बजरंग दल: विभाग उपाध्यक्ष



विहिप बजरंग दल की बैठक में शामिल लोग। अमृत विचार

**मिहींपुरवा, बहराइच, अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रांत सह मंत्री बृजेश पाण्डेय की अध्यक्षता मे मैदानी बाबा मंदिर मे जिला योजना की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमे गांव गांव में रामोत्सव मनाने पर बल दिया गया। बैठक में प्रांत मंत्री ब्रिजेश पांडेय आगामी लोकसभा चुनाव, बजरंग दल परीक्षण वर्ग, दुर्गा वाहिनी परीक्षण वर्ग आदि व संगठन के विस्तार पे चर्चाएं की गई। जिसमे महिलाओं व युवाओं को एक – दूसरे से जोड़े रखने वाले कार्यक्रम होली मिलन शामिल है। विभाग उपाध्यक्ष संदीप सिंह ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिर्फ एक संगठन नही हैं, बल्कि पूरे सनातन समाज को जोड़े रखने वाली सबसे बड़ी संस्था हैं। इस मौके पर श्यामता धर्म प्रसार प्रमुख अवध प्रांत, राम कुमार सोनी सह समरसता प्रमुख, डॉ0 राकेश दुबे विभाग अध्यक्ष, संदीप सिंह विभाग उपाध्यक्ष, तरुण सिंह जिला अध्यक्ष, बृज किशोर जिला मंत्री, अजय सिंह जिला कार्याध्यक्ष, हेमलता श्रीवास्तव विभाग मातृशक्ति संयोजिका, दिव्या सिंह दुर्गा वाहिनी, प्रवीन श्रीवास्तव जिला समरसता प्रमुख, रणधीर सिंह जिला उपाध्यक्ष, बृजेश जिला सह संयोजक, डॉ0 शुभम मिश्रा जिला सुरक्षा प्रमुख, अमर शुक्ला जिला गौ रक्षा प्रमुख, कृष्णा पाण्डेय (प्रखंड मीडिया प्रभारी बजरंग दल मिहींपुरवा), राम सिंह (प्रखण्ड संयोजक बजरंग दल मिहींपुरवा) आदि लोग उपस्थित रहे।

### जटिल बीमारियों के प्रति जागरूकता फैलाएंगी महिलाएं


शहर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

**बहराइच, अमृत विचार :** शहर में wow संस्था द्वारा जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। संस्था की अध्यक्ष सांची अग्रवाल एवं माही अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं से जुड़ी विभिन्न समस्या जैसे ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, यूटरिन कैंसर के विषय में जागरूकता के लिए शहर के विभिन्न अनुभवी महिला डॉक्टरों से इन गंभीर बीमारियों पर जागरूकता फैलाने का प्रयास किया। महिलाओं से जुड़ी इन समस्याओं के बारे में महिलाओं से परामर्श किया, ताकि वह स्वयं जागरूक रह सके और समाज व अपने घर परिवार में लोगों को जागरूक बना सके। इस प्रयोजन में एमएलसी डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी, डॉक्टर स्वाति अग्रवाल, डॉक्टर राजुल सिंह, डॉ मंजरी तिवारी, डॉक्टर गरिमा शर्मा ने महिलाओं को परामर्श दिया। कार्यक्रम संयोजक पलक टेकड़ीवाल, श्रेया कौर एवं महिमा दोचानिया रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था की कोषाध्यक्ष नियति जैन, मंत्री आस्था अग्रवाल व संस्था की अन्य सदस्य मौजूद रही।

### जनपद में निषेधाज्ञा लागू

**बहराइच,अमृत विचार :** राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का पालन कराते हुए होलिका दहन, होली, गुडफाइडे, रमजान का अन्तिम शुक्रवार (अलविदा), ईद-उल फितर, डॉ. भीम राव अम्बेडकर जयन्ती, राम नवमी, महावीर जयन्ती, चेटी चन्द, लोक नायक महाराणा प्रताप जयन्ती, परशुराम जयन्ती आदि त्योहारों, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं द्वारा आयोजित परीक्षाओं, लोक सभा सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना जारी हो जाने के फलस्वरूप आदर्श आचार संहिता का पालन कराये जाने तथा निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्ट्रेट ने गौरव रंजन श्रीवास्तव ने निषेधाज्ञा लागू की है। एडीएम द्वारा जारी आदेश के समस्त 19 मार्च से 10 मई तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा।

# श्रमिकों की मौत पर पुलिस ने किया खेल, लगाई हल्की धारा

**बहराइच, अमृत विचार:** कोतवाली देहात के गजपतिपुर गांव में तीन दिन पूर्व छत गिरने से दो श्रमिकों की मौत हो गई थी। जिसमें पुलिस ने धारा 304ए लगा दिया है। ऐसे में नामजद लोगों की गिरफ्तारी भी नहीं हो सकती है। ऐसे में पीड़ितों को न्याय मिलने की संभावना नहीं दिख रही है। परिवार के गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

कोतवाली देहात के गजपतिपुर गांव में तीन दिन पूर्व मकान की छत गिर गई थी। जिसके नीचे दबकर दो श्रमिकों की मौत हो गई थी। पुलिस ने रसूखदार रिसॉर्ट के मालिक का मामला ज्यादा तूल न पकड़े, इसके लिए केस दर्ज कर लिया। लेकिन केस में भी खेल हो गया। पुलिस ने धारा 336,337 और धारा 304ए के तहत होटल मालिक डॉक्टर अनिल केडिया, ठेकेदार और आर्किटेक्ट के अलावा चार अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया है। पुलिस सिर्फ 304 लगाना चाहिए था। नामजद लोगों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक श्रमिक के परिवार के लोगों ने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। सभी ने नामजद लोगों के गिरफ्तारी की मांग की। रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम सहनवाजपुर निवासी मृतक के परिवार के लोगों का कहना है कि पुलिस जल्द से जल्द नामजद लोगों की गिरफ्तारी करे। इनकी लापरवाही से ही दो श्रमिकों की जान गई है।

## अखंड रामायण पाठ का आयोजन

**पयागपुर, बहराइच :** समय माता मन्दिर के वार्षिक प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में अखण्ड रामायण का पाठ, हवन एवं भंडारा का कार्यक्रम बहराइच गोंडा रोड स्थित पयागपुर के पैतौरा चौराहे पर समय माता के मंदिर पर आयोजित किया गया ,जिसमें माता रानी के भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन समय माता मन्दिर साधक क्रांति वीर मिश्रा और भूपगंज बाजार के समस्त माता रानी के श्रद्धालु जनों द्वारा किया गया। माता मन्दिर में हर वर्ष बड़े धूमधाम के साथ अखण्ड रामायण का पाठ एवं भंडारा का आयोजन किया जाता है। इस मन्दिर में दूर दूर से भक्त श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण करने आते हैं। कार्यक्रम के दौरान अंकित अग्रवाल,गुड्डू जायसवाल, अमित शर्मा,राकेश शर्मा,महादेव जायसवाल ,बदलू जायसवाल ,नीरज जायसवाल ,सुशील रावत , सूरज रावत उपस्थित रहे।

### हादसे रोकने के लिए सतर्क रहें रेल अधिकारी व कर्मचारी


निरीक्षण करते मुख्य संरक्षा अधिकारी।

**बहराइच, अमृत विचार :** रेल प्रखंड पर संरक्षित ट्रेन संचालन को लेकर पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा एवं मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक आशीष भाटिया, मुख्य सिगनल इंजीनियर जीपी एस नारायन, मुख्य इंजीनियर/पीडी संदीप कुमार एवं पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के अपर मण्डल रेल प्रबन्धक राजीव कुमार एवं वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डा0 शिल्पी कन्नौजिया तथा मण्डल के शाखा अधिकारियों की उपस्थिति में गोण्डा-बहराइच रेल खण्ड का संरक्षा आडिट विण्डों का निरीक्षण किया गया। प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने संरक्षा आडिट टीम के साथ जिले के पयागपुर-चिलवरिया स्टेशनों के मध्य इंटरलॉक गेट सं0 25सी का संरक्षा निरीक्षण किया। उन्होने उपलब्ध संरक्षा उपकरणों लीवर लॉक, बूम लॉकिंग, प्राइवेट नम्बर स्थानान्तरण रजिस्टर, सेफ्टी चेन, पटाखा संकेत एवं हैण्ड टॉर्च की जाँच की तथा कार्यरत गेट मैन से फाटक टूटने अथवा फेल होने की दशा में बरती जाने वाली संरक्षा सावधानियाँ एवं कार्यप्रणाली पर संरक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त की।

# पारले शुगर मिल का छात्रों ने किया भ्रमण


चीनी मिल भ्रमण के दौरान मौजूद छात्र और शिक्षक। अमृत विचार

बौंडी, बहराइच

**अमृत विचार :** विकास खंड फखरपुर के बीआरसी पर राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित क्विज प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं का प्रथम चरण में 60 बच्चों के लिए खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग मिश्रा के कुशल निर्देशन में एक दिवसीय एक्सपोजर विजिट का आयोजन सोमवार को हुआ। जिसके तहत बच्चों ने जिले के कैसरगंज में स्थित पारले शुगर मिल पर्सेंडी का भ्रमण कर यहां के चीनी उत्पादन की क्रियाकलाप के बारे में प्रत्यक्ष रूप से देखकर समझा।

छात्रों ने भ्रमण के दौरान जाना कि किसानों द्वारा लाया गया गन्ना को मिल में कटर से छोटे छोटे टुकड़ों में काटकर पेराई से रस निकाला जाता है, इसके बाद रस को बॉयलर में भेजकर चीनी के क्रिस्टल रूप की प्रक्रिया अपनाई जाती है, इस दौरान जो वेस्ट मैटेरियल निकलता है उसका उपयोग मिल के अंदर ही 23 मेगावाट बिजली उत्पन्न करने में कर ली जाती है। बीईओ ने सभी बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स, नोटबुक, चॉकलेट और पानी की बोतले देकर उत्साहवर्धन किया तथा पारले शुगर मिल की तरफ से बच्चों को लंच पैकेट दिया गया। बीईओ अनुराग मिश्रा ने बताया की बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण के विकास के साथ ही स्थाई ज्ञान प्राप्त करने के लिए विभाग द्वारा एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया जाता है, इससे बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ ही स्थाई व्यवहारिक ज्ञान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्राप्त होता है। शिक्षक अरुण अवस्थी ने बताया की इससे बच्चों में विज्ञान की समझ विकसित होगी। इस अवसर पर बीईओ अनुराग मिश्रा,मिल के मुख्य प्रबंधक अनिल यादव एआरपी अशोक कुमार, शिक्षक अरुण अवस्थी, प्रेम कुमार अवस्थी, इरशाद अहमद, बिलाल अंसारी, निर्मल मिश्रा, रेहानुर्रहमान,जुगेंद्र सिंह, दुर्गेश मिश्रा,कमलेश वर्मा, पंकज विश्वास,अखिलेश सक्सेना, सीमू दूबे, अभिषेक यादव, जितेंद्र राय प्लांट सेफ्टी ऑफिसर संजय और हिमांशु मौजूद रहे।

### अयोध्या और नेपाल के पहलवान ने जीता मुकाबला

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के दर्जनों मुकाबलों में दिग्गज पहलवानों को धूल चटाते हुये अयोध्या और नेपाल के पहलवानों ने अपना दमखम दिखाया। दो दिवसीय प्रतियोगिता के समापन दिवस पर एक दर्जन से अधिक शानदार कुश्ती के मुकाबले सम्पन्न हुए। जिसमे अयोध्या के हरिकिशुन और नेपाल के लक्की थापा ने अपने दमखम का लोहा मनवाया। पयागपुर हुजूरपुर मार्ग स्थित बाबा बागेश्वर नाथ शिवमंदिर पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के समापन दिवस पर सम्पन्न हुये मुकाबलों में अयोध्या के हरिकिशुन पहलवान ने राजस्थान के राकी पहलवान, रविशंकर दास पहलवान ने राजस्थान के बादल गुज्जर व विहार के मुन्ना टाइगर पहलवान,अजमेरी के बाबर पहलवान,ने झांसी के तूफान पहलवान,नेपाल के लकी थापा ने पंजाब के विक्की पहलवान, आगरा के कालीघटा पहलवान ने गोरखपुर के मोहित को हराया।

**दिशा-निर्देश** निर्वाचन व्यवस्थाओं की समीक्षा के लिए डीएम ने की बैठक

# आयोग के नियमों के मुताबिक करें कार्रवाई : मोनिका रानी

संवाददाता, बहराइच


चुनाव को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित करतीं डीएम। अमृत विचार

**अमृत विचार :** जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए निर्वाचन की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त किये गये प्रभारी अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बैठक की। डीएम ने प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन जैसे कार्य को निर्वाचन आयोग की मंशानुरूप सम्पन्न कराये जाने को एक चुनौती के रूप में स्वीकार करें।

कलेक्ट्रेट में मतदान कार्मिक, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, यातायात, प्रशिक्षण, लेखन सामग्री, प्रेक्षक व्यवस्था, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण, डाक मतपत्र, वेबकास्टिंग, सूचनाओं का आनलाईन प्रेषण, निर्वाचन कन्ट्रोल रूम, बैरीकेटिंग, प्रकाश, वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी, एमसीएमसी, निर्वाचन प्लान, मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त किये गये प्रभारी अधिकारियों से एक-एक कर जिलाधिकारी ने अब तक की गयी प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त करते हुए संतोष व्यक्त किया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक स्तर पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के सम्बन्ध में सौपी गयी जिम्मेदारियों को पूरा करने में अपने-अपने अनुभव का भी फायदा उठायें।

मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित गतिविधियों की जानकारी प्रदान करते हुए सीडीओ रम्या आर ने बताया कि जनपद में व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को अनिवार्य मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डीएम ने सीडीओ को निर्देश दिया कि स्वीप कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करते रहें ताकि आयोग की मंशा के अनुरूप मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में डीएम ने निर्देश दिया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम की गुणवत्ता को सर्वोपरि रखा जाए। प्रशिक्षण के दौरान यह सुनिश्चित कराया जाए पोलिंग पार्टी में नियुक्त किये सभी स्तर के अधिकारी भली प्रकार से अपने-अपने उत्तरदायित्यों विशेषकर ईवीएम संचालन में दक्ष हो जाए। डीएम ने निर्देष दिया कि सभी कार्मिकों के लिए पृथक-पृथक रंग के आईडी कार्ड जारी किये जाए।

महिला शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय
तुरकौली, नवाबगंज-गोण्डा
9415458212, 9838989000, 9648469000

आवश्यकता

स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर वाणिज्य, प्राणि विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, गणित, शिक्षाशास्त्र, गृह विज्ञान, हिन्दी, भूगोल, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास, राजनीतिशास्त्र विषयों में प्राध्यापन कार्य हेतु सहायक आचार्य पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाता है।
अर्हता -: स्नातक उपाधि द्वितीय श्रेणी, सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि न्यूनतम 55% अंकों सहित, यूजी0सी0 रेगुलेशन-2016 प्रमाणपत्र सहित पी-एच0 डी0 उपाधि/नेट प्रमाण पत्र।
नोट- यू0जी0सी0 द्वारा निर्गत नवीनतम शैक्षिक अर्हता एवं मानकों के अनुसार शिक्षकों की नियुक्ति हेतु चयन की कार्यवाही की जावेगी।
वेतन -: यूजीसी/डॉ0 रा0म0लो0 अवध वि0वि0/उ0प्र0 शासन के मानक के अनुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र पर नवीनतम फोटोग्राफ चस्पा कर अपने समस्त शैक्षिक अंकपत्रों एवं प्रमाणपत्रों/उपाधियों की स्व-प्रमाणित स्वच्छ छायाप्रति संलग्न कर महाविद्यालय कार्यालय में विज्ञापन की तिथि से 14 दिवस के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़ने वाले या सामने प्रिय बोलने वाले मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण कदम

निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को छह राज्यों के गृह सचिवों, बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को हटा दिया है। जिन छह राज्यों के गृह सचिव हटाए हैं, उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। चुनाव आयोग आम तौर पर संसदीय और विधानसभा चुनावों के दौरान ऐसी कार्रवाई करता है, जब हितों के टकराव या ऐसे अधिकारियों द्वारा सभी के लिए समान अवसर को बाधित करने की संभावना का मुद्दा सामने आता है। चुनावों से पहले, चुनाव आयोग राज्यों को चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश देता है। यदि राज्यों द्वारा ऐसे अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाता है, तो चुनाव आयोग उन्हें हटाने का आदेश देता है। जानकारों के मुताबिक पश्चिम बंगाल के डीजीपी को स्थानांतरित करने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि अधिकारी को पहले भी राज्य में 2016 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान सक्रिय चुनाव प्रबंधन-संबंधी ड्यूटी से हटा दिया गया था। लोकतंत्र में सभी दलों के लिए समानता की मांग की जाती है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव उन अवसरों को सुनिश्चित करते हैं। दरअसल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार कई मौकों पर चुनाव के दौरान समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने पर जोर दे चुके हैं।

आयोग की इस कार्रवाई को इन्हीं प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा चुनाव प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है जो इसकी 'स्वतंत्र एवं निष्पक्ष' प्रकृति के बारे में संदेह उत्पन्न करती हैं। सोशल मीडिया पर चलने वाले राजनीतिक अभियान कभी-कभी देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक और सामाजिक तनाव पैदा कर देते हैं जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने के लिए वृहद प्रयास करना चाहिए कि चुनाव में सत्तारूढ़ दल को अन्य दलों की तुलना में अनुचित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा हो। निर्वाचन आयोग को तकनीकी नवाचार, वैधानिक सुधार, जन जागरुकता और वैश्विक सहयोग को शामिल करते हुए एक रणनीति के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए चुनावी अखंडता, समावेशिता और जवाबदेहिता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

# गोवा पुर्तगाली अतीत से सनातन की ओर



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है।



गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं।

गोवा की इमेज इस तरह की बनाई जाती रही कि मानो ये भारत में यूरोप का कोई अंग हो। हां, गोवा पर लंबे समय तक पुर्तगाल का नियंत्रण रहा। उसका असर होना लाजिमी है। पर अब गोवा अब अपने सनातन और भारतीय मूल्यों से जुड़ने को बेकरार है। शताब्दियों लंबे विदेशी प्रभाव और हस्तक्षेप के बावजूद गोवा लगातार भारतीय परंपरा के साथ जुड़ा रहा। जिस गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण को लेकर कभी एलेक पद्मसी जैसे दिग्गज लेखक कहते थे कि समुद्र के किनारे भारत का यह हिस्सा वेस्टर्न कल्चर का ईस्टर्न गेटवे है, वह गोवा आज सनातन और अध्यात्म के साथ अपने सांस्कृतिक डीएनए पर नाज कर रहा।

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है। भारतबोध की समझ और रोशनी में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को देखने की ललक आज हर तरफ देखी जा रही है। ललक की इस लाली में जहां स्वाधीनता को लेकर भारतीय मूल्य की गहरी जड़ों की हम शिनाख्त कर पाए हैं, वहीं गोवा मुक्ति संघर्ष जैसे सुनहरे पन्ने भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रमुखता से जुड़ रहे हैं। गोवा को पुर्तगालियों के 450 सालों के राज से 19 दिसंबर 1961 को आजादी मिली थी जब भारतीय सेना ने कार्रवाई करते हुए सिर्फ 36 घंटे में गोवा को आजाद कराया था। तब से हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। समाजवादी चिंतक और राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया की चर्चा किए बगैर गोवा की आजादी की बात अधूरी ही रहेगी। लोहिया जी ने 18 जून, 1946 को मडगांव में पुर्तगाली औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ गोमंतकों में संघर्ष करने का आह्वान किया था। गोवा के लोग अपने को लोहिया जी का ऋणी मानते हैं, जबकि डॉ.लोहिया कहा करते थे-मेरा गोवा पर नहीं, गोवा का मुझ पर ऋण है। गोवा भारतीय आस्था और पंरपरा का स्वर्ण कलश बनके जगमगा रहा है, वह अभूतपूर्व है। बड़ी बात यह कि गोवा की इस चमक में विरासत और विकास का वह गुणसूत्र भी हमें दिखता है, जिसकी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों हर मंच से कर रहे हैं।

बेशक, मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत आज जब अपने प्रदेश की परंपरा और संस्कृति के बारे में बात करते हैं तो यह साफ दिखता है कि वे अपने प्रदेश के विकास और समृद्धि के बीज सनातन मूल्य में देखते हैं, भारत की अध्यात्म यात्रा में देखते हैं। राजनीतिक तौर पर देखें तो गोवा वह राज्य है, जहां जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी की जड़ें गहरी रही हैं। पंडित दीनदायाल उपाध्याय अक्सर कहा करते थे कि गोवा ने न सिर्फ पुर्तगालियों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, बल्कि गुलामी के खिलाफ भारतीय मूल्य और संस्कार का शानदार आदर्श भी दुनिया के सामने रखा। गौरतलब है कि अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा।

इतिहास बताता है कि तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद गोवा भारत का वह हिस्सा है, जहां मंदिरों का पुनर्निर्माण हुआ। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी ने बनवाया। आज जब सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया है तो यह निस्संदेह एक बड़ी सांस्कृतिक पहल है। श्रेय देना होगा वहां के मुख्यमंत्री डॉ. सावंत को कि वे यह सब शोर-शराबे के बजाय धीर और प्रशांत चित्त के साथ कर रहे हैं। उनका संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता गोवा के सांस्कृतिक इतिहास का ऐसा आख्यान साबित होने जा रहा है, जिसका मूल्यांकन महज राजनीतिक आधार पर नहीं किया जा सकता।

गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। 1000-1200 साल पहले तक तो स्थिति यह थी कि गोवा की सांस्कृतिक पहचान कोंकण काशी के रूप में थी।

पिछले एक दशक में देश में विकास और समृद्धि के जो आख्यान लिखे गए, आज गोवा उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य है। इतना ही नहीं, यह पहला राज्य है कि जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू की गई। गोवा आज किरोसीन फ्री स्टेट है। यह शत प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं, बल्कि 13 हैं जिनमें गोवा बाकी प्रदेशों के मुकाबले शीर्ष पर है।

गोवा की विकास यात्रा की बात करें तो मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रीसिटी फॉर ऑल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर ऑल, हेल्थ फॉर ऑल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर ऑल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। डॉ. सावंत गोवा को लेकर बातचीत में कहते हैं कि अर्थ और आराधना का नया साझा आज गोवा को लेकर एक साथ न सिर्फ कई दूषित पूर्वाग्रहों को तोड़ रहा है, बल्कि भारतीय बोध और संस्कार के साथ अपने गहरे जुड़ाव को भी रेखांकित कर रहा है।

## प्रसंगवश

# धूर्तता की व्याप्ति

धूर्तता राजनीति में ही नहीं, हर क्षेत्र में होती है। नौकरी में, व्यवसाय में, धर्म में, ज्ञान में, लेखन में, पारिवारिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंधों में। न कोई पेशा धूर्त होता है, न कोई क्षेत्र। धूर्त सिर्फ और सिर्फ मनुष्य का विशेषण है। आभासी दुनिया भी वस्तुगत दुनिया का ही आभास है न? हम जो महसूस न करें वह लिख दें, कि इससे ज्यादा लाइक मिलेंगे। या, बिना महसूस किए लाइक का बटन दबा दें कि वह भी दबाता है। या, अहो-अहोवादी टिप्पणी लिख दें कि वह भी लिखता है। इस चक्कर में कभी चित भी लाइक, पट भी लाइक।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ज्यादा से ज्यादा लोगों को ख़ुश करने का यह रोग तो बढ़ते-बढ़ते धूर्तों, चोरों, डाकुओं, बलात्कारियों तक को खुश करने तक पहुंच सकता है। कहां से आता है यह रोग? अधिक से अधिक लोग हमें अच्छा समझें। क्यों भाई, लोगों के समझने से क्या होगा? देश का प्रधानमंत्री या किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है क्या? नहीं न? तो लोगों के चक्कर में क्या पड़ना। जो समझते हैं, समझते रहें। असली सवाल है, हम अपने को क्या समझते हैं? अपने बारे में हमारी क्या राय है? अपने बारे में तो कभी सोचा ही नहीं। जो भी होंगे, ठीक ही होंगे। जो भी क्या? अपने बारे में एक स्थिर राय हो तो इतने लोगों का वोट बटोरने की क्या ज़रूरत। हमसे ज्यादा हमको दूसरा कौन समझ सकता है। दिन-रात का, भीतर-बाहर का साथ है, भाई। अपने बारे में आश्वस्ति हो तो दूसरों के कांटे पर क्या चढ़ना। उनकी राय गिनकर अपने बारे में राय क्या बनाना। विचार करें तो यह तो अव्वल दर्जे की धूर्तता होगी। पहले तो राय देने वालों के बारे में हमारी क्या राय है? धूर्तों, पाखंडियों, शेख चिल्लियों, झूठों, मक्कारों, मौकापरस्तों, कठमुल्लों की राय के चक्कर में पड़ गए तो हो गया बंटाधार। हर आदमी अपने बारे में भले कोई राय न बना पाए, अमूमन अपने जैसों को ही पसंद करता है। माने, उन्हें ही अच्छा समझता है। अकारण, अनजाने। प्रकृति का खेल कहें या कोई और व्याख्या है? मनोविज्ञान तथ्य या फ़िनॉमिनन उगल सकता है, तथ्य या फ़िनॉमिनन का कारण कहां से लाएगा? लेकिन एक विचित्र बात यह है कि अपने बारे में राय बना पाना सबके वश का रोग नहीं होता। किसी किसी के ही होता है। जिनके होता है उन्हीं में उचित मात्रा में आत्मविश्वास पाया जाता है।

# सीएए के खिलाफ असम और त्रिपुरा में जनाक्रोश क्यों



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है।

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नियमों को अधिसूचित करने के कुछ घंटों बाद असम में विरोध प्रदर्शन हुए। सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियमों की हालिया अधिसूचना के साथ- जिसके पारित होने से 2019 में पूर्वोत्तर में हलचल मच गई थी - इसके खिलाफ असंतोष की आवाजें तेज हो गई हैं, लेकिन इस बार केवल असम और त्रिपुरा में। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन दोनों राज्यों के बड़े हिस्से को छोड़कर पूर्वोत्तर के लगभग सभी क्षेत्रों को सीएए के प्रावधानों से प्रभावी रूप से छूट दी गई है, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई प्रवासियों को नागरिकता देना आसान बनाता है, जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश किया था।

अधिनियम में कहा गया है कि यह प्रावधान 'असम, मेघालय, मिजोरम या त्रिपुरा के जनजातीय क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा, जैसा कि संविधान की छठी अनुसूची में शामिल है, और बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के तहत अधिसूचित 'द इनर लाइन' के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र पर लागू नहीं होगा।'

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है। आईएलपी एक विशेष परमिट है जिसके लिए भारत के अन्य हिस्सों के निवासियों को इन राज्यों में प्रवेश करने और किसी भी अवधि के लिए समय बिताने के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। शुरुआत में क्षेत्र के जनजातीय पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के माध्यम से अंग्रेजों द्वारा शुरू की गई यह प्रणाली स्वतंत्रता के बाद के घोषित उद्देश्य के साथ जारी रही, जिसका उद्देश्य था 'स्थानीय जनजातीय लोगों की रक्षा के लिए अन्य भारतीय नागरिकों को बसने से रोकना'। गौरतलब है कि यह प्रणाली केवल तीन राज्यों-अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मिजोरम में लागू थी- सीएए लागू होने के बाद राज्य में विरोध प्रदर्शन के बाद जनवरी 2020 में मणिपुर को इसके दायरे में लाया गया।

पूर्वोत्तर की सात बहनों में से मिजोरम पहले से ही सीएए के दायरे से बाहर है क्योंकि वहां आईएलपी लागू है। शिलांग के आसपास के एक छोटे से हिस्से को छोड़कर पूरा मेघालय तीन अलग-अलग एडीसी के अंतर्गत आता है-खासी, गारो और जैंतिया पहाड़ियों के लिए एक-एक। छठी अनुसूची के तहत असम में तीन एडीसी हैं -बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद जो पांच जिलों को कवर करती है, उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद जो एक जिले को कवर करती है,और कार्बी-आंगलोंग स्वायत्त जिला परिषद जो दो जिलों को कवर करती है। इसी तरह त्रिपुरा में त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद है।

मेघालय का अधिकांश हिस्सा छठी अनुसूची के अंतर्गत आने के बावजूद विपक्षी वॉयस ऑफ पीपुल्स पार्टी जैसे समूहों के बीच अभी भी कुछ असंतोष है, जो छठी अनुसूची के तहत नहीं आने वाले क्षेत्रों में सीएए के कार्यान्वयन के खिलाफ है। मेघालय सरकार पहले से ही राज्य भर में आईएलपी व्यवस्था लागू करने पर जोर दे रही है, जो सीएए को निरर्थक बना देगा।

असम (जो बांग्लादेश के साथ 263 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है) और त्रिपुरा (जिसकी बांग्लादेश के साथ 856 किलोमीटर की सीमा है) का अधिकांश भाग छठी अनुसूची या आईएलपी शासन के अंतर्गत नहीं आता है। और इसीलिए इन इलाकों में सीएए के खिलाफ असंतोष है। दोनों राज्यों में अप्रवासी विरोधी भावना प्रबल है, जो बांग्लादेश के साथ लंबी सीमा साझा करते हैं और उस समय से पहले से ही पड़ोसी देश से शरणार्थियों का आना जारी है, जब इसे पूर्वी पाकिस्तान के रूप में जाना जाता था। इन प्रवासों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सीएए न केवल स्पष्ट रूप से मुस्लिम शरणार्थियों/प्रवासियों को अपने दायरे से बाहर करता है, बल्कि यह हिंदू शरणार्थियों/प्रवासियों को वैध बनाने का भी वादा करता है। इस प्रकार, यह असमिया जातीय-राष्ट्रवादियों और तेजी से त्रिपुरी आदिवासियों के लिए अपमानजनक है, जो बंगाली बोलने वालों की बढ़ती संख्या से खतरा महसूस करते हैं।

केंद्र अब सीएए को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से अलग करने का दावा कर रहा है- अवैध आप्रवासियों को बाहर निकालने के लिए, जिसकी मूल रूप से कल्पना की गई थी और केवल असम में लागू किया गया था, लेकिन काम रुका हुआ है।

## सोशल फोरम

# औरतें हर मामले में बेहतर

औरतें हर मामले में आदमियों से बेहतर जज होती हैं। इस बात पर मुझे कभी शक नहीं रहा। ऐसे में यदि कोई औरत वाकई में जज रही हो तो उसकी समझदारी पर उंगली उठाना तो कटेम्ट ऑफ कोर्ट से भी बड़ा जुर्म होगा, यह पक्का है।

औरतें जब भी कुछ करती हैं सोच विचार कर करती हैं। एक बार ठान लें कुछ तो फिर किए बिना मानती नहीं। फायदा नुकसान नहीं देखती वो। उनसे रार मोल लेना ख़तरनाक है। वो यदि आपको निपटाने पर उतर आएं तो पहले से ही मान लें कि आपका काम लगना ही लगना है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

औरतें यदि झगड़ बैठे तो फिर आपकी ज़िंदगी में सुकून कब आएगा? आएगा भी कि नहीं ये उनकी मर्ज़ी पर है। झगड़ने के मुद्दे भी वो ही तय करती है और उसूल भी। वो आपसे ऐसे मुद्दों पर भी झगड़ सकती हैं जो आपकी समझ में मुद्दे थे ही नहीं। वो रह-रह कर झगड़ सकती हैं। हो सकता है आप कभी ये गलतफहमी पाल लें कि आप जीत गएं हैं। मामला सुलझ गया है ! आप इत्मीनान से सुस्ताने के मूड में आ जाएं, पर वो अचानक पुरानी बात फिर से दोहराना, तिहराना शुरू कर सकती हैं। आपके खानदान के सारे गड़े मुर्दे उखाड़ कर रहम की अपील करने लगें । आप थक हार कर गिर पड़ें। सफ़ेद झंडा फहरा दें तो वो झंडा फाड़कर उसका डंडा लेकर आपको दौड़ा सकती हैं।

अब फ्रांस की एक समझदार मोहतरमा को ही ले लीजिए। उसने अपने उस पति से जिसने बमुश्किल इससे अपना पीछा छुड़ाया था, फिर घेर लिया। फर्जी कागज बनाए और उससे फिर शादी कर ली। वैसे ऐसा करने के पीछे उसकी जो सोच थी वो बेहद वाजिब सी थी। वो उसे तरक्की करते नहीं देख सकती थी। आदमी को आगे बढ़ने से केवल औरत ही रोक सकती है। इस औरत को अपनी क़ाबिलियत पर पूरा भरोसा था। उसे लगा कोई दूसरी औरत इस काम को उससे बेहतर तरीक़े से अंजाम दे नहीं सकेगी। उसने अपना नज़ला उतारने के लिए एक ही शख़्स को दोबारा चुना।

-फेसबुक वॉल से

# स्व अथवा बाहरी प्रेरणा - कौन सी प्रभावशाली



अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े।

मध्यवर्गीय परिवारों में प्राय, मां-बाप या समाज के लोग अपने बच्चों को अड़ोस-पड़ोस के, अपने आफिस के सहचर, निकटवर्ती रिश्तेदारों के बच्चों की सफलता की कहानी सुनाकर, उनके संघर्षों के किस्से (जो कुछ तो वास्तविक तो बहुत कुछ काल्पनिक भी गढ़ दिए जाते है) सुनाकर सोचते हैं कि इनसे उनका बच्चा कुछ सीखेगा और उन कामयाब किस्सों के नायक-नायिका से प्रेरणा लेकर उन जैसा बनने या उनसे कुछ सीख लेकर आगे बढ़ेगा। मध्य वर्ग तो वैसे भी अधिकतर परेशान ही रहता है। उसके कुछ सपने है, जो वह स्वयं पूरा नहीं कर पाया किंतु अपने बच्चों से कराने हैं। वह उच्च वर्ग की चमक दमक से प्रभावित है पर उन जैसा बन नहीं पा रहा। यह अभिलाषा वह अपने बच्चों से पूरा करना चाहता है। ऐसे में उसको कोई निकटवर्ती रिश्तेदार, आफिस सहचर या पड़ोसी का बच्चा कामयाब हो जाए तो उसको अच्छा जरा भी नहीं लगता किंतु उसको अपने बच्चों को सुनाने के लिए मसाला अवश्य मिल जाता है। हमारे देश में वैसे भी नायक पूजन की पंरपरा रही है। ऐसे में किसी की सफलता के किस्से बड़ी सरलता से फैल हो जाते है। और इसमें यदि कोई ऐसा जायका लगा हो कि वह कामयाब व्यक्ति पहले बहुत गरीब था। खाने के भी लाले थे और बड़े संघर्षों के बाद उसको सफलता हासिल हुई है तो ऐसे किस्से मोहल्लों और रिश्तेदारों के घर पर बच्चों को अक्सर सुनाए जाने लगते हैं। बच्चों की शामत आने लगती है। उनकी सुबह शाम इन तथाकथित कामयाब नायक-नायिकाओं के संघर्ष की दास्तान सुनकर बीतती है। मां बाप को लगता है कि ऐसा करके हम बच्चों पर बहुत बड़ा उपकार कर रहे हैं। उसे उस व्यक्ति जैसा बनने की प्रेरणा दे रहे हैं।

लेकिन क्या वास्तव में ऐसा ही है। क्या किसी और की कहानी ने किसी को आज तक इस कदर प्रभावित किया है कि ऐसे किस्सों से किसी ने अपनी जीवन की दशा तय कर ली हो? किसी और के जूते में पैर रखकर क्या कोई दौड़ में जीत पाया है? क्या किसी के बने बनाए खांचे में कोई अपने आप को फिट करके कोई कामयाबी के रास्ते तय कर पाया है? क्या कोई कभी किसी के जैसा हो पाया है? क्या किसी से प्रेरणा लेकर या किसी के किस्से सुनकर आम जनमानस की सोच परिवर्तित हुई है?

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े। जिस प्रकार मोबाइल को चलाने के लिए उसकी अपनी बैटरी ही काम आती है, अलग से पावर बैंक लेकर चलने से मोबाइल फोन संचालन में असुविधा महसूस होती है, उसी प्रकार आंतरिक प्रेरणा के अभाव में बाहरी प्रेरणा बेवजह का बोझ दिखाई देती है। कभी-कभी जो व्यक्ति संघर्ष के रास्तों में बढ़ रहा है और बार-बार असफल हो रहा है, उसे औरों के किस्से प्रेरित नहीं करते बल्कि अखरते है। कोई भी व्यक्ति जब कर्तव्य पथ पर गतिमान होता है तो वह अपने हिस्से की प्रेरणा स्वयं ग्रहण कर लेता है। वह किसी भी व्यक्ति या वस्तु या घटना से ली जा सकती है। कभी-कभी व्यक्ति उन लोगों से भी प्रेरणा लेता है जो कि दूर के हों। जिनके किस्से अखबारों में आए हों। उनका संघर्ष जो किताबों में लिखा जाता है, उन्हें प्रभावित कर सकता है। पर अपने परिवार/करीबियों द्वारा समीप के किसी व्यक्ति का महिमा मंडन स्वयं के रास्ते में अपशकुन सा दिखाई देता है। मां-बाप, अभिभावक यह समझें कि किसी असफल या हीन भावना से ग्रसित बच्चों को किसी से तुलना उसका आत्मविश्वास डिगा सकता है, प्रेरित नहीं कर सकता। व्यक्ति प्रेरित होता है स्वयं के जज्बे से। कोई भी व्यक्ति जब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसके अंदर स्वयं की ललक जाग्रत ना हो। उसके भीतर की ललक उसको सोने नहीं देती। सफलता के लिए किसी खास परिपाटी में जड़ ना होकर खुले आकाश में उन्मुक्तता से विचरण करना पड़ता है। घिसी घिसाई सोच से ना चलकर नवीन विचारधारा से जुड़ना पड़ता है। वो जज्बा बच्चे के भीतर पैदा हो, उसके लिए अभिभावक/परिवार के लोग उपयुक्त वातावरण प्रदान करें।

# शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत 1950 में हुई थी किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम गहन वैचारिक मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही प्राप्त होगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर से बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचारशक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक है।

तकनीक के सदैव से ही दो पहलू रहे हैं- सकारात्मक एवं नकारात्मक अथवा वरदान एवं अभिशाप। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है क्योंकि यह कदम बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या को बढ़ाने का काम करेगा और बेरोजगारी बढ़ने से देश का विकास पूर्णतया बाधित हो जाएगा। बेहतर रूप में ऐसा किया जा सकता है कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी और एक दिन ऐसा होगा जबकि वे किसी भी विषय पर अपनी स्वतंत्र सोच एवं तर्क प्रस्तुत कर पाने में असमर्थ हो जाएंगे।



**आठवां रोजा**

शिया
सहरी : 04.36 बजे
इफ्तार : 06.26 बजे

सुन्नी
सहरी : 04.47 बजे
इफ्तार : 06.19 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

# पेड़ से लटका मिला युवक का शव

## हत्या व आत्महत्या में उलझी गुत्थी, घुटने तक जमीन पर छू रहे पैर से उठ रहे सवाल

संवाददाता, सुलतानपुर



घटनास्थल पर लगी ग्रामीणों की भीड़ व इनसेट में मृतक प्रदीप पाल की फाइल फोटो।

**अमृत विचार:** रविवार की शाम घर से निकले युवक का शव सुबह नीम के पेड़ से लटका ग्रामीणों को दिखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना युवक के परिजनों को देते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस इसे आत्महत्या मान रही है, लेकिन मृतक के पैर में चप्पल और घुटनों तक जमीन पर छू रहा शव हत्या की तरफ इशारा कर रहा है। वहीं, पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

मामला नगर कोतवाली क्षेत्र के भटपुरवा पलहीपुर गांव से जुड़ा है। गांव निवासी पूरन चंद्र पाल का 22 वर्षीय पुत्र प्रदीप पाल रविवार की शाम करीब छह बजे मुरली नगर बाजार के लिए निकला था। देर शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन की सफलता नहीं मिलने पर घर आ गए। वहीं, सोमवार की सुबह करीब सात बजे घर से करीब तीन सौ मीटर दूर नीम के पेड़ में बेल्ट के सहारे लटकता ग्रामीणों को दिखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को देते हुए स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंचे उप निरीक्षक हरिश्चंद ने युवक के शव को पेड़ से उतरवा। पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिऐ भेज दिया। बताते चलें कि मृतक युवक दो भाईयों में बड़ा था। वही उसके पिता पूरन चंद्र पाल परिवार के भरण पोषण के लिए प्रदेश में है। युवक की मौत मां सीता भाई अर्जुन को रो रो कर बुरा हाल है। नगर कोतवाल श्री राम पांडेय ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पीएम रिपोर्ट के बाद ही सही कारण पता चल पाएगा।

## पुलिस उत्पीड़न के मामले में विवेचना का आदेश

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** थाने में बंद कर प्रधानाध्यापक को प्रताड़ित करने और शांति भंग में चालान तथा कई अन्य आरोपों में दायर याचिका पर न्यायिक मजिस्ट्रेट सिद्दीकी साईमा जर्रार आलम ने दोस्तपुर थानाध्यक्ष को अन्वेषण का आदेश दिया है। विजेथुआ राजापुर निवासी चन्द्रेश कुंवर ने कोर्ट में अर्जी दाखिल कर थानाध्यक्ष श्याम सुन्दर, दरोगा शिवराम, दरोगा कृष्ण चन्द यादव और कई अन्य पुलिस कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की थी। आरोप लगाया कि 12 जनवरी 2022 को दोस्तपुर थाने की पुलिस ने चंद्रेश के भांजे दीपक को गिरफ्तार कर थाने में बंद कर दिया। कारण पूछने गए प्रधानाध्यापक का भी पुलिस ने शांति भंग में चालान कर दिया।

# जिपंस प्रतिनिधि पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

**पुलिस ने एक नामजद समेत दो अज्ञात पर दर्ज किया केस**

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** रविवार की रात निमंत्रण से घर लौट रहे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि पर पहले से ही घात लगाये बैठे लोगों ने हमला बोल दिया। साथ ही जाति सूचक गालियां भी देते हुए जान से मारने की धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ एससीएसटी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वार्ड नंबर 15 के जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि संतोष कुमार गौतम ने जयसिंहपुर कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि रविवार की रात करीब आठ बजे क्षेत्र के तिन्दौली गांव में बहुभोज कार्यक्रम में सम्मिलित होने गया था। वहीं पर सुरेन्द्र यादव से उसकी कहासुनी हो गयी। रात करीब नौ बजे वह मोटरसाइकिल से अपने घर भभोट लौट रहा था। जैसे ही वह डिहवा नहर की पुलिया के पास पहुंचा था, तभी सुरेंद्र व उसके दो अज्ञात साथी रोककर धारदार हथियार से हमला बोल दिया। साथ ही जातिसूचक गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आयी है। प्रभारी कोतवाल जयसिंहपुर धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर एक नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ एससीएसटी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक नजर

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त महामंत्री का किया स्वागत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को सदर विधानसभा के भाजपा के वरिष्ठ नेता डा कृष्ण कुमार अग्रहरि के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त जिला महामंत्री गोविन्द पांडेय का स्वागत किया। वहीं वरिष्ठ नेता रमेश अग्रहरि ने महामंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर राममिलन मिश्र, चिन्ताहरण मिश्र, रामदेव अग्रहरि, विकास सोनी, गुड्डू पांडेय, राजाराम पांडेय, पवन सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

### संतोष बने हिन्दू अधिवक्ता संघ के राष्ट्रीय महामंत्री

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवींद्र कुमार द्विवेदी की तरफ से दीवानी के अधिवक्ता संतोष कुमार पांडेय को हिन्दू अधिवक्ता संघ का राष्ट्रीय महामंत्री नियुक्त किया गया है। जिले के वकीलों ने मनोनयन पर सवितोष पांडेय, रचना, परितोष पांडेय, शरद चतुर्वेदी, जयकृष्ण दीक्षित, सूरज शुक्ल, विकास पाठक, पंकज पांडेय आदि ने खुशी जताई है। संतोष पांडेय ने कहा कि नई जिम्मेदारी का पूरी कर्तव्य निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

### पेट्रोल पंप से हटाई जाए पीएम की फोटो

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी ने चुनाव आयोग को मेल करके शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप से पीएम मोदी की तस्वीर वाली होर्डिंग्स, राशन के थैले से भी पीएम की फ़ोटो हटाई जाए। इन तस्वीरों से वोटर भ्रमित हो सकता है। उन्होंने कहा कि जब आदर्श आचार संहिता लागू है तो पेट्रोल पम्प और राशन के झोले से मोदी जी की फ़ोटो हटाई जानी चाहिए। यह आचार संहिता का खुलेआम अवहेलना है। चुनाव आयोग इन चीजों का संज्ञान लेकर करे कार्रवाई, जिससे वोटरों में निर्वाचन आयोग के प्रति विश्वास बढ़े।

# चाय बना रही किशोरी का गला रेता, ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर

संवाददाता, सुलतानपुर

**जांच शुरू**

**किशोरी की मां की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया मुकदमा**

**अमृत विचार।** मां के कहने पर राइस मिल से घर पहुंचकर चाय बना रही किशोरी को अज्ञात लोगों ने उसका गला रेत भाग निकले। काफी देर तक जब किशोरी वापस नहीं आई तो मां घर पहुंच गई। तड़प रही किशोरी को आनन फानन में मेडिकल कालेज सुलतानपुर में भर्ती कराया गया। जहां से उसे चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है।

जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के गुड़बड़ निवासी सोनिया पत्नी स्व अन्नतु ने कोतवाली में तहरीर दी है। उसने बताया कि गांव में उसके दो घर है। एक में राइसमिल संचालित है, दूसरे में रहते हैं। रविवार की शाम करीब साढ़े तीन बजे उसने अपनी 16 वर्षीय पुत्री अनीता को चाय बनाने भेज दिया था। काफी देर बाद जब वह चाय लेकर नही आई तो शंका के चलते घर जाकर देखा तो वह तड़प रही थी। उसके गले पर चाकू से रेता गया था। उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर लाया गया, जहां मौजूद चिकित्सको ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है। किसी ने अनीता का गला क्यों रेत दिया अभी यह पहेली बना हुआ है। फिलहाल स्थानीय पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई हैं।

जयसिंहपुर कोतवाली प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि किशोरी के मां की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पूर्व विधायक सफदर रजा के मामले में सुनवाई 21 को

**अदालत से**

**पैमाइश करने गये लेखपाल के कार्य में बाधा डालना, धमकी व गाली गलौज देने का मामला**

विधि सांवददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र धम्मौर के भाईं गांव में पैमाइश करने गये लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली गलौज के 10 साल पुराने मामले में वकीलों के प्रस्ताव के कारण सुनवाई टल गई। कोर्ट ने सफाई साक्ष्य के लिए विशेष कोर्ट ने 21 मार्च की तारीख नियत की है। एडीएम के आदेश पर पैमाइश करने गये तत्कालीन भाईं लेखपाल विजय कुमार सिंह ने पूर्व विधायक सफदर रजा के खिलाफ 18 सितंबर 2014 में धम्मौर थाने में सरकारी कामकाज में बाधा, धमकी व गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

## कोर्ट ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का दिया आदेश

**सुलतानपुर:** कूरेभार थाना क्षेत्र के जूडापट्टी निवासी रामसूरत, पंकज, सुभाष समेत सात के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, लूट, नुकसानी समेत अन्य आरोपों में एसीजेएम कोर्ट ने केस दर्ज करने का आदेश दिया है। अधिवक्ता अजय पाठक ने बताया रंजिशन गांव के आरोपियों ने बीती 16 जनवरी को रात नौ बजे एक राय होकर जान से मारने की नीयत से लाठी डंडे लेकर वादी रामनायक वर्मा के घर में घुसकर जानलेवा हमला ,लूट व नुकसानी किया था। डायल 112 समेत पुलिस थाने व एसपी के यहां से कारवाई न होने पर वादी ने अदालत की शरण ली। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पामेला श्रीवास्तव ने थानाध्यक्ष कूरेभार को मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना का आदेश दिया है। कोर्ट ने केस दर्ज कर तीन दिन के भीतर अनुपालन आख्या कोर्ट में भेजने का आदेश भी थानाध्यक्ष कूरेभार को दिया है।

## अधिवक्ता हत्याकांड में नहीं तय हो सके आरोप

**सुलतानपुर :** अधिवक्ता आजाद अहमद हत्याकांड में सोमवार को जेल से आरोपियों के न आने के कारण आरोप नहीं तय हो सके। वादी पक्ष के अधिवक्ता शेख नजर अहमद व रणजीत सिंह त्रिसुंडी ने बताया सेशन कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए 22 मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थाना के भुलकी प्यारेपट्टी चौराहे पर बीते साल छह अगस्त को गोली मारकर दीवानी के अधिवक्ता आजाद अहमद की हत्या कर दी गई और भाई मुनव्वर घायल हो गया था। लखनऊ की जेल में बंद आरोपी इस्माइल उर्फ प्रिंस सेशन कोर्ट कोर्ट नहीं लाया जा सका। घटना में सोहराब, अख्तरुन, शहजाद, शमीम, मेराज, सलमान, इकराम समेत अन्य आरोपी हैं, जिन पर आरोप तय होने हैं। वही मुख्य आरोपी सिराज अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, दो लोग गंभीर

- **करौंदीकला थाना क्षेत्र के सकरदे के पास ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर**
- **एक घायल की हालत गंभीर होने पर लखनऊ किया गया रेफर**

करौंदीकला, सुलतानपुर



घायल को मेडिकल कालेज सुलतानपुर में कराया गया भर्ती।

**अमृत विचार:** करौंदीकला थाना क्षेत्र के सकरदे गांव में इब्राहिमपुर पुल के करीब रविवार की रात ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को रौंद दिया। दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई, दो अन्य घायल हो गए है। जिन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर लाया गया, जहां से एक की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर किया गया है।

सकरदे गांव में इब्राहिमपुर पुल के पास देर रात करीब 11:40 बजे अचानक गाड़ियों के टकराने की तेज आवाज आई। जिसको सुनते ही ग्राम प्रधान कमलेश निषाद एवं उनके आस पास के लोग दौड़कर घटना स्थल पर पहुंचे। देखा कि ट्रैक्टर और मोटर साइकिल के बीच टक्कर हो गई है। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना एम्बुलेंस और स्थानीय पुलिस को दिया। मौके पर पुलिस टीम के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह ने एम्बुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कादीपुर इलाज के लिए भेज दिया है और मौके पर मृत हुए युवक का शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक की पहचान अंबेडकरनगर जिले के बेवाना थाना क्षेत्र के समोखपुर निवासी जैन कुमार पुत्र अच्छेलाल के रूप में हुई। जबकि, दुर्घटना में घायल अजय पुत्र रामफेर निषाद निवासी डिहवा ससपना जिला अम्बेडकर नगर और अरविंद यादव पुत्र लालजी यादव को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुंचाया गया। जहां से अरविंद की हालत गंभीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। एसओ ने बताया कि मृतक के परिजन की तहरीर पर मुकदमा लिखा गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## हड़ताल के बाद भी कादीपुर पहुंच कर काम करने का आरोप

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** वाह्य न्यायालय कादीपुर में फौजदारी मामलों की सुनवाई का अधिकार देने के खिलाफ सुलतानपुर दीवानी में वकीलों की हड़ताल के चलते न्यायिक काम ठप है। इसके बावजूद सुलतानपुर बार के कुछ सदस्यों के कादीपुर में काम करते देखे जाने पर सचिव लालचंद शुक्ल ने एक पत्र हाईकोर्ट को भेजकर सुलतानपुर की हड़ताल को निष्प्रभावी बताया है। सचिव ने उसकी प्रतिलिपि सुलतानपुर बार के पदाधिकारियों को भी भेजा है। जिला मुख्यालय से आने वाले वकीलों पर कादीपुर के कई वकीलों ने तंज भी कसा और कहा कि एक तरफ आप लोग हड़ताल पर हैं । वहीं दूसरे स्थान पर काम करते हैं तो इस तरह का दोहरा मानदंड अपनाकर वादकारियों का क्यों नुकसान कर रहे हैं। सचिव बार एसोसिएशन कादीपुर ने अपने पत्र के माध्यम से सुल्तानपुर बार की हड़ताल को विफल बताया है।

## सार-संक्षेप



विद्यालय के वार्षिकोत्सव समारोह में देशभक्ति पर कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

### देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति ने मोहा मन

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कुड़वार कस्बे के प्रज्ञा एकेडमी विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अमेठी जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की। प्रज्ञा एकेडमी के बच्चों ने मां सरस्वती वंदना के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ स्वागत, राजस्थानी गीत, राम दरबार, होली डांस, नारी सशक्तिकरण नशा मुक्ति, चाइल्ड लेबर, आर्मी डांस आदि गीतों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ बालरोग विशेषज्ञ डॉ सुधाकर सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आज हम सभी पढ़ लिख रहे हैं, लेकिन हमारी व्यवस्थाएं सही नहीं हो रही हैं। पहले जो परिवार एक होता चला आ रहा था वह आज टूट बिखर रहा है। ज्यादातर पढ़ें लिखे लोग अपने माता पिता को अपने पास नहीं रख पा रहे हैं। इस पर चिंतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने सीता, द्रौपदी का जिक्र करते हुए कहा कि बेटियों की शादियां हमें दिन में करनी होगी। आज परम्परा बदलने की आवश्यकता है।

### धन को परमार्थ में लगाना चाहिए: राज वत्सल

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** जब कोई लक्ष्मी नारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वत: ही प्राप्त हो जाती है। धन को हमेशा परमार्थ में लगाना चाहिए। जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नहीं तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा, या अन्य मार्ग से हरण हो जाता है। उक्त बातें श्रीमद् भागवत कथा कहते हुए कथा व्यास राज वत्सल महाराज ने कही। लंभुआ क्षेत्र में स्थित जमखुरी गांव में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन की कथा प्रारंभ करते हुए कथा व्यास राज वत्सल जी ठाकुर महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है लेकिन वह भगवान को पराजित नही कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए कथाव्यास ने कहा की जब तब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है, उसे दर्शन देते है।

# शिक्षक के निधन पर संघ आक्रोशित

- **जीआईसी मुख्य गेट पर किया प्रदर्शन, सिपाही की गोली से हुई थी शिक्षक की मौत**

संवाददाता, सुलतानपुर



जीआईसी गेट के सामने प्रदर्शन करते हुए माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**अमृत विचार:** रविवार को सिपाही की गोली से हुई शिक्षक की मौत को लेकर जिले के माध्यमिक के शिक्षकों में भी गहरा आक्रोश है। सोमवार को माध्यमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ा भर शिक्षकों ने मूल्यांकन केंद्र जीआईसी के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर ने शिक्षकों की मांगों को प्रशासन द्वारा संज्ञान लेने की बात कहकर आंदोलित शिक्षकों को मनाया।

इसके बाद उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों व शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक शिक्षक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शिक्षकों का आरोप है कि वाराणसी जिले के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार को उत्तर पुस्तिकाओं को केन्द्रों पर पहुंचाने के दौरान पुलिसकर्मी द्वारा गोली मार दी गयी थी। जिससे उनकी मौत हो गयी। शिक्षकों की मांग थी कि मृतक शिक्षक के परिवार को तत्काल सहायता स्वरूप एक करोड़ रुपये अनुग्रह राशि के रूप में देते हुए मृतक शिक्षक के सेवाकाल तक पूर्ण वेतन का भुगतान व अन्य सुविधाएं दी जायें। इस मौके पर प्रादेशिक अध्यक्ष सभापति तिवारी, प्रादेशिक महामंत्री डा. अरविंद कुमार सिंह, संरक्षक आरपी सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## युवा ही हैं देश का भविष्य: हनुमान

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** गनपत सहाय पीजी कॉलेज का चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष कैंप के छठे दिन सोमवार को साफ सफाई के पश्चात योग प्राणायाम करके सभी स्वयंसेवकों ने आम, बरगद, जामुन, पीपल, अमरूद आदि के पौधे लगाए। बौद्धिक सत्र में केपी सिंह ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर हनुमान प्रसाद सिंह ने कहा युवा ही देश का भविष्य है। इसे संभालने उत्साहित करने का कार्य राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से संभव है। प्रो समीर सिन्हा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्यों की चर्चा करते हुए स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं को उनके कर्तव्यों का बोध कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विनय कुमार मिश्र ने किया।

# राम जी की जान बसी जानकी की जान में...

**पुष्कर सुलतानपुरी की पुस्तक चिलम व सदाए पुष्कर का विमोचन**

**बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार:** तहसील क्षेत्र के राममिलन सालिक राम ज्ञानोदय इंटर कॉलेज के सभागार में कवि साहित्यकार पुष्कर सुलतानपुरी की दो पुस्तकों चिलम व सदाएं पुष्कर का विमोचन हुआ। विद्यालय के सभागार में आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के जाने माने कवि महेश मिसिर रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय बहादुर सिंह प्रवक्ता ने किया। विमोचन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि धर्मेन्द्र वर्मा डायरेक्टर द विश्वनाथ फिल्मस मुंबई और मुख्य वक्ता डा. अवधेश त्रिपाठी ने पुस्तक सदाए पुष्कर तथा प्रसिद्ध पुस्तक चिलम का विमोचन किया। उन्होंने चिलम पुस्तक आध्यात्मिक होने के बारे में विधिवत प्रकाश डाला। हिन्दी श्री प्रकाशन की चर्चित पुस्तक चिलम के विमोचन के पश्चात् कवि सम्मेलन का शुभारंभ कुशीनगर से आए विकास चौरसिया के वाणी वन्दना से हुआ। प्रतापगढ़ के प्रसिद्ध कवि लवलेश यदुवंशी ने राम जी की जान बसी जानकी की जान में तो जानकी की जान बसी राम जी की जान में पढ़कर माहौल भक्ति मय कर दिया।

**लोकसभा चुनाव** | **बीते चुनाव में 15 हजार मतों से हुई थी जीत, इस बार 23 हजार से अधिक हैं युवा मतदाता**

# लोकतंत्र के उत्सव में निर्णायक होंगे युवा मतदाता

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सभी राजनीतिक दल अपने कील काटे दुरूस्त करने में जुट गए हैं। जिले में छाठवें चरण 25 मई को होने जा रहे लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव में इस बार युवा मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कारण बीते लोकसभा चुनाव में जीत का अंतर के दोगुने से ज्यादा नए मतदाता इस बार बने हैं। इसलिए सभी राजनीतिक दलों का फोकस युवा मतदाताओं पर भी है। युवा मतदाताओं को साधने के लिए घर घर तक वोटों की मनुहार के लिए जतन शुरू किए जायेंगे।

जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी किए गए ब्यौरे के अनुसार 38 लोकसभा क्षेत्र सुलतानपुर में युवा मतदाता भी निर्णायक भूमिका में रहेंगे। लोकसभा क्षेत्र के कुल मतदाता 18,34,355 है। इसमें महिला मतदाताओं की संख्या 8,79,932 है। पुरुष मतदाताओं की संख्या 9,54,358 है। वहीं नए बने युवा मतदाता की संख्या 23,699 है। बीते वर्ष के चुनावी आंकड़ों पर गौर करें तो भाजपा की सांसद मेनका संजय गांधी 15,496 मतों से जीत दर्ज की थी।

### सुलतानपुर विस में सबसे ज्यादा फर्स्ट वोटर

सर्वाधिक युवा मतदाता 38 लोकसभा क्षेत्र के अधीन आने वाला सुलतानपुर विधानसभा क्षेत्र से हैं। सुलतानपुर विधानसभा क्षेत्र में 5,508 मतदाता हैं। लम्भुआ विधानसभा में 4,976, सदर विधानसभा में 4,688, इसौली में 4,396, कादीपुर विधानसभा में 4,131 नए युवा मतदाता बने हैं। इसमें राजनीतिक दल युवा मतदाता को लेकर सक्रिय हो गए हैं।

### सर्वाधिक 27 ट्रांसजेंडर मतदाता इसौली में

विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन कार्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार 38 लोकसभा क्षेत्र सुलतानपुर में कुल ट्रांसजेंडर मतदाताओं की संख्या 65 है। जिसमें सर्वाधिक ट्रांसजेंडर मतदाता इसौली विधानसभा क्षेत्र से है। यहां 27 ट्रांस जेंडर मतदाता सूची में शामिल है। जबकि सुलतानपुर विधानसभा क्षेत्र में 25, कादीपुर में आठ, सदर विधानसभा क्षेत्र में चार, लम्भुआ में एक ट्रांसजेंडर मतदाता है।

## अधिवक्ता के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** अधिवक्ता शेष कुमार पाठक के निधन पर सोमवार को दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित शोकसभा में वकीलों ने दो मिनट का मौन रखकर शोक जताया। शोक प्रस्ताव कारण वकील न्यायिक कामकाज से विरत रहे। शोक सभा में बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय, महासचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष नागेंद्र सिंह, शिवमंगल शुक्ल, रणजीत सिंह त्रिसुंडी, अरविंद सिंह राजा, मदन तिवारी, विवेक श्रीवास्तव आदि रहे। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विद्याभूषण पांडेय ने बताया शोक सभा के कारण सोमवार को मुकदमे ट्रांसफर होने के मुद्दे पर प्रस्तावित बैठक मंगलवार तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

# अधिक नकदी लेकर न चलने की हिदायत

- **आयोग की गाइडलाइन के अनुसार 24 घंटे सक्रिय हुईं प्रशासनिक टीमें**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से लोकसभा चुनाव-2024 की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन ने जिले वासियों से आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करने में सहयोग देने का आग्रह किया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रचार के दौरान व्यक्तिगत छींटाकशी, अशिष्ट भाषा का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों को मंच के रूप में प्रयोग नहीं किया जाएगा। सार्वजनिक स्थानों पर झंडे, पोस्टर और बैनर इत्यादि प्रचार सामग्री लगाने पर पाबंदी रहेगी। किसी व्यक्ति की निजी संपत्ति पर उसकी अनुमति के बगैर यह सामग्री नहीं लगाई जा सकती है। प्रचार के दौरान राजनीतिक दलों के समर्थक एक-दूसरे के कार्यक्रमों में बाधा उत्पन्न न करेंगे। चुनावी सभाओं और जुलूस के बारे में पुलिस अधिकारियों को समय पर सूचना देनी होगी, ताकि कानून एवं यातायात व्यवस्था कायम रखी जा सके। उन्होंने कहा कि सभाओं में लाउड स्पीकरों के उपयोग के लिए संबंधित अधिकारियों से काफी पहले आवेदन करके की अनुमति प्राप्त करनी होगी। आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया में ऑडियो-विजुअल राजनीतिक विज्ञापन एवं संदेश प्रसारित करने के लिए एमसीएमसी की अनुमति अनिवार्य है। इसके अलावा मतदान से एक दिन पहले या मतदान के दिन प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए भी एमसीएमसी से अनुमति लेनी होगी।

> लोकसभा चुनाव-2024 के लिए आदर्श आचार संहिता लगने के बाद अब 50 हजार रुपये से अधिक नगदी लेकर चलने पर साक्ष्य दिखाना होगा। यह सीमा 10 लाख रुपये तक की होगी। अगर रकम की स्रोत का साक्ष्य नहीं दिखा पाए तो इसे जब्त कर लिया जाएगा। **-गौरव शुक्ला,** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन



आठवां रोजा

शिया

सहरी : 04 .45 बजे

इफ्तार : 06 .22 बजे

सुन्नी

सहरी : 04 .52 बजे

इफ्तार : 06 .10 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## पैग़ाम ए रमज़ान

गर कर सकें किसी की मदद, आप कीजिए। फोटो नहीं खिंचाइए, चुपचाप कीजिए।। देता तो सबको रब है, वसीला हैं हम सभी। निष्पाप पुण्य कीजिए, मत पाप कीजिए।।

नियाज़ कपिलवस्तुवी, सिद्धार्थनगर

## एक नजर

### मंडलायुक्त ने विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की

**गोरखपुर अमृत विचार।** मंडलायुक्त अनिल ढींगरा निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक मंडलायुक्त सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ की संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ संजय कुमार मीणा, डीएफओ विकास यादव, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एसडीएम सदर मृणाली अविनाश जोशी, मुख्य राजस्व अधिकारी सुशील कुमार गौड़ सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### चार अपराधियों की खोली गई हिस्ट्रीशीट

**सिद्धार्थनगर।** आपराधिक क्रिया-कलापों पर सतत निगरानी के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। यह सभी गोवध अधिनियम इत्यादि में संलिप्त रहे हैं। अभियुक्त अकरम बंजारा निवासी ग्राम परसपुर बंजाराडीह थाना भवानीगंज, साबिर निवासी धनखरपुर थाना भवानीगंज, सद्दाम हुसैन निवासी परसपुर थाना भवानीगज और करीमुल्लाह निवासी कलवारी नानकार थाना इटवा के विरुद्ध थाना इटवा पर हिस्ट्रीशीट खोली गई है। इन पर सम्बन्धित थाना पुलिस निरंतर निगरानी करेगी।

# आचार संहिता का पालन करें सभी राजनीतिक दल

## जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई देकर वोट मांगने पर होगी कार्रवाई : जिला निर्वाचन अधिकारी

सिद्धार्थनगर





चुनाव आचार संहिता के अनुपालन को लेकर बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल व मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल ने सोमवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें चुनाव आचार संहिता की जानकारी देने के साथ उसकी सभी से पालन करने की अपील की।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि कोई भी प्रत्याशी या जनप्रतिनिधि जातीय, साम्प्रदायिक भावनाओं की दुहाई देकर वोट नहीं मांग सकता। ऐसा करने पर कार्रवाई की जाएगी। मस्जिदों, गिरजाघरो, मन्दिर या पूजा के अन्य स्थानो का प्रयोग चुनाव प्रचार या जनसभा के लिए नहीं किया जाएगा। सभी दलों और अभ्यर्थियों को ऐसे सभी कार्यों से ईमानदारी के साथ बचना चाहिये, जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण और अपराध है, जैसे कि मतदाताओं को रिश्वत देना, मतदाताओं को डराना या धमकाना, मतदाताओं का प्रतिरूपण, मतदान केन्द्र के 100 मीटर दायरे के अंदर वोट मांगना आदि। कहा कि किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी द्वारा बिना अनुमति लिए सार्वजनिक या निजी जगहों पर चुनाव प्रचार संबंधी सामग्री नहीं चिपकाई जाएगी।

कहा कि राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक अन्य दलों द्वारा आयोजित सभाओं-जुलूसों आदि में बाधाएं उत्पन्न न करें या उन्हें भंग न करें। किसी दल द्वारा जुलूस उन स्थानों से होकर नहीं ले जाना चाहिए, जिन स्थानों पर दूसरे दल द्वारा सभाएं की जा रहीं हों। एक दल द्वारा लगाए गये पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं द्वारा हटाये नहीं जाने चाहिये।

कहा कि किसी भी अभ्यर्थी को किसी भी प्रस्तावित सभा के स्थान और समय के बारे में स्थानीय प्राधिकारियों को उपयुक्त समय पर सूचना देना चाहिए। यातायात को नियंत्रित करने और शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए आवश्यक इंतजाम कर सके। जुलूस का आयोजन करने वाले अभ्यर्थी को पहले ही यह बात तय कर लेनी चाहिए कि जुलूस किस समय और किस स्थान से शुरू होगा, किस मार्ग से होकर जाएगा और किस स्थान पर समाप्त होगा। कार्यक्रम में कोई फेरबदल नहीं होना चाहिए।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/ अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, अपर उपजिलाधिकारी/ बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी शशांक शेखर राय तथा संबधित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## एसपी ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत थाना भवानीगंज क्षेत्रान्तर्गत मतदान केन्द्रो व अर्धसैनिक/सुरक्षा बलों के ठहरने के लिए चिन्हित विद्यालय का निरीक्षण किया। एसपी ने थाना भवानीगंज क्षेत्र में चिन्हित विद्यालयों का निरीक्षण कर प्रबंधकों व प्रधानाचार्यों से मानक के अनुरूप आवश्यक साधन व मूलभूत जरूरतों की व्यवस्था करने को कहा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ, थानाध्यक्ष भवानीगंज सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अपने आसपास के लोगों को मतदान के लिए करें प्रेरित

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय बसौंनी पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से मतदाता साक्षरता क्लब की वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी को मतदान साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्या विभा चतुर्वेदी ने निर्वाचन साक्षरता क्लब में शामिल शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को जिम्मेदारी देते हुए कहा कि 18 वर्ष उम्र पूरा करने वालों को प्रेरित कर उनसे फार्म-6 भरवाने के साथ अपने गांव व कस्बे के लोगों को मतदाता बनने के लिए प्रेरित करें। मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों का वोट डलवाएं। उन्होंने राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन एप के बारे में बताया। इस एप के माध्यम से भी वोटर बनने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। शिक्षक राम उजागिर पांडेय ने मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्य शिक्षकों, विद्यार्थियों तथा कैंपस अंबेसडर को चुनावी साक्षरता बढ़ाने के लिए निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में बताया। कहा कि छात्र-छात्राएं अपने परिवार, आसपास क्षेत्रों एवं समाज के अन्य लोगों को वोटर बनने व मतदान करने के लिए जागरूक करें। मतदान के दिन बुजुर्गों, महिलाओं, विकलांगों एवं आम मतदाता को बूथ पर ले जाने में भूमिका निभाएं जिससे जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर उदय राज पाण्डेय, विनोद यादव, अनिल कुमार, शायरा, सुरैया आदि रहे।

# अटल आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए छात्राओं ने पास की परीक्षा

सिद्धार्थनगर







जिले के कुल 25 छात्र-छात्राएं हुए सफल

**अमृत विचार।** राज्य के श्रम कार्यालय में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों एवं अनाथ बच्चों को निःशुल्क एवं गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रदेश के सभी मण्डलो में अटल आवासीय विद्यालयों की स्थापना नवोदय विद्यालय की तर्ज़ पर की गयी है। बस्ती मंडल के विद्यालय में कक्षा 6 एवं 9 में प्रवेश के लिए 25 फरवरी को प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी थी, जिसका परिणाम सोमवार को घोषित कर दिया गया। बस्ती मंडल में स्थित अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 एवं 9 के लिए कुल 280 सीटे निर्धारित हैं।

जनपद सिद्धार्थ नगर से कुल 494 आवेदन हुए थे लेकिन केवल 147 आवेदन परीक्षा के लिए अर्ह पाए गये और 128 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद सिद्धार्थनगर से कक्षा 6 के लिए 12 एवं कक्षा 9 के लिए 13 बच्चे प्रवेश परीक्षा में सफल हुए हैं। उच्च प्राथमिक विद्यालय पननी विकास क्षेत्र लोटन की छात्रा ममता का चयन कक्षा 9 के लिए तथा प्राथमिक विद्यालय सांडी विकास क्षेत्र नौगढ़ की छात्रा मनीषा एवं प्राथमिक विद्यालय असनहरा विकास क्षेत्र डुमरिया गंज की छात्रा कंचन यादव का चयन कक्षा 6 के लिए हुआ है। जिससे क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है।

# बाल उत्पीड़न के खिलाफ तोड़नी होगी चुप्पी

गोरखपुर



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय शिविर में इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड और समाधान अभियान चुप्पी तोड़ हल्ला बोल की निदेशक शीलम वाजपेयी ने बाल यौन शोषण के प्रति स्वयंसेवकों को जागरूक किया।

दूसरे दिन सोमवार को बौद्धिक सत्र का उदघाटन दीप प्रज्ज्वलन और मां शारदा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पण कर हुआ। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ प्रदीप कुमार राव ने मुख्य वक्ता शीलम वाजपेयी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्रीमती वाजपेयी ने कहा कि चुप्पी तोड़ थोड़ा हल्ला बोल समाज में हो रहे बाल यौन उत्पीड़न के खिलाफ जंग लड़ रही है। कहा कि बाल यौन उत्पीड़न को जब तक सहेंगे तब तक उसका शिकार बच्चे होते रहेंगे। बचपन से ही बच्चो को अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान कराने की जिम्मेदारी माता पिता, गुरु की है। यदि आपने न कहने की आदत डाल ली तो पहली घटना वहीं रुकने की संभावना है। उत्पीड़न के खिलाफ चुप्पी तोड़ कर जवाब देना सीखना होगा तभी इस विकृत मानसिकता की कोढ़ को समाज से खत्म किया जा सकता है।

पैरामेडिकल के प्राचार्य डॉ रोहित श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना सेवा समर्पण भाव से राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता है जीवन में अनुशासन और संस्कार की शिक्षा राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा जीवन में आत्मसात किया जा सकता है। बौद्धिक सत्र का संचालन नीरज पासवान और धन्यवाद ज्ञापन शिवांगी दूबे। बौद्धिक सत्र में प्रमुख रूप से बौद्धिक सत्र में प्रमुख रूप कुलपति मेजर जनरल डॉ अतुल वाजपेयी, प्रशासनिक अधिष्ठाता डॉ राजेंद्र भारती, कर्नल डॉ राजेश बहल, प्रज्ञा पांडेय, कार्यक्रम समन्वयक डॉ अखिलेश दूबे, कार्यक्रम अधिकारी धनंजय पाण्डेय, कुंवर अभिनव सिंह समेत सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# नदी में डूबे किशोर का शव बरामद

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** गोल्हौरा थाना क्षेत्र के गौरा गांव के पास राप्ती नदी में दो दिन पहले डूबे किशोर का शव 70 घंटे बाद घटना स्थल से तीन किलोमीटर दूर तिघरा घाट गांव के पास उतराता मिला। जबकि दूसरे बालक का पता नहीं चल पा रहा है। एनडीआरएफ की टीम शव ढूंढने में लगी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

गोल्होरा थाना क्षेत्र के पटहरी निवासी कुछ बच्चे नदी में नहाने के लिए 16 मार्च को डुमरियागंज थाना क्षेत्र के गौरा गांव के पास से गुजरने वाली राप्ती नदी के गौरा घाट पर आए थे। लोगों के मुताबिक दो बाइक पर कुल पांच बच्चे थे। इसमें नहाते समय शंकित गुप्ता (15) पुत्र श्याम सुंदर और रामधन मौर्य (15) पुत्र शिवकुमार मौर्य गहरे में पानी में चले जाने के कारण डूब गए थे। साथियों ने घटना की जानकारी गौरा गांव जाकर दी तो लोग नदी पर पहुंचे और डूबे हुए दोनों किशोरों की तलाश शुरू हुई।

शनिवार को एनडीआरएफ की टीम पूरे दिन ढूंढती रहीं, लेकिन पता नहीं चला। इसी बीच रविवार की शाम घटना स्थल से तकरीबन तीन किलोमीटर दूर गोल्हौरा थाना क्षेत्र के तिघरा घाट गांव के पास उतराया हुआ ग्रामीणों ने शव देखा। सूचना मिलते ही एसओ गोल्हौरा अरविंद कुमार गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाया।

मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की पहचान रामधनी के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं शंकित अभी लापता है। एनडीआरएफ की टीम तलाश कर रही है। इस संबंध में एसओ गोल्हौरा अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शातिर अपराधी को पकड़कर छोड़ दिया

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** एससी एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ा लेकिन कुछ देर बाद छोड़ दिया गया। अभियुक्त शिवम सिंह निवासी घूमेटा को पुलिस ने रविवार देर शाम पकड़ा। करीब चार घंटे तक थाने में बैठाने के बाद राजनीतिक दबाव के चलते पुलिस ने उसे छोड़ दिया। जबकि शिवम सिंह के खिलाफ पहले से विभिन्न धाराओं में आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। इसके साथी विकी विकास, सुनीता पत्नी संतोष, संतोष पप्पू सन ऑफ बेचैन आदि सभी फरार हैं।

# विद्यालय विकास में समितियों की भूमिका अहम : विजयेन्द्र

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** विद्यालय प्रबन्धन समितियों के जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए प्रशिक्षक विजयेन्द्र मिश्रा एवं हरिओम गुप्ता ने कहा कि विद्यालय भवन के कायाकल्प, रख-रखाव, बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन एवं ठहराव तथा सामुदायिक सहभागिता को सुदृढ़ करने में समितियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्रधानाध्यापक गण विद्यालय प्रबन्धन समितियों की नियमित बैठकों के माध्यम से विद्यालय के कुशल संचालन में प्रबन्धन समितियों का सहयोग प्राप्त कर सकते हैं।

कहा कि प्रबन्धन समितियों के गठन के उद्देश्यों, तीन वर्षीय विद्यालय विकास योजना के निर्माण एवं क्रियान्वयन, विद्यालय कायाकल्प योजना तथा शारदा योजना एवं स्वच्छता आदि कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण में नियाज़ अहमद, राजेश कुमार, निसुधाकर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### राजेन्द्रनगर वार्ड में लगेगा अतिरिक्त ट्रांसफार्मर

**उसका बाजार, सिद्धार्थनगर।** नगर क्षेत्र के राजेंद्र नगर वार्ड (परसाखुर्द) में बिजली संकट से परेशान उपभोक्ताओं को जल्द राहत मिलेगी। ओवरलोड और फाल्ट की समस्या कम करने के लिए यहां 100 केवीए क्षमता वाले ट्रांसफार्मर की जगह अब क्षमता वृद्धि के लिए 250 केवीए ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा। यह जानकारी अवर अभियंता गोविंद कुमार ने दी। बताया कि ट्रांसफार्मर क्षमता बढ़ने के बाद वार्ड में बिजली की समस्या से नागरिकों को निजात मिल जायेगी। क्षेत्र में नंगे तारो के सहारे हो रही बिजली आपूर्ति की व्यवस्था भी बदलने और के बिलिंग का कार्य भी बहुत जल्द कराई जाएगी। इसके लिए प्लान तैयार है। बहुत जल्द नगरीय इलाके में केबल तारो के माध्यम से बिजली दी जाएगी। कहा कि विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओ को प्रमुखता के साथ उपभोक्ताओं को मुहैया कराने के लिए लिए कटिबद्ध हूं। जेई ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील किया है कि वह अपने बिजली बिल का भुगतान असमय करें।

### भारी मात्रा में कपड़ा व हार्डवेयर सामान के साथ पकड़ा

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** 43वीं वाहिनी एसएसबी की सीमा चौकी पकरिहवा और सीमा शुल्क कार्यालय खुनवा के संयुक्त दल ने पिकअप पर लदे कपड़े और हार्डवेयर सामान के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम रामदास यादव (26) निवासी ग्राम मद्रहना उर्फ़ रामनगर, पोस्ट- चेतरा, थाना कपिलवस्तु बताया। बरामद सामान के बारे में बताया कि वह सामान गोरखपुर से लेकर आ रहा है। सामान का कोई दस्तावेज न दे पाने पर जवानों ने पिकअप पर लदे भारी मात्रा में साड़ी, शूट, पेंट, शर्ट, और हार्डवेयर का सामान जब्त कर चालक सहित सीमा शुल्क कार्यालय खुनवा को सुपुर्द कर दिया।

### विशेष गाड़ियों में अनारक्षित सीटों का चार्ज जारी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** होली पर्व पर यात्री जनता की सुविधा के लिये रेलवे प्रशासन द्वारा विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। विशेष गाड़ियों में 18 मार्च को अनारक्षित सीटों का चार्ट जारी कर दिया गया है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### नगर आयुक्त ने बैठक साफ-सफाई के दिए निर्देश

**गोरखपुर, अमृत विचार।** नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने निर्माण विभाग के अभियंताओं और नगर निगम के अधिकारियों, सफाई निरीक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में नगर निगम द्वारा लगाया गया ट्रैकिंग सिस्टम को प्रेजेंटेशन के माध्यम से समझाया गया और समुचित साफ-सफाई को निर्देशित किया गया।

## रेलवे सुरक्षा बल ने फर्जी टीटीई को पकड़ा

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, गोरखपुर को 17 मार्च को निगरानी के दौरान प्लेटफार्म संख्या-03 पर 14 वर्ष का एक लड़का लावारिस हालत में मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड हेल्प लाइन, गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल बहराइच को प्लेटफार्म पर 10 वर्ष की एक लड़की लावारिस हालत में मिली। पूछताछ के उपरान्त लड़की को वन स्टॉप सेन्टर, बहराइच को सुपुर्द किया गया। 16 मार्च को रेलवे सुरक्षा बल, ऐशबाग को निगरानी के दौरान प्लेटफार्म संख्या-02 पर 13 वर्ष का लड़का मिला। पूछताछ के उपरान्त लड़के को चाइल्ड हेल्प लाइन, लखनऊ को सुपुर्द किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, स्कोर्ट पार्टी द्वारा यात्री से प्राप्त सूचना पर गाड़ी संख्या-12556 में निगरानी के दौरान एक व्यक्ति फर्जी टी.टी.ई बनकर यात्रियों से पैसा वसूलते हुए मिला। व्यक्ति को गिरफ्तार कर राजकीय रेलवे पुलिस, गोंडा के अन्तर्गत मामला पंजीकृत किया गया। रेलवे सुरक्षा बल, छपरा द्वारा महिला यात्री का छूटा दो पर्स बरामद कर रेलवे सुरक्षा बल, छपरा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री कि उपस्थित होने पर पर्स को उसे सुपुर्द किया गया।

## तेजस एक्सप्रेस में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्णय

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 82501/82502 लखनऊ जं0-नई दिल्ली-लखनऊ जं0 तेजस एक्सप्रेस में 20 मार्च से 1 अप्रैल, तक वातानुकूलित कुर्सी यान एवं एक्जीक्यूटिव क्लास का एक-एक अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। इस गाड़ी में उपरोक्त अतिरिक्त कोच लगाये जाने के पश्चात वातानुकूलित कुर्सी यान श्रेणी के 13, एक्जीक्यूटिव क्लास के 03 तथा पावर कार के 02 यान सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

# ट्रेनों को दिया जाएगा प्रायोगिक ठहराव

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु 12333/12334 हावड़ा-प्रयागराज रामबाग-हावड़ा विभूति एक्सप्रेस का तत्काल प्रभाव से चैसा स्टेशन पर प्रायोगिक आधार पर ठहराव प्रदान किया गया है।

इसके अलावा रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा हेतु विभिन्न एक्सप्रेस गाड़ियों का प्रायोगिक आधार पर 1 मिनट का ठहराव दक्षिण पूर्व रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा। 18182 थावे-टाटानगर एक्सप्रेस का बराभूम स्टेशन, 18181 टाटानगर-थावे एक्सप्रेस का बराभूम स्टेशन पर, 15027 सम्बलपुर-गोरखपुर एक्सप्रेस नामकोम व टाटीसिलवे स्टेशन पर, 15028 गोरखपुर-सम्बलपुर एक्सप्रेस टाटीसिलवे स्टेशन पर तथा नामकोम स्टेशन पर ठहराव दिया जाएगा। रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्यौहार पर यात्री जनता की सुविधा के लिए 22 मार्च को चलने वाली 01431 पुणे-गोरखपुर विशेष गाड़ी के बस्ती स्टेशन पर पूर्व में दिये गये ठहराव समय मे परिवर्तन किया गया है। यह गाड़ी बस्ती स्टेशन से 19.24 बजे के स्थान पर 29.27 बजे प्रस्थान करेगी।

प्रतियोगिता | जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे तीन दिवसीय महिला वालीबाल प्रतियोगिता का हुआ फाइनल मुकाबला

# लखनऊ की टीम को हराकर गोरखपुर ने जीती ट्राफी

सिद्धार्थनगर



वालीबाल प्रतियोगिता के दौरान गेंद को हिट करतीं खिलाड़ी।

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीन दिवसीय महिला वालीबाल प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ को सीधे सेटों में 3-1 हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। समापन दिवस पर शांम तक चला मैच बहुत संघर्षपूर्ण रहा।

पांच सेटों का फाइनल का मुकाबला रविवार अपरान्ह में शुरू हुआ फाइनल मुकाबला संघर्षपूर्ण होने के कारण देर शाम तक चला। स्पोर्ट्स हास्टल लखनऊ एवं स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर के बीच खेला गया। जिसमें स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर ने पहला सेट 15-25 से हारने के बावजूद धैर्य न खोया तथा अगले सेटों में गोरखपुर की टीम नई रणनीति के साथ उतरी। उसके स्मैशरों ने अपने दमदार स्मैश और लिबरों के शानदार ड्रापों के सहारे अगले तीनों सेट लगातार, 25-18, 25-19 एवं 25-21 से जीत कर स्पोर्ट्स हास्टल लखनऊ को 3-1 से हरा दिया।

लखनऊ की खिलाड़ियों ने काफी प्रयास किया लेकिन गोरखपुर की टीम के शानदार ब्लाक ने लखनऊ के स्मैशरों की एक न चलने दी। मैच पर पकड़ बनाए रखकर तीन लगातार सेटों को जीत कर प्रतियगिता भी जीत ली। इससे पूर्व सीनियर वर्ग महिला आमंत्रण प्रतियोगिता के सेमी फाइनल मैच खेले गए। इसमें पहले सेमी फाइनल में स्पोर्ट्स हास्टल लखनऊ की टीम ने सीधे सेटों में गोरखपुर मंडल की टीम को 25-17, 25-19, 25-10 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल के रोमांचक व संघर्षपूर्ण मुकाबले में स्पोर्ट्स कालेज गोरखपुर ने 25-16, 23-25, 25-19 व 25-17 से महाराणा प्रताप एकेडमी लखनऊ को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का समापन व पुरस्कार वितरण डीआईओएस सोमारू प्रधान ने किया। इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री, मो इब्राहिम, देवेन्द्र पांडेय, जीशान खलील, रत्नेश सिंह, सत्येन्द्र गुप्ता, माहेश्वरी पाठक, इशांक सिंह, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, गुलाब यादव, शशिकांत, सुमन सिंह मौजूद रहीं।

# विश्वविद्यालय में विज्ञान भवन बनकर तैयार, शुरू होंगी कक्षाएं

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय में विज्ञान भवन बनकर तैयार हो गया है। भवन बनने के बाद छात्रों में अब बीएससी की कक्षाएं संचालित होने की उम्मीद है। अभी तक विज्ञान संकाय की कक्षाएं वाणिज्य भवन में संचालित हो रही थीं।

विज्ञान विभाग का भवन न होने से वाणिज्य संकाय में एमएससी परास्नातक की कक्षाएं संचालित होती हैं। लेकिन अब भवन बनने के बाद विज्ञान विभाग में स्नातक बीएससी की कक्षाएं संचालित होने की छात्रों में उम्मीद जगी है। विश्वविद्यालय में हजारों छात्र पढ़ाई करते हैं। लेकिन विज्ञान विभाग में स्नातक की कक्षा नहीं चलने से कई विषयों में परास्नातक की सीट खाली रह जाती है। विज्ञान विभाग में स्नातक की कक्षा का संचालन होने से छात्रों की संख्या भी बढ़ेगी। जिले से प्रति वर्ष हजारों छात्र जिले से बाहर स्नातक करने के लिए जाते हैं। जिले में विश्व विद्यालय होने के बावजूद भी छात्रों को अन्य शहरों में रहकर पढ़ाई करनी पड़ती है। कला संकाय और वाणिज्य संकाय में अभी परास्नातक के कुछ विषयों की कक्षाएं चल रही हैं।

छात्रा अमृता श्रीवास्तव का कहना है कि जिले में विश्वविद्यालय होने के बावजूद भी बीएससी के लिए अन्य शहरों में पढ़ने के लिए जाना पड़ता है। विश्वविद्यालय में विज्ञान विभाग से बीएससी स्नातक की कक्षा शुरू होने से छात्रों को काफी सुविधा मिलेगी। एक अन्य छात्र सूरज चौरसिया, छात्र ने बतायाकि विश्वविद्यालय के अन्य विभाग में स्नातक की कक्षा संचालित होती हैं। जबकि विज्ञान विभाग में स्नातक की कक्षा संचालित नहीं हो रहा है। अब विवि में भी स्नातक की कक्षा चलने से यहां के छात्रों को सुविधा मिलेगी।

# धर्म दर्शन

रंगों का क्या पूछना? तरह-तरह के रंगों की अलग-अलग ही नवाबियत और ख़ासियत है। सादे या ब्लैक एंड ह्वाइट चित्र हों या चलचित्र, इनमें रंग भर क्या दिया कि ये आंखों को ही नहीं दिल तक को छूने लगते हैं। रंगों का यह दमखम हरेक को लुभाता है। रंगों से रिश्ता सिर्फ इंसानों का ही नहीं प्रकृति का भी गहरा नाता है।



## अंतर्जगत को रंगों से रंगने का पर्व है रंगभरी एकादशी

प्रकृति के सर्वाधिक प्रतापी अतिथि सूर्य को देखा जाए तो सूर्य के उदित होते आकाश चित्रकारी से भर जाता है। इतना ही नहीं जाते-जाते सूर्यास्त के समय भी आकाश का रंग-ढंग लुभाता ही नहीं बल्कि कला-प्रेमियों को लूट लेता है। प्रथम दृष्टया तो सूर्य में सात रंग होते हैं जिसमें लाल, नारंगी, पीला, हरा, बैंगनी, नीला और आसमानी रंग शामिल है लेकिन इन्हीं सप्तरंगों से अनगिनत रंग बनते हैं। आसमान से नीचे उतर कर किसी वन-उपवन को निहारा जाए तो पेड़ों से लेकर फूलों के रंग बिन बोल खींच लेते हैं संवेदनशील लोगों को। पूरी प्रकृति रंग-विरंग का महाग्रंथ सा है। हर अध्याय और हर पृष्ठ में ये रंग, रंग जमाते दिखाई पड़ते हैं।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्रकृति के साथ रंगों का ताल्लुक़ात देखने पर वसंत का महीना तो चार चांद लगाता है। इसी वसंत ऋतु को आगाज देने आता है होली का त्योहार। चैत्र-वैशाख का महीना वसंत का होता है। होली के पांच दिन पहले रंगभरी एकादशी स्कूल के घण्टे से कम कहां है? घण्टा बजते बच्चे प्रार्थना के लिए मैदान में आ जाते हैं। ऐसा ही कुछ रंगभरी एकादशी के दिन से होली के उल्लास का होता है। इस दिन से 'बुरा न मानो होली है' की गूंज शुरू हो जाती है।

रंगभरी एकादशी सिर्फ वाह्य जगत के लिए ही नहीं बल्कि अंतर्जगत में विराजते मन के उल्लास लिए भी संदेश लेकर आती है। दस इंद्रियों से संचालित जीवन में जब सिर्फ वाह्य जगत पर ही दृष्टि है तो यह दसों दिशाओं की यात्रा है और जब वाह्य से अंतर्जगत की ओर यात्रा करनी होती है तो वह अंतर्जगत में स्थित एकादश शक्ति की ओर उन्मुख होने की यात्रा है। मन का रंग, वाह्य रंगों से जरा हट कर होता है। मन जब लाल रंग से अठखेलियां करता है तब उसमें स्नेह, प्रेम, शौर्य का भाव भर जाता है। इसी तरह हरा रंग खुशहाली और समृद्धि एवं नीला रंग निश्चिन्तता तथा सकारात्मकता का रंग भरता है। नारंगी ऊर्जा और उत्साह, पीला बौद्धिक ज्ञान की वृद्धि का रंग प्रदान करता है और बैंगनी राजसी भाव का प्रतिनिधि रंग है।


मन जब इन विविध रंगों के प्रभाव में डूबता है तब व्यक्तित्व में पूर्णता आती है। रंगभरी एकादशी को कैलाश पर्वत पर समाधि के देवता महादेव भी पार्वती के संग रंग खेलते है। महादेव के रंग खेलने के प्रतीकों पर गहराई से चिंतन मनन किया जाए तो कुंडलिनी शक्ति जागरण के लिए वे सप्तचक्रों में रंग भरते हैं। योग-विज्ञान में मूलाधार चक्र से सहस्रार चक्र के अलग अलग रंग निर्धारित हैं। अलग-अलग चक्र के जागृत होते अलग-अलग तरह के रंगों का प्रभाव पड़ता है।

इस दृष्टि से होलिका दहन के पांच दिन पहले आने वाली रंगभरी एकादशी पांच ज्ञानेन्द्रियों, पांच कर्मेन्द्रियों एवं एकादश अतीन्द्रिय चेतना को ऊर्जान्वित करने की तिथि है। इसके बाद तो वाह्य जगत से पड़ने वाले कुप्रभावों को दहन करने की शक्ति खुद ही मिल जाती है। रंगभरी एकादशी का दूसरा नाम आमलकी एकादशी है। आमलकी धात्री-फल को कहते है। धात्री का अर्थ 'मां' कहा गया है। सनातन संस्कृति में तो मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर रखा गया है। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' श्लोक में जन्म देने वाली मां तथा जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ कहा गया है। जन्मभूमि को अन्तः करण भी मानना चाहिए क्योंकि जीवन में जो भी मनुष्य कार्य करता है, उसका प्रथम भाव मन में ही जन्म लेता है। आमलकी फल में आंवला, श्रीफल तथा अन्य लाभप्रद फलों को शामिल किया गया है। फल प्राप्ति के पहले वृक्ष का रोपण और सिंचन किया जाता है। इसलिए आमलकी एकादशी का आशय यह भी है कि यदि जीवन को स्नेह-प्रेम आदि के अनुकूल रंगों से भरना है तो उसके लिए सदाचार तथा सत्कार्यों का अनुकूल रंग-गुलाल, अबीर का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही सत्कर्म को जीवन पिचकारी बनाना चाहिए। फिर तो नकारात्मकता की होलिका जल जाएगी तथा खुशियों का प्रह्लाद जीवन भर ही नहीं पीढ़ी-दर-पीढ़ी आह्लाद प्रदान करता रहेगा।

## सत्य के प्रेरक सवितादेव



हे तेजस्वी सवितादेव! इस यज्ञ को उत्तम विधि से पूर्ण करें। यजमान को धन-धान्य के लाभ के लिए प्रेरित करें। वाचस्पति देव हमारी अन्नरूप आहुति को ग्रहण करें। जल के अंतः स्थल में अमृत तथा पुष्टिकारक औषधियां हैं। हे जलसमूह! आपकी ऊंची तथा वेगवान् तरंगे हमारे लिए अन्न प्रदायक बनें। वायु, मन, गंधर्व, पृथ्वी को धारण करने वाले सत्ताइस नक्षत्र आदि पहले से ही अपने साथ अश्व अर्थात् तीव्र गति को जोड़े हुए हैं। वे इस यज्ञ को गतिशील बनाएं। सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले सविता देव के अनुशासन में रहकर हम याजकगण बृहस्पति देव के श्रेष्ठ तथा इंद्रदेव के उत्कृष्ट स्वर्ग में आरोहण करें। सबको प्रेरणा देने वाले, सबको प्रकाशित करने वाले, सत्य के प्रेरक सवितादेव तथा बृहस्पति देव के अनुशासन में रहकर हम युद्ध मे विजयी हों।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

माता-पिता के रूप में विश्वरूप द्यावापृथिवी हमारी रक्षा के लिए आएं। हमें अन्न उत्पादन का ज्ञान मिले, अमृतभाव के साथ सोम की प्राप्ति हो। देवत्व की प्राप्ति के लिए, सुखों की उत्तम प्राप्ति के लिए, यज्ञ रूप परमात्मा के लिए, प्रजापति के लिए, अविनाशी सुंदर दिन के लिए, भुवन की सीमा व भुवनपति के लिए ये आहुतियां समर्पित की जा रही हैं। सभी देवशक्तियां उन्हें स्वीकारें। यज्ञ से हम दीर्घायु हों, हमारे प्राण की वृद्धि हो, नेत्रों की ज्योति बढ़े, श्रवण इंद्रियां समर्थ हों, हमारी पीठ का बल बढ़े, हमारे यज्ञ का विस्तार हो। हम सभी ईश्वर की संतान बन कर रहें। हम सभी मेधावी बनकर दिव्य सुख को प्राप्त करें और अमृतत्व को प्राप्त करने में समर्थ हों। हे दिशाओं! तुम्हारा संपूर्ण ऐश्वर्य, धन, कार्य करने की सामर्थ्य तथा तेज हमें प्राप्त हो। माता पृथ्वी के लिए आदर सहित हमारा नमस्कार है। हे मातृभूमे! आप संचालन करने वाली हैं तथा आपकी ही शासन शक्ति है। आपको कृषि कार्य के लिए, जगत के कल्याण के लिए, देश में ऐश्वर्य वृद्धि के लिए, प्रजापालन तथा अपने योगक्षेम के लिए हम स्वीकारते हैं। सोम नामक दीप्तिमान पदार्थ को अन्न उत्पादनकर्ता प्रजापति ने सबसे पहले औषधि और जल के मध्य उत्पन्न किया। हमारे लिए यह सोम मधुर रस से युक्त हो। हम पुरोहितगण अपने राष्ट्र में जाग्रत एवं जीवन्त रहें, ताकि हम अपने राष्ट्र को भी प्रगतिशील और जीवन्त रख सकें। इसके लिए यह आहुति समर्पित है।।

वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः स्वाहा।। 9/23 अन्न के उत्पादक प्रजापति ने सब ओर से संपूर्ण भुवनों को उत्पन्न किया और वे सनातन, सर्वज्ञाता प्रजापति हमारे लिए प्रजा, पशुधन तथा समस्त ऐश्वर्य की वृद्धि करते हुए, सबसे ऊपर के स्थान में निवास करते हैं- यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है। हमारे पालन के लिए जिस प्रजापति ने राजा, सोम, अग्नि, बारह आदित्य, विष्णु, सूर्य, ब्रह्मा और बृहस्पति देव को उत्पन्न किया है, उस प्रजापति का हम स्तवन करते हैं। यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है।

अर्यमा, पूषादेवता तथा वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती हमारे लिए अभीष्ट दान प्रदान करें। हमारी यह आहुति आपके लिए समर्पित है। हे पृथिवि! यह भाग आपका है, इसे स्नेहपूर्वक स्वीकार करें। पूर्व दिशा में विराजमान अग्निदेवता के निमित्त, दक्षिण दिशा में विराजमान यम देवता के निमित्त, पश्चिम दिशा में विराजमान विश्वेदेव के निमित्त, उत्तर दिशा में विराजमान मित्रावरुण व मरुत् देवता के निमित्त तथा ऊपरी भाग अंतरिक्ष और द्युलोक मे विराजमान हवि भोजी सोम के निमित्त सभी देवताओं की प्रसन्नता के लिए, ये आहुतियां समर्पित हैं। सभी देव शक्तियां स्नेहपूर्वक इन आहुतियों को स्वीकारें। हे याजक! सवितादेव यज्ञकार्य के लिए तुम्हें प्रेरित करें। अग्निदेव गृहपतियों को प्रेरित करें। सोमदेव तुम्हारे लिए वनस्पति रूपी औषधियां प्रदान करें। मेधा प्राप्ति के लिए बृहस्पतिदेव, बड़प्पन के लिए इंद्रदेव, पशुधन के लिए रुद्रदेव, सत्य व्यवहार के लिए मित्रदेव तथा धर्म मार्ग में चलने के लिए वरुणदेव प्रेरित करें।

## दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान असुर

त्रेता युग में एक से बढ़कर एक असुर हुए। वाल्मीकि रामायण में असुर के लिए सर्वाधिक प्रयुक्त संबोधन "राक्षस" था। इनमें भी सर्वाधिक सशक्त लंकापति रावण और उसके पूर्वज एवं वंशज थे। इनमें रावणानुज विभीषण को छोड़कर अधिकांश भगवान शिव के भक्त थे। जैसा कि स्पष्ट किया जा चुका हैं कि प्रारंभ में देव, दानव, दैत्य, नाग, गंधर्व, यातुधान आदि एक ही पिता कश्यप प्रजापति की दक्ष प्रजापति की की तेरह पुत्रियों से उत्पन्न संतानें थीं। अर्थात सभी संतानें परस्पर "मां सी" (मां के समान "मौसी") सौतेले भाई थीं।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

जब तक उनमें परस्पर स्नेह और सौहार्द रहा, सभी दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान "असुर" विशेषण धारी बनी रहीं। बाद में जब माताओं में सौतियाडाह और सौतेले भाईयों में प्रभुत्त्व जनित स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष एवं जीवन शैली को लेकर उत्पन्नद्वन्द्व भयंकर दीर्घकालिक सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। सुरा (वारूणी, सोमरस) और सुन्दरी के प्रति मोह ने देवों को आरामतलब और सुविधा भोगी बना दिया। अप्रसन्न दितिपुत्र दैत्य, दनुपुत्रदानव एवं देवविरोधी तत्व परस्पर एक हो गए। महर्षि भृगु के नीति निपुण, महान शिवभक्त आचार्य शुक्र उशनस या शुक्राचार्य का मार्ग दर्शन पाते हो मानो देवों से अलग हुए समूह के भाग्य में मानो चार चांद लगा दिया। भगवान भोलेनाथ शिव और माता पार्वती के संरक्षण इन तथाकथित नव असुरों को अजेय बना दिया। सुविधा भोगी, सुरा सुन्दरी प्रेमी देवेन्द्र मानो असहाय सा हो गए। इसस्थिति ने लंकापति रावण को त्रैलोक्य विजय को प्रेरित किया। दीन, दलित, निराश्रित के रक्षक के रूप में सुख्यात् रावण आत्मनियंत्रण नहीं रखपाया और शीघ्र ही उसकी कुख्याति तीनो लोकों को रूलाने वाले के रूप में विश्व में हो गई। देवशिल्पी विश्वकर्मा के समान ही श्रेष्ठ वास्तुकार, दानवराज 'मय' की परम सुंदरी पुत्री पतिव्रता मंदोदरी के होते हुए भी ऋषि पुलस्त्य जैसे श्रेष्ठ ब्राह्मण कुलोत्पन्न महापण्डित, महातप स्वी, सुन्दर और सुपुष्ट शरीर धारी, रावण की छवि अंततः एक विकृत, विकराल, दस शिरोंवाले विकराल आकृति आततायी, अपहर्ता, लोकउत्पी डक, कामुक साम्राज्यवादी के रूप में स्थापित हो गई।

## जरासंध का आक्रमण और रणछोड़

कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंच कर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिन्तित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था, साम्राज्यलिप्सा थी। इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य-राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिला कर मथुरा जा पहुंचा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्धपितामह भीष्म इस समय सजग थे लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादव गणराज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव-सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था किन्तु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किन्तु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यन्त फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादवप्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादवप्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए।

# प्रदेश

## हाई कोर्ट ने खारिज की जौहर विश्वविद्यालय की याचिका

विधि संवाददाता, प्रयागराज



**सुनवाई**

▸▸ विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के सरकार के फैसले को दी थी चुनौती

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रामपुर जिले में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने 18 दिसंबर 2023 को जौहर विश्वविद्यालय ट्रस्ट की याचिका सूचीबद्ध करने के कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले को सुरक्षित कर लिया था।

फैसले को सुरक्षित रखते हुए पीठ ने राज्य सरकार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंत तक रामपुर पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए हेल्पलाइन खुला रखने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान के नेतृत्व वाले मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को पट्टे की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए 3.24 एकड़ भूमि का पत्ता रद कर दिया। सरकार की ओर से आरोप लगाया गया था कि मूल रूप से एक शोध संस्थान के लिए आवंटित भूमि पर एक स्कूल चलाया जा रहा है।

सुनवाई के दौरान बिना कारण बताओं नोटिस के पट्टा रद करने के फैसले का बचाव करते हुए महाधिवक्ता ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की उस रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया कि लीज रद करने से पूर्व याची ट्रस्ट को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया। इसके अलावा उच्च शिक्षा के उद्देश्य से अधिग्रहित की गई भूमि का उपयोग रामपुर पब्लिक स्कूल चलाने के लिए किया जा रहा था। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान द्वारा सरकारी जमीन के खुले आम दुरुपयोग के आधार पर पट्टा रद करने का फैसला लिया गया।

हालांकि ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यूपी सरकार द्वारा लीज डीड को रद्द करने और संपत्ति को सील करने में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है। अनुसंधान संस्थान के खिलाफ कार्यवाही करने से पहले समिति के किसी भी सदस्य ट्रस्ट को कोई भी नोटिस नहीं दिया गया। इसके साथ ही पट्टा रद करने और परिसर को सील करने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया, जिसकी वजह से याची राज्य को जवाब दाखिल नहीं कर सका।

## मस्जिद में संदिग्ध युवक के पास मिले 12 सिम कार्ड

सहारनपुर, एजेंसी

▸▸ युवक को हिरासत में लेकर छानबीन में जुटी पुलिस

जिले के सरसावा में एक मस्जिद में लोगों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ा, जिसके पास से 12 सिम कार्ड बरामद हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच की। जांच में सामने आया कि वह बोल नहीं पता है। उसने सिर्फ कागज पर लिखकर बताया कि वह हरियाणा के जनपद अंबाला का रहने वाला है।

सोमवार दोपहर मोहल्ला मिर्धान स्थित मरकज वाली मस्जिद में इबादत कर रहे कारी नईम, अब्दुल अहाद, शमशेर को मस्जिद में एक संदिग्ध युवक को दिखाई दिया। उसकी हरकत देखकर इन लोगों को शक हुआ और युवक को पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर सभासद अय्यूब अंसारी भी पहुंच गए। कारी नईम और अब्दुल अहाद ने बताया कि युवक देखने में मुस्लिम समाज से लग रहा है, लेकिन उसकी हरकतें संदिग्ध थीं। युवक ने मस्जिद में चंदा भी मांगा। उन्होंने पहचान के लिए युवक से आधार कार्ड मांगा तो वो कुछ नहीं दिखा पाया। शक होने पर उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें से 12 सिम और एक कॉपी के पन्ने पर कुछ शहरों के नाम लिखे हुए मिले। इसके अलावा सब्जी काटने के दो चाकू, टॉर्च, कुछ रुपये और कपड़े भी मिले। आरोपी के पास से बरेली निवासी एक बच्चे का आधार कार्ड भी मिला। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि आरोपी शुरुआत में बोल रहा था, लेकिन भीड़ एकत्र होने पर गूंगा होने का नाटक करने लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आई, जिससे पुलिस ने पूछताछ की तो उसने एक कागज लिखकर सिर्फ इतना बताया कि वह अंबाला का रहने वाला है, लेकिन अपना नाम और पता नहीं बताया।एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि जांच में सामने आया है कि युवक बोल नहीं पाता है। उसकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं लग रही है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।


## वर्ग पहेली-14

**बाएं से दाएं**

1. रोएंदार, त्वचा पर बालोंवाला।
6. धीरे से खिसक जाना, रफूचक्कर होना, चल देना, चंपत होना।
7. लायक, पात्र, योग्य।
10. नरम होने की अवस्था या भाव, नरमी।
11. 1. अर्चित, जिसकी पूजा की गई हो 2. जिसका सम्मान किया गया हो।
12. 1. समान, तुल्य, सदृश 2. गुण

**ऊपर से नीचे**

2. 1. अविवाहित युवती या महिला के नाम से पहले प्रयोग किया जाने वाला शब्द, सुश्री 2. कुमारी, युवती, कन्या 3. चूक, गलती, भूल 4. किसी व्यक्ति या वस्तु को देखने
3. लटके दिखाने वाला, नख़रेवाला, जिसकी अदाएं शोख़ हों।
4. 1. रचना करना 2. निर्माण या तैयार करना 3. ठीक दशा या रूप देना 4. सुसज्जित करना, सजाना 5. सुधारना, मरम्मत करना 6. आपस में अच्छा संबंध या मेल-जोल बनाए रखना 7. पैदा करना या कमाना 8. अच्छी या उन्नत दशा में पहुंचाना 9. एक रूप से दूसरे रूप में लाना 10. उपहास करना 11. किसी कार्य को संपन्न करना 12. झूठी बातें कहना 13. स्वीकार करना, मानना 14. लाभ उठाना।
5. 1. आत्मा, जीवात्मा 2. इत्र 3. सत्त, सार।
8. 1. शृंगार, सजावट 2. शोभा।
9. 1. मल्लाह, केवट 2. घाट का कर लेने वाला।



### वर्ग पहेली -13 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 हा | ■ | 2 गुं | ■ |
| ■ | 3 मु | बा | र | क | बा | दी |
| ■ | है | ■ | मो | ■ | ■ | ■ |
| 4 जा | या | ■ | 5 नि | 6 ह | त | ■ |
| ने | ■ | 7 जि | य | रा | ■ | 8 छि |
| जाँ | ■ | ■ | 9 म | र | जि | या |
| ■ | 10 है | ट | ■ | त | ■ | सी |

### सुडोकू-93

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |


### सुडोकू -92 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 20 मार्च 00.21 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20.10 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष:** आज अनैतिक कार्यों में लिप्त होने से बचें। दोपहर के बाद आपको स्वास्थ्य को लेकर कुछ सावधान रहना चाहिए। जो लोग आपके निर्णयों का विरोध कर रहे थे, वही आज आपका समर्थन करेंगे। पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**वृष:** आज दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों का अच्छी तरह निर्वहन करेंगे। विद्यार्थी अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। नई व्यापारिक योजना पर काम कर सकते हैं। घरेलू कार्यों में कुछ विलम्ब हो सकता है।

**मिथुन:** आज मेहनत से पीछे न हटें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। महत्वपूर्ण कार्यों को शाम से पहले पूरा करना हितकर होगा। अति आत्मविश्वास आपको अच्छे लाभ से वञ्चित कर सकता है।

**कर्क:** आज सार्वजनिक क्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। कारोबार में परिस्थितियां आपके प्रतिकूल हो सकती हैं। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी किन्तु विशेष परिणाम नहीं मिलेंगे। शाम को घर के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। रोगियों की सेहत में सुधार होगा।

**सिंह:** आज यदि विदेश जाना चाहते हैं तो कुछ समय अभी रुकना बेहतर होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अति शीघ्रता में लिए गए निर्णय परेशानी बढ़ाने वाले सिद्ध होंगे। माता-पिता की आज्ञा का पालन करें। शरीर में शक्ति और तेज में कमी की अनुभूति होगी।

**कन्या:** आज समाज में आपका मान-सम्मान पहले की तुलना में बढ़ने वाला है। सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। सुख-सुविधा पर धन खर्च होगा। सहकर्मियों के व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। बच्चों के व्यवहार में नजर बनाये रखें। अपने घर की मरम्मत या नवीनीकरण कर सकते हैं।

**तुला:** आज अपना काम पूरी निष्ठा से करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। ऑफिस में पेन्डिंग कार्य आज पूरे करने की कोशिश करेंगे। परिजनों की बात बुरी लग सकती है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें।

**वृश्चिक:** आज दिन की शुरुआत कुछ खराब रहेगी। निर्णय लेने में असहज महसूस करेंगे। कल्पना लोक से बाहर आकर वास्तविकता को समझने का प्रयास करें। शाम को किसी मित्र के साथ घूमने जा सकते हैं। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी।

**धनु:** आज नशे की आदत से आपको बचना चाहिए। मन में सन्तोष व्याप्त रहेगा। गृहस्थ जीवन शान्तिपूर्ण ही रहेगा। किन्तु शाम को किसी वजह से कलह हो सकती है। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से दिग्भ्रमित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों और कला में मन लगेगा।

**मकर:** आज प्रेमी युगल जोड़े समय का अच्छा उपयोग करेंगे। साझेदारी से जुड़े हुए कार्य लाभप्रद सिद्ध होंगे। गृहस्थ जीवन का पर्याप्त आनन्द उठायेंगे। अच्छे अवसरों का लाभ उठा पायेंगे। आपको दूसरों से सलाह लेनी है, लेकिन स्वयं के विचारों के आधार पर निर्णय लेना उचित होगा।

**कुंभ:** आज पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें। सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। मित्रों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। पित्त विकार के कारण मुख में कड़वापन महसूस हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में कम लगेगा।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में सफलता के कारण आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी के बहकावे में आकर काम न करें। दोपहर के बाद आपको किसी समस्या से मुक्ति मिलेगी। दाम्पत्य संबंधों में तालमेल की कमी रहेगी। मन में कुछ उथल-पुथल सी हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
लोहा — सुबह : 07.49
मजाल — रात : 07.00

**Sony Pix**
बुलेट ट्रेन — सुबह : 11.11
द मास्क — रात : 09.00

**Sony Max**
सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 10.39
चेहरे — शाम : 06.59

**Zee Cinema**
ट्रैफिक सिग्नल — सुबह : 10.30
रॉक ऑन टू — रात : 07.30

**Colors Cineplex**
आ देखें जरा — सुबह : 08.49
कुंवारा — रात : 06.59

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर सुबह : 10.39 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू (एक पड़ोसी से)- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं...

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

## एक नजर

### होली पर डॉक्टरों के अवकाश पर रोक

अमृत विचार,लखनऊ : होली त्योहार में चिकित्सकीय सेवाएं दुरुस्त रखने के लिए चिकित्सा संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों एवं अस्पतालों में चिकित्सकों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। साथ ही इमरजेंसी सेवाएं 24 घंटे सक्रिय व पांच से 10 बेड अलग से आरक्षित रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं ।स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने निर्देश जारी करते हुए सोमवार को कहा कि अस्पतालों की इमरजेंसी में चिकित्सकों की अतिरिक्त टीमें लगाई जाएं। किसी भी स्थिति में इलाज के लिए पहुंचे मरीज को निराश न होना पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि कि होली पर केमिकल वाले रंगों की वजह से आंख, त्वचा संबंधी समस्या ज्यादा आती है। इसलिए इन औषधियों की विशेष व्यवस्था की जाए।

### स्टाफ नर्स का पदनाम बदला जाए

अमृत विचार,लखनऊ : चिकित्सा संस्थानों एवं मेडिकल कॉलेजों में कार्यरत स्टाफ नर्स का पद नाम बदलने की मांग उठी है। संस्थान व स्वाशासी मेडिकल कॉलेज प्रशासन को ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन ने पत्र लिख कर स्टाफ नर्स का नाम बदलकर नर्सिंग ऑफिसर करने की मांग की है। ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने बताया की केंद्र सरकार ने 2016 में ही स्टाफ नर्स का नाम बदल नर्सिंग ऑफिसर कर दिया था। लेकिन अभी भी एसजीपीजीआई, आरएमएल, केजीएमयू, सैफई समेत 14 स्वाशासी मेडिकल कॉलेजो ने नाम नहीं बदला है।

### जन प्रगति पार्टी ने तीन प्रत्याशी घोषित किए

अमृत विचार,लखनऊ : जन प्रगति पार्टी ने मोहनलालगंज से श्रीकांत, अमेठी से सुनील कुमार तिवारी और बाराबंकी से संगीता को लोक सभा प्रत्याशी बनाया है। पार्टी ने कहा कि पूरा विश्वास है कि हमारे प्रत्याशी लोकसभा चुनाव में अच्छा परिणाम हासिल करेंगे।

# साथी की हत्या से शिक्षकों में आक्रोश

## लखनऊ सहित कई जिलों में ठप हुआ यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** मुजफ्फरनगर में सिपाही द्वारा शिक्षक की गोली मारकर की गई हत्या के बाद सोमवार माध्यमिक शिक्षकों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। नाराज शिक्षकों ने यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन करने से इनकार दिया और केंद्र से बाहर निकलकर धरना प्रदर्शन किया। राजधानी के राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में राजकीय शिक्षक संघ की ओर से मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार का ऐलान हुआ इसी को देखते हुए शहर के पांचों के केंद्रों पर मूल्यांकन रोक दिया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने पहले समझाने का प्रयास किया लेकिन शिक्षक नहीं माने और प्रदर्शन जारी रखा। यहां राजकीय जुबिली कॉलेज सहित राजकीय निशातगंज, राजकीय बालिका विद्यालय विकास नगर, राजकीय बालिका विद्यालय गोमती नगर और हुसैनाबाद इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य किया जा रहा है लेकिन सोमवार को विरोध के चलते कॉपी नहीं चेक हो पाई।

**अच्छे व्यवहार वाले पुलिस कर्मियों की हो तैनाती**

लखनऊ : शिक्षक की मौत के बाद माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डा. आरपी मिश्र प्रेस कान्फ्रेंस कर अच्छे व्यवहार वाले पुलिस कर्मियों की तैनाती की मांग की। उन्होंने कहा कि मृतक परिवार को तत्काल एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का भुगतान किया जाय तथा उनके परिजन को राजकीय सेवा में लेते हुए मृतक के सेवाकाल तक पूर्ण वेतन का भुगतान एवं अन्य देय सुविधाएं भी दी जाये। डॉ. मिश्रा ने बताया कि रात में मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश द्वारा नशे की हालत में तम्बाकू मांगे जाने का विरोध करने पर धर्मेन्द्र कुमार को सरकारी कारबाइन से गोली मार कर हत्या कर दी गयी। ये निंदनीय है।

**निदेशक ने सहायता के लिए शासन को भेजा पत्र :** यूपी बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार के बीच शिक्षक के मौत के मामले में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से निदेशक डॉ महेन्द्र देव सहित सभी अधिकारियों ने दुख जताया और घटना की निंदा भी की। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा मृतक शिक्षक के परिवार को तात्कालिक आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए शासन को पत्र भी भेजा गया है।

**जिलों में भी दिखा बहिष्कार का असर:** सोमवार को राजधानी के अलावा जिलों में भी मूल्यांकन के बहिष्कार का असर देखने को मिला। शिक्षकों ने अलग-अलग जिलों में जिलाधिकारियों को पत्र भेज कर शिक्षक के परिजनों को आर्थिक सहायत दिए जाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री शिक्षक नेता राजेन्द्र तिवारी ने घटना को स्तब्ध कारी बताया। कहा कि मृतक शिक्षक के परिवार को एक करोड़ रुपए की सहायता दी जाए।

**शासन ने दिए 25 लाख:** माध्यमिक शिक्षा विभाग की सिफारिश पर मृतक शिक्षक के परिजन को शासन द्वारा 25 लाख की सहायता राशि दी गई है।

▸▸ शासन से मृतक आश्रित को नौकरी, व 1 करोड़ सहायता राशि देने की मांग

**13 जनपदों में 34 मूल्यांकन केन्द्रों पर नहीं चेक हुई कॉपियां**

वहीं सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला ने बताय कि प्रयागराज, शहाजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बिजनौर, सीतापुर, लखीमपुर, कानपुर, हरदोई, रायबरेली, बनारस सहित कुल 13 जनपदों में मूल्यांकन कार्य प्रभावित हुआ है। सचिव ने कहा शिक्षक की इस तरह से हत्या हो जाना चौका देने वाली घटना है। लेकिन मूल्यांकन कार्य तो पूरा ही करना है ऐसे में सभी शिक्षकों से अपील की गई है कि कार्य न प्रभावित करें।

# लोस चुनाव से पहले अत्याधुनिक हथियारों से लैस होगा यूपी एसएसएफ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल ( यूपी एसएसएफ ) को राज्य सरकार अत्याधुनिक हथियारों से लैस करने जा रही है। इसके लिए सरकार की ओर से 23 करोड़ से ज्यादा की धनराशि को प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति मिल गई है।

इस राशि से 31 मार्च तक की समयसीमा सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, सब मशीन गन, असॉल्ट राइफल समेत अन्य हथियार एवं साजो सामान की खरीद के लिए तय की गई है। स्वीकृत बजट से अगर कोई धनराशि बचती है तो उससे कोई अन्य उपकरण, सेवाएं क्रय नहीं की जा सकेंगी।

▸▸ हथियार और आवश्यक साजो सामान की खरीदारी के लिए 23 करोड़ रुपए स्वीकृत

**उप्र. में पांच बटालियन सुरक्षा में तैनात**

यूपीएसएसएफ का गठन सितंबर 2020 में प्रदेश के कोर्ट, प्रमुख धार्मिक स्थलों एवं प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए किया गया था। जून 2021 में यूपीएसएसएफ की पांच बटालियन गठित की गई थीं, जिनमें लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा व सहारनपुर की बटालियन शामिल हैं। यूपीएसएसएफ की प्रथम बटालियन लखनऊ में मेट्रो की सुरक्षा में भी तैनात है।

**465 ऑटोमैटिक पिस्टल समेत अन्य हथियारों की होगी खरीद:** जिन हथियारों और साजो सामान की खरीदारी की जानी है उनमें 465 ऑटोमैटिक पिस्टल, 1113 सब मशीन गन, 330 असॉल्ट राइफल, 500 बी आर जैकेट, 500 बी आर हेलमेट, 1714 पाली कार्बोनेट शील्ड और 2025 पाली कार्बोनेट लाठी शामिल हैं। निर्देशित किया गया है कि सभी हथियारों और साजो सामान गुणवत्तापूर्ण और उपयोगी होना चाहिए, जिससे की जवानों को कोई दिक्कत न हो।

### चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंथन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव को शांति पूर्वक संपन्न कराने लेकर पुलिस मुख्यालय में मंथन शुरू हो गया है। यूपी में चुनावों के दौरान कितनी फोर्स लगाई जाएगी। केंद्रीय फोर्स कितनी होगी, राज्य पुलिस कितनी होगी होगी, इसका लेखा-जोखा तैयार होना शुरू हो गया है। मंथन के बाद आयोग को मांगपत्र भेजा जाएगा। बताया जा रहा है कि इसी हफ्ते आयोग को सूचित कर दिया जाएगा कि यूपी में कितनी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की जरूरत है।

गौरतलब हो कि यूपी की पांच लोकसभा सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया कल से शुरू हो जाएगी। इसमें मुरादाबाद, रामपुर, सहारनपुर, कैराना, नगीना लोकसभा सीट शामिल है। बाकी सीटों के लिए नामांकन और मतदान की तिथियां भी निर्धारित हो चुकी है। ऐसी स्थित में चरणवद्ध तरीके से सुरक्षा कर्मियों की तैनाती होनी है। अधिकारियों के मुताबिक कितनी फोर्स की मांग की गई है।

# सूचना आयुक्तों के कार्यों का हुआ आवंटन

▸▸ गिरिजेश कुमार चौधरी को लखनऊ मंडल व सुधीर कुमार सिंह को बरेली की जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** नवनियुक्त सूचना आयुक्त के कार्यों का बंटवारा कर दिया गया है। सूचना आयुक्त गिरिजेश कुमार चौधरी को लखनऊ मंडल व सुधीर कुमार सिंह को बरेली मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य सूचना आयुक्त राजकुमार विश्वकर्मा ने इस सिलसिले में आदेश जारी किए।

आदेश के अनुसार सुधीर कुमार सिंह को बरेली मंडल के साथ चित्रकूट मंडल के भी जिम्मेदारी दी गई। इसी तरह अन्य सूचना आयुक्तों में डा. दिलीप कुमार अग्निहोत्री को कानपुर और बस्ती मंडल का प्रभार सौंपा गया है।

पद्म नारायण द्विवेदी को वाराणसी और सहारनपुर मंडल, स्वतंत्र प्रकाश को फैजाबाद और देवीपाटन मंडल व मोहम्मद नदीम को इलाहाबाद और मिर्जापुर मंडल की जिम्मेदारी दी गई है। सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह को गोरखपुर और झांसी मंडल, शकुंतला गौतम को मुरादाबाद और आजमगढ़ मंडल, राकेश कुमार को मेरठ मंडल व वीरेन्द्र प्रताप सिंह को आगरा और अलीगढ़ मंडल का प्रभार सौंपा गया है।

# मैनपुरी में चुनाव प्रभावित करने की कोशिश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी ने कहा कि राज्य सरकार मैनपुरी में चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश कर रही है। सपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा से मुलाकात कर उन्हें भारत निर्वाचन आयोग को संबोधित ज्ञापन सौंपा और अधिकारियों को हटाए जाने की मांग की।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर कहां कि प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव की दृष्टि से मैनपुरी से जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण, अपर जिलाधिकारी रामजी मिश्रा, उप जिलाधिकारी संध्या शर्मा, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, क्षेत्राधिकारी करहल संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक करहल ललित भाटी व एसएसआई थाना किशनी मैनपुरी अंकित कुमार को तत्काल जिले से बाहर स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने इन अधिकारियों पर भाजपा एजेन्ट के रूप में काम करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में भाजपा नेताओं के इशारे पर मैनपुरी में अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार प्रथम की नियुक्ति पर भी आपत्ति की की गई है।

**इलेक्टोरल बॉण्ड के नाम वसूली की गईः अखिलेश**

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल किया है कि, भाजपा ने देश की जनता को धोखा क्यों दिया? साथ ही अखिलेश का आरोप है कि इलेक्टोरल बॉण्ड के नाम पर देश भर में वसूली की गई है। तमाम कम्पनियों को डरा धमकाकर इलेक्टोरल बॉण्ड खरीदवाया। चुनावी चंदे के नाम पर हजारों करोड़ रूपये वसूलना अनैतिक है। सपा प्रमुख ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार के नए तरीके से खुद मालामाल होती रही।

# एक सप्ताह बाद भी मुरादाबाद के लिए नहीं शुरू हुई उड़ान

▸▸ सिर्फ चार जिलों के लिए उड़ान शुरू की, वो भी नियमित नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उड़ान योजना के तहत पांच जिलों के विमान सेवा शुरू होने की घोषणा तो हो गई मगर अभी तक मुरादाबाद के लिए फ्लाई बिग की एक भी उड़ान संचालित नहीं हो सकी है।

बता दें कि फ्लाईबिग एयरलाइंस की ओर से दो मार्च से श्रावस्ती, आजमगढ़, अलीगढ़, मुरादाबाद और चित्रकूट के लिए विमान सेवा शुरू करने की घोषणा की थी और शेड्यूल भी जारी कर दिया था। मगर दो मार्च से उड़ानों का संचालन नहीं हो सका। दस मार्च को चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर टर्मिनल 3 का शुभारंभ हुआ। 11 मार्च से फ्लाइबिग एयरलाइंस ने विमान सेवाओं का संचालन शुरू किया।

चित्रकूट, श्रावस्ती, अलीगढ़ और आजमगढ़ के लिए सेवाएं शुरू की। इन चार जिलों में भी नियमित संचालन नहीं हो रहा है। जबकि मुरादाबाद के लिए अभी तक विमान सेवा शुरू नहीं हो सकी है। मंगलवार को चित्रकूट और श्रावस्ती के लिए विमान उड़ान भरेंगे।

# बक्शी का तालाब आईटीआई की बदलेगी सूरत

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।** जर्जर हो चुकी बक्शी के तालाब आईटीआई की सूरत जल्द बदलेगी। आईटीआई में चार नए शेड बनाए जाएंगे। शेड बनने के बाद छात्रों को धूप और बरसात से राहत मिलेगी।

बक्शी का तालाब आईटीआई में 368 छात्र अध्यनरत हैं। आईटीआई भवन काफी जर्जर हो गया है। साथ ही मशीनें में भी काफी पुरानी हो गई हैं। चार नए शेड बनने के बाद छात्र-छात्राओं को लाभ मिलेगा। शेड बनने का काम शुरू हो गया है। बक्शी का तालाब और गोरखपुर आईटीआई के साढ़े चार लाख रुपये की पुस्तकें भी खरीदी गई हैं।

# दबिश के लिए बिहार और हरियाणा पहुंची एसटीएफ

**पेपर लीक प्रकरण**

▸▸ चारों आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी

▸▸ हेड कांस्टेबल की तलाश के लिए दिल्ली पुलिस से मांगी मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती पेपर लीक कांड के आरोपियों की तलाश के लिए एसटीएफ की एक टीम बिहार तो दूसरी हरियाणा पहुंच गई है। यहां तक की कई अधिकारी चंडीगढ़ में भी डेरा डाले हुए हैं। उधर, एसटीएफ की गिरफ्त में आए चारों आरोपियों को जल्द ही रिमांड पर लेने की तैयारी है, ताकि बाकी कड़ियों का खुलासा हो सके। जबकि दिल्ली पुलिस के कांस्टेबल रवि पहल की तलाश के लिए एसटीएफ ने दिल्ली पुलिस से मदद मांगी है। सूत्रों के मुताबिक रवि पहल इस कांड का एक अन्य मास्टर माइंड है। खुलासे के लिए पहल का गिरफ्त में आना जरूरी है।

रविवार की देर रात एसटीएफ मध्य प्रदेश में छापेमारी कर रही थी, लेकिन वहां पर एसटीएफ को कुछ खास हाथ नहीं लगा। इस दौरान एक मजबूत लीड मिलने पर एसटीएफ सोमवार की सुबह बिहार रवाना हो गई। हालांकि, एक अन्य टीम हरियाणा और चंडीगढ़ में पहुंची हुई है। उधर, एसटीएफ की गिरफ्त में आए अभिषेक शुक्ला, डॉ. शुभम मंडल, शिवम गिरि सहित एक अन्य आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेने जा रही है। पुलिस इन आरोपियों से पूछताछ करेगी। प्रकरण के मास्टर माइंड राजीव नयन को लेकर प्रयागराज से भी खुलासा हुआ है। प्रयागराज के जार्ज टाउन में राजीव नयन का कंसल्टेंसी कार्यालय संचालित था, जहां से एमबीबीएस, इंजीनियरिंग आदि में दाखिले के लिए रैकेट संचालित था। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक इस हफ्ते कई गिरफ्तारियां हो सकती हैं। सरकार का नजरें टेढ़ी हैं। गिरफ्तारी को लेकर शासन से भी लगातार अपडेट लिया जा रहा है।

# परेशानीः गर्मी आते ही शुरू हुआ बिजली संकट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही प्रदेश में बिजली संकट का सिलसिला शुरू हो गया है। राजधानी लखनऊ सहित प्रदेश के विभिन्न इलाकों में लोगों को बिजली की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। बिजली अभियंता आगामी गर्मी को लेकर मरम्मत कार्य के लिए बिजली बंद होने का तर्क दे रहे हैं। उनके अनुसार प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कुछ समय पहले प्रदेश में लोगों को समुचित बिजली उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इस क्रम में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन ने भी वितरण निगमों को समय पर मरम्मत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। बिजली आपूर्ति से जुड़े अधिकारियों को मरम्मत कार्य के दौरान कम से कम क्षेत्र व कम समय के लिए बिजली आपूर्ति बंद रखने के निर्देश दिए गए थे। पर गर्मी शुरू होते ही राजधानी समेत प्रदेश के विभिन्न इलाकों में मरम्मत कार्य के नाम पर घंटों के लिए आपूर्ति बंद हो रही है। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कारपोरेशन के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में वर्तमान में करीब 18000 मेगावाट बिजली की मांग हो रही है। मांग के अनुरूप प्रदेश में बिजली पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

# हत्या के विरोध में शिक्षकों का प्रदर्शन

## मृतक आश्रित को नौकरी व एक करोड़ की सहायता देने की मांग

**संवाददाता, संतकबीरनगर।** मुज्जफरनगर में वाराणसी के शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार की पुलिस के द्वारा गोली मारकर की गई हत्या के विरोध में सोमवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने विरोध प्रदर्शन किया। घटना से आक्रोशित शिक्षकों ने राजकीय बालिका इंटर कालेज व हीरालाल रामनिवास इंटर कालेज स्थित मूल्यांकन के गेट पर एकत्रित होकर सरकार के विरोध में प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष महेश राम व जिला मंत्री गिरिजानंद यादव ने बताया कि मुजफ्फरनगर की घटना से शिक्षक समुदाय हैरान व आक्रोशित है। संगठन मांग करता है कि मृतक शिक्षक धर्मेन्द्र कुमार के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किया जाय। मृत शिक्षक के बच्चों की पढ़ाई का खर्च सरकार उठाए। साथ ही हत्यारोपी आरक्षी को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कराकर कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाय। इस दौरान संजय द्विवेदी, संत मोहन सिंह, यूनुस अख्तर खान, विंध्याचल सिंह, विजय यादव, विनोद उपाध्याय, राम कुबेर मौर्य, विनय मिश्र, राकेश मिश्र, जयहिंद, कमर आलम, मुहम्मद परवेज अख्तर, राकेश सिंह आदि मौजूद रहे।




मूल्यांकन केंद्र के बाहर प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

# स्वदेशी रंगों व पिचकारियों से मनाई जाएगी होली

**संवाददाता, संतकबीरनगर।** होली का पर्व करीब आते ही बाजारों की रौनक बढ़ गई है। बाजारों में रंग और पिचकारियों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। इस बार की होली में चाइनीज की बजाय स्वदेशी पिचकारियों और हर्बल रंगों ने मोर्चा संभाल लिया है। खलीलाबाद के गोलाबाजार में रंगों और पिचकारियों के थोक कारोबारी अमरनाथ ने बताया कि इस बार होली में बाहुबली की तलवार, मोदी और योगी ब्रांड की पिचकारियां लोगों की पहली पसंद बन रही हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास 3 रुपए से लेकर 1500 रुपए तक की पिचकारियां मौजूद हैं। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक पिचकारियां भी हैं जो मोबाइल के चार्जर से चार्ज करके चलाई जाती हैं। उन्होंने बताया कि हर्बल, नेचुरल और आरोरोट के रंग ही बेंचे जा रहे हैं। ये रंग त्वचा को नुकसान नहीं पहुंचाते। इसके अलावा हर्बल अबीर और गुलाल बेहद वाजिब कीमत पर उपलब्ध हैं। साथ ही टोपी और मास्क भी त्यौहारों की गरिमा के अनुरूप ही रखे गए हैं। पांच रुपए से लेकर 150 रुपए तक की टोपियां और मास्क मौजूद हैं। इसी प्रकार से जनपद मुख्यालय समेत सभी कस्बों और बाजारों में होली के लिए रंग और पिचकारियों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ दिखने लगी है।

# पुर्तगाल के लिस्बन से कबीर समाधि पर मत्था टेकने मगहर पहुंचे पद्मा दास

**मगहर, संतकबीरनगर।** पुर्तगाल देश के लिस्बन शहर निवासी पद्मा दास ने सोमवार को सद्गुरु कबीर दास की निर्वाण स्थली मगहर के कबीर चौरा परिसर पहुंचकर सदगुरु कबीर की समाधि व मजार का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने समाधि के पुजारी शांति दास से कबीर के दोहे, बीजक, कबीर के जीवन व कबीर स्थली के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल किया। इसके अलावा कबीर के दोहों के अर्थो के बारे में भी पुजारी से पूछा, जिसको पुजारी शांति दास ने विभिन्न दोहों के अर्थो को बखूबी बताया। पुर्तगाल देश के लिस्बन शहर निवासी पद्मा दास ने सदगुरु कबीर की स्थली पहुंचकर समाधि व मजार का दर्शन करने के बाद कबीर गुफा के साथ ही परिसर में रखी कबीर से जुड़ी विभिन्न पुस्तकों का अवलोकन किया।साथ ही कहा कि यहां आकर बहुत शांति मिली। कबीर से जुड़ी धरोहरों को नजदीक से देखने का मौका मिला, बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा कि कबीर दास को मानने वाले पूरे विश्व में पाए जाते हैं।



कबीर समाधि का दर्शन करते पद्मा दास।

### अम्बा ग्रुप की रजत जयंती पर अखंड रामायण आज

**संतकबीरनगर।** नगर पंचायत हरिहरपुर स्थित अम्बा समूह आज अपने रजत जयंती वर्ष मैं प्रवेश कर रहा है। इस गौरवशाली अवसर पर संस्थान में आज श्रीराम चरित मानस के अखण्ड पाठ का शुभारंभ होगा और कल समापन और हवन के साथ ही विशाल भण्डारे का आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संस्थान के प्रबन्ध निदेशक डॉ अमरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि आप सभी को बताते हुए अपार हर्ष और गर्व की अनुभूति कर रहा हूँ कि आप सभी के प्रेम, सहयोग व स्नेह की बदौलत संस्था ने स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। जिसका रजत जयंती समारोह श्री रामचरित मानस के अखण्ड पाठ के साथ आज 19 मार्च को प्रारम्भ होकर 20 मार्च को पूर्ण होगा। जिसमें आप सभी की उपस्थिति से हमें आत्मबल व भविष्य को और भी बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी। बताया कि यह 25 वर्षों का सफर बड़ा ही शानदार रहा।


# तिथिवार घोषित कार्यक्रम की दी जानकारी

## निर्वाचन की अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी, 25 मई को होगा मतदान

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने जारी प्रेस बयान के माध्यम से जन सामान्य को सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 62 लोकसभा क्षेत्र संत कबीर के संबंध में तिथिवार कार्यक्रमों की घोषणा कर दी गयी है।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित तिथियों के अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना आगामी 29 अप्रैल को जारी हो जाएगी। नाम निर्देशन के लिए अंतिम तिथि 6 मई, नाम निर्देशन की जांच 7 मई को की जाएगी। प्रत्याशियों को नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि 9 मई निर्धारित की गयी है। मतदान 25 मई दिन शनिवार और मतगणना 4 जून को कराई जाएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 6 जून से पूर्व निर्वाचन की सारी प्रक्रिया पूर्ण करा ली जाएंगी। जिलाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन को भयमुक्त वातावरण, शुचिता पूर्ण और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराना प्रशासन की पहली प्राथमिकता होगी।



महेंद्र सिंह तंवर, जिला निर्वाचन अधिकारी संतकबीरनगर। अमृत विचार

**शिकायत के लिए स्थापित हुआ कंट्रोल रूम**

**संतकबीरनगर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिला मजिस्ट्रेट जयप्रकाश ने सर्वसाधारण को सूचनार्थ अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बीते 16 मार्च को लोक सभा सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 62-संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में निर्वाचन को सकुशल और निष्पक्ष संपन्न कराने के दृष्टिगत और संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लघन आदि के सम्बन्ध में जानकारी देने अथवा शिकायत करने के लिए जिलाधिकारी कार्यालय में कन्ट्रोल रूम की स्थापना करा दी गई है। जिसका टेलीफोन नम्बर 05547-226505 एवं टेलीफोन नंबर - 1950 है ।उन्होंने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि किसी भी तरह की जानकारी अथवा शिकायत के संबंध में उक्त टेलीफोन नंबर पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि उक्त के अतिरिक्त C-Vigil एप पर भी शिकायत कर सकते हैं।

# कार ने ऑटो में मारी टक्कर, चालक की मौत

**धनघटा, संतकबीरनगर।** धनघटा थाना क्षेत्र अन्तर्गत रामजानकी मार्ग पर स्थित ग्राम मुंडेरा शुक्ल स्थित ढ़ाबे के पास तेज रफ्तार कार ने आटो में सामने से टक्कर मार दिया। टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे जाकर पलट गई। इस घटना में आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया । मौजूद लोगों ने एम्बुलेंस की सहायता से आटो चालक को सीएचसी हैंसरबाजार पहुंचाया। मौजूद डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रसूलाबाद में रखी आंबेडकर मूर्ति को प्रशासन ने हटवाया

**मगहर, संतकबीरनगर।** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर चौकी अंतर्गत ग्राम रसूलाबाद में पिछले कई दिनों से डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को हटाने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा था।

प्रशासन के लाख प्रयासों के बावजूद जब सम्बन्धित पक्ष के लोग मूर्ति हटाने को तैयार नहीं हुए तो सोमवार की शाम प्रशासन ने सार्वजनिक भूमि पर स्थापित मूर्ति को हटवा कर अपने कब्जे में ले लिया। ऐसा करके प्रशासन ने गांव में मूर्ति को लेकर चल रहे विवाद का पटाक्षेप करा दिया। गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद में दलित बस्ती के निकट खलिहान की सार्वजनिक भूमि पर सदियों से काली मंदिर स्थापित है। उसी मंदिर के समीप दलित समाज के लोगों ने बिना प्रशासन की अनुमति के ही पिछले दिनों डाक्टर अम्बेडकर की मूर्ति लगा दिया था। जिसे हटवाने के लिये जिला प्रशासन ने ग्रामीणों से कई दौर की वार्ता करके विवाद के समाधान करने का हर सम्भव प्रयास किया। इसके बावजूद ग्रामीण डाक्टर अम्बेडकर की मूर्ति को हटाने के लिए तैयार नहीं हुए। सोमवार की शाम अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक शशिशेखर सिंह, एसडीएम सदर शैलेश दूबे, पुलिस उपाधीक्षक बृजेश सिंह, एलआईयू निरीक्षक प्रेम पति सिंह, तहसीलदार जनार्दन मौर्या, नायब तहसीलदार राजेश मिश्र, राजस्व निरीक्षक चन्द्र भूषण कन्नौजिया, लेखपाल श्रवण शर्मा, राजेंद्र प्रसाद, कोतवाली निरीक्षक राम कृपाल सिंह, महिला थाना प्रभारी सहित भारी संख्या में पुलिस बल और नगर पंचायत मगहर कर्मचारियों के साथ रसूलाबाद गांव में पहुंचे।



## चुनाव कमाल का...

- चुनाव आयोग में पहले केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ही होता था। 16 अक्टूबर 1989 से 1 जनवरी 1990 तक इसमें तीन आयुक्त नियुक्त किए गए।
- 1 अक्टूबर 1993 को पहली बार तीन आयुक्तों की नियुक्ति की व्यवस्था को नियमित कर दिया गया यह व्यवस्था आज भी जारी है। इनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त होते हैं।
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद के दोनों सदनों (राज्य सभा और लोकसभा), राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों का चुनाव कराता है।

## चुनावी तीर



रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बॉण्ड से उत्पन्न धनबल द्वारा देश की राजनीति एवं चुनाव को भी जनहित एवं जनमत से दूर करने की प्रक्रिया के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय का ताजा फैसला महत्वपूर्ण है, किन्तु संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है। जहां सहारा, वहां इशारा, इससे बचने के लिए बसपा बड़े-बड़े पूंजीपतियों एवं धन्नासेठों के धनबल से दूर है।

**मायावती,** बसपा सुप्रीमो



विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगियों के बीच बिहार के लिए सीटों का बंटवारा अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर लग जाएगी। क्या कारण है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पर्चा लीक जैसी घटनाएं होने लगीं? इसके लिए कौन जिम्मेदार है?...क्या युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी?

**-तेजस्वी यादव,** राष्ट्रीय जनता दल



मैं सोनिया गांधी से कभी नहीं मिला। यह कहना बेबुनियाद है कि मैंने सोनिया गांधी से मुलाकात की और अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अगर राहुल मेरे बारे में ऐसा कह रहे हैं तो यह अतार्किक और बेबुनियाद है। मैंने विधायक पद से इस्तीफा दिया और फिर पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया।

**- अशोक चव्हाण,** राज्यसभा सदस्य, भाजपा

# अटल की राजनीतिक विरासत संजोये रखने को दमखम भरेंगे राजनाथ



• अजय दयाल, लखनऊ


**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में अपना दमखम दिखाने को तैयार हैं। राजधानी लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की न केवल कर्मभूमि कहा जाता है, बल्कि भाजपा इस संसदीय सीट पर 1991 से काबिज रही है।

अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से लगातार पांच बार सांसद रहे हैं। अटल की इसी राजनीतिक विरासत को संभालते हुए साल 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने इस सीट को रिकार्ड मतों से जीता था। भाजपा इस बार फिर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विश्वास जताते हुए उन्हें जीत की हैट्रिक लगाने और अटल की ही तर्ज पर जीत के अंतर का रिकॉर्ड बनाने को चुनावी मैदान में उतारा है। दरअसल, अटल की तैयार जमीन से आज भी भाजपा यहां राजनीतिक फसल काट रही है। अटल यहां से पांच बार सांसद चुने गए और उनसे से पहले लखनऊ में कभी भाजपा चुनाव नहीं जीती थी। पहले इसे कांग्रेस के गढ़ के रूप में जाना जाता था। हालांकि 1989 के चुनाव में जनता दल के मान्धाता सिंह ने दाऊ जी को हराकर जीत दर्ज की थी। उससे पहले 1984 व 1980 के चुनावों में कांग्रेस की शीला कौल यहां से सांसद रही हैं। उस समय इसे कांग्रेस का गढ़ माना जाता था।

### तोड़ते रहे अपने ही बनाए रिकार्ड

सच्चाई तो यह है कि खुद अटल बिहारी बाजपेयी अपने ही बनाए रिकार्ड को तोड़ते रहे। साल 1991 में जहां उन्होंने एक लाख 17 हजार 303 वोटों से जीत दर्ज की वहीं 1996 के चुनाव में अपने इस रिकार्ड को तोड़ दिया। इस चुनाव में उन्होंने राज बब्बर को एक लाख 18 हजार 671 वोटों से पराजित किया। 1998 के चुनाव में भी उन्होंने सपा के मुजफ्फर अली को दो लाख 16 हजार से ज्यादा वोटों से हराकर सीट को और मजबूत किया। हालांकि 1999 के चुनाव में कांग्रेस के डॉ. कर्णसिंह ने उन्हें मजबूत चुनौती दी थी फिर वह जीत न सके। वह चुनाव अटल ने एक लाख 23 हजार से ज्यादा वोटों से जीता। 2004 के लोक सभा चुनाव में अटल बिहारी बाजपेयी ने फिर अपने ही पिछले रिकार्ड तोड़ दिए। इस चुनाव में उन्होंने सपा की मधु गुप्ता को दो लाख 18 हजार से ज्यादा वोटों से परास्त कर दिया।

- **राजधानी से जीत की हैट्रिक लगाने को उतरे रक्षामंत्री का इंडिया गठबंधन उम्मीदवार से मुकाबला**
- **पांच बार सांसद रहे हैं अटल ने अपनी ही जीत के तोड़े थे रिकॉर्ड, इस बार राजनाथ के पास मौका**



### राजनाथ से पहले लालजी टंडन ने संभाली अटल की राजनीतिक विरासत

अटल के बाद और राजनाथ सिंह से पहले उनकी राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी लालजी टण्डन बने। बाद में लखनऊ सीट से चुनाव लड़ते हुए राजनाथ सिंह ने 2014 में मोदी लहर में 5 लाख 61 हजार से ज्यादा वोट प्राप्त किए थे। उनके खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर लड़ी रीता बहुगुणा जोशी को सिर्फ 2 लाख 88 हजार हजात वोट ही मिले थे। यानि राजनाथ ने लखनऊ से अपने पहले चुनाव में 2 लाख 77 हजार से ज्यादा वोट के अंतर से चुनाव जीता था। ऐसे ही 2019 के लोस. चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह को 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट मिले थे जबकि सपा उम्मीदवार पूनम सिन्हा केवल दो लाख 85 हजार से अधिक वोट मिले थे। इस चुनाव में राजनाथ सिंह 3 लाख 47 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार पार्टी को राजनाथ सिंह से अपना ही पिछला जीत के अंतर का रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद है। राजनाथ के सामने मुख्य मुकाबले में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा हैं।

### पांच विधानसभाएं हैं शामिल

लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीट आती है। जिसमें जिनमें लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट विधानसभा सीट शामिल है। इसमें से तीन सीट पर भाजपा ने 2022 चुनाव में जीत दर्ज की थी।

# नैनीताल सीट से भाजपा हैट्रिक की तैयारी में

• अरविंद मलिक, हल्द्वानी

- **कांग्रेस अभी प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई, बसपा का भी खिसक रहा जनाधार**

**तीन चुनावों के आंकड़े (प्रतिशत में)**

| वर्ष | कांग्रेस | भाजपा | बसपा |
|---|---|---|---|
| 2009 | 42.63 | 30.90 | 19.03 |
| 2014 | 31.96 | 57.81 | 5.38 |
| 2019 | 34.41 | 61.35 | 2.36 |

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी नैनीताल सीट पर हैट्रिक लगाने को पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर गई है। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट दोबारा से चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। लगातार दो बार हार का स्वाद चख रही कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई है। प्रत्याशी चयन में भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ दिया है। अब देखना है कि कांग्रेस किस प्रत्याशी के दम पर सांगठनिक रूप से सशक्त भाजपा से कैसे निपटेगी।






लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। भाजपा इस सीट से जीत की हैट्रिक लगाने को पूरी दमखम से जुट गई है। रक्षा राज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट पर भाजपा ने दोबारा दांव लगाया है। भाजपा के सभी आनुषांगिक संगठन चुनावी तैयारी में लग गए हैं। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। नैनीताल और ऊधमसिंह नगर दोनों जिलों में चुनावी कार्यालय खुल गए हैं। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। हर वोटर के पास पहुंचने को शक्ति केद्र स्तर पर बूथ कमेटियों की बैठकें चल रही हैं। हर उस वोटर से जो भाजपा से जुड़ा नहीं है, उससे संपर्क साधा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद उम्मीदवार के लिए चेहरा तक नहीं तलाश सकी है। लगातार विधायकों, विधानसभा चुनाव लड़ चुके उम्मीदवारों, जनप्रतिनिधियों के जाने से लग रहे झटकों से ही कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व नहीं उबर पा रहा है। वहीं स्थानीय नेतृत्व में भी व्यक्तिगत स्तर तक ही सिमटता दिख रहा है। भाजपा की तुलना में कांग्रेस का संगठन काफी कमजोर माना जा रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की सक्रियता कहीं नहीं दिखाई दे रही है।

भले ही कांग्रेस प्रत्याशी अभी घोषित नहीं हुआ हो पर यह तय है कि मुकाबला इस बार भी कांग्रेस व भाजपा के बीच ही होना है। कारण स्पष्ट है कि उत्तराखंड में कांग्रेस व भाजपा ही प्रमुख दल माने जाते हैं जबकि उक्रांद, उपपा, बसपा, सपा सिर्फ वोट कटाने तक ही सीमित रहती हैं। पिछले एक दशक में भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है तो कांग्रेस के सामने अपना वजूद बचाए रखने की चुनौती है। आंकड़ों पर गौर करें तो बसपा का जनाधार तो लगातार खिसक रहा है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 14 विधानसभा सीटें हैं। इसमें नैनीताल जिले में कांग्रेस का एक और ऊधमसिंह नगर जिले में पांच विधायक हैं। 2004 और 2009 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा ने जीत हासिल की थी। लेकिन, 2014 में भाजपा के दिग्गज व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने बाबा को हराकर जीत की हैट्रिक पर विराम लगा दिया। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत को करारी शिकस्त दी।

# सियासी नारों की बिसात पर बदल गई चुनावी तस्वीर

• अरुण कुमार मिश्र, गोंडा





**अमृत विचारः** चुनावी उद्घोषणा हो गई है। सियासी हलचल भी तेज हो गई है। देवीपाटन मंडल में अभी सभी प्रत्याशियों की तश्वीर साफ नहीं हो पाई है, लेकिन जीत की दहलीज तक पहुंचने के लिए हर बार की तरह एक बार फिर नारे गढ़े जाने लगे हैं। 1951 से लेकर चुनाव की प्रक्रिया बदल गई। प्रचार प्रसार के माध्यम बदल गए। बैलेट पेपर की जगह ईवीएम लग गई। लेकिन अगर कुछ नहीं बदला है तो वह आरोप प्रत्यारोप और चुनावी नारे। राजनीतिक दलों की तरफ से गढ़े नारों का असर भी खूब होता रहा और सियासी तस्वीर भी बदलती रही। कभी-कभी इसका उलटा असर भी हुआ लेकिन चुनावी नारे लोगों के जेहन में बैठने वाले भी थे जिनसे वोटर हमेशा प्रभावित होते रहे।

चुनाव में विकसित भारत की बात हो रही है। आम लोगों को न्याय दिलाने की बात हो रही है। लोकतंत्र बचाने की बात हो रही है। तो भारत को और समृद्धशाली बनाने के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। ये कितने कारगर होंगे और इसका असर चुनावों में गढ़े गए नारों से समझते हैं। 1990 से राजनीति में बड़ा बदलाव आया। राजनीति के जानकार और कई बार के प्रधान रहे जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि 1990 के पहले गांव, गरीब, किसान, खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दे होते थे। लेकिन अब ये बदल गए हैं। राजनीतिक दलों के साथ आम नागरिकों की मानसिकता बदल गई है।

1991 की राजनीति में राम मंदिर आंदोलन ने तश्वीर बदल दिया। 1971 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। उधर विपक्ष ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया। इस चुनाव में इंदिरा गांधी सत्ता पाने में कामयाब रहीं लेकिन 1977 में वह सत्ता से बाहर हो गईं और इंदिरा हटाओ का नारा कामयाब हो गया। गोंडा से कांग्रेस के सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह चुनाव हार गए और बीएलडी से सत्यदेव सिंह चुनाव जीत गए। बलरामपुर सीट से नाना जी देशमुख ने कांग्रेस के उम्मीदवार को हराकर जनसंघ को जिता दिया था। इसी तरह बहराइच से जनता पार्टी के ओम प्रकाश त्यागी और कैसरगंज से जनता पार्टी से रुद्रसेन चौधरी जीत गए। नारे ने सियासत की पूरी तश्वीर ही बदल दी।

1989 में अलग हुई समाजवादी पार्टी भले ही क्षेत्रीय दल था लेकिन सपा ने भी रोटी कपड़ा और मकान, मांग रहा है हिंदुस्तान का नारा दिया। 1991 में भाजपा ने नारा दिया कि सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे, इसका फायदा भाजपा को मिला। बसपा ने भी दलित कार्ड खेला और नारा दिया- तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार। ठाकुर, बाभन, बनिया चोर, बाकी सब डीएस फोर। इसका फायदा बीएसपी को मिला लेकिन ठाकुर, बनिया व ब्राह्मण के सहयोग से ही सरकार बनी। भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा ने गठबंधन किया तब नारा गढ़ा गया-मिले मुलायम कांशी राम, हवा हो गए जय श्रीराम। लेकिन 2024 में राम आ गए और अब राम राज्य को लाने की बात हो रही है। 2014 में मोदी के नेतृत्व में चुनाव हुआ। 2019 में सरकार अपनी सफलता पर इतरा रही थी। इसलिए एक बार फिर मोदी सरकार का नारा दिया गया। इसमें भाजपा कामयाब रही। 2024 में भाजपा ने एक बार फिर मोदी सरकार, विकसित भारत का नारा दिया है। वहीं कांग्रेस ने मोदी को हटाएंगे सबको न्याय दिलाएंगे का नारा गढ़ा है।


### स्थानीय नारे भी सियासत की बदलते हैं करवट

वर्ष 1998 की बात है। बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से तो सपा से कीर्तिर्धन सिंह आमने सामने चुनाव मैदान में थे। गांधी पार्क में चुनावी रैली में अपनी जीत के प्रति बृजभूषण सिंह इतने उत्साहित थे कि उन्होंने नारा दिया कि तुही जितैहिऔ और हमही जीतब, हमही जीतब। उनका उद्देश्य दूसरा था लेकिन मतदाताओं पर इसका असर उलटा हुआ और इसमें बृजभूषण सिंह को जीत से दूर कर दिया। 2009 में कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव में खड़े थे। दूसरी तरफ भाजपा से राम प्रताप सिंह, सपा से विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह तथा बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव लड़ रहे थे। स्थानीय स्तर पर नारा उछला एक दबाओ तीन गिराओ। इसका असर यह हुआ कि गोंडा के तीनों क्षत्रप चुनाव हार गए और बेनी बाबू चुनाव जीत गए।



# दक्षिण के भरोसे भाजपा देख रही 400 पार का सपना

• ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली



- **2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में खाता तक नहीं खुल पाई थी भाजपा**

**भाजपा का रिपोर्ट कार्ड**

| 129 कुल सीटें दक्षिण के राज्यों में | 0 केरल | 25 कर्नाटक | 4 तेलंगाना | 0 तमिलनाडु | 0 आंध्र प्रदेश |
|---|---|---|---|---|---|

भारतीय जनता पार्टी ने 400 पार का लक्ष्य पूरा करने के लिए दक्षिण भारत के पांच राज्यों (कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल व आंध्र प्रदेश) में विशेष प्रचार अभियान का कार्यक्रम तैयार किया है। जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने कर भी दी है। पिछले 77 दिनों में उन्होंने 23 दिन सिर्फ दक्षिण के राज्यों में व्यतीत किए हैं।

2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में बीजेपी का खाता तक नहीं खुला था जबकि कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में चार सीटें ही मिली थीं। विपक्षी दलों को 100 सीटें मिली थीं। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बार पुनः केरल की वायनाड सीट से उम्मीदवार है। इसकी वजह से पांचो राज्यों में कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को फायदा होने का अनुमान है। कांग्रेस का मानना है कि उसे 2019 के मुकाबले 2024 में कर्नाटक में ज्यादा सीटें मिलेंगी और बीजेपी को नुकसान होगा। इस बार कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। दक्षिण भारत के राज्यों में सर्वाधिक 29 सीटें तमिलनाडु, 28 सीटें कर्नाटक, 25 सीटें आंध्र प्रदेश, 20 सीटें केरल एवं 17 सीटें तेलंगाना में है। प्रथम चरण के चुनाव अभियान के पहले चरण में प्रधानमंत्री 5 दिन में सभी 129 सीटों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर इतिहास रचने जा रहे हैं। दूसरे चरण में उनकी कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्रियों ने इन सभी 129 सीटों में रोड शो, कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क व चुनावी रैलियां आदि कार्यक्रम तय हैं।




# बिहार में भाजपा 17 जदयू 16, लोजपा 5 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 16, लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास (लोजपा) 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) एक -एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी में बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और हम के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक साथ ऐलान किया और प्रधानमंत्री के राजग को 400 पार पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर देने का इरादा व्यक्त किया। तावड़े ने कहा कि बिहार में राजग के पांच सदस्य दल- भाजपा, जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के चुनाव चिह्नों पर राजग के रूप में एक साथ चुनाव लड़ेंगे। भाजपा 17 सीटों पर, जदयू 16 सीटों पर, लोजपा पांच सीटों पर तथा हम एवं रालोमो एक एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

# चुनाव परिणामों से चौंकाती भी रहती है अयोध्या

• इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या



**40** से उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति भी अयोध्या में लेती आई है सियासी अंगड़ाई

**1957** से 1984 तक फैजाबाद में जीतते चले आए कांग्रेस के प्रत्याशी, 1977 का चुनाव रहा अपवाद

**अमृत विचार :** वर्ष 1986 में राम जन्मभूमि का ताला खुलने से लेकर अभी कुछ दिन पूर्व हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बीच चार दशक की अवधि में अयोध्या व उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति ने यहीं से सियासी करवटें व अंगड़ाइयां ली हैं। एक तरह से राम मंदिर आंदोलन की ही पृष्ठभूमि में विश्व हिंदू परिषद, भाजपा व आरएसएस ने इसे अपना गढ़ बना लिया, लेकिन इसे अयोध्या की खूबी कहें या कुछ और। इस अवधि में चुनाव चाहे लोकसभा के हुए हो, विधानसभा या निकायों के। अयोध्या ने बीच-बीच में चौंकाने वाले भी परिणाम दिए हैं।

अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट पर इसी अवधि में सर्वाधिक बार भाजपा भले ही जीती है लेकिन 1989 से लेकर अब तक क्रमशः तीन बार इस लोकसभा सीट से 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, 1998 में समाजवादी पार्टी और 2004 में बसपा ने भी अपना परचम लहराया है। बीते विधानसभा के चुनाव और अयोध्या नगर निगम के चुनाव में भी चुनाव परिणामों से भाजपा भौचक रह गई थी।

फैजाबाद जिला व फैजाबाद लोकसभा सीट आजादी के बाद से मूलतः कांग्रेस का गढ़ रही। सन् 1957 से लेकर 1984 तक यहां से कांग्रेस सांसद ही जीतते रहे। बीच में केवल 1977 का चुनाव अपवाद रहा जब यहां जनता पार्टी से अनंतराम जायसवाल ने कांग्रेस का तिलिस्म तोड़ा। अयोध्या का राम मंदिर आंदोलन एक तरह से वर्ष 1985 में परवान चढ़ना शुरू हुआ, जब जेल जैसे लोहे के सींकचों में ताले में कैद रामलला की मुक्ति का विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन शुरू किया। एक फरवरी 1986 को अदालत के आदेश से रामजन्मभूमि का ताला खुला तो पूरे जिले में दिवाली मनाई गई। यहीं से भाजपा ने इसे अपनी सियासत का ऊर्जा केंद्र एक तरह से अयोध्या को बना लिया। राम मंदिर आंदोलन शुरू होने से कांग्रेस की जड़ एक तरह से उखड़ गई। वर्ष 1989 के चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव ने कांग्रेस के निर्मल खत्री को पराजित कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। अगले ही चुनाव 1991 में भाजपा के विनय कटियार जीते और लगातार दो बार यहां से सांसद रहे।

चौंकाने वाला परिणाम फिर 1998 के लोकसभा चुनाव में आया। जब सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने भाजपा को मात दे दी। 1999 में विनय कटियार फिर सांसद चुन लिए गए, लेकिन मित्रसेन यादव ने 2004 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट से लड़कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया गया। वहीं फैजाबाद व अयोध्या नगर पालिका को मिलाकर अयोध्या नगर निगम बना दिया गया। उस समय अयोध्या जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा था।

चौंकाने वाले परिणामों की दृष्टि से देखें तो इतना सबकुछ करने के बाद 2022 में विधानसभा के चुनाव हुए तो अयोध्या जिले की पांच में से दो विधानसभा सीटें क्रमशः गोसाईगंज और मिल्कीपुर समाजवादी पार्टी ने भाजपा से छीन ली। यह तब हुआ जबकि अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की आधार शिला रखी थी। उम्मीद थी कि इसका असर विधानसभा चुनाव में दिखेगा और भाजपा को लाभ होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद मई 2023 में हुए नगर निकाय के चुनाव में भाजपा अपने इतने पार्षद भी नहीं जिता पाई कि बोर्ड में उसका बहुमत हो पाए।

नगर निगम के चुने गए नए मेयर के वार्ड में भी भाजपा को हराकर निर्दल पार्षद जीत गया। वहीं राम मंदिर जिस वार्ड में है, उस वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और वहां से जमीन कारोबारी एक मुसलमान निर्दल पार्षद बन गया। इसी तरह अयोध्या में आरएसएस के बने नए मुख्यालय साकेतपुरी वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और यहां भी एक मुस्लिम महिला निर्दल पार्षद चुन ली गई। यह अलग बात है कि अब कई निर्दल पार्षदों को दल में शामिल कराकर भाजपा का नगर निगम बोर्ड में बहुमत हो गया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1115 डीएमओ 890 बोल्ड 1180, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1125 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## लखनऊ मंडी

**अनाज (प्रति क्वि.)-**

| | |
|---|---|
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11500-12500 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# तत्काल सहायता में क्षतिपूर्ति का फार्मूला फेल

## 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का कंपनी नहीं कर पाईं आकलन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निर्धारित समय बीता, क्लेम बचाने के गुणा-भाग में उलझे



**अमृत विचार :** प्रदेश में 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से नुकसान बीमित रबी की फसलों का क्लेम तो दूर कंपनियां तय समय पर आकलन नहीं कर पाई हैं। जबकि किसानों ने टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर आठ हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए थे, जो ''प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'' की गाइडलाइन के अनुसार 15 दिन के अंदर सर्वे कर क्लेम तय करना है। लेकिन, इससे अधिक समय बीतने पर भी कंपनियों ने कृषि विभाग को किसी तरह की रिपोर्ट नहीं दी है।

गौरतलब है कि कंपनी ने कितने दावे आए और कितने निरस्त हुए यह भी नहीं बताया है। नियम में यह है कि आपदा की स्थिति में नुकसान पर 25 फीसद क्षतिपूर्ति राशि फार्मूला लगाकर तत्काल सहायता के रूप में 30 दिन में जाती है और शेष राशि फसल कटाई के दौरान।

**तो समय से कॉल करने पर देरी क्यों:** एक सीजन की फसल का बीमा कराने पर आपदा के समय व्यक्तिगत दावा और न होने पर अंत में क्रॉप कटिंग यानी कटाई पर क्लेम मिलता है। आपदा की स्थिति में जितना नुकसान उतने किसानों को उतनी क्षतिपूर्ति मिलती है। इसमें कंपनियों को नुकसान होता है। जबकि क्रॉप कटिंग में खेत चिह्नित कर कटाई में निकली उपज की तौल के आधार क्लेम तय होता है। इसी आधार पर आसपास के बीमित किसानों को भुगतान किया जाता है। जबकि इसमें किसानों को घाटा होता है।

### राजस्व की रिपोर्ट का करते रहे इंतजार

आपदा के समय राजस्व विभाग आर्थिक सहायता के लिए पूरे गांव का सर्वे करता है। जबकि बीमा कंपनी सिर्फ बीमित किसानों का। कहा जाता है कि एक-दूसरे में अंतर न आए इसलिए कंपनी राजस्व की रिपोर्ट का इंतजार करतीं हैं और क्लेम बचाती है। इधर, व्यक्तिगत दावों का निस्तारण नहीं हो पाया है और बुंदेलखंड व अन्य क्षेत्र में क्रॉप कटिंग होने लगी है। जहां, लेखपाल अधिक क्लेम के लिए ज्यादा नुकसान दर्शा रहे हैं। इसका मतलब यह है कि इस मामले में झोल ही झोल है।

> कंपनियों ने सर्वे कर लिया है। लेकिन, रिपोर्ट नहीं दी है। इसके लिए 10 दिन का समय मांगा है। रिपोर्ट का परीक्षण भी करेंगे। यदि नुकसान हुआ है तो किसानों को पारदर्शिता से क्लेम मिलेगा।
>
> **-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## आईटी क्षेत्र में अगले वित्त वर्ष में 3 से 5% वृद्धि का अनुमान

**मुंबई।** भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र के राजस्व में अगले वित्त वर्ष (2024-25) में तीन से पांच प्रतिशत तक वृद्धि होने की संभावना है। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को यह अनुमान जताया। इसके साथ ही इक्रा रेटिंग्स ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि आईटी क्षेत्र में वृद्धि दर की रफ्तार बढ़ने तक भर्तियां निकट अवधि में 'सुस्त' बनी रहेंगी। हालांकि राजस्व वृद्धि पर चिंताओं के बीच कंपनियों की लाभप्रदता मजबूत रहने की उम्मीद जताई गई है। इसके मुताबिक, 250 अरब डॉलर के भारतीय आईटी क्षेत्र के लिए परिचालन लाभ मार्जिन वित्त वर्ष 2024-25 में 21-22 प्रतिशत के स्वस्थ स्तर पर आ जाएगा। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष (2023-24) के पहले नौ महीनों में उद्योग की राजस्व वृद्धि सिर्फ दो प्रतिशत रही है।

# बीमा क्षेत्र में आया 54,000 करोड़ रुपये का विदेशी निवेश : जोशी

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय सेवा सचिव विवेक ने 9 साल के बारे में दी जानकारी



वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी ने कहा है कि विदेशी पूंजी के प्रवाह संबंधी मानदंडों को अधिक उदार बनाने से बीमा क्षेत्र में पिछले नौ साल में करीब 54,000 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया है।

जोशी ने बातचीत में कहा कि सरकार ने बीमा क्षेत्र में एफडीआई की सीमा को 26 प्रतिशत से बढ़ाकर वर्ष 2015 में 49 प्रतिशत और फिर 2021 में संशोधित कर 74 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार ने बीमा मध्यस्थ कंपनियों के लिए स्वीकृत एफडीआई सीमा को वर्ष 2019 में बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया था। उन्होंने कहा कि सरकार के इन कदमों से दिसंबर, 2014 से जनवरी, 2024 के बीच बीमा कंपनियों में कुल 53,900 करोड़ रुपये का एफडीआई प्राप्त हुआ। जोशी ने कहा कि इस अवधि में जनवरी, 2024 तक बीमा क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की संख्या 53 से बढ़कर 70 हो गई। उन्होंने कहा कि बीमा उत्पादों की पहुंच वित्त वर्ष 2013-14 में 3.9 प्रतिशत थी, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में चार प्रतिशत हो गई। वहीं बीमा घनत्व 2013-14 के 52 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 92 डॉलर हो गया।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,100 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,000-50,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 75,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,500 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,500 |
| चांदी पक्की | 738 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 75,000। |

## चीनी का उत्पादन मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का शुद्ध चीनी उत्पादन अक्टूबर, 2023 में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष में 15 मार्च तक मामूली गिरावट के साथ 280.79 लाख टन रह गया है। सोमवार को जारी व्यापार आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने बयान में कहा-मौजूदा 2023-24 सत्र में 15 मार्च, 2024 तक चीनी का उत्पादन 280.79 लाख टन पर पहुंच गया। पिछले साल इसी तारीख में यह आंकड़ा 282.60 लाख टन रहा था। इस साल 15 मार्च को चालू कारखानों की संख्या 371 थी, जबकि पिछले साल इसी दिन 325 मिलें परिचालन में थीं। उत्तर प्रदेश में समीक्षाधीन अवधि में चीनी का उत्पादन पूर्व के 79.63 लाख टन के मुकाबले 88.40 लाख टन हुआ। महाराष्ट्र में चीनी उत्पादन 101.92 लाख टन से मामूली गिरावट के साथ 100.50 लाख टन रह गया, जबकि कर्नाटक में यह 53.50 लाख टन से घटकर 47.55 लाख टन रह गया है।

## अडाणी की कंपनी की एलपीएस मांग को न्यायालय ने नकारा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (जेवीवीएनएल) से विलंबित भुगतान अधिभार के रूप में 1,300 करोड़ रुपये से अधिक की मांग करने वाली अडाणी पावर राजस्थान लिमिटेड की याचिका सोमवार को खारिज कर दी। जेवीवीएनएल राजस्थान सरकार के स्वामित्व वाली बिजली वितरण कंपनी है। अडाणी पावर राजस्थान लिमिटेड (एपीआरएल) ने जेवीवीएनएल से देरी से भुगतान पर अधिभार के रूप में 1,300 करोड़ रुपये की मांग रखी थी।

# स्टार्टअप नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में

नई दिल्ली, एजेंसी

- डीपीआईआईटी सचिव राजेश बोले-इसे जल्द लागू किया जाएगा



सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए नीति अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है और इसे जल्द ही लागू किया जाएगा। उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां स्टार्टअप महाकुंभ में कहा कि स्टार्टअप इकाइयों को देश और स्वयं के लाभ के लिए अपने नवोन्मेषण को बौद्धिक संपदा अधिकारों में बदलना चाहिए। व्यापक अनुसंधान एवं विकास के जरिए ऐसा किया जा सकता है।

सिंह ने कहा-भारत सरकार एक अलग सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप नीति बना रही है। नीति का मसौदा अब अंतर-मंत्रालयी चर्चा के अंतिम चरण में है। हमें उम्मीद है कि इसे जल्द लाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि हम एक बड़ा कोष बनाने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। उम्मीद है कि आप सघन प्रौद्योगिकी स्टार्टअप के लिए अलग व्यवस्था देखेंगे। प्रधानमंत्री की विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सलाहकार परिषद (पीएम-एसटीआईएसी) ने सात जुलाई, 2022 को अपनी 21वीं बैठक में इस संबंध में एक व्यापक नीतिगत ढांचे का प्रस्ताव दिया था और एक कार्यसमूह के गठन की सिफारिश की थी। राजेश सिंह ने कहा कि अंतरिम बजट में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) के लिए एक लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा-हमें उम्मीद है कि डीपीआईआईटी कारोबार क्षेत्र और स्टार्टअप समुदाय के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभा सकता है।

# राष्ट्रीय

# शक्ति का हर उपासक देगा विपक्ष को जवाब: मोदी

## तेलंगाना की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर किया वार

शिवमोगा (तेलंगाना), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) पर हिंदू धर्म में समाहित 'शक्ति' के विनाश का ऐलान करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में नारी और शक्ति का हर उपासक उसे (विपक्ष को) इसका जवाब देगा। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, ''कल मुंबई में इंडी गठबंधन की तरफ से एक खुला ऐलान किया गया है। वे लोग हिंदू धर्म में समाहित शक्ति को समाप्त करना चाहते हैं। हिंदू समाज जिन्हें शक्ति मानता है, उस शक्ति के विनाश का उन्होंने ऐलान कर दिया है। अगर शक्ति विनाश का उनका ऐलान है तो शक्ति उपासना का मेरा भी ऐलान है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में आयोजित एक रैली में कहा था, ''हिंदू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं... एक शक्ति से लड़ रहे हैं। अब सवाल उठता है कि वह शक्ति क्या है?

शिवमोगा की रैली में मोदी ने कहा-मैं जब सार्वजनिक जीवन में आया... जब मैंने अपने समय का पल-पल और शरीर का कण-कण लोगों की सेवा के लिए समर्पित करने का संकल्प लिया तो मुझे इसी शक्ति ने ऊर्जा दी। आज भी मैं शक्ति की उपासना करता हूं, देश के कोटि-कोटि लोग हिंदू धर्म की इस शक्ति के उपासक हैं। मेरे लिए देश की नारी शक्ति, इसी शक्ति का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरोप लगाया कि 'इंडी अलायंस' के लोग इस 'शक्ति' को 'कुचलना और तबाह' करना चाहते हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी ने कोयंबटूर में रोड शो किया



**कोयंबटूर।** प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को यहां रोड शो किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगातार 'मोदी, मोदी' के नारे लगाए और पारंपरिक संगीत की धुन बजाकर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। जैसे ही मोदी ने एक खुले वाहन में अपना रोड शो शुरू किया, सड़क के दोनों ओर जमा हुए लोगों ने उन पर फूल बरसाए और उनके समर्थन में नारे लगाए। रोड शो के दौरान कुछ लोग उत्साहपूर्वक झूमते नजर आए। यह पहली बार है, जब प्रधानमंत्री ने कोयंबटूर में रोड शो किया है।

## मेडिकल की छात्रा ने प्रोफेसर पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया

**नई दिल्ली।** मेडिकल की एक 22 वर्षीय छात्रा ने आरोप लगाया है कि मौखिक परीक्षा के दौरान उसके प्रोफेसर ने उसका यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। शिकायतकर्ता के मुताबिक वह एक सरकारी अस्पताल में 2021 बैच की एमबीबीएस छात्रा है। प्राथमिकी में कहा गया, औषधि शास्त्र विभाग में 31 जनवरी को हमारी मौखिक परीक्षा आयोजित की गई थी। दोपहर मुझे मौखिक परीक्षा के लिए औषधिशास्त्र के एक सहायक प्रोफेसर के सामने उपस्थित होना था। प्रोफेसर ने कुर्सी अपने नजदीक रखी हुई थी, जबकि विधार्थी शिक्षक के सामने वाली कुर्सी पर बैठते हैं। कहा कि प्रोफेसर ने उन्हें कुछ कागज दिए और वह अनुचित तथा अप्रासंगिक सवाल पूछे थे।

# बढ़ेंगी सरकारी विज्ञापनो की दरें

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

- सूचना सचिव संतोष जाजू का अखबार मालिकों को आश्वासन
- वर्ष 2019 से नहीं बढ़ी हैं विज्ञापनों की दरें

**अमृत विचार:** प्रिंट मीडिया के सरकारी विज्ञापनों की दरों में वृद्धि के संकेत मिले हैं। सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव संतोष जाजू एवं इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी के अध्यक्ष राकेश शर्मा के बीच हुई वार्ता के बाद समाचार पत्र एवं मैगजीन जगत में उक्त आशय की उम्मीद जगी है।

प्रिंट मीडिया की विज्ञापन दरों में वृद्धि करने के लिए केंद्र सरकार ने अतिरिक्त सचिव जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में रेट स्ट्रक्चर समिति का गठन किया था। सिन्हा समिति ने अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है। समिति ने प्रिंट मीडिया के छोटे-बड़े सभी घरानों के नुमाइंदों से अलग-अलग बात की थी, जिसमें ज्यादातर प्रकाशन समूहों ने आर्थिक तंगी का हवाला दिया था। जिसमें न्यूज़ प्रिंट के दामों में वृद्धि, बिजली की दरों में हो रही वृद्धि एवं वेतन व परिवहन में आने वाले अतिरिक्त आर्थिक बोझ की जानकारी दी गई थी।

अखबार एवं मैगजीन के ज्यादातर मालिक आईएनएस के मध्यम से विज्ञापन की वर्तमान दरों में कम से कम 25 प्रतिशत की वृद्धि किए जाने की मांग कर रहे हैं। उनका तर्क है कि 5 वर्ष में मुद्रण की लागत कई गुना बढ़ गई है। वेतन में भी वृद्धि हुई है और अखबारों के मूल्य में कोई वृद्धि नहीं की गई है और न ही विज्ञापन दरों में सरकार ने कोई वृद्धि की है। कोरोना के समय में प्रिंट मीडिया को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। जिसकी वजह से प्रिंट मीडिया के समक्ष कई तरह के आर्थिक संकट पैदा हो गए हैं। सरकार ने उक्त मांगों पर अध्ययन करने के लिए जयंत सिन्हा की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया था। जिसकी रिपोर्ट कई माह पूर्व सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को सौंप दी गई थी।

सूत्रों के मुताबिक उक्त रिपोर्ट में सरकारी विज्ञापन की दरें बढ़ाने की सिफारिश की गई है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई तो आईएनएस के अध्यक्ष राकेश शर्मा ने सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर से सिन्हा समिति की रिपोर्ट को लागू करने की मांग की थी। मंत्रालय के सूत्रों के मुताबिक सोमवार को सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव संतोष जाजू एवं आईएनएस अध्यक्ष राकेश शर्मा के बीच एक बैठक हुई। इस वार्ता के दौरान श्री शर्मा ने पांच पेज का एक मांग पत्र भी संतोष जाजू को दिया है।

## एक नजर

### राजस्थान के सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

**जयपुर।** दिल्ली-अजमेर राजमार्ग पर सोमवार को सुबह एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस के अनुसार, यह हादसा सोमवार को सुबह चंदवाजी इलाके में हुआ जब एक कार राजमार्ग पर खड़े ट्रक से जा टकराई। कार में सवार लोग नागौर जिले से शाहपुरा जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि इस घटना में पवन कुमार, संजना देवी, कपूरी देवी और मोनिका की मौत हो गई।

### इनामी नक्सली दंपति ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में इनामी नक्सली दंपति ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों की किस्टाराम एरिया कमेटी की कृषि शाखा के अध्यक्ष सोड़ी सुक्का उर्फ सोड़ी कोसा (45) और उसकी पत्नी सोड़ी सुक्की (37) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि नक्सली कोसा के सर पर पांच लाख रुपए और सुक्की के सिर पर दो लाख रुपए का इनाम घोषित है।

## नकली दवाओं के मामले में ईडी ने दिल्ली एनसीआर में 10 स्थानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कैंसर की नकली दवाओं का उत्पादन और बिक्री करने वाले गिरोह से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) में कई स्थानों पर सोमवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। संघीय एजेंसी ने कुल 10 स्थानों पर छापे मारे और दो स्थानों से लगभग 65 लाख रुपये नकद बरामद किए। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कैंसर और कीमोथेरेपी दवाओं के उत्पादन और उनकी दिल्ली-एनसीआर के कुछ अस्पतालों में बिक्री में कथित रूप से शामिल एक संगठित आपराधिक गिरोह की जांच के लिए मामला दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने इसी मामले का संज्ञान लेते हुए धनशोधन का मामला दर्ज किया।

## बिचौलिए मिशेल जेम्स की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

**अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामला**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में एक कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की नई जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। सीबीआई और ईडी द्वारा 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टरों की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के इस कथित घोटाले के मामलों में जांच की जा रही है। यह तर्क दिया गया कि जेम्स पर प्रत्यर्पण आदेश में उल्लिखित अपराधों के अलावा किसी अन्य अपराध के तहत आरोप नहीं लगाया जा सकता है और उसे विशेषज्ञता के सिद्धांत का लाभ दिया जाना चाहिए।

दुबई से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद उसे दिसंबर 2018 में गिरफ्तार किया गया था। पीठ के प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पूछा है कि आप इस मामले में अनुच्छेद 32 (संविधान के प्रावधानों में से एक जो मौलिक अधिकारों को लागू करने के लिए उच्चतम न्यायालय जाने का अधिकार देता है) के तहत याचिका कैसे दायर कर सकते हैं?

# विदेशी छात्रों पर हमले से संबंधित मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार

अहमदाबाद, एजेंसी

- गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में हुई थी घटना



गुजरात विश्वविद्यालय के छात्रावास में नमाज पढ़ने को लेकर विदेशी छात्रों पर हुए हमले के सिलसिले में पुलिस ने कुल पांच लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को दूसरी जगह स्थानांतरित करने और सुरक्षा के लिए पूर्व सैन्यकर्मियों की सेवाएं ली हैं। जांच और सभी हमलावरों की पहचान करने के लिए नौ टीम गठित करने वाली पुलिस ने हितेश मेवाड़ा और भरत पटेल की शुरुआती गिरफ्तारियों के बाद सोमवार को तीन और लोगों क्षितिज पांडे, जितेंद्र पटेल और साहिल दुधातिया को गिरफ्तार किया।

पुलिस ने कहा कि इसके साथ ही गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या पांच हो गई है, शेष आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं। शनिवार को हुई इस घटना के बाद विश्वविद्यालय ने विदेशी छात्रों को एक नए विंग में स्थानांतरित कर दिया है और सुरक्षा के लिए पूर्व सैनिकों की सेवाएं ली हैं। इसके अलावा एक विदेशी छात्र सलाहकार समिति की स्थापना की गई है। गुजरात विश्वविद्यालय की कुलपति नीरजा गुप्ता ने विदेश अध्ययन कार्यक्रम के समन्वयक और एनआरआई छात्रावास वार्डन को तत्काल हटाने की घोषणा की। पुलिस उपायुक्त तरुण दुग्गल ने कहा कि हमले में शामिल शेष संदिग्धों की पहचान करने के लिए तकनीकी निगरानी और अन्य तरीकों का इस्तेमाल करते हुए गहन जांच की जा रही है। पुलिस ने दंगा, स्वेच्छा से नुकसान पहुंचाने और आपराधिक कृत्य समेत विभिन्न आरोपों में 20-25 अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के अनुसार ए-ब्लॉक छात्रावास में विदेशी छात्रों के साथ हुई मारपीट की घटना के बाद श्रीलंका और ताजिकिस्तान के दो छात्रों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इन घटनाक्रमों के बीच गुजरात उच्च न्यायालय ने मामले में जांच एजेंसी के तौर पर हस्तक्षेप करने से इनकार करते हुए कहा कि हर मामला ऐसा नहीं होता कि उसमें जनहित याचिका दायर कर दी जाए।

# भाजपा कोर कमेटी में कानपुर से गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर चर्चा

नई दिल्ली, ब्यूरो



सतीश महाना।



अजय कपूर।

- उप्र विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी मांग रहे टिकट
- विधायक रहे अजय कपूर के नाम का भी हुआ है जिक्र

**अमृत विचार:** कानपुर संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी में किसी गैर ब्राह्मण उम्मीदवार पर भी चर्चा की गई है। जिसमें हाल ही में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए तीन बार के विधायक रहे अजय कपूर के नाम का जिक्र भी हुआ है। कांग्रेस ने यहां से आलोक मिश्रा एवं बसपा ने किसी क्षत्रिय उम्मीदवार को मैदान में उतारा है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना भी कानपुर से टिकट मांग रहे हैं। वह आठ बार से विधानसभा का चुनाव जीत रहे हैं। महाना को भाजपा ने 2009 में लोकसभा का टिकट दिया था लेकिन वे 17 हजार मतों से हार गए थे। उन्होंने कोर कमेटी के सदस्यों के पास 2009 में प्राप्त मतों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया है। जिसके तहत उन्हें 1,96,000 से ज्यादा मत मिले थे और कांग्रेस के श्री प्रकाश जायसवाल को करीब 2,14, 000 मत मिले थे। जबकि बहुजन समाज पार्टी से सुखदा मिश्रा को करीब 48000 मत मिले थे।

सूत्रों के मुताबिक महाना ने यह लेखा-जोखा इसलिए प्रस्तुत किया है क्योंकि 2009 के मुकाबले 2024 में भाजपा की स्थिति बहुत ज्यादा मजबूत हुई है। ब्राह्मण बाहुल्य कानपुर सीट से कांग्रेस ने आलोक मिश्रा का नाम लगभग तय कर दिया है। उसके बाद से ही महाना ने अपना दावा और मजबूती से पेश किया है। कोर कमेटी को यह भी बताया गया है कि यदि महाना के स्थान पर कांग्रेस से आए अजय कपूर को टिकट मिलता है तो वह भी अच्छा चुनाव लड़ेंगे, क्योंकि कानपुर में पंजाबियों का ठीक-ठाक वोट बैंक है। वह किदवई नगर जैसे ब्राह्मण बाहुल्य विधानसभा क्षेत्र से विधायक भी चुने जा चुके हैं। महाना और अजय कपूर आपस में रिश्तेदार भी हैं।सूत्रों के मुताबिक कोर कमेटी के समक्ष कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी ने अपनी बेटी एवं बैरिस्टर नरेंद्रजीत सिंह के परिवार की बहू नीतू सिंह को टिकट दिए जाने का दावा पेश किया है।

### भाजपा की तीसरी सूची आज जारी होने की संभावना

उत्तर प्रदेश, बिहार एवं महाराष्ट्र के उम्मीदवारों का नाम तय करने के लिए भाजपा कोर कमेटी की बैठक देर रात तक जारी रही। इस कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक होगी और उसी दिन शाम तक उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी होने की संभावना है।कोर कमेटी ने उत्तर प्रदेश के गैर विवादित संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवारों के नाम लगभग तय कर दिए हैं। लेकिन केंद्रीय चुनाव समिति ही इन नाम पर अंतिम फैसला लेगी। कोर कमेटी से प्राप्त नामों को अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह संगठन महासचिव बीएल संतोष, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कर्नाटक के पूर्व मुख्य मंत्री बीएस येदुरप्पा, ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के लक्ष्मण, संसदीय बोर्ड के सदस्य डा. इकबाल सिंह लालपुरा व डा. सत्यनारायण जटिया, महाराष्ट्र के देवेंद्र फडणवीस एवं महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष वनाथी श्रीनिवासन सहित अन्य सदस्य मंगलवार को विचार विमर्श करेंगे।

# इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी



स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास पिछले साल दबाव की स्थिति में डगमगा गया था, लेकिन इस सत्र में वह मानसिकता को मजबूत करने में सफल रही, जिससे वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पहला खिताब जीतने में सफल रहीं। आरसीबी ने कम स्कोर वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली को तीन गेंद रहते 8 विकेट से हराकर दूसरे सत्र का खिताब जीता।

मंधाना ने कहा कि वह पिछले सत्र से अब तक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हुई हैं। इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा। पिछले साल मैं पिछड़ रही थी, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। मुझे खुद पर कुछ चीजों को लेकर संदेह था, लेकिन वह मेरे दिमाग की वास्तविक बातचीत थी, मुझे खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़ी सीख थी। दिल्ली ने शेफाली वर्मा (44) और कप्तान मेग लैनिंग (23) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाए 64 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद टीम ने महज 49 रन में सभी विकेट गंवा दिए। आसीबी ने तीन गेंद शेष रहते 8 विकेट से मैच को अपने नाम किया। मंधाना ने इस दौरान युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल की तारीफ की जिन्होंने फाइनल में 4 विकेट चटकाए। इस कप्तान ने कहा कि श्रेयंका बहुत शानदार रही हैं। पहले तीन चार मैच उनके अनुकूल नहीं रहे। वह क्षेत्रीय टूर्नामेंट खेल कर आई थी, जिसमें उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। मुझे उससे बातचीत याद है जब मैंने कहा था कि चिंता मत करो 17 मार्च को तुम खास करने जा रही हो, मुझे क्या पता था कि ऐसा होगा और उसे पर्पल कैप मिलेगी।

### दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं

दूसरे सत्र में मंधाना ने ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि हरमनप्रीत कौर ने लीग के पहले सत्र में मुंबई को खिताब दिलाया था। मंधाना ने कहा कि पिछले साल जब मुंबई और दिल्ली फाइनल में खेल रहे थे, तो कहीं न कहीं मुझे उम्मीद थी कि हरमन इसे जीत लेगी। मैं खुद चाहती थी कि पहला सत्र कोई भारतीय कप्तान जीते। अगर मैं नहीं तो यह हरमनप्रीत को जीतना चाहिए। मैं हरमन और मुंबई की टीम के लिए वास्तव में खुश थी। मंधाना ने कहा कि टूर्नामेंट के दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं। यह वास्तव में दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी प्रतिभा है और यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। आरसीबी पुरुष टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी इस जीत के बाद वीडियो कॉल कर मंधाना और पूरी टीम को बधाई दी। मंधाना ने कहा कि कोहली क्या कह रहे थे, मुझे कुछ सुनाई नहीं दिया क्योंकि वहां बहुत ज्यादा शोर था। उन्होंने 'थम्स अप' किया और मैंने भी 'थम्स अप' के साथ जवाब दिया। वह वास्तव में बहुत खुश लग रहे थे और उनके चेहरे पर बड़ी मुस्कान थी। मंधाना ने कहा कि मुझे याद है कि वह पिछले साल आए थे और उन्होंने हमारी टीम के साथ बातचीत की थी।

# कुश्ती की तदर्थ समिति को आईओए ने किया भंग, डब्ल्यूएफआई ने लिया जिम्मा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन हटाने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग कर दिया। आईओए ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के निलंबन रद होने के बाद खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति की 'कोई जरूरत नहीं' है।

आईओए ने कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन किया है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दाव हालांकि उस समय उलटा पड़ गया जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया। आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा था कि माननीय दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूएफआई द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है।

डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज करने वाली समिति को राष्ट्रीय महासंघ के संचालन का जिम्मा देने के लिए आईओए का शुक्रिया किया। उन्होंने कहा कि हम डब्ल्यूएफआई का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आईओए को धन्यवाद देते हैं। हम पहलवानों को सुविधाएं देंगे। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं तो हम यह सुविधा देंगे। पूरा ध्यान ओलंपिक पर है। उम्मीद करते हैं कि हमारे पांच-छह पहलवान क्वालिफाई करेंगे।

## खेल डायरी

### अल्कराज ने मेदवेदेव को हराकर खिताब का किया बचाव



इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी। गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस के पुरुष एकल फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को 7-6, 6-1 से हराकर पिछले साल विंबलडन चैंपियन बनने के बाद पहला खिताब जीता। अल्कराज यहां दाहिने टखने में चोट के साथ पहुंचे थे। उनके पूरे टूर्नामेंट में खेलने को लेकर संदेह था, लेकिन वह लगातार दूसरे साल चैंपियन बनने में सफल रहे। इगा स्वियातेक ने महिलाओं के फाइनल में मारिया सककारी को 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने इस 12 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान छह मैचों में केवल 21 गेम गंवाए। अल्कराज को फरवरी में रियो ओपन के दौरान चोट लगी थी। उन्होंने कहा कि मैं हर मैच के बाद बेहतर महसूस कर रहा था। मेरा आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा था।

### एमबापे की हैट्रिक, पीएसजी ने मोंटपेलियर को रौंदा

पेरिस, एजेंसी। किलियन एमबापे की हैट्रिक की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन फुटबॉल में मोंटपेलियर को 6-2 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पीएसजी ने फ्रांस की शीर्ष लीग की तालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए ब्रेस्ट पर 12 अंक की बढ़त बना ली। एमबापे ने मैच के 22वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किये जिससे पीएसजी के लिए उनके गोल की संख्या 250 हो गई। वह 24 गोल के साथ सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। वितिन्हा ने मैच में पीएसजी का खाता खोला जबकि ली कांग-इन और नूनो मेंडेस ने भी गोल किए।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी। हॉकी इंडिया ने सोमवार को छह अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरु होने वाले पांच मैचों के टूर्नामेंट के लिए 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम की उप कप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। ओलंपिक के लिए टीम का एक लिटमस टेस्ट होगा। पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय, विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा आदि टीम में हैं।

# रोहित मेरा मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे: पंड्या

## मुंबई को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित की जगह पंड्या को बनाया गया है कप्तान

मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा आईपीएल के इस सत्र में उनके मार्गदर्शक बने रहेंगे। दो सत्र में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने वाले पंड्या 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस की अगुवाई करेंगे।

मुंबई इंडियंस ने पांच खिताब दिलाने रोहित को आश्चर्यजनक रूप से कप्तान पद से हटा कर पंड्या को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पंड्या ने कहा कि इसमें पहले के मुकाबले कुछ अलग नहीं होगा। वह मेरी मदद के लिए मौजूद रहेंगे। वह भारतीय टीम के कप्तान है, यह मेरे लिए मददगार होगा क्योंकि इस टीम ने जो भी हासिल किया है वह उनकी कप्तानी में मिला है और मुझे बस इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह मेरे लिए अलग तरह की स्थिति होगी। यह अच्छा अहसास होगा क्योंकि हम 10 साल से एक साथ खेल रहे हैं। मैंने अपना पूरा करियर उनके नेतृत्व में खेला है। मुझे उम्मीद है कि वह मेरा समर्थन और मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। पंड्या ने इस बात को स्वीकार किया कि गुजरात टाइटन्स का साथ छोड़ने और मुंबई इंडियंस में रोहित की जगह कप्तान बनने पर प्रशंसकों के एक वर्ग ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों का वह विद्रोह..... हम प्रशंसकों का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही हम खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं और जो आवश्यक है उस पर ध्यान देते हैं। मैं उन चीजों पर ध्यान देने की कोशिश करता हूं जो मेरे हाथ में है। प्रशंसकों के पास हर अधिकार है और



- हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में करेंगे वापसी
- गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनाया, अब मुंबई को उनसे होगी ऐसी ही उम्मीद

मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं। पंड्या ने कहा कि टीम का कप्तान नियुक्त होने के बाद वह रोहित से पिछले दो महीने से नहीं मिले है। वह सोमवार से शुरू होने वाले टीम के अभ्यास सत्र में पहली बार रोहित से मिलेंगे। उन्होंने रोहित से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हां और ना। वह यात्रा कर रहे हैं और राष्ट्रीय टीम के लिए खेल रहे हैं। हम पेशेवर हैं। अभी दो महीने ही हुए हैं। आज हम अभ्यास मैच खेलेंगे, जब वह यहां आएंगे तो निश्चित तौर पर उनसे बातचीत होगी। यह अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में वापसी करेगा। वह अक्टूबर में वनडे विश्व कप के दौरान टखने की चोट के कारण लगभग तीन महीने तक खेल से दूर रहे। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर को लेकर कोई समस्या नहीं है, मैं सभी मैचों को खेलने की योजना बना रहा हूं। आईपीएल में मैंने वैसे भी ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं। मैं तकनीकी रूप से तीन महीने के लिए बाहर था। यह एक अजीब चोट थी और इसका मेरी पहले की चोट के साथ कोई लेना-देना नहीं था। मैं गेंद को रोकने की कोशिश में चोटिल हुआ था। इस खिलाड़ी ने पहली बार बड़े मंच पर कप्तानी का दायित्व मिलने के बाद बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनवाया। अब मुंबई को उनसे ऐसी ही उम्मीद होगी।

### मुंबई को सूर्या की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से 'अपडेट' का इंतजार



मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से 'अपडेट' का इंतजार है। सूर्यकुमार अभी हर्निया के ऑपरेशन से उबर रहे हैं तथा वह आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। हमें सूर्यकुमार की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से अपडेट का इंतजार है। हम हमेशा फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहे हैं, लेकिन हमारे पास विश्वस्तरीय चिकित्सा दल है।

# विराट के साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय : फाफ डुप्लेसी



बेंगलुरु, एजेंसी

आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी का कहना है कि विराट कोहली टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं जो मैदान पर उनके प्रदर्शन का राज है। डुप्लेसी इस सुपरस्टार से काफी प्रभावित हैं क्योंकि दोनों की पसंद मिलती जुलती है। कोहली ने 2021 सत्र के अंत में कप्तानी से हटने का फैसला किया था जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

उन्होंने कहा कि कोहली के साथ बल्लेबाजी का अनुभव अविश्वसनीय होता है। मैं जिनके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करता हूं, वह उनमें शामिल है। वह क्रीज पर मुझे काफी ऊर्जा से भर देते हैं। पता नहीं मैदान पर कैच लपकते हुए वह इतनी ऊर्जा कैसे बरकरार रह पाता है। हम दोनों बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हम टीम के लिए अच्छे कैच लपकें।



कोहली भले ही अब कप्तान नहीं हों, लेकिन उनकी सुझाव और क्षेत्ररक्षण की इकाई की ऊर्जा को बढ़ाने में उनकी भूमिका के डुप्लेसी मुरीद हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे लगता है कि वह क्षेत्ररक्षकों का सजाने में मेरे लिए महत्वपूर्ण रहता है।

### आरसीबी के अभ्यास शिविर से जुड़े विराट कोहली

विराट कोहली ने आईपीएल से पहले आरसीबी के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण देश से बाहर थे। वह रविवार को भारत पहुंचे थे। कोहली को चिन्नास्वामी स्टेडियम का चक्कर लगाते देखा गया। आरसीबी का पहला मैच शुक्रवार को चेन्नई में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

## लीवरपूल को हरा कर मैनचेस्टर यूनाइटेड सेमीफाइनल में



एफए कप

मैनचेस्टर, एजेंसी। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अतिरिक्त समय तक चले एफए कप फुटबॉल क्वार्टर फाइनल के मुकाबले में लीवरपूल को 4-3 से शिकस्त दी। यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। अमद डियालो ने आखिरी क्षणों में गोल कर कोच एरिक टेन हैग की टीम को जीत दिला दी। मैच के 86वें मिनट में टीम 2-1 से पिछड़ रही थी। एंटोनी ने 87वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर किया, जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंचा। हार्वी एलियट ने 105वें मिनट में लीवरपूल को 3-2 की बढ़त दिला दी, लेकिन सात मिनट बाद मार्कस रदरफोर्ड के गोल से स्कोर बराबर हो गया। खेल खत्म होने से ठीक पहले अमद के गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को अंतिम चार में पहुंचा दिया। इससे पहले स्कॉट मैकटोमिने ने 10वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड का खाता खोला था। लीवरपूल ने एलेक्सिस मैक्स एलिस्टर और मोहम्मद सालाह के गोल से मध्यांतर से पहले 2-1 की बढ़त बना ली थी। सेमीफाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के सामने कोवेंट्री की चुनौती होगी। अंतिम आठ के अन्य मैच में चेल्सी ने स्टॉपेज समय में दो गोल के दम पर लिस्टर सिटी को 4-2 से शिकस्त दी।

# लक्ष्य सेन, सिंधू भारतीय चुनौतियों की करेंगे अगुवाई

बासेल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से शिखर पर पहुंचने की होगी।

लक्ष्य ने साल के शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है। इस खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर (1.74 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थीं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने से मैच को बीच में छोड़ दिया था। महिला एकल में आकर्षी कश्यप शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की जोड़ी के खिलाफ अभियान शुरू करेंगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना अमेरिका की एनी जू और केरी जू से होगा।

### स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट



- लक्ष्य ने मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद की है शानदार वापसी



# बॉलीवुड हलचल

## वरुण धवन ने फिर शुरू की 'बेबी जॉन' की शूटिंग



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने फिर से अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं। वरुण धवन ने कुछ दिनों पहले फिल्म की शूटिंग से किसी कारण से ब्रेक ले लिया था। अब उन्होंने फिर से 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'बेबी जॉन' के सेट से अपनी मस्कुलर बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए अपने चाहने वालों के लिए एक तस्वीर साझा की। तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, काम पर वापसी, बेबी जॉन। 'बेबी जॉन' का निर्देशन ए कालीस्वरन कर रहे हैं। एटली इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 31 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप



मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'काव्या - एक जज्बा एक जुनून' में नौ महीने के लीप के साथ दर्शकों को काव्या का नया रूप देखने को मिलेगा। शो में काव्या के बहनोई, ओमी की मौत के साथ शो में एक हाई पॉइंट देखा गया है। गिरिराज की सौतेली मां बड़ी अम्मा द्वारा संचालित एक साजिश में, एक दुर्घटना में ओमी की मौत हो जाती है जबकि काव्या कोमा में है, लेकिन प्रधान परिवार को लगता है कि काव्या ने अपनी बहन नव्या की मौत का बदला लेने के लिए ओमी को मार डाला। जब काव्या कोमा से बाहर आती है, तो उसे पता चलता है कि ओमी की मौत के लिए उस पर लगे हत्या के आरोप से उसे आईएएस के पद से निलंबित कर दिया गया है और उसका प्रिय आदि अब उससे नफरत करता है क्योंकि उसका मानना है कि उसने ओमी को मार डाला है। काव्या बनी सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अब तक, दर्शकों ने काव्या के जीवन के हर चरण के सफर को देखा है और वो कैसे सूझबूझ से हर स्थिति से निपटती है। 9 महीने के लीप के साथ, दर्शक काव्या का नया रूप देखेंगे जो पहले से ज्यादा बेबाक और ज्यादा साहसी है। जो कुछ भी उसका है उसे वापस पाने का उसका दृढ़ संकल्प उसे अजेय बना देगा! हर स्थिति आपको कुछ न कुछ सिखाती है, काव्या ने यह सब सहा है लेकिन उसने हमेशा सही काम किया है। आगामी एपिसोड में, दर्शक काव्या का सफर देखेंगे जहां वो आईएएस अधिकारी के रूप में बहाल होने के साथ-साथ आदि का प्यार और विश्वास हासिल करने का इरादा रखती है। शो हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7 :30 बजे प्रसारित होता है।

### सुपरस्टार सिंगर 3 को मिले टॉप 15 प्रतियोगी

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बच्चों का देसी सिंगिंग रियलिटी शो, सुपरस्टार सिंगर 3 को टॉप 15 प्रतियोगी मिल गए हैं। सुपर जज, नेहा कक्कड़ और कप्तान - पवनदीप राजन, अरुणिता कांजीलाल, सायली कांबले, मोहम्मद दानिश और सलमान अली ने 15 बेमिसाल आवाज़ों को चुना है। इस वीकेंड ग्रैंड प्रीमियर में 'टॉप 15' का खुलासा होगा, जिन्हें हर कैप्टन की टीम में 3 प्रतियोगियों के साथ 5 टीमों में बांटा जाएगा। चंडीगढ़ की लाइसेल राय, नई दिल्ली की पीहू शर्मा, बेंगलुरु की देवानासरिया कूमुल्लिल, महाराष्ट्र के अथर्व बख्शी, पंजाब के आर्यन, प. बंगाल के शुभोदीप सूत्रधार, गुरुग्राम के निशांत गुप्ता, यूपी के क्षितिज सक्सेना और खुशी नागर, कोच्चि की वैष्णवी पणिक्कर, कोलकाता के राजदीप घोष, बेंगलुरु के अनिर्भव और दीया हेगड़े, कोच्चि की मिया महक और भुवनेश्वर के शांतनु मोहंती टॉप 15 में हैं। इस वीकेंड, सुपरस्टार सिंगर 3 के ग्रैंड प्रीमियर रात 8 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

## निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 को होगी रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 मार्च को रिलीज होगी। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फसल के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशक पराग पाटिल हैं। फिल्म के निर्माता प्रेम राय ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी के दर्शकों को होली का उपहार होगी। उन्होंने कहा, फिल्म फसल सिनेमा के साथ-साथ किसानों का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए भारतीय किसानों को समझने के लिए यह फिल्म जरूर देखें। क्योंकि यह हमारे अन्नदाता का सम्मान होगा। निरहुआ ने कहा कि फसल एक ऐसी फिल्म है जिसकी परिकल्पना कभी भोजपुरी में नहीं की गई है। इस फिल्म के किरदार को जीना मेरे बेहतरीन लम्हों में से एक है इसलिए मैं भोजपुरी के दर्शकों से आग्रह करुंगा कि वह जरूर इस फिल्म के देखें और अपना खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दें। आम्रपाली दुबे ने कहा कि यह फिल्म न सिर्फ देश के किसानों के बीच जागरूकता लाएगी, बल्कि सरकारी तंत्र की आखें खोलेगी। वहीं देश की महिलाओं के लिए भी बहुत ही खूबसूरत संदेश देने की कोशिश की गई है कि एक पति के सुख-दुख की सहभागी होने के नाते पत्नी का क्या-क्या कर्त्तव्य हो सकता है। कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखा है। गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान हैं और संगीतकार ओम झा एवं आर्या शर्मा हैं। गायक आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज है। सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है। एक्शन हीरा यादव का है। कोरियोग्राफर संजय कोर्बे एवं कानू मुखर्जी हैं।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# लद्दाख में तेजी पकड़ रहा विकास समीक्षा करने पहुंचे सेना के कमांडर




जम्मू, एजेंसी

सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार ने सोमवार को लद्दाख के ऊंचाई वाले हिस्सों का दौरा किया, और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। इन परियोजनाओं से लद्दाख में बलों की परिचालन क्षमताओं में वृद्धि होगी।

उत्तरी कमान ने कहा कि कमांडर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अभियानगत प्रभावशीलता के मानकों को बनाए रखने में भारतीय सेना और आईटीबीपी के प्रयासों की सराहना की। उत्तरी कमान ने एक्स पर कहा, उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिन्द्र कुमार ने परिचालन तैयारियों और सीमा के बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। कुमार ने फरवरी में उत्तरी कमान के रूप में कार्यभार संभाला था।

## पीटीआई के गोपनीय विदेशी बैंक खातों की जांच की मांग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक सदस्य अकबर एस बाबर ने सोमवार को गृह मंत्री मोहसिन नकवी को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने पार्टी के कथित गोपनीय विदेशी बैंक खातों की जांच करने का आग्रह किया।

पत्र में अकबर ने वर्षों पुराने प्रतिबंधित फंडिंग मामले का जिक्र किया। इस मामले में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने फैसला सुनाया था कि पीटीआई को विदेश से प्रतिबंधित धन मिला। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, पत्र की एक प्रति प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भी भेजी गई है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पीटीआई के विदेशी फंडिंग मामले पर 20 महीने पहले फैसला आने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# भारत में दो साल में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटा

*देश में ऑनलाइन गेम्स का बाजार कोरोना महामारी के दौरान तेजी से बढ़ा। साल 2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, लेकिन दो ही साल में इसमें 77 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साल 2023 में गेमिंग सेक्टर में सिर्फ 506 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ है। साफ है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में कोरोना महामारी के दौरान आया उछाल लंबे समय नहीं टिक सका। 2021 के बाद अगले ही साल 2022 में इसमें 52.03 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। 2024 में इंडस्ट्री में करीब 1988 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ। (मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट)*

**2021** में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।

### उपभोक्ताओं का खर्च भी घट रहा

गेमिंग इंडस्ट्री का ऐड पर ही नहीं, पिछले 5-6 तिमाही से उपभोक्ताओं का ऑनलाइन गेम्स पर खर्च भी लगातार कम हो रहा है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऑनलाइन गेम्स के उपभोक्ता कम हो रहे हैं, लेकिन उनका खर्च कम हो रहा है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में लागों की पसंद बदली जा रही है।



### गेमिंग इंडस्ट्री का एड पर खर्च घटकर आधा



ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटने से ऐड बजट भी कम हुआ है। नतीजा प्रचार पर खर्च आधा रह गया है। जहां 2022 में गेमिंग इंडस्ट्री ने ऐड पर 12 फीसदी खर्च किया था, इस साल यह खर्च सिर्फ 6 फीसदी किया गया। रेडशीर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर लगे 28 फीसदी जीएसटी की वजह से सेक्टर में निवेश और ऐड पर खर्च में कमी हुई है। बता दें ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में ग्रोथ की जबरदस्त संभावनाएं है। यह बढ़ती अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही है, साथ डिजिटल एडॉप्शन के लिए भी लोगों प्रोत्साहित कर रही है।

### दुनिया में भी घटा निवेश

मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों का क्रेज ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में नहीं दिख रहा है। 2023 में निवेशकों ने कोई उत्साह नहीं दिखाया और यह हाल सिर्फ भारत में ही नहीं था, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में निवेश 2 साल पहले के मुकाबले घटा है। जबकि भारत में ऑनलाइन गेम्स बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं। बता दें, जीएसटी के रीविजन में यह स्पष्ट नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग कितना और कैसे जीएसटी लगेगा। इस वजह से अंतर्राष्ट्रीय निवेशक गेमिंग सेक्टर में वेट एंड वॉच की रणनीति अपना रहे हैं। इसी वजह से सेक्टर में अभी निवेश करने से बच रहे हैं।

## एक नजर

### श्रीनगर में डल झील के किनारे पहली बार हुई कारों की रेस



**श्रीनगर।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पहली बार फॉर्मूला-4 कार रेस शो आयोजित की गई। डल झील के किनारे हुए इस शो में बार रेसर और बाइकर्स ने ललित घाट से नेहरू पार्क तक 1.5 किमी तक हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में कश्मीरी लोग पहुंचे।

### अमेरिका की ट्रैवल कंपनी अंतरिक्ष में डिनर कराएगी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की स्पेस ट्रैवल कंपनी स्पेस वीआईपी अगले साल से लोगों को अंतरिक्ष में डिनर का अनुभव कराएगी। 6 घंटे की इस हाई-टेक स्पेस बैलून यात्रा के लिए 6 लोगों का चुनाव होगा, जिन्हें समुद्र तल से 30 किलोमीटर ऊपर ले जाया जाएगा। इसके लिए एक टिकट की कीमत 4.10 करोड़ होगी। कंपनी ने इस यात्रा के लिए एक मिशेलिन स्टार रेस्तरां से नीदरलैंड के शेफ रसमस मंक को हायर भी कर लिया है।

### ब्रिटेन में आम चुनाव को लेकर सुनक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**लंदन।** ब्रिटेन की मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। वे मई में आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सुनक ने गुरुवार को मई की शुरुआत में आम चुनाव कराने के लिए मना किया था। सुनक के फैसले के लिखाफ लोगों ने सुनका का मुखौटा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।



### सख्ती देख तस्कर ने विमान में ही छोड़ा 2 किलो सोना, जांच जारी

**अमृतसर।** अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) टीम ने यात्री विमान में लावारिस दो किलो सोना जब्त किया है। श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मामला उस वक्त सामने आया जब दुबई से आई फ्लाइट में दो किलो सोने की खेप लावारिस हालत में मिली। फिलहाल अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) की टीम ने उसे जब्त करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस महीने में एयरपोर्ट और आईसीपी अटारी से सोने की बरामदगी की यह छठी घटना है। कस्टम प्रवक्ता के मुताबिक रविवार को दुबई से आई फ्लाइट एयर इंडिया एक्सप्रेस आईएक्स-198 आई। उन्होंने कहा-मामले की टीम जांच करेगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर रिकॉर्ड जीत के बाद पुतिन की चेतावनी

## पुतिन के 5वें कार्यकाल से चिंतित यूक्रेन, प. देशों ने चुनाव की आलोचना की

मॉस्को, एजेंसी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पश्चिमी शक्तियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि रूस-नाटो संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' है। 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस-यूक्रेन युद्ध ने पश्चिम के साथ मॉस्को के संबंधों में सबसे गंभीर तनाव पैदा कर दिया है।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन ने अक्सर परमाणु युद्ध के खतरों के संकेत दिए है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि उन्होंने कभी भी यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं समझा है। राष्ट्रपति चुनाव की जीत के बाद पुतिन ने पहले संबोधन में कहा कि भविष्य में रूस और नाटो के बीच सीधे टकराव से इनकार नहीं किया जा सकता, हालांकि, इसमें किसी की दिलचस्पी नहीं है। पुतिन ने कहा 'मुझे लगता है कि आधुनिक दुनिया में सब कुछ संभव है। लेकिन, यह पूर्ण पैमाने पर तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर होगा। मुझे लगता है कि इसकी संभावना नहीं है। 15-17 मार्च को होने वाले चुनाव से पहले यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए थे। कीव द्वारा सीमा क्षेत्र पर बड़ी संख्या में सैनिक भेजने पर पुतिन ने कहा कि यहां 'कहीं-कहीं 5 हजार तक लोग' मौजूद हैं।

### मिलकर काम करने के लिए तत्पर भारत-रूस

#### पीएम मोदी ने जीत पर दी बधाई



व्लादिमीर पुतिन के पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा है व्लादिमीर पुतिन को रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में एक बार फिर निर्वाचित होने के लिए हार्दिक बधाई। आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

**चुनाव वोटिंग**

| | |
|---|---|
| 1991 | 74.6% |
| 1996 | 69% |
| 2000 | 68.6% |
| 2004 | 64.3% |
| 2008 | 69.7% |
| 2012 | 65.2% |
| 2018 | 67.5% |
| 2024 | 73% |

### दुनिया के देशों ने पुतिन की जीत पर क्या कहा

रूस में संपन्न हुए चुनाव पर दुनियाभर की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। पश्चिमी देशों ने चुनावों की आलोचना की है। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि पुतिन हमेशा के लिए शासन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'चुनाव की कोई वैधता नहीं है और न ही हो सकती है। अमेरिका ने चुनाव को लेकर कहा कि ये स्पष्ट रूप से न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष थे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, 'चुनाव स्पष्ट रूप से स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं हैं क्यों पुतिन ने राजनीतिक विरोधियों को कैसे कैद किया और दूसरों को उनके खिलाफ लड़ने से रोका।

## नेपाली संसद के पूर्व अध्यक्ष सोना तस्करी में गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष और सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण बहादुर महरा को सोना तस्करी के मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्हें काठमांडू लाया गया है।



प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की अगुआई वाली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी-सेंटर) के उपाध्यक्ष 65 वर्षीय महरा को कपिलवस्तु जिले के पकड़ी से गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने इसी मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दिपेश पुन को 15 मार्च को गिरफ्तार किया। दिपेश भी सत्ताधारी सीपीएन (माओवादी सेंटर) के छात्र संगठन का महासचिव है। जबकि महरा के बेटे राहुल को पिछले वर्ष 30 अगस्त को सोना तस्करी में गिरफ्तार किया गया था। काठमांडू पोस्ट समाचारपत्र के अनुसार, उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने ने रविवार को सोना तस्करी पर जांच आयोग की रिपोर्ट लागू करने का आदेश दिया था।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 8 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- आतंकी संगठन टीटीपी के ठिकानों को बनाया निशाना, दोनों देशों के बीच बढ़ा तनाव

पाकिस्तान की एक सैन्य चौकी में दो दिन पहले हुए बम विस्फोट मामले में अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को जवाब दिया है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों को निशाना बनाया है।


पाकिस्तान के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में स्थित पाकिस्तान तालिबान संगठन के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों की निंदा की है। वहीं, पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की है।

प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि पक्तिका के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में तीन महिलाएं और तीन बच्चे मारे गए, जबकि खोस्त प्रांत में हुए हमले में दो अन्य महिलाएं मारी गई हैं। बता दें कि दो दिन पहले उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में स्थित एक सैन्य चौकी आतंकी संगठन द्वारा निशाना बनाया गया था। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी में घुसा दिया था। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई थी।



विश्लेषकों ने कहा कि तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से पूर्व जनजातीय क्षेत्रों में आतंकवादियों का हौसला बढ़ गया है, टीटीपी सुरक्षा अधिकारियों के खिलाफ बढ़ते अभियान चला रहा है। तालिबान पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने से इनकार करता है। तालिबान अधिकारियों ने कहा कि 2022 में पाकिस्तानी सैन्य हेलीकॉप्टरों ने सीमा के अफगान क्षेत्र में हमले किए जिसमें कम से कम 47 लोग मारे गए।

**भूमि के नीचे लैब...**



**बीजिंग :** चीन गुआंगडोंग प्रांत के काईपिंग शहर में जियांगमैन अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो लैब (जूनो) बना रहा है। यह न्यूट्रिनो यानी एटम (परमाणु) के आकार से भी छोटे कणों का निरीक्षण करेगी। लैब जमीन से 700 मीटर नीचे 35 मीटर व्यास के गोल आकार वाले डिटेक्टर के रूप में बनाई जा रही है। यह इस साल के अंत तक बना जाएगी। यह दुनिया की पहली न्यूट्रिनो डेटा जुटाने वाली लैब भी होगी। वहीं जापान 2027 और अमेरिका की लैब 2031 में डेटा जुटाना शुरू करेगी। एजेंसी

## भारत की रसमलाई दुनियाभर में दूसरा सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट

**जागरेब, एजेंसी।** दुनिया के सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट में भारत की रसमलाई ने अपनी जगह बनाई है। फूड एंड ट्रैवल गाइड प्लेटफॉर्म टेस्ट एटलस ने दुनिया के टॉप 10 चीज डेजर्ट की लिस्ट जारी की है। इसमें रसमलाई ने दूसरा स्थान हासिल किया।




वहीं इसमें सबसे ऊपर पोलैंड की सेर्निक मिठाई है, जो खास तरह के पनीर, अंडे और चीनी से बनती है। इसके अलावा तीसरे स्थान पर ग्रीस की सफाकियानोपिटा है, जो मलाईदार स्थानीय पनीर से भरी एक पाई डिश है। टॉप 10 में अन्य मिठाइयां: 1-सेर्निक, पोलैंड, 2- रस मलाई, भारत, 3- सफाकियानोपिटा, ग्रीस, 4- न्यूयॉर्क स्टाइल चीजकेक, यूएसए, 5- जापानी चीजकेक, जापान, 6- बास्क चीजकेक, स्पेन, 7-राकोस्जी टुरोस, हंगरी, 8- मेलोपिटा, ग्रीस, 9- कासेकुचेन, जर्मनी, 10-मीसा रेज़ी, चेक रिपब्लिक शामिल हैं।

# विधायकों को अयोग्य ठहराने के फैसले पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- हिमाचल प्रदेश विस के अध्यक्ष ने छह विधायकों को किया था अयोग्य घोषित



हिमाचल प्रदेश के बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बागी विधायकों को वोट देने और विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने की इजाजत भी नहीं दी है।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दल-बदल विरोधी कानून के तहत कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। अयोग्य घोषित किए गए विधायकों ने पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया। जिन विधायकों को अयोग्य घोषित किया गया, उनमें सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, देवेंद्र भुट्टो, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा का नाम शामिल है। बागी विधायकों की क्रॉस वोटिंग के चलते 40 विधायकों वाली कांग्रेस को 25 सीटों वाली भाजपा के सामने राज्यसभा सीट गंवानी पड़ी थी। बागी विधायकों के खिलाफ विधायी मामलों के मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बागी विधायकों के खिलाफ याचिका दायर कर उन्हें अयोग्य घोषित करने की मांग की थी क्योंकि उन्होंने पार्टी के व्हिप का उल्लंघन किया। फैसले के के खिलाफ विधायक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, जहां से भी उन्हें निराशा हाथ लगी है।

# इजराइली सेना का अल शिफा अस्पताल पर हमला, इमारत ढही

गाजा, एजेंसी

- आतंकियों के छिपे होने का दावा आईडीएफ ने आत्मसमर्पण करने का किया आह्वान

इजराइल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में सैन्य अभियान शुरू किया है। इजराइल ने दावा किया कि हमास के कुछ आतंकी अल शिफा अस्पातल में छिपे हुए हैं। इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता ने सोमवार तड़के कहा कि यह ऑपरेशन एक ठोस खुफिया जानकारी के बाद किया गया।

हमारा मकसद नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के बजाए हमास के आतंकवादियों से मुकाबला करना है। आरएडीएम हगारी ने कहा कि हम जानते हैं कि हमास के वरिष्ठ आतंकवादी अल शिफा अस्पताल के अंदर फिर इकट्ठा हो गए, जिनकी मंशा इजराइल के खिलाफ एक ओर हमला करना था। आतंकवादियों के खात्में के तहत हमने यह कार्रवाई की। हम नागरिक के हितों को ध्यान में रखकर कार्रवाई करते हैं। आईडीएफ ने अस्पताल परिसर में मरीजों की सहायता के लिए अरबी बोलने वालों और चिकित्सा कर्मियों को तैनात किया है। लगातार क्षेत्र में नागरिकों की सहायता के लिए भी हम प्रतिबद्ध है। इजराइली सेना ने हमास के आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया। साथ ही इजराइल ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं का कभी भी उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। हमास नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हम अल शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के अंदर मेडिकल स्टाफ, मरीजों और विस्थापित लोगों के जीवन के लिए इस्राइली कब्जे को जिम्मेदार मानते हैं।

**विज्ञान** कल से शुरू होगा वसंत विषुव का आगाज, पृथ्वी का धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है


# उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** कंही दिन बड़े तो कंही की रातें। बुधवार से उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने जा रहे हैं और दक्षिणी गोलार्ध मे रातें । उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव का आगाज 20 मार्च को होगा यानी दिन व रात की अवधि लगभग बराबर हो जाएगी।

पृथ्वी का अपनी धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है। अब सूर्य उत्तरी गोलार्ध में आसमान के ऊपर से अपना सफर तय करेगा।

इस वजह से उत्तरी गोलार्ध में वसंत के साथ गर्मी की शुरुआत होने जा रही है। वही दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ के साथ शरद ऋतु की शुरुआत होने जा रही है। भारतीय समय के अनुसार वसंत विषुव 20 मार्च को 8.36 बजे होगा यानी इस समय से सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में अधिक पड़ने लगेंगी। इसका अर्थ उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने लगेंगे। इसके विपरित दक्षिणी गोलार्ध में राते लंबी होनी शुरू हो जाएंगी। यह दिन भले ही दक्षिण के लिए शरद व उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव कहलाता हो, लेकिन वास्तव में यह मार्च विषुव है। यह एक ऐसा समय है, जब पृथ्वी के दोनो गोलार्द्धों में रात व दिन का समय लगभग बराबर हो जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम पृथ्वी पर कहां हैं, विषुव हमारे लिए मौसमी प्रभाव लाता है, जो दुनिया भर के प्रकृति प्रेमियों पर विशेष प्रभाव डालता है। अक्सर कहा जाता है कि आज वसंत विषुव को दिन और रात की लंबाई बराबर होती है। दरअसल इक्विनॉक्स शब्द लैटिन के एक्वस (बराबर) और नॉक्स (रात) से आया है। प्राचीनकाल में टाइम कीपिंग आज की तुलना में अधिक सटीक नही थी। जिस कारण कहा जाता था कि वसंत विषुव पर दिन और रात बराबर होते हैं। मगर वास्तविकता यह है कि ऐसा नहीं है, बल्कि दिन व रात की अवधि में क्षणिक मात्र का अंतर होता है।




दिन - रात समय चक्र का चित्र।

### दक्षिणी गोलार्ध पर सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है सूर्य की रोशनी

पृथ्वी सीधी परिक्रमा नहीं करती है और यह अपनी धुरी (अक्ष) पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। इसलिए पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध मे सूर्य की रोशनी कभी सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है। जिस क्षेत्र में सीधी किरणे पड़ेंगी, वहां गर्मी होगी और इसके विपरीत दिशा में ठंड का मौसम होगा। वर्ष में दो बार विषुव होता है, जो मार्च व सितंबर में होता है।

# असम में तीन से पांच लाख लोग सीएए के तहत करेंगे आवेदन

गुवाहाटी, एजेंसी

- मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में करीब तीन-पांच लाख लोग सीएए के तहत भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे।

सीएम सरमा ने कहा कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के तहत 7 लाख मुसलमानों और 5 लाख हिंदू-बंगालियों को बाहर रखा गया है, जो सीएए के तहत देश में नागरिकता के लिए आवेदन करेंगे। सीएम ने कहा कि कई हिंदू-बंगाली अलग-अलग समय पर भारत आए थे और शरणार्थी शिविरों में रुके थे। उन्होंने कहा कि एनआरसी सूची को जब तैयार किया गया था तो 'प्रतीक हजेला' नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स के असम राज्य समन्वयक ने उनके शिविरों में रहने के प्रमाण के रूप में एक स्टाम्प पेपर को स्वीकार नहीं किया था, जिसके कारण कई हिंदू-बंगालियों के नाम एनआरसी में शामिल नहीं किए गए। सीएम सरमा ने दावा किया कि सीएए के तहत राज्य में आवेदन तीन से पांच लाख होंगे, जिसमें 10 प्रतिशत त्रुटि की संभावना होगी। उन्होंने कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर आवेदन होने की उम्मीद नहीं है। सीएम ने कहा कि इतने लंबे समय तक राजनीति में रहने के बाद राज्य पर मेरी पकड़ काफी मजबूत हो गई है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में एनआरसी 31 अगस्त, 2019 को प्रकाशित हुआ। 3.4 करोड़ आवेदकों में से 19 लाख को बाहर कर दिया गया।